सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 07 अप्रैल, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 93, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



कंपनियों की पूंजी 2.94 लाख करोड़ घटी

कम कारोबारी सत्रों वाले बीते सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में सामूहिक रूप से 2,94,170 .16 करोड़ की गिरावट आई। } 14

भारत की आत्मनिर्भरता में इफको की भूमिका महत्वपूर्ण

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि उर्वरक सहकारी संस्था इफको ने भारत को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। } 16

रामनवमी पर हुआ रामलला का सूर्य तिलक

अलौकिक नजारा देखने अयोध्या में उमड़े श्रद्धालु, टीवी पर भी करोड़ों लोगों ने देखा महामस्तकाभिषेक

जिला संवाददाता



अयोध्या (उप्र)। रामनवमी के अवसर पर अयोध्या के नवनिर्मित रामजन्म भूमि मंदिर में भगवान श्री राम का सूर्य तिलक किया गया। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में सूर्य तिलक का वीडियो साझा करते हुए कहा कि श्री रामनवमी के पावन अवसर पर प्रभु का सूर्य तिलक। ट्रस्ट ने श्री रामलला के अभिषेक की तस्वीरें भी साझा की हैं।

रामनवमी के अवसर पर सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान राम की पूजा-अर्चना करने और उनके दर्शन करने के लिए मंदिर में आ रहे हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने बताया, भगवान राम के माथे पर सूर्य तिलक अपराह्न 12 बजे शुरू हुआ और यह लगभग चार मिनट तक रहा। ट्रस्ट के मीडिया सेंटर ने भी सूर्य तिलक का वीडियो एक्स पर साझा किया है। ट्रस्ट ने एक बयान में कहा कि जैसे ही भगवान भास्कर (सूर्य) की प्रखर किरणें श्री रामलला के माथे पर पड़ीं, भगवान के समक्ष उपस्थित भक्त खुशी से नाच उठे। भक्तों ने इस क्षण का स्वागत किया। जो लोग अयोध्या नहीं पहुंच सके उन्होंने अपने स्थानों से ही श्री रामलला के महामस्तकाभिषेक का सीधा प्रसारण देखा। बयान के मुताबिक, ...शेष पृष्ठ 14 पर

श्री राम का जीवन मर्यादित आचरण की प्रेरणा देता है : योगी

मुख्यमंत्री ने राम नवमी के अवसर पर कन्या पूजन भी किया

जिला संवाददाता



गोरखपुर (उप्र)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को रामनवमी की बधाई देते हुए रविवार को कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जीवन में मर्यादित आचरण और हर परिस्थिति में धैर्यवान होकर चुनौतियों से जूझने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। मुख्यमंत्री ने रामनवमी के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज की पावन तिथि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मदिन से भी जुड़ी है। प्रदेश के हर देवालय में अखंड रामायण का पाठ कल से शुरू हुआ है। अयोध्या धाम में भी उत्सव और उमंग का माहौल है।

सीएम योगी ने राम नवमी के अवसर पर कन्या पूजन भी किया। लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन प्रभु श्री रामलला के जन्मोत्सव में भाग लेने के लिए अयोध्या धाम पहुंचे हुए हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत जीवन हो या पारिवारिक जीवन, सार्वजनिक जीवन हो या राष्ट्रीय जीवन, सामाजिक रिश्ते हों या राष्ट्रीय रिश्ते उनका निर्वहन कैसे होना चाहिए इसके लिए मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम का उच्च जीवन आदर्श हमें प्रेरणा प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दैनिक जीवन में भी सभी लोगों का दायित्व बनता है कि वह बेटा और बेटी के बीच में भेदभाव ना करें। मातृशक्ति कोई भी अन्याय और अत्याचार से न गुजरे तभी हम एक समर्थ और सशक्त भारत की परिकल्पना को साकार कर पायेंगे।

राष्ट्र प्रथम भाव के साथ जन कल्याण को समर्पित है भाजपा

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थापना दिवस पर कहा कि सत्तारूढ़ दल राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ सेवा, सुशासन और जन कल्याण को समर्पित है। मुख्यमंत्री योगी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्र प्रथम भाव के साथ सेवा, सुशासन और जन-कल्याण को समर्पित भारतीय जनता पार्टी का ध्वज मेरा गौरव, मेरी प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि आज (रविवार को) भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर मेरा सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान है कि अपने घराकार्यालय पर भाजपा के ध्वज को फहराएं और भाजपा विकास भारत के साथ अपनी तस्वीर साझा करें। योगी ने कहा कि यह भाजपा के उन सभी महान विभूतियों को श्रद्धांजलि होगी, जिन्होंने अपने अथक परिश्रम, संघर्ष और त्याग से पार्टी को सींचकर इस उंचाई तक पहुंचाया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, योगी ने भाजपा के स्थापना दिवस पर गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित हिंदू सेवाश्रम भवन की छत पर पार्टी का झंडा फहराया। इस अवसर पर योगी ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ तस्वीर खींची और ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप


बिजली विभाग का संविदाकर्मी बर्खास्त

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में ईद की नमाज के दौरान फलस्तीन का झंडा लहराने वाले कैलाशपुर बिजली विभाग के संविदाकर्मी को बर्खास्त करने का आदेश जारी किया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि कैलाशपुर बिजलीघर में संविदाकर्मचारी साकिब खान ने ईद के दिन नमाज अदा करने के बाद फलस्तीन का झंडा लहराया और उसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की थी। साकिब कैलाशपुर में फीडर के पद पर कार्यरत था। अधिकारी ने बताया कि विभाग की जानकारी में जब यह मामला आया तो इसे देश विरोधी गतिविधि माना गया, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित कम्पनी को पत्र लिखकर साकिब को सेवा से हटाने के निर्देश दिये गये। सहारनपुर में फलस्तीन का झंडा लहराने और नारेबाजी करने वाले आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया जबकि अन्य की वायरल वीडियो के आधार पर पहचान ...शेष पृष्ठ 14 पर

राम राज्य राष्ट्र निर्माण का बड़ा आधार : मोदी

तमिलनाडु को दी 8300 करोड़ की सौगात, प्रधानमंत्री ने किया पंबन पुल का लोकार्पण

एजेंसी



रामेश्वरम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन और उनके राज्य से मिलने वाली सुशासन की प्रेरणा राष्ट्र निर्माण का बड़ा आधार है। प्रधानमंत्री ने यहां रामेश्वरम द्वीप और मुख्य भूमि क्षेत्र के बीच रेल संपर्क की सुविधा प्रदान करने वाले पंबन समुद्री पुल के उद्घाटन और नयी रामेश्वरम-तांबरम (चेन्नई) ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर तमिलनाडु में 8300 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि आज रामनवमी का पावन पर्व है। अब से कुछ समय पूर्व अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला का सूर्य की किरणों ने भव्य तिलक किया है। भगवान श्रीराम का जीवन, उनके राज्य से मिलने वाली सुशासन की प्रेरणा राष्ट्र निर्माण का बड़ा आधार है। उन्होंने संगम युग के साहित्य का हवाला देते हुए भगवान राम के साथ तमिलनाडु के जुड़ाव को भी रेखांकित किया। श्रीलंका के साथ मछुआरों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में श्रीलंका से 3,700 से अधिक मछुआरों को वापस लाया गया है, जिनमें से 600 से अधिक को पिछले साल ही वापस लाया गया। मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने इस कार्यक्रम में भाग नहीं लिया और परिसीमन के मुद्दे पर विरोध जताया। स्टालिन ने कहा कि उन्होंने पहले ही प्रधानमंत्री को पुल के उद्घाटन समारोह में भाग लेने में असमर्थता से अवगत करा दिया था, क्योंकि उनके पहले से ही आधिकारिक कार्यक्रम निर्धारित थे। मुख्यमंत्री रविवार को आधिकारिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए उधगमंडलम शहर में थे। स्टालिन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया को लेकर तमिलनाडु के लोगों की आशंकाओं को दूर करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने बिना किसी का नाम लिए तमिल भाषा का समर्थन करते हुए पलटवार किया। उन्होंने गरीबों की मदद के लिए तमिल माध्यम में चिकित्सा शिक्षा देने की वकालत की और कहा कि हाल के वर्षों में राज्य को 11 नए मेडिकल कॉलेज मिले हैं। मोदी ने कहा कि तमिल भाषा और विरासत को दुनिया के सभी कोनों तक ले जाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के नेताओं की चिट्ठियां जब उनके पास आती हैं तो कभी भी कोई नेता तमिल भाषा में हस्ताक्षर नहीं करता है। अरे तमिल का गौरव हो, मैं सबसे कहूंगा कम से कम तमिल भाषा में अपने हस्ताक्षर तो करो। इससे पहले प्रधानमंत्री ने यहां रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु का हमारा मत्स्य उद्योग से जुड़ा समाज बहुत मेहनती है। मोदी ने कहा कि मत्स्य उद्योग से जुड़ी अवसंरचना को मजबूत करने के लिए राज्य को जो भी मदद चाहिए, वो केंद्र सरकार दे रही है। पिछले पांच साल में, पीएम मत्स्य संपदा योजना के तहत भी, तमिलनाडु को करोड़ों रुपए मिले हैं। उन्होंने कहा, सरकार की कोशिश यही है कि मछुआरों को ज्यादा सुविधाएं मिलें, चाहे सीवीड पार्क हो या फिर फिशिंग हार्बर और लेंडिंग सेंटर हों, केंद्र सरकार यहां सैकड़ों करोड़ रुपए का निवेश कर रही है। उन्होंने बताया कि बीते 10 वर्षों में भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था का आकार दोगुना किया है। इतनी तेज वृद्धि का एक बड़ा कारण हमारी शानदार आधुनिक अवसंरचना भी है। द्रमुक शासन द्वारा राज्य को धन आवंटन पर नाराजगी जताए जाने की पृष्ठभूमि में मोदी ने कहा कि विकसित भारत के सफर में तमिलनाडु की बहुत बड़ी भूमिका है। मैं मानता हूं, तमिलनाडु का सामर्थ्य जितना ज्यादा बढ़ेगा, भारत की वृद्धि उतनी ही तेज होगी। बीते ...शेष पृष्ठ 14 पर

चार उग्रवादी गिरफ्तार



इंफाल। मणिपुर के बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों में सुरक्षा बलों ने दो प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े एक किशोर समेत चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। प्रतिबंधित कांगलीपक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) के एक सदस्य को शनिवार को बिष्णुपुर के मोइरांग ओक्शोंगबंग से गिरफ्तार किया गया, जबकि केसीपी (एमसी प्रोग्रेसिव) के सक्रिय सदस्य एक किशोर को जिले के नाम्बोल बाजार से पकड़ा गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित केसीपी का एक सक्रिय कार्यकर्ता बिष्णुपुर के निंगथौखोंग से पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि काकचिंग जिले के हियांगलाम में सुरक्षा बलों ने तलाश अभियान के दौरान यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपक के एक सदस्य को गिरफ्तार किया। इस बीच, अधिकारी ने बताया कि शनिवार को जिरीबाम जिले में एक अन्य तलाश अभियान के दौरान पुलिस ने कई आग्नेयास्त्र बरामद किए।

भारत ने सी-17 विमान से मानवीय सहायता भेजी

नयी दिल्ली। भारत ने म्यांमा में आए भूकंप से प्रभावित लोगों की मदद के लिए 31 टन और राहत सामग्री भेजी है। इसमें भारतीय सेना के फील्ड अस्पताल के लिए जरूरी सामान भी शामिल है। यह सहायता सी-17 ग्लोबमास्टर से भेजी गई। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विमान ने रविवार सुबह गाजियाबाद के हिंडन वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया और कुछ तस्वीरें भी साझा कीं। उन्होंने पोस्ट में लिखा, ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत सी-17 विमान 31 टन मानवीय सहायता के साथ मांडले के लिए रवाना हुआ, जिसमें भारतीय सेना की फील्ड अस्पताल इकाई के लिए जरूरी सामान ...शेष पृष्ठ 14 पर

हरित चारधाम यात्रा के संकल्प के साथ कार्य कर रही सरकार

तीर्थयात्रियों को शुद्ध भोजन व स्वच्छ वातावरण उपलब्ध करायेगी सरकार : धामी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड सरकार की ओर से हरित चारधाम यात्रा का संकल्प लेकर तैयारी की जा रही है। प्रदेश सरकार का प्रयास है कि तीर्थ यात्रियों को शुद्ध भोजन और स्वच्छ वातावरण मिले, साथ ही यात्रा के चलते हमारे पवित्र तीर्थस्थलों पर सिंगल यूज प्लास्टिक की समस्या भी पैदा न हो। यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने व्यक्त किए हैं।

धामी ने कहा कि हम सिंगल यूज प्लास्टिक का रिड्यूस, रियूज और रिसाइकिल के सिद्धांत पर काम कर रहे हैं। इसमें हमें तीर्थ यात्रियों- खाद्य कारोबारियों से लेकर स्थानीय लोगों तक सभी का सहयोग चाहिए। चारधाम यात्रा मार्ग के होटल- ढाबों में इस बार तीर्थयात्रियों को ना सिर्फ स्वच्छ और शुद्ध भोजन मिलेगा, बल्कि होटल कारोबारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के अनुसार भोजन में तेल, नमक और चीनी का प्रयोग भी कम करने का प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के खाद्य संरक्षा औषधि प्रशासन विभाग ने यात्रा प्रारंभ होने से पहले ही यात्रा मार्ग के होटल और खाद्य कारोबारियों के साथ व्यापक स्तर संवाद और प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। इसी क्रम में खाद्य संरक्षा औषधि प्रशासन विभाग, यात्रा मार्ग के प्रमुख शहरों में होटल और खाद्य कारोबारियों के साथ प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित कर रहा है। आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ आर राजेश कुमार ने बताया कि इन कार्यशालाओं में होटल कारोबारियों से अपने भोजन में तेल, नमक और चीनी का उपयोग कम करने की अपील की जा रही है। इससे खासकर मधुमेह और उच्च रक्तचाप की समस्या से पीड़ित यात्रियों को सुविधा रहेगी। साथ ही ईट राइट अभियान के क्रम ...शेष पृष्ठ 14 पर

दक्षिण सूडान के पासपोर्ट धारकों का वीजा रद्द कर रहा अमेरिका : रुबियो

वाशिंगटन। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को कहा कि अमेरिका अब दक्षिण सूडान के पासपोर्ट धारकों के सभी वीजा रद्द कर रहा है। रुबियो ने दक्षिण सूडान की सरकार पर अमेरिका का फायदा उठाने का आरोप लगाया। रुबियो ने एक बयान में कहा कि अमेरिका समेत कोई भी देश अगर किसी देश के नागरिकों को अपने यहां से निकालता है, तो उस देश को समय रहते अपने नागरिकों को वापस बुला लेना चाहिए। हालांकि दक्षिण सूडान की सरकार इस नियम का सही ढंग से पालन नहीं कर रही। रुबियो ने कहा कि अमेरिका वीजा रद्द करने के अलावा दक्षिण सूडान के पासपोर्ट धारकों को अमेरिका में प्रवेश से रोकने के लिए भविष्य में वीजा जारी करने पर भी रोक लगायेगा।

ट्रंप और नेतन्याहू आज करेंगे मुलाकात

गाजा और अन्य मुद्दों पर चर्चा के लिए व्हाइट हाउस में उनकी बैठक होगी

एजेंसी



पाम बीच गार्डन (फ्लोरिडा)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सोमवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे। ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद व्हाइट हाउस में यह उनकी दूसरी बैठक होगी। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी और नेतन्याहू के कार्यालय ने शनिवार को इस मुलाकात की पुष्टि की।

दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात ऐसे समय में हो रही है जब इजराइल हमास के चरमपंथियों पर दबाव बनाने के लिए गाजा पट्टी में एक नए सुरक्षा गलियारे में सेना तैनात कर रहा है। इजराइल के रक्षा मंत्री ने कहा है कि इजराइल इस क्षेत्र के बड़े हिस्से पर कब्जा करेगा और उसे अपने सुरक्षा जोन में शामिल करेगा। पिछले महीने इजराइल ने संघर्षविराम तोड़ते हुए गाजा पर अचानक बमबारी कर दी थी, व्हाइट हाउस ने उसके इस कदम का समर्थन किया था। इजराइल ने संकल्प लिया है कि जब तक हमास सात अक्टूबर, 2023 के हमले में बंधक बनाए गए लोगों को रिहा नहीं करता, अपने हथियार नहीं डालता और गाजा क्षेत्र से बाहर नहीं निकलता तब तक युद्ध जारी रहेगा। नेतन्याहू के कार्यालय ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि नेतन्याहू और ट्रंप शुल्क के मुद्दे, हमारे बंधकों को वापस ...शेष पृष्ठ 14 पर



आज का मौसम

अधिकतम : 39.06 डिसे.

न्यूनतम : 24.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- मनरेगा के तहत रोजगार देने में यूपी ने रचा इतिहास (पृष्ठ-02)
- यूपी में बिजली उत्पादन बढ़ाने की बड़ी तैयारी (पृष्ठ-02)
- विदेशी बाजारों में दाम टूटने से सरसों के भाव बढ़े (पृष्ठ-14)
- ट्रंप शुल्क के प्रभाव से तय होगी शेयर बाजार की दिशा (पृष्ठ-14)
- एफपीआई ने चार कारोबारी सत्रों में शेयरों से 10,355 करोड़ निकाले (पृष्ठ-14)

विशेष खबर

रात के समय दर्ज किये गये न्यूनतम तापमान के भी सामान्य से अधिक रहने की उम्मीद

यूपी में अप्रैल से जून तक भीषण गर्मी का पूर्वानुमान

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अप्रैल, मई और जून माह में सामान्य से अधिक तापमान और भीषण गर्मी पड़ने की आशंका है तथा तेज उष्ण लहर का भी पूर्वानुमान है। इन संभावित चुनौतियों से निपटने के लिए उप्र सरकार के चिकित्सा तथा पशुपालन विभाग ने एहतियातन तैयारी शुरू कर दी है।

वैसे तो पूरे प्रदेश में भारी गर्मी के आसार हैं लेकिन विशेषज्ञों ने खासतौर पर चेतावनी दी है कि राज्य के बुंदेलखंड क्षेत्र को सबसे गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ सकता है, जिससे मानव और पशु दोनों के स्वास्थ्य को काफी खतरा हो सकता है। मौसम विभाग के अधिकारी अतुल कुमार सिंह ने बताया, इन महीनों के दौरान पूरे उत्तर प्रदेश में सामान्य से अधिक अधिकतम तापमान रहने की उम्मीद है। पूर्वानुमान के अनुसार दिन का तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहने की आशंका है। रात के तापमान के भी असामान्य रूप से अधिक रहने का अनुमान है। सिंह ने कहा कि रात के समय दर्ज किए गए न्यूनतम तापमान के भी सामान्य से अधिक रहने की उम्मीद है। बुंदेलखंड क्षेत्र के इस भीषण गर्मी का केंद्र बनने का अनुमान है। राज्य में झांसी और चित्रकूटधाम मंडल के सात जिले बुंदेलखंड में आते हैं। उधर, राजस्थान की सीमा से लगे पश्चिमी उप्र के जिलों में भी भीषण गर्मी की आशंका है। सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में मध्य प्रदेश की सीमा से लगे बुंदेलखंड क्षेत्र में शुरुआती पूर्वानुमान के अनुसार सबसे अधिक तापमान दर्ज किए जाने की ...शेष पृष्ठ 14 पर

आठ वर्षीय बच्ची ने किया संभल में सत्यव्रत पुलिस चौकी का उद्घाटन



एजेंसी

संभल। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में पिछले वर्ष नवंबर में शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा के बाद बनाई गई सत्यव्रत पुलिस चौकी का रविवार को आठ वर्षीय एक बच्ची के हाथों से उद्घाटन कराया गया।

संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

केशव प्रसाद मौर्य आज अलीगढ़ के भ्रमण पर रहेंगे

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 07 अप्रैल को जनपद अलीगढ़ के भ्रमण पर रहेंगे। श्री मौर्य 7 अप्रैल को पूर्वाह्न 10.30 बजे ग्राम हाजीपुर चौहट्टा, निकट रेलवे लाइन आगरारोड अलीगढ़ में नवीन आवासीय गौवंश चिकित्सा केन्द्र के शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे, उसके पश्चात पूर्वाह्न 11 बजे सिंघारपुर मथुरा रोड अलीगढ़ में ही सी0वी0गुप्ता सरस्वती विद्यापीठ परिसर में नवनिर्मित माधव सम्मेलन केन्द्र के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। श्री मौर्य अपराह्न 01.20 बजे सर्किट हाउस अलीगढ़ में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे, तदोपरांत विकासशील एवं निमार्णाधीन परियोजना का स्थलीय निरीक्षण करेंगे।

महाकालेश्वर मंदिर का होगा सुंदरीकरण

लखनऊ । उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता के आधार पर विकास कर रहा है। इसी क्रम में फिरोजाबाद के मदनपुर विकासखंड की भदान ग्राम पंचायत स्थित महाकालेश्वर मंदिर का अब सौंदर्यीकरण किया जाएगा। पर्यटन विभाग द्वारा यहां पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य किए जाएंगे। यह जानकारी उप्र. के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह मंदिर दर्शन-पूजन और भ्रमण के लिए प्रमुख स्थल है, जहां विशेष रूप से सावन के प्रत्येक सोमवार को भारी संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं। ऐसे में पर्यटन सुविधाओं का विस्तार आवश्यक है। पर्यटन विभाग द्वारा मंदिर परिसर में 1.41 करोड़ रुपए की लागत से मल्टीपरपज हॉल, शौचालय, भव्य प्रवेश द्वार, टूरिस्ट कियोस्क, बेंच आदि का निर्माण कराया जाएगा। विभाग ने इस योजना की पहली किस्त के रूप में 90 लाख रुपए की राशि जारी कर दी है। उन्होंने बताया, कि जनपद फिरोजाबाद के ग्राम उखरैण्ड और ग्राम सींगमेई में पर्यटन विकास से जुड़ी दो योजनाओं के लिए कुल 3.81 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इन योजनाओं के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश इस समय घरेलू पर्यटन के क्षेत्र में देश में शीर्ष स्थान पर है। ब

मातृ शक्ति के प्रति आदर भाव रखना सबका दायित्व : योगी

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मातृ शक्ति के प्रति आदर का पवित्र भाव रखना सबका दायित्व है। सरकार ने भी मातृ शक्ति के सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी अनेक योजनाएं चलाई हैं। मातृ शक्ति को सम्मान देने, उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना जैसी योजनाएं शुरू की हैं। विधायिका से लेकर हर

- मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र व श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं दी
- सब मिलकर सुनिश्चित करें कि कोई भी बहन-बेटी अन्याय की शिकार न हो : सीएम

क्षेत्र में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू किया है।

गोरखनाथ मंदिर में रविवार को कन्या पूजन के बाद प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि एवं श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए सीएम योगी ने कहा कि आज वासंतिक नवरात्रि की नवमी तिथि है। आज सभी



सनातन धर्मावलंबियों द्वारा कन्या पूजन किया जा रहा है। मुझे भी आज गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। वासंतिक नवरात्र में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी की तिथि तक आदिशक्ति मां भगवती के अलग-अलग स्वरूपों का अनुष्ठान आज नवदुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पूजन के साथ समारोप की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भारत की सनातन परंपरा में मातृशक्ति के प्रति आदर एवं श्रद्धा भाव की जो मजबूत परंपरा रही है, उसे दोनों नवरात्र (शारदीय व वासंतिक) में कन्या पूजन के माध्यम से देखा जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने सभी लोगों से अपील की है कि वे बेटी-बेटा या महिला-पुरुष के भेदभाव से ऊपर उठकर बेटियों के साथ किसी भी प्रकार के अन्याय को जगह न दें। हम सभी यह मिलकर सुनिश्चित करें कि कोई भी बेटी, बहन, महिला अन्याय या शोषण का शिकार न होने पाए। यदि हम ऐसा करेंगे तभी एक सशक्त एवं विकसित भारत की संकल्पना को साकार कर पाएंगे।

चुनौतियों से लड़ने की प्रेरणा देता है भगवान श्रीराम का जीवन-चरित्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का भी दिन है। सभी देवालयों में अखंड रामायण पाठ ,भजन कीर्तन हो रहे हैं। सभी सनातन धर्मावलंबी पूर्ण मनोयोग से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मना रहे हैं। अयोध्या में लाखों श्रद्धालु रामलला के जन्मोत्सव में भाग लेने के लिए पहुंच रहे हैं। आज 12 बजे भगवान सूर्य भी रामलला का सूर्यतिलक करेंगे। सीएम योगी ने कहा कि लगभग 500 वर्षों की गुलामी की बेड़ियों को तोड़कर 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला का पुनः प्रकटीकरण हुआ है। यह सभी सनातन धर्मावलंबियों के लिए बहुत पवित्र दिन होने के साथ ही दुनिया की दबी कुचली एवं शोषित मानवता के लिए एक नई प्रेरणा व प्रकाश का दिन है। उन्होंने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन हम सबको मर्यादित आचरण करने के साथ ही सम या विषम परिस्थित में धैर्य न खोकर चुनौतियों से लड़ने की प्रेरणा देता है। व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय कर्तव्यो तथा सार्वजनिक तथा राष्ट्रीय रिश्तों का निर्वहन कैसे हो, इसकी प्रेरणा हमें भगवान श्रीराम का सम्पूर्ण जीवन चरित्र देता है।

रामेश्वरम में ऑटो ब्रिज के लिए जताया पीएम मोदी का आभार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रामनवमी की पावन तिथि के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामेश्वरम में देश के पहले ऑटो ब्रिज (पंबन ब्रिज) का भी उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि रामेश्वरम भारत के पवित्रम धामों में से है। यह ज्योतिलिंगों में से एक है। हजारों वर्ष पहले भगवान श्रीराम ने उत्तर और। दक्षिण की सीमाओं को एकसाथ जोड़कर जीवंतता प्रदान की थी। यह हमें एक नई प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि रामेश्वरम में यह नया ब्रिज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास एवं विरासत के विजन को दर्शाता है।

कन्या पूजन कर मुख्यमंत्री ने की मातृ शक्ति की आराधना

गोरखपुर। मातृ शक्ति के प्रति अगाध श्रद्धा रखने के साथ उनकी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति समेत अनेक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने वाले मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने चैत्र (वासंतिक) नवरात्र की नवमी तिथि पर रविवार को गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार कन्या पूजन किया। नवमी तिथि के अनुष्ठान की कड़ी में गोरखनाथ मंदिर के अन्न क्षेत्र में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में योगी ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया और दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने परम्परा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया। चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि के अनुष्ठान में सीएम योगी एवं गोरक्षपीठाधीश्वर ने सबसे पहले कुंवारी कन्याओं के पांव धोये। उनके माथे पर रोली, चंदन, अक्षत आदि का तिलक लगाया। दुर्वा से

- सीएम योगी ने चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि पर नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे
- कन्या पूजन अनुष्ठान में अपने हाथों से भोजन परोसा मुख्यमंत्री ने, दक्षिणा व उपहार देकर कन्याओं से लिया आशीर्वाद

उनका अभिषेक किया, माला पहनाई। चुनरी ओढ़ाकर एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने अन्न क्षेत्र में सभी कुंवारी कन्याओं व बटुकों की श्रद्धाभाव से आरती भी उतारी। पूजन के बाद इन कन्याओं को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद योगी ने अपने हाथों से परोसा। कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंचे बटुकों को भी श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री यह भी ख्याल रखते रहे कि किसी भी कन्या या बटुक की थाली में भोजन प्रसाद की कोई कमी न रहे। इसे लेकर वह मंदिर की व्यवस्था से जुड़े लोगों को निर्देशित करते रहे। पूजन के दौरान काशी से पधारे जगद्गुरु स्वामी संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ सहित कई संत व मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोग उपस्थित रहे। कन्या पूजन से पूर्व प्रातःकाल के पूजन सत्र में मंदिर के शक्तिपीठ में मां सिद्धिदात्री की विधि-विधान से आराधना की।

मनरेगा के तहत रोजगार देने में यूपी ने रचा इतिहास

मनरेगा के माध्यम से उनके ही गांव में उपलब्ध कराया जा रहा है श्रमिकों को रोजगार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा योजना केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार और वंचित वर्गों के इच्छुक लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। यह योजना बेरोजगारों और रोजगार की जरूरत वाले लोगों के लिए काम करने के अधिकार की गारंटी देता है। एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिन का मजदूरी रोजगार प्रदान करके ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका को बढ़ाने का निरंतर प्रयास जारी है।

मनरेगा इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है (कोरोना काल को छोड़कर) कि प्रदेश में 6 से लाख से ज्यादा परिवारों को 100 दिन का रोजगार मुहैया कराया गया हो। यह तब संभव हो पाया है जह मा0 उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल मार्गदर्शन विभाग को अनवरत रूप से प्राप्त हो रहा है और निरंतर बेहतर अनुश्रवण किया गया। आवश्यक दिशा-निदेर्शों के चलते प्रदेश ने वर्ष 2024-25 में देश में सर्वाधिक 6,20,381 परिवारों को गारंटीयुक्त 100 दिन का रोजगार मुहैया कराया गया।

उत्तर प्रदेश बना देश में नंबर : प्रत्येक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिन का मजदूरी रोजगार प्रदान करके ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका को बढ़ाने का निरंतर प्रयास जारी है। उत्तर प्रदेश में ग्रामीण परिवेश बीते कुछ सालों लगातार लाखों परिवारों को योजनांतर्गत लाखों परिवारों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में 6,20,381 परिवारों द्वारा 100 दिवस का रोजगार पूर्ण किया जा चुका है। 100 दिवस का रोजगार देने में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य की भूमिका निभा रहा है। उत्तर प्रदेश (620381), केरल (519067), आंध्र प्रदेश (509980), राजस्थान (499552), महाराष्ट्र (412536) के बाद छत्तीसगढ़ (332477) द्वारा लाखों परिवारों को 100 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया गया है।



प्रदेश में कोई भी व्यक्ति रोजगार के लिये न भटके इसको लेकर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में लगातार मनरेगा के माध्यम से श्रमिकों को रोजगार उनके ही गांव में उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके चलते आम लोग भी अपने परिवार के साथ बेहतर जीवन व्यतीत कर रहे हैं और उनको घर छोड़कर रोजगार के लिये भटकना नहीं पड़ रहा है।


ग्राम्य विकास विभाग द्वारा समय-समय पर जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से रोजगार सृजन किया जा रहा है। आयुक्त, ग्राम्य विकास उप्र जीएस प्रियदर्शी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रदेश की ग्राम पंचायतों में इच्छुक और वयस्क नागरिकों को मनरेगा योजना के अतंर्गत मांग के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। बीते वित्तीय वर्ष 2024-25 में 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने के मामले में प्रदेश ने ऐतिहासिक कार्य करके दिखाया है। अगर कोरोना काल को छोड़ दें तो मनरेगा के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब प्रदेश द्वारा 6 लाख से ज्यादा परिवारों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया है।

यूपी में बिजली उत्पादन बढ़ाने की बड़ी तैयारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार राज्य में बिजली उत्पादन क्षमता को बढ़ाने की दिशा में लगातार कदम उठा रही है। इसी कड़ी में मीरजापुर जिले में एक बड़ी तापीय विद्युत परियोजना की स्थापना की तैयारियां

- मीरजापुर में तापीय विद्युत परियोजना के लिए 295 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज
- जिलाधिकारी मीरजापुर को भेजा गया पत्र, आवश्यक कार्रवाई के निर्देश
- योगी सरकार के निर्देश पर रेलवे, सड़क, पानी और बिजली के इंफ्रास्ट्रक्चर की भी तैयारी
- मीरजापुर समेत आसपास की तस्वीर बदलेगी नयी परियोजना, रोजगार की अपार संभावनाएं

तेज कर दी गई हैं। इस परियोजना के लिए 295 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस नई परियोजना से मीरजापुर और आसपास की तस्वीर बदलने की तैयारी है। इससे एक ओर जहां पूरे प्रदेश को पहले से भी अधिक मात्रा में बिजली मिलने लगेगी तो वहीं दूसरी ओर मिजार्पुर और आसपास के क्षेत्र के लोगों को बड़े पैमाने पर रोजगार के संसाधन भी उपलब्ध हो सकेंगे। सभी विभागों से



एनओसी मिलने के बाद ही परियोजना को हरी झंडी दी जाएगी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर भूमि अधिग्रहण के साथ-साथ रेलवे लाइन, सड़क, वाटर पाइपलाइन और विद्युत ट्रांसमिशन लाइन जैसी आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था की तैयारी भी शुरू हो गई है। इसके लिए बाकायदा जिलाधिकारी मीरजापुर को पत्र भेजा गया है। साथ ही आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी दिए गए हैं।

परियोजना में हजारों लोगों को मिलेगा काम : इस तापीय विद्युत परियोजना के शुरू होने से मीरजापुर और आसपास के जिले के युवाओं के लिए रोजगार के अपार अवसर पैदा होंगे। परियोजना में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को काम मिलेगा। औद्योगिक इकाइयों की स्थापना भी संभव होगी। जिससे स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा।

भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में पारदर्शिता : परियोजना स्थापना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी। सभी संबंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लिया जाएगा। अतिरिक्त भूमि की उपलब्धता की स्थिति में ही परियोजना को अंतिम स्वीकृति दी जाएगी।

प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों को मिलेगा बल : प्रदेश में बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए सरकार अतिरिक्त उत्पादन क्षमता की योजना पर कार्य कर रही है। इस परियोजना से यूपी की बिजली आपूर्ति को मजबूती मिलेगी। साथ ही आने वाले वर्षों में राज्य की ऊर्जा जरूरतें बेहतर तरीके से पूरी हो सकेंगी।

भाजपा ने पीडीए के सम्मान और आरक्षण को छीना है : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि महात्मा बुद्ध व बाबासाहेब जैसे महापुरुष की प्रतिमाओं को हटाने पर सीतापुर में हुआ विवाद एक बड़ी सियासी साजिश की ओर इशारा कर रहा है। सब जानते हैं कि वो कौन हैं जिनके इशारे पर प्रशासन ऐसा प्रहार कर रहा है। शोषित-वंचित समाज की जागरूकता नई चेतना बनकर उभर रही है, इन साजिशों की उम्र अब बहुत लंबी नहीं बची है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा षडयन्त्रकारी पार्टी है। भाजपा समाज में नफरत फैलाती है। सामाजिक सद्भाव बिगाड़ती है। भाजपा पीडीए विरोधी है। भाजपा ने पीडीए के हर सम्मान और आरक्षण को छीना है। पीडीए की एकजुटता से भाजपा के लोग घबराए हुए हैं। भाजपा सरकार में पीडीए के साथ षड्यंत्र हो रहा है। समाजवादी पार्टी पीडीए के साथ बाबा साहब के विरोधियों का हर स्तर पर मुकाबला करने को तैयार है। समाजवादी पार्टी सामाजिक सद्भाव, संविधान और लोकतंत्र के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल है। मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। किसान, नौजवान,



व्यापारी, महिलाएं सभी इस सरकार की गलत नीतियों से त्रस्त हैं। भाजपा सरकार ने किसानों, नौजवानों सभी से झूठे वादे किये। किसानों की आय दोगुनी नही हुई। मंहगाई बढ़ने से खेती का लागत मूल्य बढ़ गया। भाजपा सरकार ने किसानों से धोखा किया। गन्ने का मूल्य नहीं बढ़ाया। चीनी मिलों पर किसानों का हजारों करोड़ रुपए बकाया है। गेहूं की सरकारी खरीद नहीं हो रही है। बिचौलिए और बड़ी कम्पनियां औने पौने दाम में किसानो की फसल खरीदकर उन्हें लूट रहे है। सरकार की उनसे मिलीभगत है। भाजपा सरकार जनता से जुड़े बुनियादी मुद्दो से ध्यान हटाने के लिए नए-नए मुद्दे ला रही है। इसके समर्थक अराजक तत्व समाज में तनाव और वैमनस्यता फैलाने का काम करते है।

देवरिया के देवेन्द्र यादव बने सपा छात्र सभा के प्रदेश सचिव

लखनऊ। देवरिया के बढ़या बुर्जग निवासी देवेंन्द्र यादव को समाजवादी पार्टी छात्र सभा की कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव बनाया गया है। देवेन्द्र लंबे समय से छात्र राजनीति में सक्रिय रहे हैं। शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की संस्तुति पर समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष इं विनीत कुशवाहा ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है।

देवेन्द्र यादव को उत्तर प्रदेश छात्र सभा संगठन में महत्वपूर्ण स्थान मिलने पर गोरखपुर, देवरियां, कुशीनगर के छात्रों, युवा कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। इससे पहले देवेन्द्र देवरियां समाजवादी छात्रसभा इकाई में कार्यरत थे। देवेंन्द्र ने बताया कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है, उसका बखूबी निर्वहन करेंगे। समाजवादी रणनीति पर चलते हुए पार्टी को आगामी विधान सभा चुनाव 2027 में विजय दिलाने



के लिए संघर्ष करूंगा।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की संस्तुति पर समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने उन्हें प्रदेश सचिव के पद पर नामित किया है।देवेन्द्र मूल रूप से देवरिया के रहने वाले हैं। बता दें कि देवेन्द्र पूर्वांश्चल के कई जिलों के छात्रों, नवजवानों में अच्छी पैठ रखते हैं। इनके अंदर छात्र रानीति करने का नेतृत्व क्षमता है। नये प्रदेश सचिव छात्र राजनीति से ही सपा पार्टी के लिए संघर्षील व जुझारू हैं। छात्रों में इनका बड़ा जनाधार है। पद पाने के बाद 8 अप्रैल को पहली बार जनपद आगमन पर उनके स्वागत की तैयारियां जोरों पर चल रही है। जिले में जगह-जगह देवेन्द्र के हार्दिक, स्वागत अभिनंदन की होर्डिग लग गयी है। स्वागत के लिए छात्रों को हुजूम तैयार है।

जनता से किया हर वादा पूरा किया : भूपेंद्र चौधरी

लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर रविवार को पूरे प्रदेश में पार्टी कार्यकताओं ने बूथ स्तर पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम आयोजित किए। प्रदेश में पार्टी कार्यालयों पर पार्टी का झंडा फहराया तथा पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं ने

- भाजपा के स्थापना दिवस पर प्रदेश मुख्यालय व आवासों में फहराया झंडा

अपने आवास तथा प्रतिष्ठानों पर पार्टी का झंडा फहराकर और मिष्ठान खिलाकर स्थापना दिवस मनाया ।

पार्टी के राज्य मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने पार्टी का ध्वज फहराया और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके स्थापना दिवस की सभी को बधाई दी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर भारद्वाज ,प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल, अनूप गुप्ता, संजय राय, प्रदेश मंत्री शंकर



गिरी, अर्चना मिश्रा, शिवभूषण सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ल, कार्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, सह प्रभारी अतुल अवस्थी, लक्ष्मण सिंह, राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, राज्यसभा सांसद बृजलाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि करोड़ो कार्यकताओं के अथक परिश्रम और बलिदान के बाद आज भारतीय जनता पार्टी की पहचान विश्व के सबसे बडे. राजनैतिक दल के रूप में बनी है। उन्होंने श्री राम नवमी और पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता की सर्वोच्च प्राथमिकता राष्ट्र प्रथम और जन सेवा की है। हमारी पार्टी का गठन जिन उद्देश्यों और संकल्पों के साथ हुआ था, उन्हें पूरा करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ हमने कार्य किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जम्मूकश्मीर से धारा 370 को खत्म करना हो या अयोध्या में भव्य श्री राममंदिर का निर्माण हमने अपने संकल्पों को पूरा करने का काम किया और जनता से किये वायदों से हम पीछे नहीं हटे।

खाद्यान्न उत्पादन दर में हुई दोगुने से अधिक की वृद्धि, 669 लाख मीट्रिक टन पहुंचा खाद्यान्न उत्पादन

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने कुशल नेतृत्व और किसान हितैषी नीतियों के दम पर राज्य को कृषि क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बना दिया है। 2017 में सत्ता

- मंडी व्यवस्था को आधुनिक और पारदर्शी बनाया, 125 मंडियों में 7 हजार करोड़ रुपये से अधिक का हुआ डिजिटल व्यापार
- सीडलिंग उत्पादन से 60 हजार महिलाओं को मिला रोजगार

संभालने के बाद से उनकी सरकार ने खेती-किसानी को नई दिशा दी है, जिसके परिणामस्वरूप किसानों की आय में वृद्धि, उत्पादन में रिकॉर्ड बढ़ोतरी और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति देखने को मिली है। योगी सरकार की योजनाओं ने न केवल किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया, बल्कि खेती को आधुनिक और टिकाऊ बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

कृषि विकास दर और उत्पादन में हुई रिकॉर्ड वृद्धि : उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कृषि विकास दर ने नई ऊंचाइयां छुई हैं। 2016-17 में जहां यह दर मात्र 5.1 प्रतिशत थी, वहीं 2023-24 में यह बढ़कर 13.7 प्रतिशत हो गई। इस दौरान खाद्यान्न उत्पादन में भी जबरदस्त इजाफा हुआ। 2016-17 में 557 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन था, जो 2023-24 में बढ़कर 669 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया। खाद्यान्न उत्पादकता भी 27 क्विंटल प्रति हेक्टेयर से बढ़कर 31 क्विंटल प्रति हेक्टेयर हो गई। तिलहन उत्पादन में 128 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो 2016-17 में 12.40 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 2023-24 में 28.31 लाख मीट्रिक टन हो गया। इसके अलावा, 400 लाख टन फल और सब्जियों के उत्पादन के साथ उत्तर प्रदेश ने देश में पहला स्थान हासिल किया है।

जैविक और प्राकृतिक खेती को योगी सरकार ने दिया बढ़ावा : योगी सरकार ने खेती को टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए जैविक और प्राकृतिक खेती पर विशेष ध्यान दिया है। 49 जनपदों में 85,710 हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया गया। बुंदेलखंड के सभी जनपदों में 23,500 हेक्टेयर क्षेत्र में गौ आधारित प्राकृतिक खेती शुरू की गई। 2024-25 में 66 लाख क्विंटल



गुणवत्तापूर्ण बीज और 95 लाख मेट्रिक टन उर्वरक वितरित किए गए। साथ ही, 8.50 लाख मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटे गए, जिससे किसानों को अपनी जमीन की उर्वरता बढ़ाने में मदद मिली। विश्व बैंक के सहयोग से शुरू किए गए 'कृषि विकास एवं ग्रामीण उद्यमिता सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम (यूपी एग्रीस)' ने पूर्वांचल के 21 और बुंदेलखंड के 7 जिलों में किसानों को सीधा लाभ पहुंचाया।

किसानों का आर्थिक सशक्तिकरण और खेती में मिली तकनीकी सहायता : योगी सरकार ने किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए कई योजनाएं लागू की हैं। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 2.86 करोड़ से ज्यादा किसानों को 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की गई। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 58.07 लाख किसानों को 47,535.09 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति दी गई। पीएम कुसुम योजना के तहत 76,189 से अधिक सोलर पंप आवंटित किए गए। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, जो 14 सितंबर 2019 को शुरू हुई, ने 63 हजार से ज्यादा किसानों को लाभ पहुंचाया। तकनीक के क्षेत्र में, खेती में ड्रोन के उपयोग की शुरूआत की गई, जिसमें एफपीओ और कृषि स्नातकों को 40-50 प्रतिशत अनुदान दिया गया। प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन एग्रीजंक्शन योजना के तहत 6,608 एग्रीजंक्शन स्थापित किए गए, जो किसानों के लिए वन-स्टॉप शॉप की तरह काम कर रहे हैं।

मंडी व्यवस्था में आई डिजिटल क्रांति, बुनियादी ढांचे का हुआ विकास : मंडी व्यवस्था को आधुनिक और पारदर्शी बनाने के लिए योगी सरकार ने कई कदम उठाए हैं। 125 मंडियों में जनवरी 2025 तक 6,999 करोड़ रुपये का डिजिटल व्यापार हुआ। ई-मंडी योजना के तहत 922 ई-लाइसेंस जारी किए गए और 4.18 करोड़ से ज्यादा ऑनलाइन पर्चियां निर्गत की गईं। 27 नई मंडियों का आधुनिकीकरण किया गया और 85 ग्रामीण हाट बाजारों का निर्माण पूरा हुआ। मंडियों में प्री-अराइवल ई-पास और डिजिटल पेमेंट की सुविधा शुरू की गई। यूपी मंडी भाव मोबाइल ऐप के जरिए किसानों को बाजार भाव और मौसम की जानकारी मुफ्त दी जा रही है।

मथुरा में कल से शुरू होगा फूल बांग्ला उत्सव

मथुरा । उत्तर प्रदेश के मथुरा में स्थित बांके बिहारी मंदिर में फूल बांग्ला उत्सव चैत्र मास की एकादशी यानी आठ अप्रैल से शुरू होगा और 24 जुलाई तक जारी रहेगा। मंदिर के एक पदाधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य भगवान को चिलचिलाती गर्मी से राहत देना है। पदाधिकारी ने बताया कि यह उत्सव 108 दिन तक आयोजित किया जाएगा। राजभोग सेवाधिकारी ज्ञानेंद्र किशोर गोस्वामी ने बताया, भगवान को गर्मी से राहत देने के लिए मंदिर को हजारों सुगंधित और सजावटी फूलों से सजाया गया है। सजावट के लिए बेला, मोगरा और गुलाब समेत अनेक किस्म के फूलों का इस्तेमाल किया जाता है।

लखनऊ में 139.4 किमी. तक होगा मेट्रो का विस्तार, 9 कॉरिडोर और बनेंगे

कानपुर में 7 व आगरा में 11 किमी में मेट्रो दौड़ाने की तैयारी, शासन को भेजा प्रस्ताव, हर 850 मीटर की दूरी पर मेट्रो स्टेशन बनाने का प्रस्ताव

आशीष मौर्य



लखनऊ। प्रदेश के लखनऊ, कानपुर और आगरा में मेट्रो कॉरिडोर कुल 303 किलोमीटर लंबाई तक विस्तार किया जाएगा। इसके लिए 28 नए कॉरिडोर बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संकल्पना के अनुरूप तीनों शहरों में अगले 20-25 वर्षों के लिए उप्र. मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने दीर्घकालिक मेट्रो विकास योजना तैयार की है। लखनऊ में अभी एक कॉरिडोर में मेट्रो का संचालन हो रहा है जबकि ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर पर जल्द काम शुरू किया जाना है। इनके अलावा 139.4 किमी. में 9 और कॉरिडोर बनाने की योजना है।

साथ ही हर 850 मीटर की दूरी पर मेट्रो स्टेशन बनाने का भी प्रस्ताव है। शासन की ओर से आगामी वर्षों के लिए नगर विकास की योजना बनाने के निर्देश सभी विभागों को दिए गए हैं। यूपीएमआरसी के एमडी सुशील कुमार की ओर से मेट्रो विस्तार से सम्बंधित प्रस्ताव आवास विभाग को भेज दिया गया है।

आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय (एमओएचयूए) के निर्देश के बाद लखनऊ, कानपुर और आगरा के लिए मेट्रो के विस्तार की योजना तैयार की गई है। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) ने प्रस्ताव तैयार कर आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव को भेजा है। इसके अनुसार लखनऊ में 139.4 किमी. में 9 नये कॉरिडोर बनाने और आगरा में 88.9 किमी. में 11 नए मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण कराने का प्रस्ताव है। लखनऊ में वर्तमान में नार्थ साउथ कॉरिडोर में एयरपोर्ट से मुंशीपुलिया तक 23 किमी में मेट्रो चल रही है। इसके अलावा बसंतकुंज से चारबाग तक 11 किमी में मेट्रो दौड़ाने की कवायद शुरू हो गई है। भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय से हरी झंडी मिलते ही काम शुरू हो जाएगा। वहीं कानपुर में 7 नए मेट्रो कॉरिडोर में 74.9 किमी. की दूरी में मेट्रो ट्रेन दौड़ाने की तैयारी है। अभी यहां 32.2 किमी. में 2 कॉरिडोर में कार्य चल रहा है। प्राथमिक सेक्शन में 9 किमी. में मेट्रो चल भी रही है।

850 मीटर की पैदल दूरी पर एक मेट्रो स्टेशन की सिफारिश

यूरोपियन राष्ट्र ने 850 मीटर की पैदल दूरी पर एक मेट्रो स्टेशन की सिफारिश की है। इसके साथ ही शहरों और एसईजेड को जोड़ने की योजना की आवश्यकता पर जोर दिया है। अस्पताल, विश्वविद्यालय, कॉलेज और स्कूल के लिए मेट्रो कवरेज बढ़ाया जाना चाहिए। क्योंकि केवल लगभग 7% अस्पताल, 30% कॉलेज और 16% स्कूल वर्तमान में इन शहरों में मेट्रो लाइन से 500 मीटर के टीओडी क्षेत्रों के अंतर्गत आते हैं। मौजूदा/निमार्णाधीन मेट्रो ट्रेन नेटवर्क के पूर्ण उपयोग के लिए घनी आबादी वाले क्षेत्रों में विस्तार की आवश्यकता है।

■ **सार्वजनिक परिवहन से बढ़ रहा प्रदूषण, दुर्घटनायें :** बसों, टैम्पों आदि सामूहिक परिवहन छोटी सड़कों वाले घनी आबादी वाले क्षेत्रों में व्यावहारिक नहीं है। बसों की औसत गति बहुत कम है और यात्रा का समय बहुत अधिक है। इन शहरों में प्रति लाख जनसंख्या पर 9 बसें हैं। 2 और 3 पहिया वाहनों से अत्यधिक यातायात प्रदूषण होता है, क्योंकि लगभग 51% लोग 2/3 पहिया वाहनों से और 30% कारों का इस्तेमाल करते हैं। जिसके कारण स्वीकार्य सीमा से 6-10 गुना अधिक एक्यूआई होता है। ये वायु गुणवत्ता भारत में हर साल लगभग 15 लाख लोगों की मौत का कारण बन रही है। अव्यवस्थित तिपहिया वाहन चौराहों पर कुल ट्रैफिक जाम, अधिक यात्रा समय, उच्च वायु प्रदूषण, अधिक सड़क दुर्घटनाएं आदि का कारण बनते हैं।

■ **भविष्य में न हो दिक्कत, प्रस्ताव अभी से तैयार :** आगामी 25 वर्षों में परिवहन व्यवस्था की संभावनाओं व मास्टर प्लान के आधार पर मेट्रो नेटवर्क के विस्तार का प्रस्ताव तैयार किया गया है। मेट्रो ट्रेन के क्रियान्वयन में लंबा समय लगता है, प्रस्ताव से लेकर डीपीआर तक, कैबिनेट की मंजूरी से लेकर निर्माण पूरा होने तक लगभग 8-10 वर्ष लगते हैं। ऐसे में समय रहते ही यूपीएमआरसी ने प्रस्ताव तैयार कर लिया है।

कॉरिडोर का डीपीआर तैयार किया जाएगा

यूपीएमआरसी के एमडी सुशील कुमार के अनुसार शहर के लिए व्यापक गतिशीलता योजना (सीएमपी) और मुख्यमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप यूपीएमआरसी ने विस्तार के लिए प्रमुख मेट्रो कॉरिडोर की पहचान की है। जिसमें नए कॉरिडोर की कुल प्रस्तावित लंबाई और संरेखण का विवरण तैयार किया गया है। इन कॉरिडोर को संबंधित शहरों की नगर विकास योजना में जोड़ा जाएगा। चरणबद्ध विकास के लिए कॉरिडोर को प्राथमिकता दी जाएगी। अनुमति मिलते ही कॉरिडोर का डीपीआर तैयार किया जाएगा।

लखनऊ में प्रस्तावित 9 नए कॉरिडोर	दूरी 139.4 किमी.
कल्ली पश्चिम से आईआईएम	45 कमी.
राजाजीपुरम से आईआईएम	18.42 किमी.
चारबाग से कल्ली पश्चिम	13 किमी.
इंदिरा नगर से सीजी सिटी	7.7 किमी.
इंदिरा नगर से अनोरा काला	9.27 किमी.
मुंशीपुलिया से जानकीपुरम	6.29 किमी.
सीजी सिटी से एयरपोर्ट	19.8 किमी.
कल्ली पश्चिम से मोहनलाल गंज	6 किमी.
अनोरा काला से बाराबंकी	14 किमी

■ **देरी से बनाने पड़ेंगे अंडरग्राउंड मेट्रो कॉरिडोर :** मेट्रो निर्माण में देरी के कारण एलिवेटेड लाइन को अंडरग्राउंड मेट्रो में बदलना पड़ रहा है, क्योंकि हर साल नए फ्लाईओवर बनने और शहर के अन्य विकास कार्यों के कारण जगह की कमी के कारण एलिवेटेड लाइन पर जाना संभव नहीं होगा। इस रणनीतिक विस्तार का उद्देश्य यातायात की भीड़ को कम करना, वायु गुणवत्ता में सुधार, कार्बन उत्सर्जन में कमी, पर्यावरण के अनुकूल परिवहन विकल्प प्रदान करना और शहर के निवासियों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना है।

कानपुर में प्रस्तावित 7 नए कॉरिडोर	दूरी 74.9 किमी
नौबस्ता से बर्रा 8 तक	5.9 किमी.
पनकी से केंद्रीय विद्यालय कैंट	20.61 किमी.
नौबस्ता से चकेरी	17.6 किमी.
आईआईटी कानपुर से मंधना	5.44 किमी.
सीएसए से ख्योरा कटरी (मैनावती मार्ग)	4.37 किमी.
नौबस्ता से रमईपुर	5.78 किमी.
केंद्रीय विद्यालय कैंट से उन्नाव तक	15.2 किमी.

आगरा में प्रस्तावित 11 नए कॉरिडोर	दूरी 88.9 किमी
सिकंदरा से रनकाटा	8.92 किमी.
बमरौली से ताज ईस्ट गेट	6.31 किमी.
कालिंदी विहार से चालेसर	2.36 किमी.
एयरपोर्ट से मालपुरा	किमी.
पोहिया घाट से बिचपुरी रे. स्टे.	15.85 किमी.
पीएसी डिपो से गुटीला मोड़	6.6 किमी.
सदर बाजार से एयरपोर्ट	3.43 किमी.
सदर बाजार से रोहता	6.92 किमी.
गुटीला मोड़ से पॉवर ग्रिड	4.96 किमी.
रामबाग से यमुना एक्सप्रेस	7.9 किमी.
अटोर्नी से रोहटा	19.5 किमी.

शाहजहां गार्डन का नाम बदलकर अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखा जाये : बेबी मौर्य

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ/आगरा। उत्तर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने आगरा स्थित शाहजहां गार्डन का नाम बदलकर अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखने की मांग की है। प्रदेश की महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री मौर्य ने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। शाहजहां गार्डन आगरा जिले में ताजमहल और आगरा किले के बीच बना एक हरा-भरा उद्यान है।

मौर्य ने कहा, हां, मैंने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को पत्र लिखा है और शाहजहां गार्डन का नाम रानी अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखने का मेरा प्रस्ताव जल्द ही मूर्त रूप लेगा। अहिल्याबाई ने महिला सशक्तीकरण के लिए बहुत कुछ किया था। नाम बदलने की मांग करने के पीछे की वजह के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मैं आगरा की बेटी हूं और हमेशा महान अहिल्याबाई होल्कर से प्रेरणा लेती रही हूं, जिन्होंने महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा दिया।

यह मुद्दा मेरे दिल के बहुत करीब है। इसलिए मुझे लगता है कि इस उद्यान का नाम बदलने से लोगों, खासकर महिलाओं को प्रेरणा मिलेगी। आगरा देहात विधानसभा क्षेत्र से विधायक बेबी मौर्य ने नाम बदलने की विभिन्न मांगों के संबंध में कहा, जब हमारे पास इतने सारे रोल मॉडल हैं तो मुझे लगता है कि हमें उन पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है और इस तरह के नाम बदलने में कुछ भी गलत नहीं है।

पिछले महीने 29 मार्च को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर का नाम बदलकर लक्ष्मीनगर करने की मांग वाले पोस्टर लगे थे। इसके अलावा प्रदेश के कई अन्य जिलों के नाम बदलने की भी मांग उठ रही है। इनमें अलीगढ़ का नाम बदलकर हरिगढ़, मैनपुरी का नाम बदलकर मायापुरी, संभल का नाम बदलकर पृथ्वीराज नगर या कल्कि नगर, सुल्तानपुर का नाम बदलकर कुशभवनपुर करना शामिल है।

प्रदेश सरकार सरकार पहले ही इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज और फैजाबाद का नाम बदलकर अयोध्या कर चुकी है। विपक्षी दलों ने इन कदमों को लोगों का ध्यान मुद्दों से भटकाने के लिए रणनीति करार दिया है।

अनंत नगर योजना में 3095 लोगों ने खरीदी बुकलेट

148 ने करायी बुकिंग, योजना को लेकर लोगों में दिख रहा उत्साह

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण की अनंत नगर (मोहन रोड) आवासीय योजना को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। योजना में भूखंडों के लिए पंजीकरण का शुभारम्भ होते ही बड़ी संख्या में लोग वेबसाइट पर लॉगइन बनाकर फॉर्म भर रहे हैं। पंजीकरण खुलने के तीसरे दिने रविवार को शाम 6:00 बजे तक 9601 लोगों ने योजना की वेबसाइट पर लॉगइन बनाया। जिसमें से 3095 लोगों ने 1100 रुपये का ऑनलाइन भुगतान करके पंजीकरण पुस्तिका खरीदी। वहीं, 148 लोगों ने भूखंड की अनुमानित धनराशि का 5% पंजीकरण धनराशि जमा कराकर सफलतापूर्वक रजिस्ट्रेशन कराया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते शुक्रवार को अनंत नगर आवासीय योजना में भूखंडों के लिए पंजीकरण का शुभारंभ किया है। लखनऊ विकास प्राधिकरण की इस योजना में 785 एकड़ के विशाल क्षेत्रफल में टाउनशिप विकसित की जा रही है। जिसमें लगभग डेढ़ लाख लोगों के आशियाने का सपना साकार होगा। इसमें लगभग 2100 आवासीय भूखण्ड व 120 व्यावसायिक भूखण्ड सृजित किये जाएंगे। जिससे लोगों को बेहतर आवासीय सुविधा के साथ व्यावसायिक सेवाओं का लाभ योजना में ही मिलेगा। इसके अलावा ग्रुप हाउसिंग के 60 भूखण्डों में 10,000 से अधिक फ्लैट्स निर्मित किये जाएंगे। ईडब्ल्यूएस व एलआईजी श्रेणी के 5 हजार भवनों में 25 हजार से अधिक लोगों को आवासीय सुविधा प्राप्त हो सकेगी। योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत भी भवनों का निर्माण किया जाएगा।



भूमिगत केबल से निर्बाध विद्युत आपूर्ति

अनंत नगर योजना का विकास अंतरराष्ट्रीय मानकों के अंतर्गत ग्रिड पैटर्न पर किया जा रहा है। जिसमें चौड़ी सड़कों के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए भूमिगत केबल बिछायी जाएंगी। योजना में लगभग 100 एकड़ क्षेत्रफल में एडुटेक सिटी विकसित की जाएगी। जहां लगभग 10,000 छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं फैकल्टी के सदस्यों के लिए हॉस्टल व आवासीय भवन बनाए जाएंगे।

130 एकड़ में हरित क्षेत्र, वेस्ट मैनेजमेंट का भी प्रावधान

अनंत नगर में लगभग 130 एकड़ भूमि में पार्कों व ग्रीन स्पेस का विकास किया जाएगा, जोकि योजना को पर्यावरण के अनुकूल एक हरा-भरा क्षेत्र बनाएगा। इसके अतिरिक्त यह शहर की पहली ऐसी आवासीय योजना होगी, जिसमें आधुनिक सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम का प्रावधान पहले से ही किया गया है। साथ यह शहर की पहली जीरो लिक्विड डिसचार्ज योजना भी होगी। इसके लिए योजना में एस0टी0पी0 स्थापित किये जाएंगे, जोकि अपशिष्ट जल को पुनः शुद्ध करके इसे सिंचाई और हरित क्षेत्रों के लिए उपयोगी बनाएगा।

■ **ई-व्हीकल के लिए बनेंगे चार्जिंग स्टेशन :** योजना के प्रत्येक ब्लॉक में सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित की जाएगी, जो सार्वजनिक स्थलों में विद्युत आवश्यकताओं को पूरा करेगी। साथ ही टाउनशिप में ई-वाहनों के लिए पर्याप्त संख्या में चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे, जिससे प्रदूषण रहित परिवहन को बढ़ावा मिलेगा और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी।

रजिस्टर में दर्ज होगी बिजली जाने की सूचना

लखनऊ। बिजली विभाग मे बिजली कटौती कितनी बार हो रही है इसकी जानकारी उपकेन्द्र से मिल सकेगी। इसके लिए विभाग के तरफ से उपकेन्द्र पर तैनात एसएसओ को एक रजिस्टर दिया गया है जिसमें बिजली कटौती की पल-पल की रिपोर्ट उस रजिस्टर में दर्ज करना होगा। जिसे कोई भी उपभोक्ता कभी भी देख सकता है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में उपभोक्ता को यह जानकारी मिल सकेगी कि किसी उपकेन्द्र पर कितनी बार बिजली कटौती हो रही है। लेसा के सभी बिजली उपकेन्द्रो पर यह सुविध शुरु हो गयी है। कुछ उपकेन्द्रों पर शिकायत आ रही है कि दो मिनट और 5 मिनट की बिजली कटौती को रजिस्टर में दर्ज नही किया जा रहा है। सूत्रो की माने तो कुछ समय के लिए जाने वाली बिजली को रजिस्टर में इसलिए दर्ज नही किया जाता है कि बड़े अधिकारी को बताना पड़ेगा कि इनती देर बिजली कटौती कैसे रही। बिजली जाने के बाद उपभोक्ता शिकायत करता है तो उपकेन्द्र पर तैनात कर्मचारी बिजली नही जाने का बहाना बता देते है। जिससे उपभोक्ता और बिजली कर्मचारी में लड़ाई होने की नौबत आ जाती है। ऐसे में लेसा सिस गोमती के मुख्य अभियंता रजत जुनेजा ने बताया कि उपकेन्द्र पर तैनात एसएसओ के पास पहले से ही रजिस्टर रहता है जिसमें बिजली कटौती की जानकारी लिखा जाता है।

बिजली के सभी दफ्तर जल्द होगें ई-आफिस

लखनऊ। प्रदेश की बिजली व्यवस्था को और बेहतर बनाए जाने के मुद्दे पर बीते वर्ष उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन मुख्यालय में प्रदेश भर के अधिकारियों की बैठक हुई थी। जिसमें चेयरमैन को बताया गया कि ई-आफिस के लिए फाइलों की स्कैनिंग, कार्मिकों का प्रशिक्षण आदि कार्य किए जा रहे हैं। शीघ्र ही पावर कारपोरेशन एवं डिस्काम मुख्यालय ई-ऑफिस पर पूरी तरह कार्य करने लगेंगे। इसके लिए जरूरी है कि ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरों तक ऐसी व्यवस्था बनाई जाए जो उपभोक्ताओं के प्रति ज्यादा संवेदनशीन बने बीते दिनो फिर चेयरमैन ने कहा कि कर्मचारियों का अधिकतम उपयोग करना है जिससे बिजली व्यवस्था में और सुधार लाया जा सके। चेयरमैन ने कहा कि ई-ऑफिस से उपभोक्ता और कार्मिक सभी को लाभ होगा। इससे कार्य आसान हो जाता है। जिसमें चेयरमैन डा. आशीष कुमार गोयल ने कहा कि बिजली के सभी दफ्तरों में ई-ऑफिस लागू किया जाए। पावर कारपोरेशन मुख्यालय और डिस्काम में ई-ऑफिस पर आंशिक रूप से कार्य प्रारम्भ हो चुका है।

बिजली व्यवस्था ठीक हो इसके लिए होगी प्रति सप्ताह बैठक: डीएम

लखनऊ। बिजली व्यवस्था में और सुधार लाने के लिए जर्जर तार और पुराने ट्रांसफार्मर को बदला जा रहा है। ज्यादातर बिजली लाईन को जमीन के अन्दर किया जा रहा है। इसके बाद भी ज्यादा देर तक बिजली कटौती न हो इसके लिए कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ बैठक भी होती है। फिर भी डीएम विशाख जी ने प्रति सप्ताह बिजली कर्मचारियों के साथ बैठक करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि तहशीलो में समाधान दिवस होने के बाद बिजली अधिकारियों के साथ बैठक किया जायेगा। बैठक में बिजली की समस्या का समाधान तत्काल किया जायेगा। डीएम ने कहा कि लेसा में शहर की बिजली व्यवस्था सही रहती है और ग्रामीण बिजली व्यवस्था कमजोर हो जाती है। बिजली जाने के बाद घण्टो नही आती है। उपकेन्द्र पर बार-बार फोन करने पर भी सही जानकारी नही दिया जाता है।

एलडीए में संजीव को मुख्य अभियंता का चार्ज

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण में अधिशासी अभियंता संजीव गुप्ता को कार्यवाहक मुख्य अभियंता का चार्ज दिया गया है। एक अप्रैल से यह पद खाली चल रहा था। अधीक्षण अभियन्ता अवनींद्र कुमार सिंह 31 मार्च को रिटायर्ट हो गए थे। उसके बाद से कोई तैनाती नहीं हुई थी। इसके लिए सैकड़ों फाइलें पेंडिंग हो गई थी। जिसके बाद एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने संजीव गुप्ता को कार्यवाहक मुख्य अभियंता की जिम्मेदारी दी गई है। संजीव गुप्ता प्राधिकरण में एई से तैनात रहे हैं।



गोमती नगर में ग्रीन गैस एनर्जी के पाइप जले

लखनऊ। गोमती नगर के विश्वास खंड, जुगौली स्थित नेहरू इंक्लेव के पास डिफेंस लैंड पर शनिवार दोपहर ग्रीन गैस लिमिटेड की एमडीपीई पाइपों में आग लग गई। आग की लपटों ने आस-पास के पेड़ों को भी अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। नेहरू इंक्लेव में डिफेंस लैंड पर ग्रीन गैस लिमिटेड ने अपनी एमडीपीई पाइपों को खुले में स्टोर किया हुआ है। यह ज्वलनशील पाइपें होती हैं। रविवार दोपहर में अज्ञात कारणों से उसमें लगी आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की चार गाड़ियां पहुंची। लगभग आधा घंटा की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। जानकारी मिलने पर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह भी वहां पहुंच गए। उन्होंने खुले में कड़ी धूप में इन पाइपों को रखने को लेकर नाराजगी जताई। एमडीपीई पाइप को खुले में इस प्रकार रखना सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है। इस मामले में ग्रीन गैस लिमिटेड के अधिकारियों को कार्रवाई के लिए सूचित किया गया है।

विराजखंड में सड़क, पार्क का लोकार्पण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। चिनहट द्वितीय वार्ड के विराजखंड-5 स्थित हनुमान वाटिका पार्क में रविवार को विधायक योगेश शुक्ला ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय नागरिकों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान पार्क में नवनिर्मित चबूतरे का उद्घाटन, पार्कों के सौंदर्यकरण कार्यों का लोकार्पण, विराजखंड-5 की सभी नवनिर्मित आंतरिक डामर सड़कों का उद्घाटन तथा जनकल्याण समिति की ओर से प्रकाशित विराज संदेश पत्रिका के द्वितीय अंक का विमोचन संपन्न हुआ। विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि यह समस्त कार्य नागरिकों की आवश्यकताओं और सुझावों के आधार पर योजनाबद्ध रूप से संपन्न कराए गए हैं, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं, स्वच्छ वातावरण और एक सुंदर सार्वजनिक परिवेश मिल सके। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हर गली, हर मोहल्ला प्रगति का प्रतीक बने और वार्ड चिनहट द्वितीय को एक आदर्श वार्ड के रूप में स्थापित किया जा सके। चिनहट द्वितीय वार्ड के पार्षद शैलेंद्र वर्मा के प्रयासों को यहां के लोगों ने सराहा। उनकी निरंतर निगरानी और जनहित को प्राथमिकता देने की सोच ने इन कार्यों को धरातल पर उतारने में अहम योगदान दिया।



लखनऊ में बनी लघु फिल्म सेव गॉड को मिले दो पुरस्कार

लखनऊ। अयोध्या में आयोजित श्री राम अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 में लखनऊ में बनी लघु फिल्म सेव गॉड को सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र और सर्वश्रेष्ठ अनकही कहानी का पुरस्कार मिला है। यह फिल्म मूर्ति विसर्जन की परंपरा और इससे जुड़े अनदेखे पहलुओं पर आधारित है। फिल्म के लेखक, निर्देशक और नाटककार मुकेश वर्मा हैं। मुकेश ने अब तक 60 से अधिक नाटक लिखे हैं और उनके लेखन व निर्देशन में बनी हिंदी फिल्म मल्लाह भी जल्द ही सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने वाली है। मुकेश वर्मा ने बताया कि सेव गॉड एक ऐसी लघु फिल्म है, जो समाज में वर्षों से चली आ रही मूर्ति विसर्जन की परंपरा को एक नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत करती है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि किस तरह धार्मिक आस्था और परंपराएं कभी-कभी पर्यावरण और जल स्रोतों के लिए खतरा बन जाती हैं।

योगी सरकार की सख्ती से यूपी में घटे 85 फीसदी तक अपराध

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

■ दंगा, हत्या, डकैती, लूट, अपहरण और बलात्कार की घटनाएं हुई कम

■ कानून-व्यवस्था में ऐतिहासिक सुधार, माफिया और गुंडागर्दी पर शिकंजा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले आठ वर्षों में कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार किए हैं। 2017 से राज्य में डकैती, लूट, दंगा, हत्या, अपहरण और बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों में 85 फीसदी तक की भारी गिरावट दर्ज की गई है। सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के कारण उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था में बड़े पैमाने पर सुधार हुआ है। साथ ही माफिया और गुंडागर्दी पर शिकंजा कस गया है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार योगी सरकार के कार्यकाल में विभिन्न अपराधिक घटनाओं में उल्लेखनीय गिरावट आई है। डकैती की घटनाओं में 2016 की तुलना में 84.41 फीसदी कमी आई है। इसके अलावा लूट के मामले 77.43 फीसदी कम हुए हैं। इसी के साथ साथ अपहरण, दहेज हत्या एवं बलात्कार की घटनाओं में भी उल्लेखनीय रूप से कमी देखी गई है। इसके अलावा पुलिस की सक्रियता और सीसीटीवी सर्विलांस जैसी आधुनिक तकनीकों ने अपराधियों को पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

माफिया और अवैध संपत्तियों पर कार्यवाही

योगी सरकार ने प्रदेश के माफियाओं, गैंगस्टरों और भू-माफिया पर बड़े पैमाने पर कार्यवाही की है। इसके तहत 142 अरब रुपये से अधिक की चल-अचल अवैध संपत्तियां जब्त की गई हैं। वहीं, 68 माफिया और उनके करीब डेढ़ हजार सहयोगियों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। जबकि 617 अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। इसके अलावा 752 पर गैंगस्टर एक्ट लागू किया गया है।

योगी सरकार में उत्तर प्रदेश का हर नागरिक सुरक्षित

योगी सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश न केवल विकास के मामले में आगे बढ़ा है, बल्कि कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर भी एक नई मिसाल कायम की है। पुलिस प्रशासन की सक्रियता, तकनीकी उन्नयन और सख्त कानूनों ने अपराधियों को मिट्टी में मिला दिया है। योगी सरकार में उत्तर प्रदेश का हर नागरिक सुरक्षित महसूस करता है। यह सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

वक्फ विधेयक को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने से कुछ हासिल नहीं होगा

लखनऊ। केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने संसद में पारित वक्फ संशोधन अधिनियम को कुछ पार्टियों द्वारा उच्चतम न्यायालय में चुनौती दिए जाने की तैयारी की खबरों के बीच रविवार को कहा कि विधेयक को अदालत में चुनौती देने से कोई नतीजा नहीं निकलेगा। उन्होंने कहा कि यह विधेयक गरीब और हाशिए पर खड़े मुसलमानों के हित में लाया गया है। वर्मा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए वक्फ संशोधन विधेयक को सही ठहराया और कहा कि इसे संसद में भारी समर्थन मिला है और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की ताकत को दर्शाता है। उन्होंने कहा, वक्फ संशोधन विधेयक को भारी बहुमत से पारित किया गया है। कुछ लोग इसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय जा सकते हैं, लेकिन इससे कुछ नहीं होने वाला है।

प्रियदर्शनी योजना में सड़क, नाली पर खर्च होंगे 15 करोड़

विशेष संवाददाता (vol)

नई बस्ती में पानी की किल्लत, टैंकर से आपूर्ति

लखनऊ। महात्मा गांधी-विक्रमादित्य वार्ड में नई बस्ती मोहल्ले में पानी की किल्लत रविवार को भी बनी रही। यहां लगातार चार दिन से समस्या बनी है। जलकल विभाग की ओर से पानी का टैंकर भेजना शुरू कर दिया। इसके अलावा लोग पार्षद कोटे से लगे सबमर्सिबल से पानी लेकर किसी तरह से काम चला रहे हैं। महात्मा गांधी विक्रमादित्य वार्ड की नई बस्ती में लगे ट्यूबवेल में गुरुवार को खराबी आ गई थी, जिसके चलते लोगों के घरों में पानी की आपूर्ति बंद हो गई। क्षेत्रीय पार्षद अमित चौधरी की पहल पर जलकल विभाग ने ट्यूबवेल की मरम्मत शुरू की। शनिवार रात तक ट्यूबवेल सही न होने पर नई बस्ती की नाराज महिलाओं ने रात 10 बजे पार्षद का घर घेर लिया। आधा घंटा के घेराव में पार्षद ने जीएम जलकल से बात कर रविवार तक ट्यूबवेल सही कराने का वादा कर किसी तरह महिलाओं को शांत कराया।

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण व नगर निगम के बीच प्रियदर्शिनी योजना के हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। यहां के सेक्टर-बी, सी व डी की समस्त अवस्थापना सुविधाओं में सड़क नाली, नाला, पार्क इत्यादि एवं 09 पार्कों के औद्यानिक सौन्दर्यीकरण का काम नगर निगम कराएगा। हस्तांतरण से पहले स्थल निरीक्षण किया गया। इसके उपरान्त आपसी सहमति के आधार पर सिविल कार्यों के लिए 14,83,06,182.92 रुपये एवं औद्योनिकीकरण के कार्य के लिए 53,60,622.86 रुपये कुल 15,36,66,806 रुपये जिसमें 18 प्रतिशत जीएसटी 2,76,60,025 रुपये नगर निगम को एलडीए देगा। इस धनराशि के लिए नगर निगम की ओर से सम्बंधित काम का बिल उपलब्ध कराना होगा। पन्द्रह करोड़ छत्तीस लाख छाछठ हजार आठ सौ छह रुपये नगर निगम को सौंप दिया गया है। प्रियदर्शिनी योजना अन्तर्गत सेक्टर-बी, सी, डी की अवस्थापना सुविधाओं में सड़क नाली, नाला, पार्क इत्यादि के अनुरक्षण व निर्माण के लिए तथा 09 पार्कों के औद्यानिक सौन्दर्यीकरण के साथ-साथ पार्कों व डिवाइडरों के 01 वर्ष के औद्यानिक अनुरक्षण के लिए नगर निगम, ने 15,36,66,806 रुपये का भुगतान नगर निगम को प्राधिकरण ने डीडी के माध्यम से किया है। इसके बाद लखनऊ विकास प्राधिकरण से कोई पैसा नहीं दिया जाएगा। योजना के उक्त कामों को 28 फरवरी से हस्तगत कर दिया गया है। अब उक्त सेक्टरों के रख-रखाव का पूर्ण दायित्व नगर निगम का है। नगर निगम की ओर से उपरोक्त हस्तगत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र लखनऊ विकास प्राधिकरण को उपलब्ध कराना होगा। कालोनी हैंडओवर होने से यहां की करीब 20 हजार की आबादी को फायदा होगा।

नगर निगम सदन की बैठक 12 को

लखनऊ। नगर निगम के सदन की बैठक 12 अप्रैल को होगी। यह जानकारी भाजपा महानगर की तरफ से कल्याण मंडप में आयोजित बैठक में शामिल पार्षदों को दी गई। इस दौरान 11 अप्रैल को भाजपा पार्षद दल की बैठक करने पर सहमति बनी है। बैठक में पार्षदों ने बजट बैठक का एजेंडा नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। बैठक में पार्षदों ने कहा कि आज की बैठक कार्यकारिणी में पास हुए मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई थी, लेकिन इसका कोई एजेंडा नहीं रखा गया कि किन विषयों पर चर्चा सदन में की जाएगी।

पार्षद दल के नेता सुशील कुमार तिवारी (पम्मी) ने बताया कि पार्टी की स्थापना दिवस पर कार्यक्रमों को देखते हुए और नगर निगम में हाउस टैक्स से लेकर वित्तीय वर्ष की समाप्ति के काम के चलते सदन की बैठक अब 12 अप्रैल को बुलाई जाएगी। पहले सदन की बैठक 9 अप्रैल को प्रस्तावित थी।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मलिहाबाद पुलिस की लापरवाही से बुझ गया घर का चिराग

बेची गई करोड़ों की जमीन का कमीशन लेने निकले प्रॉपर्टी डीलर की हत्या





- मलिहाबाद पुलिस ने मृतक को तलाशने के बजाए डराकर शांत रहने की दी नसीहत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कमिश्नरेट लखनऊ के थाना इंचार्ज किस कदर गुमराह हैं उसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मलिहाबाद इलाके से तीन करोड़ की बेची गयी जमीन का कमीशन लेने की बात कहकर घर से निकले प्रापर्टी डीलर नंद किशोर का अपहरण कर लिया गया और फिर उसकी आंख में पटटी बांधकर अपहरणकर्ता एक बाग में में ले गये और फिर उसकी हत्याकर पेड़ से लटका दिया ताकि आत्महत्या लगे। यह हम नहीं बल्कि परिजनों का कहना है। बताया जा रहा है कि जब प्रापर्टी डीलर के लापता होने की बात पीड़ित परिवार ने पुसिल इंस्पेक्टर को बताई तो उन्होंने कार्रवाई करने के बजाए पीड़ित परिवार को डांटकर चुप रहने की नशीहत दे डाली। इसका खामियाजा परिवार को अपने घर के एक चराग को बुझाकर चुकाना पड़ा। फिलहाल पुलिस हमेशा की तरह सूचना का संज्ञान लिया और मौके पर जाकर शव कब्जे में लिया और परिवार की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लालगंज गांव निवासी नन्द किशोर वर्मा (35) कमीशन पर जमीन बिकवाने का काम करता था। अभी हाल ही में उसने तीन करोड़ रुपये कीमत में कोई जमीन बिकवाई थी। उसी का कमीशन लेने की बात कहकर शनिवार की सुबह घर से निकला था। शाम के समय उसकी महिला मित्र का भांजे के पास फोन आया कि कुछलोगो ने उसके मामा को किडनैप कर लिया है और आंखों पर पट्टी बांधकर कही ले गए है। यह बात भांजे ने परिजनों को बतायी। जिसके बाद परिजनों ने पुलिस से सम्पर्क किया मगर पुलिस ने परिजनों की बात को गम्भीरता से नही लिया। सुबह नन्द किशोर वर्मा का शव गांव से कुछ दूर बड़ी गढ़ी निवासी विधीचन्द की आम की बाग में प्लास्टिक की रस्सी से बंधा मिला शव के पैर घटने से मुड़े थे। ऐसा लग रहा था कि किसी ने आत्म हत्या का रूप देने के लिए शव को लटकाने का प्रयास किया है। मृतक की बाइक डिस्कवर यूपी 32 जीपी 5119 उसके शव के पास खड़ी मिली। इंस्पेक्टर बैजनाथ ने बताया कि संदिग्ध हालत में शव मिला है। मृतक के भाई प्रेमचंद की तहरीर पर अज्ञात लोगो के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है आगे की कार्यवाही पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी। मृतक की बहन व भांजे ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि जिस समय पुलिस को मामले की जानकारी दी गयी थी। अगर गम्भीरता दिखाते तो नन्द किशोर की जान बच जाती। पुलिस ने कार्यवाई करने के बजाय उल्टा हम लोगो को ही दबाकर रखा। मृतक के परिवार में माता यशोदा देवी, भाई प्रेमचंद्र, अमन राज, विशंभर दयाल, शिव नंदन हैं। मृतक अपने भाईयों में सबसे छोटा था। इस घटना से परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है।

आग बुझाने पहुंची दमकल की गाड़ी गली में फंसी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कमिश्नरेट लखनऊ में बीते नौ घंटे की भीतर तीन स्थानों पर भीषण आग लग गई। फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत करके तीनों स्थानों के आग पर काबू पा लिया। कहीं पर कोई जनहानि नहीं हुई। गोमती नगर के विश्वास खंड में इलेक्ट्रॉनिक सामान के गोदाम में लगी आग से लाखों रुपए का नुकसान हुआ। वहीं, ऐशबाग के एक मकान में भीषण आग से मोहल्ले में अफरातफरी मच गई।

शनिवार रात करीब 2 बजे गोमतीनगर के विश्वास खंड स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक गोदाम में अचानक आग लग गई। गोदाम से धुआं निकलता देखकर सिक्योरिटी गार्ड ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर कर्मियों ने 4 दमकल गाड़ियों की मदद से करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में गोमतीनगर और हजरतगंज फायर स्टेशन की यूनिटों ने आग को बुझाया। गोदाम स्वामी अंकित गोयल के अनुसार, एलईडी, एसी, कंप्यूटर, प्रिंटर, यूपीएस आदि जलकर खाक हो गए। हालांकि अधिकतर सामान को दमकल विभाग ने बचा लिया। पड़ोसी अमित शर्मा और एम.के. मिश्रा के घरों को भी नुकसान से बचा लिया। रविवार सुबह 10:48 बजे चौक फायर स्टेशन को सूचना मिली कि बाजार खाला क्षेत्र के तकिया चंद अली शाह मोहल्ले में मकान संख्या 46/139 में आग लग गई है। मकान के तीसरे तल पर लगी आग तेजी से फैलने लगी। संकरी गलियों के चलते दमकल की गाड़ियां मकान तक नहीं पहुंच सकीं, लेकिन रिले पंपिंग तकनीक से पानी पहुंचाकर 1 घंटे में आग पर काबू पाया गया।

बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। घर के मालिक पिंटू बजाज ने बताया कि घटना के समय परिवार नीचे था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। इटौंजा थाना क्षेत्र के उसरना गांव में गोशाला की पशुचर की जमीन लगी घास फूस में आग लग गई । हवा चलने से आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना पाकर मौके पर इटौंजा थाना प्रभारी मार्कंडेय यादव और बीकेटी फायर स्टेशन की दमकल गाड़ी पहुंची। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। तीनों घटनाओं में दमकल विभाग की तत्परता से बड़ा नुकसान टला, लेकिन बार-बार लगती आग ये बता रही है कि विद्युत विभाग और नगर निगम को सतर्कता बढ़ानी होगी। लोगों को भी शार्ट सर्किट से बचाव के उपाय करने होंगे।

खाना बनाते समय फटा सिलेंडर, घर जलकर खाक

लखनऊ। महिगंवा के गनेशपुर गांव में खाना बनाते समय रसोई गैस सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। इससे आग पूरे घर में फैल गई। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक 50 हजार रुपए नगद, बाइक व घरेलू सामान जलकर खाक हो गए।

गनेशपुर में राजकुमार की 16 वर्षीय बेटी घर में खाना बना रही थी। इस बीच रसोई गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। उसने शोर मचाया तो ग्रामीणों ने आग को बुझाने की कोशिश शुरू की। इस बीच तेज धमाके के साथ सिलेंडर फट गया। आग की लपटों ने पूरे घर को चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को फोन किया। लोगों ने बताया कि गनीमत रही कि सिलेंडर के टुकड़े किसी को लगे नहीं, वरना बड़ा हादसा हो जाता। मिली जानकारी के अनुसार, महिगंवा थाना क्षेत्र के गनेशपुर गांव निवासी राजकुमार की पत्नी राजकुमारी की तबीयत खराब है। इस कारण रविवार दोपहर में उनकी बेटी खाना बना रही थी। आग लगने के बाद अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग सहमे रहे। राजकुमार ने बताया कि दोपहर में वह पिता के घर गए थे। यहां घर में पत्नी व बेटी थी। उसी समय आग लगी। घर में सबकुछ जलने के बाद फायर बिग्रेड की गाड़ी पहुंची। घर पूरी तरह से जल गया है। दूसरा कोई मकान नहीं है।

जमीन विवाद में दी धमकी और की हाथापाई , मुकदमा दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र में एक जमीन विवाद का मामला सामने आया है। नरेंद्र कुमार यादव ने मोहनलालगंज तहसील के अंतर्गत सरथुआ गाँव में खसरा नंबर 283/0.351 और 263-0.178 की भूमि खरीदी थी। विक्रेता ने एक सप्ताह पहले ही उन्हें जमीन का कब्जा सौंपा था। नरेंद्र के मुताबिक, उन्हें पता चला कि कुछ लोग उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि जय प्रकाश यादव, अशोक कुमार गुप्ता और 4-5 अन्य लोग वहां बाउंड्री बनवा रहे थे। मना करने पर जय प्रकाश यादव ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और हाथापाई की। उन्होंने जान से मारने की धमकी भी दी। नरेंद्र ने तुरंत 112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बाउंड्री का काम रुकवा दिया। पीड़ित ने तीन अप्रैल को पीजीआई थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि आरोपी अपराधिक प्रवृत्ति के हैं और उन पर पहले से कई थानों में मामले दर्ज हैं। पीड़ित ने सुरक्षा की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। परिवार के साथ जा रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे परिवार गंभीर रुप से घायल हो गया। सभी को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लाया गया। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। परिवार का गंभीर का हालत में इलाज चल रहा है।

सैदापुर मड़वाना माल निवासी जगदेव कुमार (30) मजदूरी करता था। भाई अजय ने बताया कि वह पत्नी अनोखी और बच्चे आयुष व अनामिका के साथ दुबग्गा अपने साले सिकंदर की शादी में आए थे। शादी के बाद शनिवार देर रात पत्नी व बच्चों को लेकर मोटरसाइकिल से अपनी बहन के घर जा रहे थे। बख्शी का तालाब के भैसामऊ के पास पहुंचे थे तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें जगदेव व उनका परिवार गंभीर घायल हो गया। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जगदेव को मृत घोषित कर दिया। जबकि पत्नी व बच्चों का इलाज चल रहा है। परिवार का हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच की जाएगी।

सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले अज्ञात युवक पर हजरतगंज में मुकदमा दर्ज: सीएम आवास के बाहर महिला के आत्मदाह करने का पुराना वीडियो वायरल करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसे सीएम आवास के बाहर का बताया गया था। वीडियो की जांच की गई तो घटना 2020 की पाई गई। पुलिस मुकदमा दर्ज करके अफवाह फैलाने वाले के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। चौकी प्रभारी दारूलसफा अजीत कुमार ने बताया कि कई दिनों से सोशल मीडिया साइट पर एक पोस्ट वायरल हो रही थी। जिसमें यूपी में महिला को न्याय न मिलने के कारण उसने लखनऊ स्थित सीएम आवास के बाहर खुद को आग लगा ली।

पोस्ट का संज्ञान लेने पर मालूम हुआ कि घटना साल 2020 की है। जिसमें मुकदमा भी दर्ज है। किसी ने सोशल मीडिया के जरिए यूपी सरकार की छवि धूमिल करने की कोशिश की है। किसी अज्ञात व्यक्ति ने सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके झूठी अफवाह फैलाई है।

प्रेम मेहरोत्रा की पुस्तक 'राम कथासार' का विमोचन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। रामनवमी के अवसर पर प्रेम मेहरोत्रा लिखित पुस्तक 'राम कथासार' का विमोचन उ.प्र. हिन्दी संस्थान की प्रधान संपादक डा.अमिता दुबे, बेबियन इन के चेयरमैन कमलकांत मेहरोत्रा ने किया।

होटल बेबियन इन में आयोजित विमोचन समारोह में पुस्तक पर चर्चा करते हुए अमिता दुबे ने कहा श्रीराम की कृपा और मां सीता के आशीर्वाद से प्रेम मेहरोत्रा ने पुस्तक को रचा। भारतीय संस्कृति को जानने के लिए राम के चरित्र और जीवन का चिंतन मनन करने से अच्छी तरह समझ सकते है। केजीएमसी के पूर्व विभागाध्यक्ष डा. गिरीश ने लंका दहन प्रसंग के उल्लेख के साथ कहा कि दायित्व मिलने पर अस्वीकार न करके करने से ईश्वर सदा साथ रहता है। जैसे राम ने माता पिता के आदेश को सर्वोच्च माना और श्रीराम बने। अध्यक्षीय वक्तव्य में दयानंद लालजी कहा कि राम के आदर्श जीवन के मूल्य हैं, जो व्यक्तित्व को नवीन आयाम देते हैं। इस अवसर पर शशांक सागर ने राम भजन प्रस्तुत किए। अंत में आभार लेखक ने व्यक्त किया।

भातखण्डे के विद्यार्थी 12 अप्रैल तक जमा कर सकेंगे प्रवेश शुल्क: भातखण्डे ने नई कक्षा में जाने वाले छात्रों को प्रवेश शुल्क जमा करने का एक और मौका दिया है। सत्र 2024-25 में सेमेस्टर की अगली कक्षाओं में प्रवेश के लिए बीपीए और एमपीए के विद्यार्थियों को बीती 27 मार्च तक प्रवेश शुल्क जमा करना था। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं ऐसे थे जो निर्धारित तिथि में शुल्क नहीं जमा कर पाए।

बंगाली नववर्ष पोहेला बोइशाख पर सांस्कृतिक संध्या ने समां बांधा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रवासी बंगीय सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में रामनवमी के पावन अवसर पर बंगाली नववर्ष पोहेला बोइशाख का भव्य आयोजन रवीन्द्रालय प्रेक्षागृह, लखनऊ में रविवार को आयोजित किया गया। यह आयोजन केवल सांस्कृतिक नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों से भी परिपूर्ण रहा, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 12 बजे 'लाड़ली कन्या विवाह' से हुआ, जिसमें संस्था ने 11 निर्धन कन्याओं का विवाह सादगी, गरिमा और आत्मीयता के साथ संपन्न कराया। नवविवाहितों को वस्त्र, बर्तन और गृहस्थ जीवन की प्रारंभिक आवश्यक सामग्री भेंट की गई। उनके परिजनों सहित 250 से अधिक लोगों के लिए विशेष भोज की भी व्यवस्था की गई। शाम 6:30 बजे से आरंभ हुई सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन विधायक डॉ. नीरज बोरा एवं



विधायक पी. श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलन द्वारा हुआ।

स्वागत समिति के अध्यक्ष सौरभ बंदोपाध्याय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस.एन. पाल, महामंत्री श्रीमती अर्चना दत्ता (डिम्पल) एवं सहायक महामंत्री संदीप अधिकारी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत रुद्र कला अकादमी द्वारा गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद ढइरर महिला प्रकोष्ठ ने दुर्गा वंदना और महिषासुर मर्दिनी की भावनात्मक प्रस्तुतियाँ दीं। पारंपरिक बंगाली साड़ी में सजी महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक रैम्प वॉक ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात कोलकाता की सुप्रसिद्ध गायिका सुश्री आहाना चटर्जी और मुंबई के श्री रजोश्री शील ने रवींद्र संगीत एवं लोकप्रिय हिंदी गीतों की मधुर प्रस्तुतियाँ दीं। अंत में लकी ड्रा और मिष्ठान्न वितरण ने उत्सव को और भी यादगार बना दिया। कार्यक्रम में कई विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया था, जिनमें उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, भाजपा नेता नीरज सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक कौशन, यशोदानंद, प्रशांत भाटिया, सुधीर हलवानिया आदि सम्मिलित रहे। अपने अध्यक्षीय भाषण में समिति के अध्यक्ष सौरभ बंदोपाध्याय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस. एन. पाल, महामंत्री श्रीमती अर्चना दत्ता एवं उप महामंत्री संदीप अधिकारी ने कहा कि बंगाली समुदाय एक गौरवशाली विरासत का प्रतिनिधित्व करता है, जहां के वीर सपूतों ने देश की आजादी की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाई एवं सबसे ज्यादा बलिदान दिया। सुभाष चंद्र बोस, खुदीराम बोस, श्यामा प्रसाद मुखर्जी आदि बहुत सारे उदाहरण है। सुभाष चंद्र बोस का आजादी में योगदान देश कभी नही भूल सकता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना की जो आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीति पार्टी है। रविंद्र नाथ टैगोर, स्वामी विवेकानंद इसी समाज से हुए है।

न्यायालय सूचना

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश महोदय स्थान श्री माधोपुर
वाद बाबत दावा, वाद सं.- 14/2017
मूलसिंह विरूद्ध रोहित कुमार
बनाम

1. श्रीमती विमला देवी पत्नि स्व. श्री श्यामा उर्फ शंकर लाल
2. सुशील कुमार
3. निर्मल कुमार पुत्रगण स्व. श्री श्यामा उर्फ शंकर लाल निवासीगण गदियान बानसेनगंज सीतापुर (उत्तरप्रदेश)

वादीगण ने आपके विरूद्ध दावा के लिए वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 30.07.2025 को दिन में सुबह 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल / सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह वाद ता. 30 माह 11 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश

विहिप ने रामोत्सव पर निकाली भव्य शोभा यात्रा, लगे जयकारे

लखनऊ। विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल द्वारा चैत्र राम नवमी पर रविवार को शोभा यात्रा निकाली गयी। यह यात्रा सतरिख रोड रामा मोड़ से आरंभ होकर चिनहट के विधायक चौराहा, मल्हौर रोड, सपनेश्वर महादेव मंदिर, एल्डिको तिराहा, चिनहट तिराहा होते हुए चिनहट के ऐतिहासिक राम लीला मैदान पहुंची जहां पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा में राम दरबार की झांकी के साथ श्रीराम के ध्वज के संग जयश्री राम, हर हर महादेव और जय हनुमान के जयकारों के साथ नाचते गाते चल रहे थे। इस दौरान रामलला समेत अन्य देवी देवताओं की नयनाभिराम झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा में सड़कों पर श्रद्धालुओं की हजारों



की संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम की अगवाई कर रहे हैं।

विहिप के अवध प्रांत के प्रचार प्रमुख नृपेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि अवध प्रांत के पूरब जिला लखनऊ द्वारा यह यात्रा निकाली गयी। जिसकी शुरूआत प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप जी ने की। कार्यक्रम का संचालन बजरंग दल के विजय बजरंगी ने किया। इस अवसर पर विभाग मंत्री वीरेंद्र प्रताप, लखनऊ पूर्व के जिला मंत्री अमित श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अमित अरोड़ा बजरंग दल जिला संयोजक अखंड प्रताप सहित विहिप एवं बजरंग दल के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

वन्यजीव तस्करी करने वाले दो तस्कर गिरफ्तार

लखनऊ। वन विभाग की टीम ने वन्यजीव तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। सरोजिनी नगर रेंज के वन रक्षक श्याम बाबू गुप्ता को शनिवार दोपहर 3 बजे डब्ल्यूटीआई के माध्यम से सूचना मिली। इसमें बताया गया कि कुछ लोग हत्था जोड़ी की अवैध तस्करी कर रहे हैं।

सूचना मिलते ही वन विभाग की एक टीम का गठन किया गया। टीम में सरोजनी नगर, मोहनलालगंज और शहरी रेंज के अधिकारी शामिल थे। टीम डब्ल्यूटीआई के मुखबिर के साथ पीजीआई अस्पताल के मुख्य द्वार पर पहुंची। मुखबिर ने दो संदिग्धों को फोन कर बुलाया। पहला आरोपी जुलुमनाथ है, जो नगराम थाना क्षेत्र के निवाज खेड़ा का रहने वाला है। दूसरा आरोपी संतोष नाथ है, जो बिजनौर थाना क्षेत्र के सौसेरन खेड़ा का निवासी है। आरोपी मुखबिर को अपनी हीरो स्प्लेंडर बाइक से एकता नगर मोड़ पर ले गए। वहां उन्होंने काले बैग से हत्था जोड़ी निकालकर दिखाई। मुखबिर के इशारे पर वन विभाग की टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

जांच में पता चला कि बरामद हत्था जोड़ी गोह से प्राप्त की गई है। यह वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची-1 में शामिल है। आरोपियों से कुल 52 हत्था जोड़ी बरामद की गई है। उनके पास से मोबाइल फोन भी मिला है। वन विभाग ने सभी बरामद सामान को अपनी अभिरक्षा में ले लिया है। डीएफओ सितांशु पाण्डेय ने बताया- लखनऊ में सभी क्षेत्रीय वन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि हत्था जोड़ी का अवैध व्यापार को रोकने के लिए प्रयास किए जाएं।

पुलिस ने वारंटी अभियान के तहत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया

लखनऊ। माल पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर तीन विभिन्न वादों में आरोपितों को रविवार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक आनंद द्विवेदी ने बताया कि न्यायालय में विचाराधीन वादों में आरोपित व्यक्ति काफी समय से न्यायालय में पेशी की तारीखों पर उपस्थित नहीं हो रहे थे। जिससे नाराज न्यायालय ने एनबीडब्ल्यू वारंट जारी कर गिरफ्तारकर न्यायालय में हाजिर करने को कहा था। जिससे उमरावल गांव निवासी रामप्रकाश मौर्य और उसके बेटा राजू उर्फ रजनीश जिस पर 2017में मारपीट और अनुसूचित जनजाति उत्पीड़न का आरोप है। वहीं मंझौआगांव निवासी राजूरावत पर2022 में मारपीट और जान से मारने की देने का आरोप है। वह भी पेशी से काफी समय अनुपस्थित होने से वारंट जारी किया था।जिसे उपनिरीक्षक मांधाता सिंह व प्रिंस कुमार ने टीम के साथ घरपर दबिशदेकर गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

सैन्यकर्मी की पत्नी से बदमाशों ने लूटा मोबाइल

लखनऊ। पीजीआई के तेलीबाग इलाके में एक सैन्यकर्मी की पत्नी से बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल फोन लूट लिया। घटना शनिवार शाम चार बजे की है। कल्ली पश्चिम के एकता नगर मे रहने वाली गायत्री यादव अपनी पड़ोसी सहेली के साथ स्कूटी पर खरीदारी के लिए निकली थी। साउथ सिटी स्थित पराग बूथ के पास पहुंचते ही पीछे से आए दो बदमाशों ने उनके हाथ से मोबाइल छीन लिया। अचानक हुई घटना से गायत्री सहम गईं। उनकी सहेली ने किसी तरह स्कूटी को संभाला। इस दौरान बदमाश आशियाना की तरफ फरार हो गए। गायत्री के पति ललित मोहन यादव सेना में कार्यरत हैं। साउथ सिटी चौकी प्रभारी ने बताया कि मामले में पीजीआई पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। बदमाशों की तलाश जारी है।

कार सवार बदमाशों ने सीडीआरआई में तैनात कर्मी पर तानी पिस्टल

लखनऊ। औषधि अनुसंधान संस्थान (सीडीआरआई) में कार्यरत अनुज कुमार के साथ कार सवार बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। उनसे चेन, अंगूठी, 10 हजार और मोबाइल लूट लिया। छह हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। मरा समझकर काकोरी ओवरब्रिज के पास फेंककर फरार हो गए। पीड़ित ने काकोरी और सैरपुर थाने में शिकायत दी। आरोप है कि दोनों थानों में केस दर्ज नहीं हुआ।

अनुज कुमार बिजूआमऊ सिधौली, सीतापुर में रहते हैं। वह रोज जानकीपुरम स्थित कार्यालय आते हैं।। शनिवार रात घर जाने के लिए सीतापुर रोड स्थित सेवा अस्पताल के पास खड़े होकर सवारी का इंतजार कर रहे थे। रात करीब 10 बजे एक कार उनके पास आकर रुकी। 70 रुपये में सिधौली ले जाने की बात की। तय होने पर वह कार में सवार हो गए। उनका आरोप है कि कार में चार लोग सवार थे। कार में बैठाते ही उन लोगों ने उन्हें पकड़ लिया। मारपीट कर उनके साथ लूट की। अनुज कुमार का आरोप है कि आरोपियों ने उन पर पिस्टल तान दिया। उनकी जमकर पिटाई की। वह बेहोश हो गए। उन्हें मरा समझकर काकोरी ओवरब्रिज के पास फेंककर फरार हो गए। अनुज कुमार ने काकोरी थाने में शिकायत दी। उनका आरोप है कि पुलिस ने सैरपुर थाने की घटना बताकर केस नहीं दर्ज किया। वह सैरपुर पहुंचे, तो वहां भी केस नहीं दर्ज हुआ। सैरपुर पुलिस ने काकोरी की घटना बताकर टरका दिया।



राम नवमी पर इंदिरानगर में शोभायात्रा निकालते भक्तगण



शोभायात्रा में नजर आये बजरंगबली



रामनवमी की शोभायात्रा में हिस्सा लेते लोग

सभी फोटो-अमित वर्मा

राम नवमी : भए प्रकट कृपाला दीनदयाला कौसल्या हितकारी...

शहर में जगह-जगह भंडारे, अखंड पाठ, शोभा यात्रा के साथ धूमधाम से मनाया गया प्रभु राम का जन्मोत्सव





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भए प्रकट कृपाला दीनदयाला कौसल्या हितकारी... की स्तुति के साथ ही मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी पर राजधानी लखनऊ में आरती के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिरों व घरों में पूजा-अर्चना कर रामनवमी का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया। शहर के सभी श्री रामजानकी मंदिर में हवन पूजन के बाद भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद चखा।

रविवार को दिन के बारह बजते ही मंदिरों ही नहीं बल्कि घर-घर में भए प्रगट कृपाला दीनदयाला के स्वर गूंज उठे। श्रद्धालुओं ने श्रीराम की स्तुति के साथ आरती व पूजन किया। मंदिरों में रामजन्म का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान आरती करने वाले भक्तों का तांता लगा रहा। सनातन धर्म सभा के श्री रामजानकी मंदिर में शुरू हुए अखंड रामचरित मानस पाठ का गुरुवार की दोपहर समापन हुआ। हवन के बाद उत्साह और भक्तिभाव से लबरेज भक्तों ने मयार्दा पुरुषोत्तम राम का जन्म धूमधाम से मनाया। मंदिर पहुंची महिलाओं ने प्रभु की आरती में भाग लेने के साथ ही संगत के रूप में भजन भी गाए।

रामनवमी पर भगवा झंडा फहराया गया: राम नवमी के अवसर पर भक्तों की ओर से 51 मीटर लंबा विशाल भगवा झंडा शिव मेडिकल तिराहे अलीगंज में फहराया गया। उसके बाद शाम को 4 बजे भगवा यात्रा का जोरदार स्वागत मुख्य संयोजक डॉ संदीप अग्रवाल एवं राजकुमार सिंघल की अगुवाई में सी 26 सेक्टर सी अल्कापुरी अलीगंज निकट नेहरू बाल वाटिका स्थित शिव मेडिकल तिराहे पर शाम को किया गया। यात्रा के आने पर लोगों ने पुष्प वर्षा की। शिव मेडिकल पर एक विशाल एल ईडी लाइट लगाई गई। जिसपर भगवा यात्रा और रामनवमी से सम्बंधित चित्र प्रसारित किये जा रहे थे।

भगवान के रथ को हाथों से खींचकर राजधानी में भ्रमण कराया: राम नवमी के पावन अवसर पर भगवान जगन्नाथ की तरह राजधानी के राम भक्तों ने रामनवमी के अवसर पर मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र जी को रथ में बैठाकर हाथों से रथ को खींचकर राजधानी में भ्रमण कराया रामनवमी के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति श्री राम जन्मोत्सव समिति, इंदिरा नगर के तत्वाधान में इंदिरा नगर नगर ए ब्लॉक, निकट कन्वेंशन सेंटर से मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकली श्री राम जन्मोत्सव समिति के संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता एवं श्री राम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष तथा आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री शशिकांत शर्मा, समिति के महामंत्री संजीव गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया शोभा यात्रा लेखराज मार्केट, अयोध्या रोड, मारुति पुरम ,भूतनाथ मार्केट, शालीमार चौराहा, मीना मार्केट होते हुए अपने उद्गम स्थल पर संपन्न हुई। श्री राम जन्मोत्सव समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कवीन्द्र मल्होत्रा एवं दीपक श्रीखंडे ने बताया इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन हुआ तथा जगह-जगह पर व्यापारियों, आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं नागरिकों तथा भक्तों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया तथा शोभायात्रा में विभिन्न देवी-देवताओं की सजीव झांकी भी शामिल हुई तथा कई बैंड भी शोभायात्रा में शामिल हुए तथा प्रयागराज के भक्त श्री जितेंद्र बजरंगी हनुमान वेश धारण कर राम धुन पर नृत्य करते पूरे मार्ग में शोभायात्रा के आकर्षण का केंद्र बिंदु बने रहे तथा श्री राम चंद जी शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं बच्चे व बुजुर्ग, पुरुष शामिल हुए तथा रास्ते भर राम धुन पर तालियां बजाकर झूमते हुए भक्तिमय वातावरण में नृत्य करते रहे तथा हाथी, घोड़े, ऊंट भी शोभा यात्रा में शामिल हुए। राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता, पूर्वी क्षेत्र के विधायक ओ पी श्रीवास्तव सहित कई सभासद एवं भक्त गणों ने भगवान की पूजा अर्चना की तथा आरती उतारी तथा शोभायात्रा में शामिल हुए।

हरी ओम मंदिर में हुआ प्रभु श्रीराम का बखान: हरी ओम मन्दिर लालबाग में राम जन्मोत्सव श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ रविवार को मनाया गया। सत्संग सचिव हरीश वाधवानी ने भगवान श्री राम के जीवन से सभी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि श्रीराम ने अपने वचन के पालन के लिए 14 वर्ष का वनवास स्वीकार किया। उन्होंने मयार्दा पालन का आदर्श स्वरूप प्रस्तुत किया। इस दौरान रामचरित मानस का पाठ और आरती हुई। कलाकारों ने भगवान राम के मनमोहक प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया। वहीं हनुमन्त लाल ने मां दुर्गा की महिमा का बखान किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी का बीच भंडारे का प्रसाद बांटा गया।

इस्कॉन मंदिर: शहीदपथ स्थित राधारमण बिहारी इस्कॉन मंदिर में रविवार को रामनवमी जन्मोत्सव पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर भगवान राम की पूजा अर्चना एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर मंदिर के अध्यक्ष अपरिमेय श्यामदास ने भक्तों को कथा सुनाते हुए कहा कि जिस प्रकार भगवान श्री कृष्ण लीला पुरुषोत्तम है। ठीक उसी प्रकार भगवान श्री राम मयार्दा पुरुषोत्तम है। इस मौके पर भंडारे का भी आयोजन हुआ। जिसने भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

मंगल आरती के साथ मनी राम नवमी: मंगल आरती और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ राम नवमी का उत्सव शनिवार को रामकृष्ण मठ निराला नगर में मनाया गया। मंदिर के मुख्य प्रांगण में षोड़शोपचार पूजा की गई। जिसमें भगवान की पूजा सोलह तरह की विभिन्न पूज्य साम्रगियों से की गई। उसके बाद हवन किया गया।

प्रगट भये रघुराई, अवध में बाजे बधाई...: रामनवमी के पावन मौके पर श्रीरामलीला पार्क सेक्टर-ए सीतापुर रोड योजना कालोनी में स्थित विश्वनाथ मन्दिर परिसर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम व श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर मंत्रोच्चार के बीच प्रभु श्रीराम का अभिषेक, पूजन व आरती हुई। कार्यक्रम में भक्तों ने प्रगट भये रघुराई, अवध में बाजे बधाई..., कभी राम बनके कभी श्याम बनके चले आना, प्रभुजी चले आना..., मेरी नैया में लक्ष्मण राम..., बधईया बाजे आंगने मा..., जन्में कौशल्या के लाल हो दशरथ के अंगनवां..., छिन-छिन उड़े रे गुलाल सारी अयोध्या में... सहित कई भजनों को गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर कमलेश दुबे, सरोज, सुमन शुक्ला, रामकुमारी सोनी, शांती मौर्या, जेएन दूबे, शाश्वत पाठक, नीलम पाण्डेय, राजा सहित काफी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

श्री रामनवमी के विशाल भंडारे में उमड़ी भक्तों की भीड़

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। श्री रामनवमी के पावन अवसर पर माँ दुर्गे का विशाल भण्डारे का आयोजन आज गोमती नगर स्थित विभूति खण्ड मार्केट में पुलिस चौकी के पास सम्पन्न हुआ। माँ दुर्गा की वंदना, भगवान श्री राम के गुणगान, पूजन-हवन व आरती से भण्डारे का विधिवत शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर अपर जिला जज श्री संदीप तिवारी ने प्रसाद वितरण कर शुरूआत की। प्रख्यात साहित्यकार व पत्रकार प. हरि ओम शर्मा हरि ने सभी आगन्तुकों को माँ की चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। भण्डारे में उमड़ी भक्तजनों की भारी भीड़ ने आध्यात्मिक उल्लास का अभूतपूर्व वातावरण सृजित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकारों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षाविदों, साहित्यकारों व समाज के विभिन्न क्षेत्रों की मूर्धन्य हस्तियों ने पधारकर भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया, साथ ही भण्डारे की समुचित व्यवस्था में अपना योगदान भी दिया।

अपर जिला जज संदीप तिवारी ने कहा कि इस पुनीत कार्य की जितनी भी सराहना की जाये, कम होगी। साहित्यकार पं. हरि ओम शर्मा हरि ने इस अवसर कहा कि माँ की छत्रछाया जिस इंसान को मिल गई, उसका कल्याण निश्चित है। भण्डारा के संयोजक इंजीनियर मनुज शर्मा ने भण्डारे में सहयोग व सेवा भाव हेतु सभी का आभार व्यक्त किया।

भण्डारा आयोजन समिति के सदस्य राजेन्द्र चौरसिया ने बताया कि माँ दुर्गे का यह विशाल भण्डारा प्रातः 11.30 बजे प्रारम्भ हुआ, जो कि देर रात तक जारी रहा। भण्डारे में बड़ी संख्या में पधारे भक्तजनों का भारी उत्साह देखने का मिला।

प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव के जश्न में झूमा चैती महोत्सव



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रविवार को रामनवमी के अवसर पर ऐशबाग रामलीला मैदान में चल रहे चैती महोत्सव में भास्कर बोस के नेतृत्व मे कोलकाता से आए कलाकारों ने तुलसी रंगमंच पर स्तुति श्री रामचन्द्र कृपाल भजमन से किया श्री राम जन्म की कथा का सजीव मंचन ।

आधुनिक तकनीक की लाइट और साउंड से सजे तुलसी रंगमंच पर भगवान श्री राम के जन्म की खबर मिलते ही अवध में बाजे बाजे अवध बधइया गीत के साथ शुरू होता है श्रीराम के जन्म का भव्य उत्सव। श्रीराम जन्म की कथा मंचन से पूर्व श्रीकृष्ण लीला में कलाकारों द्वारा भगवान श्री कृष्ण और रुक्मिणी विवाह के दृश्यों का मंचन किया गया। रविवार को सांस्कृतिक मंच का शुभारंभ सृजन डान्स परफार्मिंग आर्टस द्वारा नृत्य प्रस्तुतियों से किया गया ।जिसमे माँ अल्पना शुक्ला और बेटी शगुण्या शुक्ला ने बांसुरी कृष्ण की बोलेगी... पर बेहतरीन नृत्य किया । इसके उपरांत पा कर संदेशा कृष्ण दौड़े आए, गीत पर आयुष, वैभव, विदुषी, रिशिता, अनुज, सामर्थ, आंशिका, युवराज, आराध्या, पिहू, विनय और सुमित ने मंच पर समूह नृत्य किया। इसके बाद छात्राओं के समूह ने गीत आज बिरज में होली रे रसिया पर नृत्य कला का प्रस्तुतिकरण किया। सृजन डांस परफार्मिंग आर्टस ने मंच पर अपनी अंतिम प्रस्तुति द्रोपदी चीरहरण पर समूह नृत्य के रूप मे दी जिसे करन रावत, युगराज रस्तोगी, मो. इस्माइल, जतिन चौधरी, आर्यन कश्यप, रितिका पाल, नीरज पाल, अतुल पाल, आयुष सिंह, एवं वर्तिका गुप्ता ने खूबसूरत तरीके से मंच पर उतारा। जादूगर शशांक श्रीवास्तव ने अविनाश शर्मा, शिव कुमार, महार्षि गुप्ता, शानवी श्रीवास्तव, सचिन अवस्थी, अनिरुद्ध पाल और उत्कृष्ट अवस्थी के साथ शिव नृत्य और राम जन्म के प्रकृतिक हर्षोल्लास के साथ ही धन वर्षा जैसे जादू के कई करतब दिखाए और लालच से दूर रहने का संदेश भी दिया । जादूगर के करतब देख बच्चों के साथ कार्यक्रम देख रहे बुजुर्गों के चेहरे भी मुस्कान से खिल उठे। ऐशबाग रामलीला समिति के अध्यक्ष हरीशचन्द्र अग्रवाल ने बताया सोमवार को श्रीकृष्ण लीला में द्रौपदी चीर-हरण, ऋषि दुर्वाषा प्रसंग, बर्बरीक संवाद और खाटू श्याम कथा का मंचन लीला के मुख्य आर्कषण होंगे ।

श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन संग की मां सिद्धिदात्री की आराधना







वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। चैत्र नवरात्र के नौवें दिन रविवार को रामनवमी पर माता के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा हुई। नवरात्र का समापन हवन पूजन के साथ हुआ। वहीं रामनवमी पर सभी ने पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। मन्दिरों और घरों में कन्या भोज हुआ। भक्तों ने फल और मिष्ठान का भोग लगाकर माता का पाठ किया। मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्तों ने माता रानी के दर्शन किए। माता के जयकारों से परिसर गूंज उठे। चौक स्थित काली जी मंदिर में पूरे विधि विधान के साथ माता का पूजन कर आरती उतारी गई। माता को भोग लगाया गया। वहीं ठाकुरगंज स्थित मां पूर्वी देवी मंदिर में माता का सिद्धिदात्री स्वरूप में शृंगार हुआ। माता को सुनहरे रंग के वस्त्र पहनाए गए। भवन को गेंदे की लड़ियों से सजाया गया। रामनवमी के अवसर पर लोक कल्याण की कामना के लिए राम नाम के महामंत्र का जाप हुआ। रामचरित मानस की सतपंच चौपाई का पाठ हुआ। भक्तों ने चौपटिया स्थित संदोहन देवी मंदिर में सिंहासन पर विराजमान माता के दर्शन दिए। दुर्गा सप्तशती का पाठ हुआ। हरे राम हरे राम, हरे कृष्ण हरे कृष्ण, के पाठ पर हवन हुआ। माता को हलवा पूड़ी और चने का भोग लगाया गया। वहीं डालीगंज के मौसमगंज रामलीला एवं मानस मंदिर परिसर में रामनवमी पर पूजन और भंडारा हुआ। टिकैतराय तालाब स्थित राम जानकी मंदिर में भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया गया। भगवान राम जानकी का विशेष पूजन हुआ। माता शीतला देवी, दुर्गा देवी मंदिर में माता का शृंगार हुआ। साथ ही दुर्गा मंदिर, संतोषी माता, मसानी देवी आदि मंदिरों में भी पूरे विधि विधान के साथ माता का पूजन हुआ।

घर-घर हुआ कन्या भोज: राम नवमी पर घरों में कन्या भोज हुआ। नवरात्र के नौवें दिन लोगों ने घर आई कन्याओं के पैर पूजे। हलवा पूड़ी और दही जलेबी का भोग लगाया। कन्याओं को भेंट स्वरूप उपहार और दक्षिणा दी। इसके अलावां कई भक्तों ने मंदिरों में जाकर भी कन्या पूजन किया और दान दक्षिण दी। नवरात्र में मुण्डन संस्कार का विशेष महत्व है। चौक स्थित काली जी मंदिर व सीतापुर रोड स्थित चन्द्रिका देवी आदि मंदिरों में मुण्डन संस्कार हुए। मुण्डन संस्कार के बाद लोगों ने भोज कराया।

माता का हुआ भव्य शृंगार: नवरात्र को लेकर मंदिरों में भी धूम रही। हर कोई मां की भक्ति में लीन नजर आ रहा था। शास्त्रीनगर स्थित दुर्गा मंदिर में मां को फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। इसके अलावा राजेंद्र नगर के महाकाल मंदिर में मां के सिद्धिदात्री स्वरूप में महाकाल का भव्य श्रृंगार किया गया। ठाकुरगंज स्थित मां पूर्वी देवी मंदिर मां का सिद्धिदात्री स्वरूप में भव्य श्रृंगार के साथ भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने हिस्सा लिया। वहीं, चौक स्थित छोटी व बड़ी कालीजी मंदिर, चौपटिया स्थित संदोहन देवी मंदिर, संकटा देवी मंदिर समेत अन्य जगहों पर मां की महाआरती के साथ हवन व भजन का आयोजन किया गया।

इक्यावन शक्तिपीठ में हुआ कन्या भोज: नन्दना बीकेटी स्थित इक्यावन शक्तिपीठ में चल रहे नवरात्र उत्सव के नवें दिन रविवार को नवमी मनाई गई। भक्तों ने सिद्धिदात्री की आराधना पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ की। मन्दिर में चल रहे नवरात्र उत्सव के समापन व नवमी के मौके पर हवन उसके बाद वृहद कन्या भोज का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में कन्याओं ने भोजन कराया गया। मन्दिर की अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि कन्याओं को भोजन कराने के लिए लोगों की होड़ लगी रही। बहुत से भक्तों ने कन्याओं को उनके मन पसंद खिलौने और रुपये देकर आशीर्वाद लिया तो कुछ भक्तों ने टाफी, बिस्कुट, चाकलेट, कोल्ड्रिंग का वितरण किया। सुबह सुन्दरकाण्ड का पाठ हुआ।

लेटे हुए हनुमान मंदिर पर हुआ कन्याओं का पूजन : चैत्र नवरात्रि की नवमी पर प्राचीन लेटे हुए हनुमान जी मंदिर, पंचवटी घाट चौक में 251 कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया। ट्रस्ट के सचिव डॉ पंकज सिंह भदौरिया ने बताया की इस उपलक्ष्य पर सभी कन्याओं का पैर पूजन करने के पश्चात उनका उपस्थित श्रद्धालु महिलाओं ने विधिवत श्रंगार किया एवं सभी कन्याओं को भोग प्रसादी के पश्चात दिव्य आरती कर उपहार दिए गये।

मां भगवती का जागरण भक्ति भाव से संपन्न : विकल्प खंड 2 स्थित श्री भोलेश्वर महादेव मंदिर में माँ भगवती जागरण बहुत भक्ति भाव तथा आस्था से संपन्न हुआ। राजेन्द्र सिंह कनवाल एवं सुनीता कनवाल के सौजन्य से कराए गए इस जागरण में मोहन रसिया जागरण पार्टी द्वारा माता रानी के एक से बढ़कर एक भजन गाकर भक्त जनों को भाव विभोर होकर भक्ति भाव से नाचने पर मजबूर कर दिया । राधा कृष्ण की फूलों की होली तथा श्री राम-हनुमान झांकी ने भक्त जनों का मन मोह लिया । स्थानीय वरिष्ठ कार्यकताओं में एस बी के त्रिपाठी, मनोज कुमार सिंह, राजेंद्र नेगी, गजेंद्र चौहान, गोविंद मद्धेशिया, एस एन गुप्ता, शेषनाथ शर्मा, सचिन जायसवाल, देशराज सिंह, एके ओझा, कैलाश जोशी, विकास मिश्रा, ओपी श्रीवास्तव, गोपाल जोशी आदि ने प्रचार प्रसार से लेकर, लाइटिंग एवं अन्य इंतजाम करने में भरपूर सहयोग किया तथा मातृ शक्ति का सहयोग अविस्मरणीय रहा, जिससे जगराता सफलतापूर्वक संपन्न हुआ । जागरण में क्षेत्रीय पार्षद शैलेंद्र वर्मा के साथ साथ सैकड़ों गणमान्य लोगों तथा मातृ शक्ति ने हिस्सा लिया। सुनीता कनवाल, राजेन्द्र सिंह कनवाल ने स्थानीय जनता तथा पुलिस प्रशासन का आभार जताया ।

राम चरित मानस पाठ एवं भण्डारे का हुआ आयोजन: अखंड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के तत्वावधान में राम नवमी पर्व के मौके पर इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के सामने श्री सदगुरु कबीर जागू आश्रम, दसौली, बसहा कुर्सी रोड पर अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया है। आज पाठ के समापन के बाद श्री राम प्रगट उत्सव मनाया गया और इसके उपरांत भण्डारे का आयोजन किया गया ।जिसमें सद्गुरु कबीर साहेब वेद वेदांग गुरुकुलम के विद्यार्थियों ने अखंड रामचरितमानस का पाठ किया तथा प्रबंधक आचार्य शिवपूजन दीक्षित ने हवन पूजन कर विश्व शांति एवं सनातन धर्म के उत्थान की कामना की। इस मौके पर अखंड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी की देखरेख में हुये भंडारे में सैकड़ों की संख्या में भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया।

शिव शक्तिधाम मंदिर में मना श्रीराम का जन्मोत्सव: चैत्र मास की राम नवमी के पावन अवसर पर सुलभ आवास स्थित शिव शक्तिधाम मंदिर में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर प्रांगण में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां पूरा वातावरण भजन-कीर्तन, शंख और घंटियों की गूंज से भक्तिमय हो उठा। दोपहर 12 बजे जैसे ही भए प्रकट कृपाला दीन दयाला का शुभ क्षण आया, मंदिर में श्रीराम जन्म की आनंद ध्वनि गुंजायमान हो उठी। इस पावन अवसर पर मंदिर के मुख्य सेवक धर्मेन्द्र पटवा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रभु श्रीराम की आरती की। आरती के उपरांत भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया और लोक कल्याण की कामना की गई। प्रभु के प्राकट्योत्सव के उपरांत मातृशक्तियों द्वारा पारंपरिक सोहर जुग-जुग जियें ललनवा का गायन किया गया, जिससे उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे। दोपहर से आरंभ हुए भजन-कीर्तन का क्रम देर शाम तक चलता रहा, जिसमें भक्तगण प्रभु की भक्ति में लीन नजर आए।

धूमधाम से मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

बांटे गये मिष्ठान, उत्तर प्रदेश आज सभी योजनाओं में देश में अग्रणी है : नीरज सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





लखनऊ। राष्ट्र निर्माण एवं जन सेवा के लिए सदैव संकल्पित विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज भाजपा लखनऊ महानगर कार्यालय में वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी , सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ नीरज बोरा एवं पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के दौरान सभी ने पार्टी ध्वज के साथ सेल्फी ली और फोटो खिंचवाकर सोशल मीडिया पर हैशटैग #BJP4 ViksitBharat के साथ अपलोड की। साथ ही भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा सहित सभी वरिष्ठ नेता गणों और कार्यकताओं ने प्रातः अपने-अपने आवास पर पार्टी का ध्वज फहराया।

स्थापना दिवस के अवसर पर कैसरबाग स्थित लखनऊ महानगर कार्यालय को भगवा रंग के गुब्बारे, झालर, रंगोली और फूल माला से सजाया गया। कार्यकर्ता ढोल नगाड़े पर झूमे और स्थापना दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए मिष्ठान वितरण भी किया गया।

पार्टी कार्यक्रम के अनुसार पार्टी नेताओं, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारीयों और कार्यकताओं ने प्रातः अपने आवास पर पार्टी का ध्वज फहराया और सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर शेयर की। लखनऊ महानगर कैसरबाग कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी नेताओं, पदाधिकारीयों और कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

भारतीय जनता पार्टी की उपलब्धियों, राजनीतिक सफर और सफल यात्रा को उपस्थिति मीडिया के साथ साझा करते हुए वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश में और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश का गौरव बढ़ा है। आज प्रदेश में कानून व्यवस्था के राज के साथ अभूत पुर्व विकास हुआ है और उत्तर प्रदेश आज सभी योजनाओं में देश में अग्रणी है। 1984 के लोकसभा चुनाव में प्राप्त मात्रा दो सीटों से बढ़कर हम 303 तक पहुंचे हैं। आप सभी कर्मठ भाजपा कार्यकताओं के परिश्रम से उत्तर प्रदेश में भी लगातार दो विधानसभा चुनाव जीते हैं और 2027 में भी बड़ी विजय हासिल करेंगे। आनंद द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का तृतीय कार्यकाल भारत की राजनीति में विकास के परिवर्तन का नया युग लेकर आगे बढ़ रहा है। कार्यकताओं के अथक परिश्रम से आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। स्थापना दिवस को 13 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें 7 अप्रैल को बूथ स्तर पर बूथ समिति और सक्रिय सदस्य एकत्रित होकर पंडित दीनदयाल जी और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और पार्टी की विकास गाथा पर चर्चा करेंगे। 8 व 9 अप्रैल को विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। 7 से 12 अप्रैल बूथ चलो अभियान के अंतर्गत मंडल स्तर से ऊपर के कार्यकर्ता वार्डों में प्रवास करेंगे और 10 लाभार्थियों से संपर्क करके पार्टी और सरकार की उपलब्धियां पर चर्चा करेंगे।

इस दौरान अन्य कार्यक्रमों में पार्टी के झंडों के साथ शोभायात्रा, स्वच्छता अभियान, सम्मान समारोह और चौपालों का आयोजन भी किया जाएगा।

सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा महापौर सुषमा खर्कवाल और विधायक डॉक्टर नीरज बोरा ने भी पार्टी और सरकार की उपलब्धियां साझा की। विधायक डॉक्टर नीरज बोरा ने रामनवमी की बधाई देते हुए सभी अतिथियों को रामचरितमानस सप्रेम भेंट की। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर अंजनी श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता, हर शरण लाल गुप्ता, मानवेंद्र सिंह, सीता नेगी, गिरीश गुप्ता सहित महानगर पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गणित प्रतियोगिता में सीएमएस छात्रा गोल्ड टॉपर

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अयोध्या रोड कैम्पस की कक्षा-2 की छात्रा साँची राघवेन्द्र ने इण्टरनेशनल एबेकस कम्पटीशन में गोल्ड टॉपर का खिताब अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित ब्रेनोब्रेनफेस्ट-2025 के अन्तर्गत आयोजित की गई। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय की इस होनहार छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि प्रतियोगिता में कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने एबेकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर गणित के सवालों के जवाब निकाले एवं अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर गोल्ड टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया। आयोजकों ने साँची की बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

पूर्वोत्तर रेलवे को स्क्रैप बिक्री से 218.28 करोड़ की हुईआय

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन स्क्रैप निस्तारण के क्षेत्र में निरन्तर उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रहा है। स्क्रैप निस्तारण से रेल राजस्व की प्राप्ति के साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में रेल प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों को नई गति मिली है। स्क्रैप निस्तारण के परिणामस्वरूप रेल परिसर एवं रेल लाइनों के किनारे पड़ी निराकृत सामग्रियों के निस्तारण से यह स्थल स्वच्छ एवं साफ-सुथरे हो रहे हैं। गत वित्त वर्ष 2024-25 में ह्यमिशन जीरो स्क्रैपह्व के तहत स्क्रैप निस्तारण से रू. 218.28 करोड़ की आय हुई। भारत सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम स्वच्छ भारत मिशन के तहत रेल परिसरों तथा रेल पटरियों के किनारे पड़े हुये अवांछित एवं निष्प्रयोज्य सामग्री, परित्यक्त इमारतों एवं आवासों की पहचान कर निस्तारण किया गया है, जिससे रेल राजस्व प्राप्त होने के साथ ही रेल परिसर तथा रेल पटरियों को स्वच्छ रखने में भी सफलता मिली है।

भारत समृद्धि ने मेधावी बच्ची को किया सम्मानित

लखनऊ। रिचा कुमारी सुपुत्री अजय कश्यप ने बिजली पासी किला परास्नातक कॉलेज से पोस्ट ग्रेजुएट स्तर पर अंग्रेजी विषय में श्रेणी में सबसे ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। भारत समृद्धि से धीरज उपाध्याय, त्रिवेणी मिश्रा, रीना त्रिपाठी द्वारा बच्ची का हौसला बढ़ाने के लिए घर पहुंचकर बैग मोमेंटो ,मेडल, शॉल पहनाकर सम्मानित किया ।एलडीए निवासी रिचा कुमारी ऑनलाइन बच्चों को पढ़ाने के साथ ही अपनी पढ़ाई भी जारी रखे हुए थी ।दो भाई बहनों के साथ वह लगातार उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है तथा आगे चलकर डिग्री कॉलेज में शिक्षक बनना चाहती हैं। इनके पिता अजय कश्यप एलडीए में कार्यरत है और माता ग्रहणी के तौर पर बच्चों की परवरिश के लिए पूरी तरह समर्पित है। रिचा कुमारी ने सभी बच्चों को संदेश दिया कि मल्टीमीडिया से दूर रहकर अपनी पढ़ाई और किताबों से दोस्ती करके कुछ भी प्राप्त किया जा सकता है ।इसलिए सभी बच्चों को व्हाट्सएप फेसबुक और ट्विटर से दोस्ती कम करते हुए किताबो से दोस्ती बढ़ानी चाहिए। शिक्षिका एवं समाजसेविका रीना त्रिपाठी ने बताया कि रिचा कुमारी ने अंग्रेजी विषय में 70% से ऊपर अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने का पुरस्कार प्राप्त किया और उसकी मेहनत सभी बच्चों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है और मेहनत का कोई विकल्प नहीं है ।इसलिए सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए।

श्री रीतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में किया गया भव्य कन्या भोज

लखनऊ। रामनवमी के पावन अवसर पर बनी गाँव में स्थित पौराणिक श्री रेतेश्वर महादेव धाम मंदिर पर गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी रविवार को भव्य कन्या भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ भाजपा नेता शिव शंकर सिंह-शंकरी सिंह और रामशंकर सिंह-मतोले द्वारा किया गया था ।जिसमें कन्या पूजनः 5100 कन्याओं का पूजन किया गया और उन्हें चुनरी, थाली, ग्लास बर्तन आदि के अलावा दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया गया। यही नहीं उन कन्याओं को प्रसाद के रूप में केशरिया खीर, शाही पनीर, छोला चावल, हलवा पूड़ी आदि व्यंजनों का स्वाद लिया ।कार्यक्रम में युवा शक्ति का सम्मान शंकरी सिंह द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।जिसकी शुरूआत शंकरी सिंह ने कन्याओं के पैर धोने के साथ ही उनकी आरती उतारकर पूजन किया ।इस अवसर पर शंकरी सिंह ने कहा कि यह आयोजन समाज में नारी शक्ति की महत्ता को दर्शाता है और कन्याओं को सम्मान और आशीर्वाद देने का एक अवसर प्रदान करता है। रामनवमी का यह पर्व भगवान राम के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है और यह एक आध्यात्मिक उत्सव है जो भक्तों को भगवान के दर्शन करने, उनकी भक्ति और पूजा करने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम में बनी ग्राम प्रधान रमेश गुप्ता, पूर्व प्रधान राकेश सिंह, विनय दीक्षित, संजय गुप्ता सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। शंकरी सिंह द्वारा प्रतिवर्ष रामनवमी के अवसर पर भव्य कन्या भोज का आयोजन किया जाता है ।

फल एवम भोजन वितरण कार्यक्रम सम्पन्न



लखनऊ। माता राजराजेश्वरी जी की जन्मजयंती एवम मातृ दिवस बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ, लखनऊ आश्रम की प्रभारी शमा बाई जी के दिशा निर्देशन में जरूरत मन्द लोगों को फल एवम भोजन वितरण कर मनाया गया। मानव उत्थान सेवा समिति, लखनऊ के अंतर्गत एलडीए, शाखा कानपुर रोड स्थित, आदर्श कुष्ट आश्रम, बरीगवां, लखनऊ के लगभग कुल 200 जरूरमंद व असहाय लोगों को आज दोपहर लगभग 12 बजे फल एवम भोजन वितरण किया गया। कुष्ट आश्रम के लोग भरपेट स्वादिष्ट भोजन पाकर,इस कार्यक्रम से बहुत ही प्रभावित होकर काफी प्रसन्न हो गए। इस कार्यक्रम में समिति के मानव सेवा दल, शाखा आश्रम विभाग के पदाधिकारी एवम सदस्यों के साथ साथ यूथ विग्रेड के बच्चों ने अपना अपना भरपूर सहयोग दिया। स्थानीय लोगों ने भी इस कार्यक्रम से प्रभावित होकर बहुत प्रशंसा किया।

आठ जोड़ी ट्रेनों में बदला गया एलएचबी रैक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। महाप्रबन्धक सौम्या माथुर के नेतृत्व में पूर्वोत्तर रेलवे निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। आधारभूत संरचना एवं यात्री सुविधा के अनेक कार्य किये जा रहे हैं। यात्रियों को गाड़ियों में और अधिक स्थान उपलब्ध कराने के लिये गाड़ियों में कोचों की संख्या बढ़ाई गयी हैं तथा 08 जोड़ी ट्रेनों के रेक को आधुनिक एल.एच.बी. रेक से बदला गया है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2024-25 में पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा 220 जोड़ी तथा 36 एकल यात्रा विशेष गाड़ियां 3486 फेरों में चलायी गयी।

पूर्वोत्तर रेलवे पर यात्रियों की सुविधा हेतु वर्ष 2024-25 में विभिन्न गाड़ियों में 42 अतिरिक्त कोच स्थाई रूप से लगाकर गाड़ियों में लगने वाले कोचों की संख्या बढ़ाई गयी है, जबकि वर्ष 2023-24 में गाड़ियों में 04 अतिरिक्त कोच स्थाई रूप से लगाये गये थे।

इसके अतिरिक्त वर्ष 2024-25 में 08 जोड़ी ट्रेनों में आधुनिक एल.एच.बी. कोच लगाये गये हैं। 22541/22542 बनारस-आनन्द विहार टर्मिनस-बनारस एक्सप्रेस में बनारस से 07 जुलाई, 2024 से, 12535/12536 लखनऊ जं.-रायपुर-लखनऊ जं. एक्सप्रेस में लखनऊ जं. से 19 अगस्त, 2024 से, 12593/12594 लखनऊ जं.-भोपाल-लखनऊ जं. एक्सप्रेस में लखनऊ जं. से 17 अगस्त, 2024 से, 15081/15082 गोरखपुर-गोमतीनगर-गोरखपुर एक्सप्रेस में गोरखपुर से 18 मार्च, 2025 से, 15080/15079 गोरखपुर-पाटलीपुत्र-गोरखपुर एक्सप्रेस में गोरखपुर से 22 मार्च, 2025 से, 15107/15108 बनारस-लखनऊ-बनारस एक्सप्रेस में बनारस से 23 मार्च, 2025 से, 15132/15131 वाराणसी सिटी-गोरखपुर-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस में वाराणसी सिटी से 30 मार्च, 2025 से तथा 05191/05192 टनकपुर-दौराई-टनकपुर विषेष गाड़ी में टनकपुर से 31 मार्च, 2025 से आधुनिक एल.एच.बी. कोच चलाये जा रहे है।

हजारों वाहनों पर नही लगे हैं फास्टैग, टोल ले रहा है दोगुना पैसा

समरेश पति त्रिपाठी



लखनऊ। प्रदेश के हजारों वाहन स्वामियों ने फास्टैग अभी तक नहीं लगवाया है। ऐसे वाहनों स्वामियों के कारण फास्ट लेन का लाभ लेने वाले अन्य लोगों को परेशानी हो रही है। जिसका कारण, लेन में लगने के बाद संबंधित वाहन चालक से दोगुना शुल्क लिया जाएगा और पीछे चल रहे फास्टैग वाले वाहनों को इंतजार करना पड़ेगा।

इसके साथ ही निजी वाहन स्वामियों के लिए एनएचएआइ ने थोड़ी राहत दी है। अब बैंक की ओर से फास्टैग में निर्धारित बैलेंस रखने की बाध्यता को पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। सिर्फ वाणिज्यिक वाहनों को फास्टैग में बैंकों के हिसाब से बैलेंस रखना होगा। फास्टैग में वैधता को लेकर कोई समय सीमा नहीं निर्धारित की गई है।

सभी वाहन स्वामियों को फास्टैग उपलब्ध कराने के लिए एनएचएआई ने अब टोल प्लाजा पर 24 घंटे फास्टैग की बिक्री शुरू कर दी है। एनएचएआई के निर्देश पर प्लाजा में इंडियन हाईवेज मैनेजमेन्ट कंपनी फास्टैग काउंटर खोल दिए हैं। अगर किसी वाहन का फास्टैग रिचार्ज नहीं है तो चालक टोल पर इसे रिचार्ज भी करा पाएंगे।

रिचार्ज तीन से पांच मिनट में होने का दावा कम्पनी ने किया है। शहर से बाहर जाना चाहते हैं और वाहन में फास्टैग नहीं लगा है तो टोल प्लाजा पर फास्टैग लगवा सकते हैं। इसके अलावा सरकार के राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिक टोल संग्रह से अधिकृत बैंकों से भी यह सुविधा ले सकते हैं। वहां फार्म भरना होगा और पूरी जानकारी देनी होगी। इनमें एसबीआइ, एचडीएफसी, एक्सिस, आइसीआईसीआई व इंडसइंड बैंक शामिल हैं। इसके अलावा पेटीएम और पर भी फास्टैग के लिए आवेदन किया जा सकता है। आवेदन करने वाले को सरकार द्वारा अधिकृत अपनी कोई आइडी, मोबाइल नंबर, वाहन पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति और पासपोर्ट साइज फोटो देनी होगी।

वहीं अगर आप हाइवे के आसपास के गांवों या किस ऐसे शहर में रहते हैं जहां टोल प्लाजा से हो कर गुजरना पड़ता है तब भी आपके लिए गाड़ी पर फास्टैग लगाना जरूरी होगा। अभी तक ऐसी जगहों पर रहने वाले आधार कार्ड दिखा कर टोल प्लाजा पार पार लिया करते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं पाएगा। एनएचएआई की गाइडलाइन में स्थानीय वाहन स्वामियों को किसी प्रकार की छूट का प्रावधान नहीं दिया गया है। नियमों को उल्लंघन करने पर ऐसा वाहन चालकों से दोगुना टोल टैक्स वसूला जाएगा। अभी तक टोल प्लाजा के कर्मचारी किसी विवाद से बचने के लिए आईडी कार्ड या आधार कार्ड देख कर ऐसा नागरिकों को बिना टोल चुकाए जाने की छूट दे दिया करते थे। लेकिन अब सरकार सख्ती बरत रही है। टोल प्लाजा के 20 किमी के दायरे में आने वाले लोगों को वाहनों पर फास्टैग लगाना होगा। इसके लिए सरकार ने मासिक शुल्क का प्रावधान रखा है। ऐसे लोगों को 275 रुपये मासिक का फास्टैग हर माह रिचार्ज करना होगा। वाहन की आरसी और आधार कार्ड दिखा कर हाथों हाथ 275 रुपये के मासिक चार्ज वाला फास्टैग बनाया जा रहा है। इसके अलावा अभी तक टोल प्लाजा पर सेना या पुलिस के अधिकारी अगर निजी वाहन से टोल प्लाजा से निकलते थे तो आई कार्ड दिखा कर उन्हें भुगतान में छूट मिल जाया करती थी। एनएचएआई की ओर से शेड्यूल-जी के तहत टोल संचालक कंपनी को गाइडलाइन भेजी गई है, जिसमें कहा गया है कि अगर सेना के जवान ड्यूटी पर हैं और सरकारी वाहन में सफर कर रहे हैं, तो उनसे टैक्स नहीं वसूला जाएगा, लेकिन उन्हें अपना वाहन पर फास्टैग लगाना अनिवार्य होगा। एनएचएआई का कहना है कि बहुत सी जगह पर फर्जी आईकार्ड मिलने पर यह गाइडलाइन जारी की गई है।

भाजपा सरकार महापुरुषों का सम्मान नहीं करती : सीएल वर्मा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

● विधान सभा की मासिक बैठक गौरी बिजनौर स्थित निजी विद्यालय में आयोजित

लखनऊ। सपा सरोजनीनगर विधानसभा की मासिक बैठक रविवार को सरोजनीनगर के गौरी- बिजनौर रोड स्थित एक निजी स्कूल में आयोजित की गई। मासिक बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा व पूर्व विधायक श्याम किशोर यादव रहे। बैठक की अध्यक्षता सपा सरोजनीनगर विधानसभा अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव और संचालन विधानसभा कोषाध्यक्ष इंद्रेश यादव ने किया।

बैठक में आगामी 14 अप्रैल को आयोजित होने वाली बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को सेक्टर स्तर पर मनाए जाने पर चर्चा की गयी। जबकि जनवरी से चल रहे पीडीए पंचायत कार्यक्रम को अनवरत जारी रखने का आहवान किया गया। वहीं सरोजनीनगर विधानसभा में पड़ने वाले मतदेय स्थलों की समीक्षा के अलावा क्षेत्रीय घटनाओं और समस्याओं आदि सहित कई अन्य बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को सपा के पूर्व विधायक श्याम किशोर यादव, जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत, महासचिव शब्बीर खान, रामप्रकाश यादव, सांसद प्रतिनिधि बचान सिंह यादव और हरिशंकर यादव सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। सीएल वर्मा ने बताया कि आगामी 14 अप्रैल को संविधान निमार्ता पीडीए के मसीहा डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती को बड़ी धूमधाम से मनाना है। जिन्होंने हमको समाज में हक और सम्मान से जीने का अवसर प्रदान किया है। सीएल वर्मा ने वर्तमान की भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि यह सरकार महापुरुषों का सम्मान नहीं करती। उनकी जयंती और पुण्यतिथियों पर सरकार द्वारा कोई आयोजन नहीं किया जाता है। उन्होंने प्रदेश में फैली अराजकता और लचर कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिस तरह से प्रदेश में हत्या, लूट और बलात्कार हो रहे हैं, ऐसी घटनाएं सरकार की नाकामी को दशार्ती हैं। उन्होंने आए हुए सभी नेता, पदाधिकारियों और कार्यकताओं से 2027 चुनाव को लेकर उसकी तैयारी में लग जाने की अपील की। बैठक में जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र यादव गुड्डू, कैप्टन यादव, यूथ के जिलाध्यक्ष शशिलेन्द्र यादव, मनोज पाल, शिवकुमार टाइगर, राम औतार धीमान, विनोद शुक्ला, सभासद संतोष यादव, गोविंद यादव, अजय प्रताप बिन्नू, सुशील यादव गुड्डू, शिवम गोलू, जगमोहन सिंह, संदीप पटेल और योगेंद्र यादव छोटू सहित तमाम सपाई मौजूद रहे।

एकेटीयू में नव प्रवेशित शोधार्थियों की आरडीसी 15 से

लखनऊ। एकेटीयू में शैक्षिक सत्र 2024-25 पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया में अर्ह शोधार्थियों की पीएचडी रिसर्च डिग्री कमेटी (आरडीसी) 15 अप्रैल से होगी। इस संबंध में उप परीक्षा नियंत्रक डा. आशुतोष द्विवेदी ने सूचना जारी की है। उन्होंने बताया कि सभी शोधार्थियों को व्यक्तिगत रूप से आरडीसी में शामिल होना है। इसलिए इसकी तिथि व समय उनकी लागिन व एकेटीयू की वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। डा. द्विवेदी का कहना है कि शोध कर रहे शोधार्थियों को पीएचडी आर्डिनेंस में दिए गए पीएचडी प्रोग्रेस रिव्यू एंड मानीटरिंग रिपोर्ट भरकर सुपरवाइजर से अग्रसारित कराकर संबंधित आरडीसी में उपलब्ध कराना होगा। जबकि जो भी शोधार्थी शोध कार्य पूरा कर थीसिस जमा करने की अनुमति आरडीसी से चाहते हैं, उन्हें दिए गए प्रारूप पर सभी सूचनाएं भरकर नौ अप्रैल तक विश्वविद्यालय में जमा कराना होगा।

अधिवक्ताओं ने किया होली व ईद मिलन समारोह का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

● समारोह में हाईकोर्ट, सिविल कोर्ट और लखनऊ तहसील के सैकड़ों अधिवक्ता शामिल हुए

लखनऊ। अधिवक्ता जन सेवा समिति चिनहट लखनऊ की ओर से रविवार को होली मिलन व ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम चिनहट देवा रोड स्थित एफजी लॉन के सामने आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के कनिष्ठ कार्यकारिणी प्रत्याशी अमित कुमार यादव ने किया। समारोह में लखनऊ हाईकोर्ट, सिविल कोर्ट और लखनऊ तहसील के सैकड़ों अधिवक्ता शामिल हुए। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे से मिलकर होली व ईद मिलन की शुभकामनाएं साझा कीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बार और बेंच के बीच आपसी सामंजस्य को मजबूत व अधिवक्ताओं ने पुराने मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का संकल्प लिया। इसके साथ ही अधिवक्ताओं ने अपने अपने हितों को उच्च स्तर तक पहुंचाने व एक दूसरे के साथ कंधे से कंधे मिलाकर चलने का संकल्प लिया। होली मिलन समारोह के दौरान अधिवक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किया। होली त्योहार की भावना के अनुरूप यह आयोजन प्रेम और सौहार्द का प्रतीक बना। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य जय नारायण पाण्डेय, लखनऊ बार एसोसिएशन के महामंत्री जीतू यादव, राकेश शर्मा, अजीत यादव, पंकज सोनी, ललित, राकेश यादव, छविराम यादव, राघवेन्द्र श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र सिंह राणा, बृजेंद्र यादव मुरारी, नरसिंह नारायण पाण्डेय उपस्थित रहे।

परपंचु अवधी गोष्ठी में भाषा व संस्कृति के संरक्षण पर चर्चा

भाषा तब तक जीवित रहती है जब तक उसे बोला जाता है : प्रदीप सारंग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। लखनऊ कनेक्शन वर्ल्डवाइड एक वैश्विक समुदाय ने कला स्त्रोत आर्ट गैलरी, लखनऊ में परपंचु अवधी गोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अवधी भाषा व संस्कृति के संरक्षण तथा संवर्धन के लिए समर्पित व्यक्तियों और संस्थाओं को एक साझा मंच प्रदान करना था, जिससे पारस्परिक सहयोग एवं समन्वय को बढ़ावा मिले।

लखनऊ कनेक्शन - वर्ल्डवाइड ग्रुप की मेंटर प्रो. (डॉ.) शोभा बाजपेई ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि भाषाएं साहित्य और संस्कृति के बीच सेतु का कार्य करती हैं। मातृभाषा के प्रति जागरूकता एवं सम्मान का भाव समाज में पुनः प्रबल हो रहा है ।मुख्य अतिथि डॉ. रवि भट्ट ने कहा कि अवधी जैसी समृद्ध लोकभाषाएं केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता, स्मृति व सांस्कृतिक आत्मा की वाहक हैं। इन्हें संरक्षित करना हमारी सांस्कृतिक पहचान को जीवित रखने जैसा महत्वपूर्ण कार्य है। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री प्रदीप सारंग ने संबोधित करते हुए कहा कि भाषा तब तक जीवित रहती है जब तक उसे बोला जाता है। अवधी हमारी अस्मिता है, और इसे गर्व के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

कनाडा से आए वरिष्ठ एडमिन अनिल शुक्ला ने कहा कि हमारा प्रयास केवल भाषा सहेजने का नहीं, बल्कि आधुनिकता के इस दौर में विरासत में मिली तहजीब, संस्कृति, साहित्य व लखनवियत को संजोकर आगे बढ़ाने का है। हमारा लक्ष्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जो अपनी जड़ों पर गर्व करे। सऊदी अरब से ग्रुप एडमिन शोएब कुरैशी ने कहा कि अवधी, अवध की सच्ची पहचान है। हमारी नई पीढ़ी की जिम्मेदारी है कि वह दुनियावी तरक्की के साथ - साथ अपनी मातृभाषा और तहजीब को भी आत्मसात करे।

वरिष्ठ पत्रकार व अवधी के प्रख्यात लेखक नागेन्द्र बहादुर सिंह चौहान ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि अवधी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए युवा पीढ़ी आगे आ रही है। एआई जमाने के युवा अवधी सुनने-बोलने को आतुर हैं। लखनऊ कनेक्शन वर्ल्डवाइड ग्रुप ने अपने जनप्रिय 'परपंचु' कार्यक्रम के माध्यम से अवधी को विभिन्न देशों तक पहुंचाने का बीड़ा उठा रखा है। साथ ही, केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा अवधी समेत अन्य लोक भाषाओं के उन्नयन के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं झ उत्तर प्रदेश की विधानसभा में बजट सत्र से अवधी गूंजने लगी है और प्रदेश के कई विश्वविद्यालयों में अवधी में डिप्लोमा, डिग्री व पीजी कोर्स शुरू हो रहे हैं। यह स्थिति अवधी के लिए बेहद खूबसूरत और सकारात्मक है।

इसके अतिरिक्त, इस अवसर पर उपस्थित कवियों ने अपनी अवधी कविताओं का पाठ किया, जिनमें हिमांशु श्रीवास्तव (आकाशवाणी), संदीप अनुरागी, गंगाप्रसाद शर्मा 'गुणशेखर', प्रेमकांत तिवारी, चेतराम अज्ञानी, अजय प्रधान, प्रदीप तिवारी 'धवल', पप्पू अवस्थी, रवि अवस्थी, प्रदीप महाजन, किरण पाण्डेय, नीरजा शुक्ला, पुनीता अवस्थी एवं पत्रकार आदित्य शुक्ल बंजारा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

निजीकरण को लेकर बिजली कर्मचारियों में आक्रोश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र ने निजीकरण की प्रक्रिया में भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि वे प्रभावी हस्तक्षेप कर निजीकरण का निर्णय निरस्त किया जाय। संघर्ष समिति ने कहा है कि निजी घरानों से मिली-भगत में टेण्डर को अंतिम रूप दिया जा रहा है जो अत्यन्त गंभीर मामला है। उन्होने कहा कि बिजली कर्मचारियों में निजीकरण को लेकर भारी आक्रोश है।

सिंघर्ष समिति के पदाधिकारियो ने बताया कि अवैध ढंग से नियुक्त किये गये ट्रांजैक्शन कंसलटेंट मेसर्स ग्रान्ट थॉर्टन की टीम पॉवर कारपोरेशन के निदेशक वित्त के कमरे में बैठ कर काम कर रही है। ऐसी चर्चा है कि निदेशक वित्त और पॉवर कारपोरेशन के शीर्ष प्रबन्धन की निजी घरानों के साथ मिली भगत है और पूर्व निर्धारित निजी कम्पनी के पक्ष में सारी टेण्डर प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है जो बहुत ही गम्भीर मामला है। संघर्ष समिति ने बताया कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम की ए टी एण्ड सी हानियां लगभग 40 प्रतिशत मान कर निजीकरण के डॉक्यूमेंट तैयार किये जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अपने टिव्टर हैंडल पर लिख चुके है कि वर्ष 2023-24 में सभी विद्युत वितरण निगमों की मिलाकर ए टी एण्ड सी हानियां 16.5 प्रतिशत रह गयी हैं जो वर्ष 2017 में 40 प्रतिशत थीं। अब निजीकरण हेतु 40 प्रतिशत एटीएण्डसी हानियां आधार के रूप में लेना भारी भ्रष्टाचार और लूट का संकेत दे रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि अवैध ढंग से नियुक्त किये गये ट्रांजैक्शन कंसलटेंट मेसर्स ग्रान्ट थॉर्टन की टीम आगरा व वाराणसी का दौरा केवल खानापूर्ति के लिए कर रही है। निजी कम्पनी को तमाम गोपनीय दस्तावेज शीर्ष प्रबन्धन एवं निदेशक वित्त द्वारा उपलब्ध करा दिये गये हैं। यह पता चला है कि कंसलटेंट ने निजीकरण हेतु अपनी रिपोर्ट भी तैयार कर ली है। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि निजीकरण के लिए उतावले और बिजली कर्मचारियों के विरोध प्रदर्शन से खीझे हुए पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन ने बिजली कर्मियों और अभियन्ताओं पर अनर्गल आरोप लगाकर दण्डात्मक कार्यवाहियां प्रारम्भ कर दी हैं। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी कि यदि दण्डात्मक कार्यवाहियां वापस न ली गयी तो बिजली कर्मी इसका मुंह तोड़ जवाब देने के लिए तैयार हैं।

संक्षेप

ईश्वर से जुड़ने का नाम ही योग हैं: पंडित श्री श्रीकांत जी शर्मा

देवरिया। शहर के देवरिया कसया मार्ग स्थित अग्रवाल वाटिका में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण के तृतीय दिवस बाल व्यास श्रीकांत शर्मा जी ने कहा कि आज ईश्वर की प्राप्ति अपेक्षाकृत मनुष्य शरीर की प्राप्ति से ज्यादा सुलभ है। क्योंकि मनुष्य शरीर की प्राप्ति के लिए एक निश्चित समय सीमा होती है, जो लगती ही लगती है। लेकिन ईश्वर की प्राप्ति जीव को यदि वह समर्पण भाव से प्रभु को याद करें तो सात दिन क्या एक क्षण में हो सकता है। तप में ईश्वर को प्राप्त करने की शक्ति होती है। तप की शक्ति के बल पर ही ध्रुव ने भगवान को 6 महीने में साक्षात रूप में पा लिया। विवेक को सदैव सुरक्षित रखना चाहिए। क्योंकि एक बार विवेक नष्ट हो जाता है तो सौ गुणा विपत्ति आ जाती है। जीवन में भी जिसके साथ सुमति होती है। उस की संताने देवतुल्य संस्कारिक होती है। जिसकी मती कुमति होती है उसकी राक्षस जैसे निकृष्ट। इसलिए ईश्वर से सदैव सुमति की मांग करनी चाहिये। कपिल मुनि का वचन है कि ईश्वर से जुड़ने का नाम ही योग है। सिर्फ आसन प्राणायाम नहीं यह सहायक हो सकते हैं मूल नही, साधक सत्य का लय ईश्वर में करता है। आयु का अंतिम दिन सुखद हो इसके लिए एकाग्रता के साथ भक्ति करना जरूरी है।भगवान को पाने के लिए भक्ति मार्ग सबसे श्रेष्ठ मार्ग हैं। जो भक्ति करते हैं। वह किसी की निंदा या वंदना की परवाह नहीं करते हैं। भक्ति से उनके भीतर का अहंकार पिघल जाता है। इसके साथ ही वे सहनशील होते हैं।

माता सिद्धिदात्री की पूजा के साथ नवरात्र का पूर्णाहुति



कुशीनगर। चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन रविवार को देवी के नौवें स्वरूप माता सिद्धिदात्री की विधि-विधान से पूजा की गई। श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन किया। हवन और भंडारे का आयोजन किया। गया। देवी मंदिरों में मेले का आयोजन हुआ। खन्हवार मंदिर, जल्पा देवी मंदिर, धर्मसमधा मंदिर, खिरकिया मंदिर, लखरांव मंदिर,

●घर-घर पूजी गयी कन्याएं, भंडारे का आयोजन हुआ

बुढ़िया माता मंदिर, गायत्री माता मंदिर, दुर्गा मंदिर, हठी माता मंदिर, चेड़ा देवी मंदिर, सिंहासनी देवी मंदिर, दुबौली माता मंदिर, मैनपुर कोट, कुलकुला स्थान सहित सभी देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। शहर के लखराव मंदिर पर मेला का आयोजन किया गया। यहां स्थापित शायरी माता का लोगों ने पूजन अर्चन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की नवरात्र के अंतिम दिन पडरौना सहित जनपद के विभिन्न क्षेत्रों दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा कर मां भगवती के चरणों में मत्था टेका और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिर प्रांगण माँ के जयकारे के साथ भक्तिगीतों से गूंजायमान रहा। पडरौना के बलुचहां स्थित लखरांव मंदिर में मेले का आयोजन हुआ। वैसे तो सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, लेकिन दोपहर बाद जैसे ही मां सायरी का डोल मंदिर के पास पहुंचा, आरती उतारने और दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महिला श्रद्धालु मां जगदंबे को प्रसन्न करने के लिए मंदिर परिसर में कड़ाही चढ़ा रही थीं। वहां दिन भर मेला लगा रहा। इसी तरह खिरकिया के प्राचीन दुर्गा मंदिर में भजन-कीर्तन होता रहा। यहां भी दूर-दूर से श्रद्धालु पूजा के लिए आए थे। मंदिर में एक तरफ कड़ाही चढ़ाई जा रही थी तो एक तरफ पूजा करने में भक्त मगभन थे। मां दुर्गा के मंदिर से कुछ दूरी पर स्थित मां काली के स्थान के पास कुछ लोग प्रेतबाधा भी दूर कराने पहुंचे थे। पडरौना के बुढ़िया माता मंदिर, दुर्गा मंदिर, अंबे मंदिर, हट्ठी माता मंदिर, गायत्री माता मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। कुबेरस्थान में प्राचीन खन्हवार मंदिर में भी दर्शन के लिए श्रद्धालु सुबह से ही पहुंच गए थे। वहां दिनभर मेला लगा रहा। पूजा करने के बाद श्रद्धालुओं ने मेले में अपनी जरूरत की वस्तुओं की खरीदारी की। मन्नतों के अनुरूप महिलाओं ने कड़ाही चढ़ाई तथा भजन कीर्तन भी कराया। मंदिर के पुजारी ने बताया कि मां दुर्गा के दरबार से कोई भक्त खाली हाथ नहीं लौटता। मेला स्थलों पर बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, खिलौने, चाट-पकौड़े, मिठाइयों और अन्य वस्तुओं की दुकानें लगी रहीं। रामकोला कस्बा के धर्मसमधा देवी मंदिर परिसर में रविवार को नवरात्र के अंतिम दिन भक्तों ने मां का दर्शन किया। नवरात्र व्रत रखने वाले श्रद्धालु मंदिर परिसर में बने यज्ञ कुंड में हवन पूजन किया। मंदिर परिसर में लगे मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी की। लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी मंदिर परिसर में जमे रहे।

सिद्धपीठ देवरही माता मंदिर में डीएम ने हवन और कन्या पूजन किया



देवरिया। जनपद के प्रसिद्ध सिद्धपीठ देवरही माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि की नवमी तिथि के पावन अवसर पर पूणार्हुति हवन के साथ पूजन कार्यक्रम विधिवत संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल द्वारा माँ देवरही के चरणों में श्रद्धा अर्पित की गई तथा जनपदवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की गई।

हवन के उपरांत नवमी तिथि की परंपरा अनुसार विधिवत कन्या पूजन भी संपन्न हुआ।

जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कन्याओं का पूजन किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि नारी शक्ति की आराधना का पर्व है और कन्या पूजन इसका अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है।इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तों की उपस्थिति रही और श्रद्धालुजनों ने सामूहिक रूप से माँ देवरही की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय, ईओ संजय तिवारी सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।*श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर रामजानकी मंदिर में हुआ अखंड रामायण पाठ, जिलाधिकारी ने की पूजा-अर्चना*आज श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर जनपद के प्रतिष्ठित रामजानकी मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने मंदिर पहुंचकर मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के दर्शन किए एवं अखंड रामायण पाठ में प्रतिभाग करते हुए प्रभु श्रीराम के श्रीचरणों में श्रद्धा निवेदित की।जिलाधिकारी ने पूजा-अर्चना कर प्रभु श्रीराम से जनपदवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन धर्म, मयार्दा और सेवा का प्रतीक है, जिनसे हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

एसपी ने वामा सारथी की अध्यक्षा के साथ पुलिस लाइन में पौधारोपण किया



देवरिया। रामनवमी के पावन पर्व पर पुलिस अधीक्षक आवास पर विधि विधान से हवन पूजन के उपरान्त रविवार को पुलिस अधीक्षक आवास व पुलिस लाइन में एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें *पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर* एवं *वामा सारथी की अध्यक्षा श्रीमती मेघना गुप्ता* द्वारा पौधारोपड़ कर जनपदवासियों की सुरक्षा, सौहार्द्र एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया ।कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल रामनवमी के शुभ अवसर पर शांति एवं सद्भावना का संदेश देना था, बल्कि पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाए रखने के प्रति समाज को जागरूक करना भी रहा । पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर जनपदवासियों से अपील की कि वे अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने में सहयोग करें एवं अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें । इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक श्री विजयराज सिंह सहित पुलिस लाइन के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

इण्टरमीडिएट की छूटी /वंचित प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि और केंद्र हुआ निर्धारित

कुशीनगर। जिला विद्यालय निरीक्षक ने अवगत कराया है कि जनपद कुशीनगर में निम्न विवरणानुसार इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2025 की छूटी /वंचित प्रयोगात्मक परीक्षा संपादित की जाएगी। विषय भीतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भूगोल का प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र उदित नारायण इण्टर कालेज, पडरौना, कुशीनगर में 7 एवं 8 अप्रैल 2025 को तथा विषय गृह विज्ञान का परीक्षा केंद्र अंजुम बालिका इ० कालेज, सोहसा गौसी प ?ट्टी में 7 एवं 8 अप्रैल 2025 को सुनिश्चित किया गया है। जनपद के समस्त प्रधानाचार्य गण को निर्देशित किया जाता है कि अपने संस्था के ऐसे छात्र/छात्रा जो इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2025 की प्रयोगात्मक परीक्षा में अनुपस्थित हो तो उन्हें अपने स्तर से सुचित कर उक्त निर्धारित तिथियों में छूटी/वंचित प्रयोगात्मक परीक्षा में शामिल कराना सुनिश्चत करें।

पुलिस मुठभेड़ में धरा गया शातिर वाहन चोर गैंग

बरेली। शहर में देर रात हुआ कुछ ऐसा जिसे देखकर आपको थ्रिलर फिल्मों की याद आ जाएगी। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देशन और एसपी सिटी मानुष पारीक की अगुवाई में पुलिस ने तेजतर्रार कार्रवाई करते हुए एक बड़े वाहन चोर गैंग का पदार्फाश कर दिया। इस गैंग के तीन शातिर अपराधियों को पुलिस ने दबोच लिया, जिनमें से एक को मुठभेड़ के दौरान गोली भी लगी।

पुलिस के अनुसार बीती शनिवार की रात मुखबिर सूचना मिली कि शहर के इस्लामिया ग्राउंड के पास एक खंडहरनुमा बिल्डिंग में वाहन चोर गैंग सक्रिय है। बस फिर क्या था- एसपी सिटी के नेतृत्व में एसओजी और कोतवाली पुलिस ने कमर कस ली। जैसे ही पुलिस वहां पहुंची, बदमाशों ने फिल्मी स्टाइल में गोलियां चला दीं। मगर पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए मोर्चा



संभाला और जवाबी कार्रवाई में एक अपराधी तस्लीम उर्फ मुन्ना को गोली लगी, जबकि बाकी दो इमरान और तौकीब को दबोच लिया गया।

पुलिस को इन बदमाशों के ठिकाने से 10 चोरी की मोटरसाइकिलें, अवैध हथियार, कारतूस, वाहन के स्पेयर पार्ट्स, चेचिस-इंजन नंबर बदलने के उपकरण और मोबाइल फोन मिले। यानी पूरा एक सेटअप-जिससे ये लोग चोरी के वाहनों की पहचान बदलकर उन्हें बाजार में सस्ते दामों में बेच देते थे।22 वर्षीय तस्लीम उर्फ मुन्ना जुर्म की दुनिया में बड़ा नाम। इसके खिलाफ हत्या के प्रयास, चोरी, धोखाधड़ी और गैंगस्टर एक्ट के तहत 10 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस को हमेशा चकमा देने वाला ये बदमाश इस बार बच नहीं सका।इमरान और तौकीब ये दोनों भी क्राइम की दुनिया में कम नहीं हैं। इनके खिलाफ बलात्कार और हत्या के प्रयास जैसे संगीन मामले दर्ज हैं।एसपी सिटी की अगुवाई में स्थानीय इंटेलिजेंस, तकनीकी सर्विलांस और मुखबिर तंत्र का जबरदस्त इस्तेमाल किया गया। यही वजह रही कि यह ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा और कोई निर्दोष नागरिक इसकी चपेट में नहीं आया।एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि हमने अपराधियों को पकड़ने के लिए स्थानीय इंटेलिजेंस और तकनीकी सर्विलांस का बेहतरीन इस्तेमाल किया। ये गैंग काफी समय से सक्रिय था और अब इसके सदस्यों की गिरफ्तारी से शहर में वाहन चोरी पर लगाम लगेगी। हम अभी और गहराई से जांच कर रहे हैं ताकि इनके पूरे नेटवर्क का खुलासा हो सके। जनता की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है।इसके बाद पुलिस ने तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

भाजपा की सफलता के पीछे है संघर्षों की लंबी कहानी : संतराज यादव

देवरिया । रविवार को क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर पार्टी ने अपना 45 वां स्थापना दिवस मनाया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी संतराज यादव ने बताया कि भाजपा की सफलता के पीछे संघर्षों की महान गाथा है, हम सौभाग्यशाली हैं कि हम सब भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं हमने जो संकल्प लिया था आज वो सभी संकल्प पूरे हुए हैं चाहे वो धारा 370 हो, अयोध्या में प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर हो, बाबा काशी विश्वनाथ का कारीडोर हो, मां विंध्यवासिनी कारीडोर हो, स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के तहत पूरे देश को जोड़ने का कार्य हो, भारतमाला परियोजना हो, या विकास के अन्य कार्य हों, आज समाज के सभी वर्गों के साथ मिलकर सबका साथ सबका विकास की भावना के साथ हम कार्य कर रहे हैं ।

उन्होंने जनसंघ से लेकर भाजपा के स्थापना तक के संघर्षों को बहुत ही बारीकी से कार्यकताओं को बताया ।

रुद्रपुर विधायक व पूर्व मंत्री जयप्रकाश निषाद ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता स्थापना दिवस के अवसर पर अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाएं। अखिल भारतीय जनसंघ की विचारधारा ह्लएकात्म मानववादह्व सर्वप्रथम 1965 में दीनदयाल उपाध्याय ने दिया था । हमारा मातृ संगठन जनसंघ हिन्दुत्व के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त करता है और नीतियां ऐतिहासिक रूप से हिन्दू राष्ट्रवाद की पक्षधर रही है। इसकी विदेश नीति राष्ट्रवादी सिद्धांतों पर केन्द्रित है।

पार्टी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए पूर्व विधायक डा सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जिसका नाम पहले भारतीय जनसंघ था जिसकी स्थापना 1951मे श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने की थी, तथा इसका चुनाव चिह्न दीपक था, पार्टी लंबे समय तक संघर्षों के दम पर आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है । पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे ने कहा कि 1952 के संसदीय चुनाव में पार्टी ने 3 सीटें प्राप्त की थी। जिसमे डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी भी शामिल थे। सन 1980 में जनता पार्टी टूट गयी।6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापन हुई । भारतीय जनसंघ के एक गुट ने अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में जनसंघ से अलग होकर समाजवादी और गांधीवादी विचारधारा के नेताओं के साथ मिलकर भारतीय जनता पार्टी का गठन किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष मारकंडे शाही, अंतयार्मी सिंह, नीरज शाही, जिला उपाध्यक्ष अजय शाही, संजय सिंह एडवोकेट, ऊषा पासवान, आनंद शाही, अजय कुमार दुबे, गंगा सिंह कुशवाहा, महामंत्री रविंद्र कौशल, प्रमोद शाही, कृष्ण नाथ राय, जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, निर्मला गौतम, काशीपति शुक्ला, गोविंद चौरसिया, सुधीर श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, जितेंद्र सिंह, गिरिजेश मिश्रा, अभय नाथ तिवारी, शमशुद्दीन अहमद, कार्यक्रम की अध्यक्षता अभियान के सह संयोजक जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा ने किया तथा संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष अंकुर राय ने किया ।

चोरी का सामान बरामद, एक गिरफ्तार



कुशीनगर। जिले के थाना कसया द्वारा चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चोरी गये कुल करीब छह लाख रुपये तक की पैथोलॉजी उपकरण जिसमें 01 सीबीसी मशीन, 01 एनालाइजर व बायोकेमिस्ट्री मशीन, 01 प्रिंटर, 01 मानीटर की बरामदगी के साथ एक चोर को गिरफ्तार किया गया है।

बताते चलें 13 जनवरी 2025 को आवेदक अरविन्द कुमार गुप्ता पुत्र रामअवध गुप्ता निवासी बेलवा दुगार्राय थाना कसया जनपद कुशीनगर द्वारा थाना कसया पर सूचना दिया गया कि अज्ञात चोर द्वारा उसके पैथोलॉजी का ताला तोड़कर विभिन्न उपकरणों(सीबीसी मशीन, एनालाइजर मशीन, प्रिंटर एवं मानीटर) को चोरी कर लिया गया है। इस सूचना पर थाना कसया पर मु0अ0सं0 0018/2025 धारा 305, 331(4) बीएनएस बनाम अज्ञात चोर पंजीकृत किया गया। वहीं घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया था। जिसके क्रम में पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त अभिलाष कुमार सिंह उर्फ पवन पुत्र स्व. सुमेर सिंह निवासी फागुपुर बिशुनपुरा थाना कुबेरस्थान जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गये सामान, जिसमें 01 अदद सीबीसी मशीन, 01 एनालाइजर व बायोकेमिस्ट्री मशीन, 01 प्रिंटर और 01 मॉनिटर की शत-प्रतिशत बरामदगी की गयी है। वहीं गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया है। पुलिस के पुछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया कि वह स्वयं एक पैथोलॉजी लैब संचालित करता था, लेकिन वादी मुकदमा के पैथोलॉजी लैब की वजह से उसके ग्राहक कम हो गए थे। ग्राहक उसके दुकान पर आने के बजाय वादी मुकदमा के पास जा रहे थे और बगल के अस्पताल के डॉक्टर भी वादी मुकदमा को प्राथमिकता दे रहे थे। इसी प्रतिस्पर्धा और नुकसान के चलते चोरी की घटना को अंजाम दिया ताकि वादी मुकदमा का व्यवसाय प्रभावित हो जाए। वहीं बरादमगी व गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी के साथ उ0नि0 अमित कुमार सिंह, वरुणेश उपाध्याय व आदर्श मिश्र सहित हे0का0 राजेश चौबे व का0 उमाशंकर यादव शामिल रहे।

ग्रापए ने खेल प्रतिभाओं को किया सम्मानित

देवरिया। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की तहसील सदर शाखा द्वारा अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस पर गौरी बाजार नगर पंचायत के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में विकासखंड की छात्रा सुचिता कुमारी द्वारा ताइक्वांडो में स्वर्ण पदक जीतने और विकासखंड के ही अभिषेक कनौजिया द्वारा प्रदेश प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक जीतने पर सम्मानित किया गया। साथ ही दोनों विजेताओं के अभिभावकों तथा खेल प्रशिक्षक गंगतेश्वर सिंह को भी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप कुमार मद्देशिया , संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्टन वीरेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष पौहारी शरण राय , तहसील अध्यक्ष विनोद सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर अतिथियों द्वारा संगठन के सदस्यों को वर्ष 2025-26 के परिचय पत्र का वितरण किया गया। तहसील अध्यक्ष विनोद सिंह के अध्यक्षता में आयोजित समारोह में उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार मद्देशिया, प्रदेश उपाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने स्वर्ण पदक जीतने वाली कंपोजिट विद्यालय गौरी विनायक की कक्षा 4 की छात्रा सुचिता कुमारी और तैराकी में तीन स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले मठिया साहू के कक्षा 8 के छात्र अभिषेक कनौजिया के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इसे जिले को गौरवान्वित करने तथा अन्य छात्र छात्राओं के लिए प्रेरणादायक बताते हुए उज्ज्वल



भविष्य की कामना की गई । समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने पत्रकार साथियों से पत्रकारिता के मानक निष्पक्षता, निर्भीकता और पारदर्शिता के धर्म के पालन की अपील किया । इसके पूर्व अतिथियों द्वारा सरस्वती देवी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर एवम माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

अब तक नहीं दर्ज हुआ हिस्ट्रीशीटर होटल संचालक के खिलाफ मुकदमा

कुशीनगर। जनपद के कसया थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे के किनारे अवैध रूप से संचालित होटल में बीते दिनों एक युवक की बेरहमी से की गयी पिटाई के बाद हुई मौत के मामले में होटल संचालक के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नही की गयी। चर्चा - ए-सरेआम है कि हिस्ट्रीशीटर होटल संचालक ने इस मामले को मैनेज करने के लिए

●अवैध रूप से संचालित होटल में युवक के बेरहमी से पिटाई के बाद हुई मौत का मामला

खाकी पर लाखो रुपये लुटाये है यही वजह है कि अब तक इस मामले मे न तो अवैध होटल संचालक पर मुकदमा दर्ज हुआ और न ही कोई कार्रवाई की गयी। बतादे कि कसया थाना क्षेत्र के परेवाटार निवासी 22 वर्षीय बहाउद्दीन कुरहवां गांव के रहने वाले अपने दोस्त संदीप गुप्ता के साथ मंगलवार की शाम को कसया कस्बे में हाईवे के किनारे संचालित वेलकम होटल में गया था।

आरोप है कि होटल में कार से कुछ लोग आए और बहाउद्दीन की पिटाई करने लगे और तब तक बेरहमी से मारते-पीटते रहे जब तक वह मरणासन्न अवस्था में नही पहुच गया। इसके बाद उन युवको ने बहाउद्दीन को बुरी तरह से घायल अवस्था मे होटल के बाहर छोड़कर फरार हो गये। ऐसी चर्चा है कि बहाउद्दीन को मारने-पीटने मे उन युवको के साथ अवैध रूप से होटल का संचालन करने वाला हिस्ट्रीशीटर भोला राय भी शामिल था, जो घटना के बाद फरार हो गया था। घटना की जानकारी किसी ने घरवालों को दी। वह कसया के लिए चल दिए। इसी दरम्यान बहाउद्दीन को लेकर वापस जा रहा संदीप से बेलवा गांव के सामने घरवालों की मुलाकात हो गई। परिजन बहाउद्दीन को अपने साथ ले गए। घर पहुंचने के बाद बहाउद्दीन के पेट में दर्द होने लगा और वह चीखने-चिल्लाने व दर्द से छटपटाने लगा, उसे उल्टी भी होने लगी।

यह देख घरवाले घबड़ा गये परिजन आनन-फानन मे घायल बहाउद्दीन को एक निजी चिकित्सक के पास ले गए जहां इलाज कराकर बहाउद्दीन को घर वापस लेकर आये, इसके बाद भी उसके पेट का दर्द कम नहीं हुआ और उसकी मृत्यु हो गई। पिता हसमुद्दीन ने कसया पुलिस को तहरीर देकर पिटाई से पेट में चोट लगने से बेटे की मौत होने की शिकायत की थी। दूसरी ओर बताया जाता है कि अवैध रुप से संचालित जिस वेलकम होटल में मारपीट हुई है, उसके संचालक भोला राय पर कई गंभीर केस दर्ज हैं और वह हिस्ट्रीशीटर भी है लेकिन कसया थाने की पुलिस से उसकी अच्छी पैठ है।

इसके चलते उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। शहर में इस बात की चर्चा जोरो पर है कि पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए होटल संचालक भोला राय ने कसया पुलिस को लाखो रुपये देकर मामले को मैनेज किया है इस बात में कितनी सच्चाई है यह निष्पक्ष जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

नागरी प्रचारिणी सभा ने नववर्ष का किया आयोजन



देवरिया । । राम नवमी के पावन पर्व पर नागरी प्रचारिणी सभा, देवरिया के तत्वावधान में भारतीय नववर्ष के उपलक्ष्य में ₹विक्रम संवत₹ की महत्ता विषयक संगोष्ठी सभा के के उपाध्यक्ष, अधिवक्ता बृद्धिचन्द्र विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। संगोष्ठी का शुभारंभ दिनेश सिंह ₹ दीपकर₹ के वाणी वंदना 'हे शारदे मां शारदे' से हुआ। इसके बाद कौशल किशोर मणि ने पिया घर न आयो हो रामा पारंपरिक चैता सुनाया। फिर भोजपुरी रचनाकार सौदागर सिंह ने चैता शैली में देवी गीत तीनों लोक जाने ला मइया दानी की तेरे प्रस्तुत किया। आगे कवयित्री सुनीता सिंह सरोवर ने गीत पढ़ा।

इसके बाद सभा के पूर्व मंत्री इन्द्र कुमार दीक्षित ने संवत्सर विषयक संगोष्ठी का विषय प्रवर्तन करते हुए कहा चैत्र नवरात्र परिवर्तन का द्योतक है। हमारा देश उत्सवधर्मी है। भारतीय मन प्रकृति को प्रफुल्लित देखकर उत्सव मनाने लगता है। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ दिवाकर प्रसाद तिवारी ने कहा की ईसवी से पूर्व भारत में विक्रम की परंपरा थी, यह विक्रम कोई और नहीं विष्णु हैं जिन्हें कहीं कहीं आदित्य भी कहा गया है। हमारे यहां जब प्रकृति अपना श्रृंगार करतीं है और जनसामान्य को बांटती, हर घर को धन-धान्य से पूर्ण करती हैं उस समय से इस संवत्सर की व्यवस्था ऋषियों ने की। ईसवी सन-से डेढ़ सौ पूर्व इस देश में शक आये देश के पश्चिमी प्रांत को कमजोर समझकर उसे अपने अधीन करना शुरू किया. इसी से निपटने के लिए उज्जयिनी के राजा ने कृत संवत के माध्यम से लोगों को एकजुट करना शुरू किया और शकों को पराजित कर विक्रम संवत चलाया।

मुख्य वक्तव्य के बाद संगोष्ठी के अध्यक्ष बृद्धिचन्द्र विश्वकर्मा ने उपस्थित वक्ताओं और श्रोताओं को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य अभय द्विवेदी ने किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का आयोजन सभा के मंत्री डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर सरोज कुमार पाण्डेय, भृगुदेव मिश्र, डॉ शकुन्तला दीक्षित, मधुसूदन मणि त्रिपाठी, बृजेश पाण्डेय प्रबन्धक, रवीन्द्र नाथ तिवारी, राधेश्याम शुक्ल, अंजलि अरोड़ा खुशबू, जितेन्द्र प्रसाद तिवारी, विकास तिवारी विक्की, रजनीश मोहन गोरे, श्वेतांक करण त्रिपाठी, विशाल मिश्र आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

एनसीईआरटी कोर्स से मदरसे के बच्चों को मिलेगी आधुनिक शिक्षा

भटनी(देवरिया) ।शासन द्वारा मदरसे में कक्षा एक से तीन तक एनसीईआरटी का कोर्स लागू करने पर स्थानीय लोगों सहित मदरसे के शिक्षकों का मानना है कि आधुनिक शिक्षा से पढ़ने वाले बच्चों के लिये शाशन द्वारा उठाया गया कदम बेहतर बताया है।अविभावकों का मानना है कि मदरसे में अब उर्दू के साथ साथ आधुनिक शिक्षा का ज्ञान होगा जिससे वो अपने उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर होंगे।

कक्षा एक से तीन तक पाठ्यक्रम में एनसीईआरटी कोर्स के लागू होने पर मदरसा शिक्षकों सहित अविभावकों ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि यह मुस्लिम बच्चों के भविष्य के लिये आवश्यक था। इसके लागू होने से मदरसे के बच्चों की शिक्षा की नींव मजबूत होगी।₹शाशन द्वारा मदरसे में बच्चों के शिक्षा से सम्बंधित बेहतर भविष्य के लिए एनसीईआरटी कोर्स लागू करने से मुस्लिम समाज के बच्चों को भी आधुनिक शिक्षा का ज्ञान प्राप्त होगा। हम इसका स्वागत करते हैं।₹ *गोरखपुर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने₹एनसीईआरटी की किताबो से शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों को आगे की पढ़ाई करने में काफी सहूलियत होगी। इससे बच्चों की बुनियादी शिक्षा मजबूत होगी।

हम सरकार के इस अहम फैसले का दिल से स्वागत करते हैं।₹प्रधानाचार्य मदरसा दिलशाद ने एनसीईआरटी शिक्षा के तहत बच्चों को आधुनिक शिक्षा से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा, जिससे आगे की पढ़ाई में उन्हें सफलता प्राप्त होगी।सरकार की पहल काबिले तारीफ है हम इसका स्वागत करते है।₹रईश अन्सारी शिक्षक मदरसा मुस्लिम समाज के बच्चों को ध्यान में रखकर सरकार द्वारा उठाया गया कदम काफी सराहनीय है।इससे बच्चों को आधुनिक शिक्षा से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा।

संक्षेप

श्रीराम नवमी पर निकाली शोभा यात्रा

पुरवा, उन्नाव। श्रीराम नवमी के दिन नगर में शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें विभिन्न झांकियों के साथ घोड़े और पैदल यात्रा में सैकड़ों युवाओं ने हिस्सा लिया और डीजे की धुन पर खूब झूमे। रविवार को स्थानीय कस्बा अंतर्गत शीतलगंज के मां आनंदेश्वरी देवी मंदिर से दोपहर में श्रीराम नवमी शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ जिसमें विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां, घोड़े और पैदल चल रहे सैकड़ों नगरवासी शामिल हुए। शोभा यात्रा में शामिल युवा डीजे की धुन पर खूब झूमे। शोभा यात्रा शीतलगंज से मिर्री चैराहा, पीराशाह होता हुआ बस स्टॉप होकर पुनः आनंदेश्वरी मंदिर में समाप्त हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी, राजस्व व स्वास्थ्य कर्मचारी तथा विद्युत विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। शोभा यात्रा में भाजपा नेता उत्तम चंद लोधी समेत नगर के कई युवा चेहरे शामिल हुए। आपको बता दें कि भवानीगंज में बाइक रैली व मौरावां में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष शामिल हुए।

विवाहिता फांसी पर लटकी, मौत

सीतापुर। सदरपुर के हेलेपारा में विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। सदरपुर के हेलेपारा में रविवार की सुबह लक्ष्मी (35) पत्नी नीरज का शव घर के अंदर पड़े टीन शेड में पड़ी बल्ली के सहारे लटकता मिला। मृतका लक्ष्मी देवी गोडैचा चैराहे पर कास्मेटिक की दुकान चलाती थी। शनिवार की शाम करीब सात बजे लक्ष्मी दुकान बंद कर घर वापस आई थी। उसके बाद उसका शव लटकता मिला। घटना के समय पति नीरज घर पर मौजूद नहीं था। बड़ी बेटी शौम्या ने मां को लटकता देख शोर मचाया तब घटना की जानकारी परिजनों को हुई। आनन फानन में फंदे से उतारकर लक्ष्मी को परिजन लेकर सीएचसी महमूदाबाद पहुंचे जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय लक्ष्मी की मौत हो गई, जिसपर परिजन उसे लेकर घर चले आए। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। मृतका के बेटी शौम्या (10), संध्या (08), सोनाली (06), बेटा कार्तिक (04) हैं।

डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

सीतापुर। सदरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेमरी चैराहे के पास डंफर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक लखनऊ से तम्बौर जा रहा था। युवक डंफर से टकराकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। घायल को आनन-फानन में सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने षव का पीएम कराने से मना दिया। पुलिस ने पंचानामा भरकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। तम्बौर निवासी वहाब (20) पुत्र पुत्तन लखनऊ में बढ़ई का काम करता था। रविवार की सुबह वह बाइक से तम्बौर अपने घर वापस जा रहा था। सेमरी चैराहे के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंफर ने बाइक में टक्कर मार दी। वहाब बाइक लेकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगो ने एम्बुलेंस की सूचना दी। युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों ने पीएम कराने से मना कर दिया और षव अपने घर ले गये।

दिगम्बर जैन संत महमूदाबाद पहुंचे

सीतापुर। बरेली से सीतापुर होकर पदविहार करते हुए दिगम्बर जैन संत रविवार की सुबह महमूदाबाद पहुँचे। जैन धर्मावलम्बियों ने जैन संत को महमूदाबाद में नगर प्रवेष कराते हुए मंदिर पहुँचाया। जहां पूजन-अर्चन के बाद जैन संत ने उपस्थित धर्मावलम्बियों को धर्म का उपदेष देते हुए सद्मार्ग पर चलने का संदेष दिया। रविवार की सुबह दिगम्बर जैन संत सोमदत्त जी महाराज महमूदाबाद पहुँचे। बिसवां-महमूदाबाद मार्ग नगर सीमा पर जैन धर्मावलंबियों ने उनका स्वागत किया। महाराज ने इंदौरा वार्ड में स्थित ऋषभदेव तीर्थ पर पहुँचकर दर्षन पूजन किया तत्पष्चात वह सरावगी टोला स्थित प्राचीन दिगम्बर जैन मंदिर पहुँचे। अभिषेक, पूजन के उपरांत उन्होने उपस्थित जैन धर्मावलंबियों को त्याग और तप की महत्ता के बारे में अवगत कराया और सद्मार्ग पर चलने की सीख दी। इस अवसर पर जैन समाज अध्यक्ष अनुज जैन सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री का सपना भारत विश्व गुरु बने: राजेश शुक्ला



सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर पार्टी का 45 वां स्थापना दिवस बहुत धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा पार्टी के महापुरुषों दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर द्वीप प्रज्ज्वलन किया गया तत्पश्चात जिला अध्यक्ष द्वारा पार्टी का ध्वज फहराया गया।

इस अवसर पर पार्टी जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा राजेश शुक्ला द्वारा पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा की 6 अप्रैल 1980 भारतीय जनता पार्टी को स्थापना के बाद लगातार हमारे संस्थापक नेतृत्व से लेकर वर्तमान नेतत्व तक राष्ट्र निर्माण एवं सनातन संस्कृति के सम्मान के लिए निरंतर कार्य किया है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि जब-जब भारतीय जनता पार्टी को राष्ट्र व प्रदेश की सेवा करने का अवसर मिला है तब भाजपा के नेतृत्व ने भारत को विकसित करने और मजबूत बनाने का कार्य किया है पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की सरकार में जहां देश की बड़ी नदियों को जोड़ने का कार्य किया गया वहीं कारगिल युद्ध में विजय प्राप्त कर भारत के गौरव को बरकरार किया गया। उत्तर प्रदेश में आयोजित हुए भव्य कुंभ से पूरी दुनिया का सनातन प्रेमी अभिभूत हुआ है। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने भारत के सुनहरे भविष्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भावी विजन को पत्रकारों के समझ रखते हुए कहा कि हमारे प्रधानमंत्री का सपना है कि हमारा भारत विश्व गुरु बने यहां सब के हाथों से विकास की डोर निकली हो ।यहां की शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था विश्व में पहले नंबर पर हो। भारत का हर नागरिक खुशहाल हो उन्होंने बताया कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह सपना है कि जल्द ही हमारा भारत पूरी दुनिया का नेतृत्व करें और हम सब भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता इस कार्य में जमीनी स्तर पर सेवाएं दे रहे हैं जिला अध्यक्ष ने अंत में सभी देशवासियों को पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता समर्थक व मतदाताओं को पार्टी की स्थापना दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष उमाकांत मिश्रा पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, अध्यक्ष नगर पालिका नेहा अवस्थी, नमिंद्र अवस्थी, नगर पालिका परिषद खैराबाद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता, सहित पार्टी पदाधिकारी समर्थक व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

45 वें स्थापना दिवस पर भाजपाइयों ने निकाली बाइक रैली



लहरपुर/सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के 45 वें स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर के प्रसिद्ध श्री रामलीला मैदान स्थित पक्का तालाब तीर्थ से एक बाइक रैली निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोश फरोस के साथ प्रतिभाग किया।

जानकारी के अनुसार रविवार को भारतीय जनता पार्टी के 45 वें स्थापना दिवस को नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष विनीत जायसवाल के नेतृत्व में भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पक्का तालाब तीर्थ पर जमा हुए इस मौके पर नगर अध्यक्ष विनीत जायसवाल ने भारतीय जनता पार्टी के गौरवशाली इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी, और उन्होंने भाजपा कार्यकताओं का उत्साह वर्दन करते हुए कहा कि, आप सभी की बदौलत आज भाजपा विश्व की एक सबसे बड़ी पार्टी है इस मौके पर उनके नेतृत्व में एक बाइक रैली निकाली गई जोकि पक्का तालाब तीर्थ से होते हुए लहरपुर गेट, शहर बाजार चैराहा, मजाशाह चैराहा से जोशी लाल होते हुए खतराना चैराहा होते हुए पक्के तालाब तीर्थ पर रैली का समापन किया गया रैली में भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था भाजपा कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के जय घोषों से वातावरण को गुंजायमान कर रहे थे इस मौके पर प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष विनीत जायसवाल, देवेश अवस्थी, शिवम मिश्रा, मयंक टंडन, रमेश बाजपेई, मनमोहन गुप्ता, बंशीधर पाठक, राजू तिवारी, प्रमोद अवस्थी, चंदन गुप्ता, सूरज जायसवाल, शुभम श्रीवास्तव प्रधान, सत्यम शुक्ला, अमित पाठक, सलिल मिश्रा, सलमान जैदी, ऋषभ, मायाराम सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अग्नि प्रभावितों को समाजसेवी ने पहुंचायी मदद



पाटन, उन्नाव। बीघापुर विकास खण्ड के पसनिया खेड़ा गाँव मे बीती 3 अप्रैल को रामनरेश निषाद, शिवनारायण निषाद व मेंहदीनगर गाँव में एक सप्ताह पूर्व लगी आग में अर्जुन रावत का पूरे घर पर रखा सामान जलकर राख हो गया था। अर्जुन रावत के यहाँ 1 अच्छी नस्ल की बड़ी गाय 6 बकरियां जल जाने के कारण मर गयी थीं। जिससे परिवार में अब भरण पोषण की समस्या उत्पन्न हो रही थी। कही से कोई मदद नही मिली थी घर वाले बहुत परेशान रहने लगे थे। जैसे ही सूचना पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह को हुई इस विकट परिस्थितियों से गुजर रहे तीनो परिवारों को राशन सामग्री व आर्थिक सहायता भी दी है। विधानसभा क्षेत्र में पुष्प फाउंडेशन के अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह की सच्ची समाजसेवा हर असहाय जरूरतमंद की मदद करना उनके स्वभाव में है। पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने परिजनों के साथ हर स्थिति में साथ देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मानवेन्द्र सिंह, कमलेश यादव, मैनेजर सिंह, गुड्डू वर्मा, पंकज सिंह, आशू सिंह, फुन्नी त्रिपाठी, गोलू सिंह, अनूप यादव, राघवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

युवक ने पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर खया जहर, मौत

सीतापुर। सदरपुर क्षेत्र में नवविवाहित युवक ने पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर जहर खा लिया। युवक की मौत के एक महीने बाद मां की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी के खिलाफ एफआईआर दर्जकर जांच शुरू कर दी है। कटरा खपूरा के अंकुश वर्मा की शादी सात मार्च 2025 को मरखापुर हाजीपुर की अंशिका वर्मा से हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद से ही पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया। अंशिका लगातार फोन पर किसी से बात करती रहती थी। पति के मना करने पर भी नहीं मानती थी। मृतक की मां राजेश्वरी के अनुसार अंशिका अक्सर मायके चली जाती थी। वह कई बार बुलाने जाने पर भी नहीं आती थी। जब आती तो अंकुश से उल्टा-सीधा बोलती थी। एक दिन अंशिका ने सबके सामने कहा कि ह्यतुम मरो या जियो, हमें अपने मन की नहीं करने देतेह्व। इसके बाद वह घर का जेवर और अपना सामान लेकर मायके चली गई। मां का आरोप है कि पत्नी की प्रताड़ना से परेशान होकर अंकुश ने जहर खा लिया। पहले उसे मरखापुर शाहपुर में निजी डॉक्टर को दिखाया गया। फिर हालत बिगड़ने पर लखनऊ के न्यू देवा अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। दो मार्च को शव घर लाया गया और अगले दिन पोस्टमार्टम हुआ। मां राजेश्वरी की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक मुकुल वर्मा ने बताया कि मां की तहरीर पर केस दर्जकर मामले की जांच की जा रही है।

महा आरती हवन और भंडारे के साथ नव दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा संपन्न

खैराबाद/सीतापुर। नगर क्षेत्र के मोहल्ला भूलनपुर में स्थित सैकड़ो वर्ष प्राचीन मां गौरी देवी मंदिर में चल रही नवदिवसीय श्रीमद भागवत कथा महागौरी जी की आरती हवन तथा भंडारे के साथ संपन्न हो गई आज रामनवमी के दिन प्रातः काल ही गौरी देवी मंदिर में प्रथम कथा की समाप्ति के उपरांत कन्या भोज का आयोजन मंदिर समिति के द्वारा किया गया जिसमें कन्याओं को भोजन प्रसाद पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता तथा पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि तथा समाजसेवी अभिषेक गुप्त के द्वारा कराया गया इसके उपरांत हर वर्ष की भांति विशाल भंडारे का आयोजन मंदिर समिति के द्वारा किया गया मंदिर परिसर में मां गौरी देवी के समक्ष बने विशाल हवन कुंड में श्रद्धालुओं ने हवन किया तथा बीती रात सैकड़ो श्रद्धालुओं के द्वारा एक साथ सैकड़ों दीपक लेकर महागौरी जी की आरती की गई तथा जगत कल्याण हेतु जगत जननी माता गौरी से प्रार्थना की गई इस अवसर पर आज रामनवमी के दिन मंदिर परिसर तथा नगर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर घरों में प्रभु श्री राम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया अंतिम दिन की कथा में नैमिषारण्य के कथा व्यास दिलीप कुमार मिश्र ने कहा कि मानव जन्म परोपकार करने के लिए हुआ है तथा 84 लाख योनियों में यह मानव जन्म श्रेष्ठ है तथा बहुत ही मुश्किल से प्राप्त होता है हम सभी को अपना जीवन परोपकार हेतु समर्पित करना चाहिए उन्होंने कहा कि वृक्ष कभी भी अपना फल नहीं खाते हैं ना ही नदिया स्वयं अपना पानी पीती है इसी तरह परमार्थ के कारण ही मानव जन्म हुआ है तथा परमार्थ के समान इस संसार में दूसरा कोई पूर्ण नहीं है तथा यही मानव धर्म है उन्होंने कहा कि दूसरों को कष्ट पहुंचाना पीड़ा पहुंचाना इससे बड़ा कोई अधर्म नहीं है मंदिर समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्र तथा प्रबंधक अवधेश मिश्रा ने बताया कि आज प्रातः 8:00 बजे से कन्या भोज से प्रारंभ हुआ भंडारा हर वर्ष की भांति देर रात तक माता रानी की इच्छा के अनुसार आयोजित किया जाएगा भंडारे में प्रदेश के कोने-कोने से हजारों श्रद्धालु आकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। इस अवसर पर नगर विकास मंत्री राकेश राठौर गुरु थाना अध्यक्ष अनिल सिंह पूर्व सांसद राजेश वर्मा अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्त अभिषेक गुप्त श्रीमती बेबी गुप्ता वीरेंद्र मिश्रा देवेंद्र मिश्र संदीप मिश्रा कुलदीप मिश्रा और अरविंद मिश्रा आदित्य जयसवाल अनिरुद्ध श्रीवास्तव बाबा राजेंद्र प्रसाद आलोक बाजपेई पुलिस सिंह प्रहलाद शास्त्री दोष शास्त्री सुधीर कुमार गौड़ अनिल गॉड पूर्णिमा मिश्रा अर्जित मिश्रा माया गुप्ता लक्ष्मी गुप्ता रेखा मिश्रा इस्मिता मिश्रा सहित हजारों श्रद्धालु भंडारे में मौजूद थे।



बिहार थाना में हुआ सुंदरकांड का पाठ



जिला संवाददाता(vol)

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में चैत्र मास नवरात्र की अष्टमी तिथि पर भव्य सुंदरकांड पाठ, हवन एवं विशाल भंडारे का आयोजन थाना प्रभारी सुब्रत नारायण तिवारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन ने जहां आध्यात्मिक माहौल को सुदृढ़ किया, वहीं पुलिस और जनता के बीच सामंजस्य का भी परिचय दिया।

सुंदरकांड पाठ में पुलिस विभाग के कई अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम में विशेष रूप से पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) अखिलेश सिंह, तथा क्षेत्राधिकारी बीघापुर ऋषिकांत शुक्ल उपस्थित रहे। इन्होंने हवन पूजन में भाग लेकर मंदिर में माँ भगवती के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा थाना परिसर में बने नवनिर्मित कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी सुब्रत नारायण तिवारी ने सभी मान्य अतिथियों को भगवान श्रीराम की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। इस आयोजन में पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी जैसे उपनिरीक्षक अनिल त्रिपाठी, बीरेंद्र सिंह, रजनीकांत पांडेय, दिनेश पांडेय, सज्जाद अली, महिला उपनिरीक्षक रेखा दुबे, चैकी इंचार्ज पाटन नरेंद्र सिंह, चैकी इंचार्ज भगवंत नगर देवेंद्र कुमार अवस्थी, अवधेश कुमार, सौरभ राजपूत, दीवान सईद अहमद, सूर्यधर द्विवेदी, तथा दिनेश कुमार प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

नगर एवं सामाजिक क्षेत्र से नगर अध्यक्ष आशीष शुक्ला, आशीष बाबा, पत्रकार यतींद्र नाथ मिश्रा, विजय वर्मा, रज्जन तिवारी, प्रेम वर्मा, शिवप्रताप सिंह, राम प्रसाद लोधी, सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। थाना प्रभारी सुब्रत नारायण तिवारी ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया और आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन नवरात्रि एवं अन्य धार्मिक अवसरों पर होते रहेंगे। आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशंसा करते हुए इसे एक अनुकरणीय पहल बताया।

अम्बेडकर व बुद्ध की प्रतिमा हटाने के बाद सपा सांसद व पूर्व विधायक बैठे धरने पर



सीतापुर। पिसावां थानाक्षेत्र के अंतर्गत भिभरापुर गांव की सरकारी जमीन से साशन प्रसाशन द्वारा बाबा साहब अम्बेडकर व महत्मा बुद्ध की प्रतिमा हटाने के बाद पुलिस टीम पर हुये पथराव को लेकर चौदह नामजद सौ अज्ञात लोगों पर केस दर्जकर तीन महिलाओं सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद रविवार को सांसद आनंद भदौरिया पूर्व विधायक अनूप गुप्ता पूर्व विधायक मितौली सुनील लाला भिभरापुर पहुंचकर धरने पर बैठ गये देखते ही देखते धरने मे सैकड़ों की संख्या मे ग्रामीण भी शामिल हो गये सांसद आनंद भदौरिया ने कहा शनिवार को कानून पर एसा क्या संकट आ गया था जिसको लेकर बाबा साहब अम्बेडकर व महत्मा बुद्ध की मूर्ती को प्रसाशन द्वारा बुल्डोज कर दिया गया उन्होंने कहा पुलिस वालों की बर्बरता के चलते ग्रामीण अपने घरों को छोड़कर भाग गये रविवार मेरे आने के बाद ग्रामीण गांव मे आये हैं। यह सरकार अंधी व बहरी है। दलितों पर अत्याचार बर्दाश्त नही किया जायेगा वह रविवार सुबह दस बजे से लेकर शाम पांच बजे तक भिभरापुर मे ग्रामीणो के साथ धरने व उपवास पर बैठे रहे। सांसद ने एसडीएम से ग्रामीणों को परेशान ना करके मूर्तियों को दूसरी जगह स्थापित करने की मांग की। जिस पर एसडीएम शशिबिंद द्विवेदी ने जगह चिन्हित कर जिलाधिकारी से अनुमति लेने की बात कही। इस दौरान महोली सीओ महोली विशाल गुप्ता, थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर पीएसी व काफी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। विकास खंड बीघापुर के अकबरपुर में क्षेत्र पंचायत अनुज कुमार द्वारा अपने कोटे पर भंडारे का आयोजन किया।

इस भव्य आयोजन में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और भक्ति भाव में माता के जयकारे लगाए। भंडारे के दौरान कोटा परिसर में भक्तों भीड़ लगी रही। सभी ने सामूहिक रूप से धार्मिक अनुष्ठान में सहयोग किया। इस आयोजन में प्रमुख रूप से क्षेत्र पंचायत अनुज कुमार और उनके बड़े भाई अमरेश कुमार क्षेत्र पंचायत तलयही सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

कार ने दो ई रिक्शों को मारी टक्कर, 4 घायल



लहरपुर/सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के तंबौर मार्ग पर ग्राम लालपुर स्थित गल्ला मंडी के निकट एक तेज रफ्तार कार ने दो ई रिक्शों को मारी जोरदार टक्कर, अनियंत्रित होकर कार ट्रक में घुसी, चार लोग घायल, एक जिला अस्पताल रेफर।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को कोतवाली क्षेत्र के लहरपुर तंबौर मार्ग पर ग्राम लालपुर स्थित गल्ला मंडी के पास लहरपुर की तरफ से जा रही एक तेज रफ्तार कार ने दो ई रिक्शों को जोरदार टक्कर मार दी जिससे एक ई-रिक्शा पलट कर खाई में गिर गया, टक्कर इतनी तेज थी कि कार अनियंत्रित होकर ट्रक के अगले हिस्से में जा घुसी, सूचना मिलते ही भारी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और सूचना पुलिस व एंबुलेंस को दी गई मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने ई रिक्शा में सवार मकबूल हुसैन 60 वर्ष निवासी अकैचनपुर टप्पा, जितेंद्र जायसवाल 55 वर्ष निवासी समोलिया, सुभाष 16 वर्ष निवासी खपूरा टांडा कला, गंगाराम 60 वर्ष निवासी खइयाँ थाना फूलबेहड जनपद खीरी को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर इलाज के दौरान मकबूल की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, अन्य घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है।

खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने को लेकर कराटे कैम्प का आयोजन



नवाबगंज, उन्नाव। खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए कराटे एसोसिएशन ऑफ उन्नाव से मान्यता प्राप्त अकेडमी रामनाथ सिंह चैहान कराटे इंस्टीट्यूट जनसार उन्नाव ने कराटे कैम्प का आयोजन किया। जिसके मुख्य अतिथि जयपाल सिंह जनरल सेक्रेटरी कराटे उत्तर प्रदेश रहे। जिन्होंने सभी को आगे बढ़ाने को लेकर अनेको तकनीकी बताई और कहा कि जो जिला में अकेडमी सही कार्य नही कर रही है उनकी मान्यता जिला व उत्तर प्रदेश से समाप्त हो जायेगी।

ट्रेनर रहे नेशनल कोच शिहान सन्तोष कुमार जनरल सेक्रेटरी वर्ल्ड मॉर्डन सोतोकान कराटे उत्तर प्रदेश दूसरे कोच कृष्णा अवतार जनरल सेक्रेटरी लखनऊ और उन्नाव प्रेसिडेंट शिहान रवि चौरसिया चीफ एग्जामिनेशन उत्तर प्रदेश जोइन्ट सेक्रेटरी उत्तर प्रदेश, जनरल सेक्रेटरी अंकित कुमार नेशनल कोच जज जो कि बेस्ट ट्रेनर व रेफरी है जो जनसार के कराटे खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए वहां के प्रबंधक कैप्टन प्रफुल्ल ठाकुर ने एक दिन का कुमिते फाइट ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन किया। प्रबंधक ने उत्तर प्रदेश के जनरल सेक्रेटरी उन्नाव जनरल सेक्रेटरी व सभी कोच का माला पहना कर स्वागत किया। फिर सभी कराटे खिलाड़ियों का तीन घण्टे प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमे सभी को डब्लू के एफ कराटे फाइट की ट्रेनिंग के नियम व सभी तकनीकी पोइन्ट व नम्बर लेने के तरीके बताये गये ट्रेनिंग लगभग 40 बच्चो ने लिया समापन में सभी कोच को प्रतीक चिन्ह देकर प्रबन्धक ने सम्मानित किया और सभी खिलाड़ियों ने आभार वक्त किया। कैम्प में उच्च प्राथमिक विद्यालय भरौली जहाँपुर हसनगंज की सेजल सुनैना, दिव्यांशी पल्लवी ने भाग लिया जो 68 स्टेट मेडलिस्ट है। इस दौरान टीचर विकाश सर, अनूप सर, राजेन्द्र विमल, लक्ष्मी प्रजापति ब्लैक बेल्ट, मौजूद रही। और सभी प्रतिभाग खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए।

हादसे में बाइक सवार युवक घायल

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार सड़क किनारे डंफर से टकराकर घायल हुए। राहगीरों की सहायता से सीएचसी ले जा गया, जहां से गंभीर हालत देख चिकित्सकों द्वारा तीन घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फतेहपुर चैरासी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कठिघरा गाँव निवासी अजीत पुत्र भैयालाल 20 वर्ष अपने साथ आकाश पुत्र प्रेम 15 वर्ष एवं रौनक पुत्र राजू 14 वर्ष को लेकर शिवराजपुर की ओर जा रहे थे, बाइक सवार कालीमिट्टी शिवराजपुर मार्ग पर अख्तयारपुर गाँव के पास पहुंचे थे, वहां एक दुकान के पास कस्बा फतेहपुर चैरासी के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी जगन्नाथ त्रिपाठी 58 वर्ष खड़े थे, जिन्हे बाइक की जोरदार टक्कर लगी, बाइक सवार भी आगे खड़े डंम्फर से टकरा गये। वहां से राहगीरों एवं आसपास के लोगों द्वारा एम्बुलेंस के माध्यम से सी.एच.सी. फतेहपुर चैरासी भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल जगन्नाथ त्रिपाठी, अजीत एवं रौनक पुत्र राजू को जिला अस्पताल भेज दिया गया। वहाँ रौनक को एल. एल. आर चिकित्सालय कानपुर के लिए रेफर किया गया है।

पुलिस ने सर्राफा व्यवसायी के पुत्र को ऋषिकेश से किया बरामद



सीतापुर। करीब 20 दिनों से लापता सर्राफा व्यवसायी के पुत्र को पुलिस ने उत्तराखण्ड के ऋषिकेश में एक होटल से सकुशल बरामद कर लिया। युवक शेयर बाजार में काफी घाटा हो जाने के कारण घर से चला गया था और उत्तराखण्ड के होटलों में छिपकर रह रहा था। साइबर सेल और स्थानीय पुलिस ने युवक की लोकेशन को ट्रेस किया और उसे होटल से बरामद करते हुए परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

बेटे को वापस पाकर परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू आ गये। सरावगी टोला वार्ड निवासी प्रवीण रस्तोगी का पुत्र दीपांशु रस्तोगी (28) बीते 16 मार्च की सुबह करीब दस बजे अपनी बाइक लेकर कहीं चला गया। युवक को 16 मार्च को सुबह 11 बजकर 18 मिनट पर महमूदाबाद-फतेहपुर मार्ग पर बने पेट्रोल पम्प के कैमरे में बाइक से जाते हुए देखा गया था। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दीपांशु की गुमशुदगी दर्ज करते हुए तलाश शुरू की थी। पुलिस की चार टीमें अलग अलग स्थानों पर दीपांशु को ढूंढ रही थी। युवक के नम्बर को सर्विलांस पर लगाया था किन्तु उसका फोन बंद होने से कोई लोकेशन नहीं मिल पा रही थी। इधर दीपांशु लगातार अपना इण्टरनेट ऑन करके सोशल मीडिया हैंडल संचालित कर रहा था। दीपांशु की लोकेशन पुलिस को उत्तराखंड के ऋषिकेश में मिली। उपनिरीक्षक दीपक राठौर, साइबर थाना सिपाही सुमित यादव और अमित कुमार मौके पर पहुंचे और ऋषिकेश के होटल से दीपांशु को बरामद कर लिया। कोतवाल अनिल सिंह के मुताबिक दीपांशु शेयर मार्केट में पैसा लगाता था। उसका काफी पैसा डूब गया था। जिसका रिकवर करने के लिए उसने कई आनलाइन कंपनियों से लोन लिया था। लोन कंपनियां दीपांशु पर पैसे भेजने का दबाव बना रही थी। जिससे घबराकर दीपांशु घर छोड़कर चला गया और उत्तराखण्ड में छिपकर रहने लगा। दीपांशु के सकुशल वापस आने पर परिजनों में खुशी का माहौल रहा। युवक के महमूदाबाद पहुँचते ही उसके घर पर जमावड़ा लगा रहा। सर्राफा व्यवसायी, रिश्तेदार सभी घर पहुँचकर दीपांशु का हालचाल लेने लगे। विधायक आशा मौर्या ने भी परिजनों से फोन पर बात की और युवक के सकुशल वापस होने पर हर्ष व्यक्त किया। मां पिंकी रस्तोगी, पिता प्रवीण रस्तोगी ने अपने पुत्र दीपांशु को गले से लगा लिया और रोने लगे।

संक्षेप

कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

ललितपुर। मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत हनुमान सागर में रहने वाले सीताराम पुत्र भगवानदास अहिरवार ने थाना बानपुर पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 2 अप्रैल की अपराह्न करीब 1 बजे उसका 23 वर्षीय पुत्र अभिषेक अपनी ससुराल ललितपुर के ग्राम रजवारा के लिए अपनी मोटर साइकिल संख्या एम.पी.36 एम.आई. 8162 हीरो स्पलेण्डर से अपनी पत्नी को लेने के लिए जा रहा था। बताया कि ग्राम गुगरवारा के पास एक अज्ञात चार पहिया वाहन जिसका नम्बर यू.पी.94 यू 5388 बताया गया है ने उसके पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पुत्र बाइक समेत जमीन पर गिर गया, जिससे उसके शरीर में काफी चोटें आयीं। मामले की सूचना तत्काल कचनौंदा बांध चैकी पुलिस को दी गयी, जिस पर पुलिस ने उसके पुत्र को घायलावस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान उसके पुत्र को झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया। झांसी मेडीकल कॉलेज में उसके पुत्र को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सीताराम अहिरवार की तहरीर पर उक्त कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 व 106 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

प्रभु श्री राम सनातन धर्म ही नहीं, संपूर्ण विश्व के आराध्य: संदीप सरावगी

जिला संवाददाता(vol)



ललितपुर। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल एवं संघर्ष सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में श्री राम जन्मोत्सव के अवसर पर शोभा यात्रा का भव्य आयोजन हुआ। यह यात्रा नेहरू महाविद्यालय से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो से होते हुए तुवन मंदिर प्रांगण पर समाप्त हुई। यात्रा के पश्चात बुंदेली भजन संध्या का भव्य आयोजन

- राम जन्मोत्सव पर शोभायात्रा एवं भजन संध्या का हुआ भव्य आयोजन

किया गया जिसमें हास्य कलाकार जित्तू खरे, रामदेवी एवं उनकी पूरी टीम द्वारा कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति की गयी पार्क में उपस्थित अतिथियों एवं आगमन को द्वारा कलाकारों करताल धोनी के साथ उत्साहवर्धन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ संदीप सरावगी द्वारा की गयी। इस अवसर पर डॉक्टर संदीप ने कहा प्रभु श्री राम सनातन धर्म ही नहीं संपूर्ण विश्व के आराध्य हैं। भगवान राम को मयार्दा पुरुषोत्तम के रूप में जाना जाता है एक मित्र, पिता, पति, भ्राता और शासक के रूप में जीवन कैसा होना चाहिए यह प्रभु श्री राम के चरित्र से दृष्टिगत होता है। वर्तमान सरकार के सहयोग से अयोध्या में राम मंदिर का भव्य निर्माण हुआ है जो संपूर्ण विश्व के समक्ष कला, आध्यात्म, संस्कृति और धर्म का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिए आप सभी के सहयोग हेतु मैं सभी का आभारी हूँ। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजक मंडल से सोनू ठाकुर, हिन्दू सचिन दुबे, आनन्द सोनी, दिनेश साहू, गौरव शर्मा, शंकर चन्देल, छोटे चैबे, कार्तिक करोसिया, पं. राजेन्द्र शुक्ला, कमलेश सोनी, प्रशान्त सोनी, बलराम पचैरी, बालकिशन नामदेव, पीयूष सोनी, विशाल ताम्रकार, सनराज यादव, दीपक राजपूत, मोहित श्रीवास्तव, चन्द्रप्रकाश जैन, अजय यादव (भरतपुरा), बल्लू यादव, समय नामदेव, प्रदीप बाजपेयी, पलास कस्यप, दीपक तिवारी, कृष्ण कुमार नामदेव, कुन्दन सिंह, शिवम शर्मा, राज राजा, छोटे साहू, रोहित दुबे, शंकर यादव, सचिन शुक्ला, नरेश शुक्ला, अभिषेक त्रिपाठी, सौरभ कुशवाहा, सम्यक राज नायक, संदीप तिवारी (टीकरा), निहाल सेन, अरविन्द कुशवाहा (पलया), राकेश कुशवाहा, नीलू कुशवाहा, रोमिल साहू, शिवलाल झां, आदर्श गुप्ता, चन्दन राजा, देवेन्द्र राजपूत, गब्बर रायकवार एवं संघर्ष सेवा समिति से संदीप नामदेव, आशीष विश्वकर्मा, अरुण पांचाल, सुशांत गेड़ा, मास्टर मुन्नालाल, बसंत गुप्ता, राकेश अहिरवार, देवेंद्र सेन, राजू सेन आदि उपस्थित रहे।

रिछा-जहानाबाद मार्ग के छूटे हिस्से का चौड़ीकरण शुरू

देवरनियां, बरेली। रिछा राइस मिलर एसोसिएशन (रजिस्टर्ड) अध्यक्ष और समाजसेवी अतहर हुसैन नियाजी द्वारा केंद्रीय राज्य मंत्री और पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद के समक्ष रिछा- जहानाबाद मार्ग पर कुंडरा कोठी से पीलीभीत जनपद की सीमा गांव बालपुर तक 1.5 किलोमीटर के सिंगल लेन को चौड़ा करने का मुद्दा उठाया गया था, उसपर कार्य शुरू हो गया। अतहर हुसैन नियाजी ने केंद्रीय रोड के उक्त हिस्से को चौड़ा कराने की मांग की थी, क्योंकि इस रोड से धान और चावल की गाड़िया गुजरती है। इस 1.5 किलोमीटर की सिंगल लेन पर साइड लेना भी मुश्किल है और गद्दे भी तमाम थे।

केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने नियाजी की बात का संज्ञान लिया, और उनके प्रतिनिधि रवि मल्होत्रा द्वारा अबगत कराया गया था के ये रोड का चौड़ीकरण पास हो गया है वहीं अतहर हुसैन ने रवि मल्होत्रा से मुलाकात कर केंद्रीय मंत्री का आभार भी जताया था। आज से मार्ग पर बालपुर से कुंडरा कोठी तक रोड चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो गया है। और उम्मीद है, कि जल्द ही यह कार्य हो जाएगा।

रोड का उक्त हिस्सा चौड़ा होने से मिलर्ज.के साथ साथ आम लोगो को भी काफी सहूलियत होगी।

भगवान श्री राम का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। श्री श्री 1008 श्री सिद्ध पीठ श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर तालाबपुरा में श्रीरामनवमी का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।

श्रीलक्ष्मी नृसिंह मंदिर के महाराज गंगा दासजी ने बताया है कि यह एक ऐसा पर्व है जिसमें आस्था, आध्यात्म, प्रकृति, पर्यावरण, धर्म और मानवीय उत्थान के विविध

- श्रीजुगल किशोर महाराज मन्दिर पर हुआ आयोजन

आयाम प्रकाशित हो जाते हैं। हिंदू संस्कृति में राम सिर्फ भगवान नहीं अपितु वे मानवीय शील, सदाचार और श्रेष्ठता के भी प्रतीक है। अपने आराध्य के जन्मोत्सव को लेकर भक्त जनों में काफी उत्साह नजर आया। भगवान श्रीराम का जन्म होते ही संपूर्ण मंदिर प्रांगण में जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा।

श्रद्धालुओं ने भगवान राम की आरती उतारी और महिलाओं ने मंगल सोहर गाए भए प्रगट कृपाला, दीनदयाला स्तुतो शुरू होते ही भक्तगण राम जन्म की खुशी में झूम उठे और पूरा माहौल भक्ति के रस में डूब गया। श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर परिसर मटके परिवार की ओर से दही की लस्सी और सब्जी पूड़ी वितरित की गई सभी भक्त जनों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में उपस्थित जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू एवं जनपद के सभी वरिष्ठ और सम्माननीय नागरिक उपस्थित रहे।

मोहल्ला तालाबपुरा डोड़घाट में स्थित श्री जुगल किशोर जी महाराज विराजमान फाउन्डेशन द्वारा रविवार को श्री जुगल किशोर जी महाराज मन्दिर पर रामनवमी के पावन पर्व पर भगवान राम का जन्मोत्सव बड़ी ही धूमधाम व आतिशबाजी के साथ मनाया गया जिसमें महिलाओं द्वारा भव्य भजन कीर्तन किये गये इसके बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया और भगवान राम के जन्मोत्सव पर अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने रामनवमी के कार्यक्रम में बढ़ चढ़ भाग लिया इस कार्यक्रम में प्रबंधक प्रियदर्शी शेखर, दिनेश शर्मा, नायक स्वपनिल जैन, डग्गू पटवा, मुकेश सेन, चन्दू सोनी, संतोष सोनी, लोकेश शर्मा, जय प्रकाश सोनी, महेन्द्र कुमार शर्मा, बबलू साहू, पवन साहू आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

खेत से लौट रहे युवक पर घात लगाकर हमला

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। खेत पर थ्रेसर करने गये पुत्र के साथ गांव के दबंगों ने गालियां देते हुये लाठी-डण्डों व कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को मड़ावरा सीएचसी ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। इधर घायल युवक के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर दबंगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

थाना सौजना क्षेत्रांतर्गत ग्राम अगौड़ी में रहने वाले प्रेमलाल पुत्र खुमान बुनकर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते शनिवार को रात करीब 8 बजे उसका पुत्र रतन बुनकर पुत्र प्रेमलाल के खेत पर थ्रेसर को गया हुआ था।

इसी दौरान उसे रिश्तेदारी में गमी की सूचना मिलने पर वह छोटू राजा पुत्र महिपाल सिंह के साथ बाइक से घर लौट रहा था। वह कपूरे व केबल सेन के दरबाजे तक पहुंचा ही था कि तभी पुरानी रंजिश को लेकर घात लगाये बैठे गांव के आधा दर्जन से अधिक लोगों ने एकराय होकर उस पर लाठी-डण्डों व कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में उसके सिर में कुल्हाड़ी लगने से वह निढ़ाल होकर जमीन पर गिर गया। तो वहीं लाठी की चोट से उसका पैर भी टूट गया। छोटू राजा ने भी उसे बचाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचा तो उक्त लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। बताया कि डायल 112 पर सूचना देने पर पुलिस मौके पर पहुंची, और सरकारी गाड़ी से घायल को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़ावरा लेकर पहुंची, जहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल भेजा गया।

जहां उसका उपचार चल रहा है। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोग काफी दबंग व्यक्ति हैं, जिससे वह व उसका परिवार परेशान है। पीड़ित ने पुलिस से उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना किये जाने की मांग उठायी है।

आईपीएल में सट्टा खिला रहे आठ सटोरिये दबोचे

जिला संवाददाता(vol)



ललितपुर। बाइस मार्च से शुरू हुये आईपीएल सीजन में सटोरियों पर पैनी नजर जमाये ललितपुर पुलिस को बड़ी सफलता हांसिल हुयी है। व्हाट्सऐप के जरिए ऑनलाइन सट्टा खिलाते हुये उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों के सटोरियों को धर दबोचा है। पुलिस की इस बड़ी

- कोतवाली पुलिस, स्वाट व सर्विलांस टीम को मिली सफलता
- इन्दौर, जालौन, औरैया, झांसी और ललितपुर के हैं सटोरी

कार्यवाही से आईपीएल के जरिए सटटा खिलाने के काले कारोबार में लिप्त सटोरियों में हड़कम्प मच गया है। कोतवाली पुलिस, स्वाट और सर्विलांस की सटीक कार्यवाही से मकान के अंदर से ऑनलाइन सटटा खिला रहे सटोरियों के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में मोबाइल फोन्स, लैपटॉप, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, चैक बुक, सिम कार्ड और रजिस्टर बरामद किये हैंजानकारी देते हुये पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि एडीजी कानुपर जोन, डीआईजी झांसी और एसपी ललितपुर मो.मुश्ताक के निर्देशन में आईपीएल पर सट्टा खिलाने वाले गिरोह पर बड़ी कार्यवाही की गयी है। मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने मोहल्ला लेडि ?पुरा स्थित एक मकान से सटटा खिला रहे आठ लोगों को धर दबोचा है। पकड़े गये सटोरियों में म.प्र.के महानगर इन्दौर के द्वारिकापुरी निवासी मयंक साहू पुत्र प्रभुदयाल साहू, औरैया के थाना जगम्मनपुर के महेबा बटपुरा निवासी रोहित करन राजपूत पुत्र इन्दल राजपूत, महरौनी के ग्राम अगौरा निवासी शीतल सेन पुत्र रामसेवक, ग्राम पनारी निवासी नीतेश सेन पुत्र रज्जन सेन, राजीव नगर नगरा झांसी निवासी धर्मेंद्र साहू पुत्र जानकी प्रसाद साहू, नहर के पास राजीव नगर थाना प्रेमनगर झांसी निवासी आशीष साहू पुत्र जगदीश साहू, जिला जालौन के थाना उरई अंतर्गत ग्राम पड़ौली निवासी ऋषि परिहार पुत्र मानसिंह एवं उरई के मुहल्ला बधौरा निवासी विवेक कुमार बताये गये हैं। पुलिस ने पकड़े गये सटोरियों के पास से भिन्न-भिन्न कम्पनियों के 26 मोबाइल फोन, भिन्न-भिन्न कम्पनियों के 03 लैपटाप, 11 एटीएम कार्ड, 03 आधार कार्ड, 05 बैंक पासबुक, 09 चैकबुक, सिमकार्ड व 05 रजिस्टर बरामद किये हैं। एएसपी ने बताया कि सटोरियों से बरामदगी के आधार पर सभी के खिलाफ सार्वजनिक जुआ (सटटा) अधिनियम की धारा 3/4 व 318 (4), 111 (3) के तहत एफआईआर दर्ज की गयी है। पूछताछ के दौरान सटोरियों ने बताया कि वह अलग-अलग जिलों के साथ अन्य राज्यों में ऑनलाइन सट्टा खिलवाते हैं। बताया कि मोबाइल के माध्यम से पब्लिक को आईपीएल मैच में ऑनलाइन सट्टा लगाने वाली साइड को व्हाट्सऐप से जोड़ते हैं और व्हाट्सऐप के जरिए ही भुगतान करने के लिए क्यू.आर. कोड व मोबाइल नम्बर देते हैं। भुगतान होने पर बेवसाइडों के आई.डी.पासवर्ड देते हैं और खिलाड़ी के हारने व जीतने के बाद उन्हें रुपये नकद व ट्रांस्फर कर देते हैं। हार-जीत का जो भी हिसाब मैच के बाद होता है, उसे रजिस्टर में अंकित कर शेष बची धनराशि को आपस में बांट लेते हैं। इसके अलावा लैपटॉप के माध्यम से हार-जीत की बाजी लगायी जाती है और सिम कार्डों को कूटरचित इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों से हेरफेर करके फर्जी तरीके से निकाल लेते हैं, जो कि दूसरे लोगों के नाम पर होती है। आईपीएल में सट्टा खिलाने वाले गिरोह को पकड ? वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रमेशचंद्र, सदर चैकी इंचार्ज अनुराग शर्मा, बांध चैकी प्रभारी रोहित सिंह, नेहरू नगर चैकी इंचार्ज अंकित कौशिक, स्वाट टीम प्रभारी अतुल तिवारी आदि शामिल रहे।

रोटी बैंक ने गरीबों को बांटे कपड़े, किताबें



बांदा। रोटी बैंक सोसाइटी के सदस्य महेन्द्र पाल के नेतृत्व में ग्राम प्रधान अशोक कुमार प्रजापति चिल्ली ब्लॉक बड़ोखर खुर्द की उपस्थिति में शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों ने कपड़े, किताबें, जूते-चप्पल, पर्स आदि का वितरण जरूरतमंद ग्रामीणों को किया। गांव के लोगों को नशामुक्ति, जल संरक्षण तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति सोसाइटी टीम की महिला महामंत्री रिया खान ने जागरूक किया। कपड़े, किताबें, जूते चप्पल आदि पाकर ग्राम वासियों में अपार खुशी दिखाई पड़ी, सभी ने दुआएं आशीर्वाद से नवाजा। बताते चलें कि बांदा रोटी बैंक सोसायटी के संरक्षण शेख सादी जमा, सह संरक्षक चंद्रमौलि भरद्वाज के संरक्षण में सचिव मोहम्मद इदरीस की अध्यक्षता में प्रत्येक रविवार को ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के गरीबों व जरूरतमंदों के बीच कपड़े, किताबें, जूते-चप्पल आदि वितरित किया जा रहा है। वितरण के दौरान कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम, मोहम्मद सलीम उपाध्यक्ष, इरफान खान कोषाध्यक्ष, मोहम्मद अजहर महामंत्री, मोहम्मद हामिद शाखा प्रमुख गूलर नाका, नग्गो खातून, राबिया खान, नेहा खातून के अलावा सोसायटी के सदस्यों एवं समाजसेवियों ने योगदान दिया।

किसान ने लगायी फांसी

बांदा। पैलानी थाना क्षेत्र के खरेई गांव के उसरा डेरा में किसान हीरा 25 ने बीती शाम घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना उस समय हुई जब परिवार के सभी लोग खेत फसल काटने गये थे। शाम को परिजन जब घर लौटे तो उन्होने हीरा को सीलिंग फैन से लटकता हुआ पाया। परिजनों के रोने की आवाज सुनकर पड़ोस के लोग भी पहुंच गए। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूंछताछ कर जांच पड़ताल की। मृतक के पिता ने बताया कि वह पत्नी पार्वती और बहू लक्ष्मी के साथ फसल काटने खेत गये थे। घटना के समय घर में कोई नही था। हीरा की शादी एक वर्ष पूर्व सांड़ी गांव में हुई थी। अभी तक फांसी लगाने का कारण पता नही चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

वेंटिलेटर का शीशा तोड़कर लाखों की चोरी

बहेड़ी, बरेली। बंद मकान की विंडो के वेंटिलेटर का शीशा तोड़कर चोरों ने अलमारी में रखी कई लाख की सोने की ज्वैलरी और नगदी चुरा ली। गृहस्वामी मकान में ताला डालकर रिश्तेदारी में शादी में गया हुआ था। घटना की तहरीर पुलिस में दे दी गई है।

ग्राम जाम सावंत जुनूबी का इरफान पुत्र बुंदन घर मे ताला डालकर परिवार सहित बहादुरगंज में मौसेरे भाई की शादी में गया हुआ था। रात में किसी समय चोर उसके मकान की खिड़की के वेंटिलेटर का शीशा तोड़कर घर मे घुस गए। चोर उसके कमरे में रखी अलमारी से सोने चांदी के जेवर और 70 हजार की नगदी चुरा ले गए। जब इरफान को चोरी का पता चला तो वह घर पहुंचा तो देखा सारा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी में रखा जेवर गायब था। उसने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है।

अन्नपूर्णा भोजनशाला के 9 वर्ष पूरे, दसवें वर्ष में किया प्रवेश



ललितपुर। अन्नपूर्णा सेवा संघ का स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह सहित अन्नपूर्णा निराश्रित आश्रम में दान दे रहे दानदाताओं का सम्मान समारोह जिला अस्पताल परिसर में स्थित अन्नपूर्णा भोजनशाला हाल में किया गया किया गया। मुख्य अतिथि अरविंद सराफ ने अन्नपूर्णा मां एवं सरस्वती मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुषमा भगवानदास साध ने बताया कि अन्नपूर्णा सेवा संघ के अंतर्गत 7 अप्रैल 2016 से अन्नपूर्णा भोजनशाला का शुभारंभ जिला अस्पताल परिसर ललितपुर में किया गया जिसमें जरूरतमंदों के निशुल्क भोजन हेतु दोनों समय यह सेवा शुरू की गई। 9 वर्ष पूर्ण होने पर जिला अस्पताल परिसर ललितपुर में स्थित अन्नपूर्णा भोजनशाला हाल में अन्नपूर्णा सेवा संघ का दसवां स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महेंद्र बड़घरिया ने अन्नपूर्णा की सातों योजनाओं को जनहित में वरदान बताया।

- विगत 9 वर्षों से गरीबों एवं जरूरतमंदों को दोनों वक्त का नि:शुल्क सम्मान सहित भोजन करा रही है संस्था
- निशुल्क भोजनषाला सहित ऑक्सीजन बैंक, एम्बुलेंस, शव वाहन सहित क्लॉथ बैंक का निशुल्क संचालन कर रही संस्था
- निर्माण कार्य हेतु प्रियदर्शी चैबे ने ढाई लाख तथा डॉ राजकुमार जैन ने एक लाख के दान की घोषणा की

विशिष्ट अतिथि भगवान महावीर नेत्र चिकित्सालय के अध्यक्ष अरविंद जैन ने बताया कि अन्नपूर्णा सेवा संघ के अंतर्गत 7 अप्रैल 2016 से अन्नपूर्णा भोजनशाला शुरू की गई जिसमें ललितपुर जिले के जो व्यक्ति जिला अस्पताल ललितपुर में इलाज कराने के लिए आते हैं वह अन्नपूर्णा भोजशाला में निशुल्क भोजन प्राप्त करते हैं। इस वजह से ललितपुर में कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं रह सकता। उसके उपरांत 18 मई 2021 से अन्नपूर्णा ऑक्सीजन बैंक का शुभारंभ कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी को पूरा करने के लिए शुरू किया गया जिससे सैकड़ो लोगों को ऑक्सीजन तो मिला ही साथ में कोरोना काल में लोगों को हिम्मत भी प्रदान हुई कि अब उन्हें ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं होगी इसके उपरांत आज भी लगातार 40 से 50 लोगों को प्रतिदिन आक्सीजन प्रदान की जा रही है। 6 जून 2021 से अन्नपूर्णा एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ गंभीर मरीजों को उच्च अस्पतालों में इलाज हेतु निशुल्क आवागमन के लिए किया गया, चुकी ललितपुर मध्य प्रदेश से घिरा हुआ है तथा लोग सागर भोपाल और ग्वालियर अपने मरीज को इलाज के लिए ले जाते हैं जहां पर सरकारी एंबुलेंस नहीं जाती है ऐसे समय में अन्नपूर्णा की एंबुलेंस निशुल्क मरीज को अच्छे अस्पतालों में इलाज के लिए भेज देती है जो उसकी जान बचाने में सहायक होता है। अन्नपूर्णा क्लॉथ बैंक 25 दिसंबर 2022 से, अन्नपूर्णा नेकी की दीवार 5 नवंबर 2023 से, अन्नपूर्णा शव वाहन सेवा 7 अप्रैल 2024 से एवं इस वर्ष 16 फरवरी 2025 से अन्नपूर्णा मुक्ति रथ का संचालन लोगों की सुबह को मुक्तिधाम ले जाने हेतु जनहित में निशुल्क एवं लगातार किया जा रहा है। जेपी यादव, अन्नपूर्णा के संरक्षक बीके अग्रवाल, डॉक्टर पूरन सिंह निरंजन ने संस्था के कार्यों की सराहना की। अन्नपूर्णा सेवा संघ द्वारा पधारे हुए समस्त दानदाताओं एवं पत्रकारों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रियदर्शी चैबे ने एक कमरे के निर्माण हेतु 2 लाख 51000 तथा डॉ राजकुमार जैन ने अन्नपूर्णा के संरक्षक सदस्य हेतु एक लाख रुपए की धनराशि की घोषणा की। जिसके लिए उन्हें सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संचालक सदस्य के रूप में प्रतिवर्ष 21000 रुपए की स्वीकृति अतुल सोनी, श्रीमती प्रीति अमित तिवारी, पीयूष टड़ैया, रविंद्र सिंह रवि राजा द्वारा प्रदान की गई तथा निराश्रित आश्रम के निर्माण हेतु एक बार के 11000 की स्वीकृति उमेश शर्मा द्वारा उनके सुपुत्र के जन्मदिन पर एवं सेतु यादव एवं विजय सिंह परमार द्वारा प्रदान की गई अंकित जैन मोदी शिक्षक द्वारा 1 दिन की भोजनशाला एवं एक दिन की एंबुलेंस सेवा की स्वीकृति प्रदान की गई। इस अवसर पर विशेष रूप से नेत्रहीन भिक्षुक दंपति श्रीमती शशिमती बृजेश जोशी का सम्मान किया गया।

निजी स्कूलों की अंधी कमाई पर जेडीयू करेगा आंदोलन

बांदा। जिले में शिक्षा के नाम पर निजी स्कूलों की अंधाधुंध कमाई गंभीर चिंता का विषय बन गयी है। नॉन प्रॉफिट आगेर्नाइजेशन के तहत पजीकृत स्कूल सफेद कॉलर की आड़ में मुनाफाखोरी कर रहे हैं। जनता दल यूनाईटेड महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल का कहना है कि समय आ गया है कि एक देश एक शिक्षा नीति को सख्ती के लागू किया जाए।

उन्होने मांग की, कि सभीस्कूलों में एक जैसे पाठ्यक्रम, समान पुस्तकें और निर्धारित मूल्य व्यवस्था लागू हो साथ ही किताबों और डेज्स की मनमानी बिक्री करने वाले प्रकाशकों और स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

शालिनी सिंह ने जिला प्रशासन और राज्य सरकार से चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि इस मुद्दे पर शीघ्र ठोस कार्रवाई नही की गयी तो जनता दल यूनाईटेड प्रदेश में बड़ा जन आंदोलन शुरू करेगा। उन्होने कहा कि ईसाई मिशनरी स्कूलों की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह अंग्रेजी भाषा की आड़ मे जिस प्रकार बेतहाशा कमाई कर रहे हैं वह ब्रिटिश शासन की ईस्ट इंडिया कंपनी की लूट की याद दिलाती है। शिक्षा को सेवा नही बल्कि व्यापार बना दिया है।

शालिनी पटेल का कहना है कि अधिकांश निजी स्कूलों ने अपने परिसर अथवा पास में 70 फीसदी तक कमीशन वाली दुकाने खोल रखी हैं जहां किताबें और यूनिफॉर्म बेंची जाती हैं।

आश्चर्य की बात है कि इन सामानों पर मनमाना मुनाफा पहले से ही तय होता है और अभिभावकों को इन दुकानों से खरीदारी के लिए मजबूर किया जाता है।

उन्होने कहा कि यदि शासन और प्रशासन इस पर शीघ्र कार्रवाई नही करता तो पार्टी मजबूर होकर आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

भाजपा का स्थापना दिवस मना जिलाध्यक्ष ने गिनायीं उपलब्धियां



बांदा। भाजपा का 45 वां स्थापना दिवस को पार्टी जिला कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यालय को गुब्बारों व झालरों से सजाया गया था, ध्वजारोहण के पश्चात मिष्ठान वितरण हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने ध्वजारोहण करने के बाद प्रेस वार्ता में पार्टी की स्थापना को लेकर अब तक की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी जबकि इसकी बुनियाद स्वतंत्रता सेनानी डॉ, श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1951 में ही भारतीय जनसंघ बनाकर कर दी थी। वर्ष 1984 के चुनाव में पार्टी को मात्र दो सीटें मिली थीं लेकिन अब 45 वर्ष में भाजपा न केवल तीसरी बार केंद्र की सरकार में है वल्कि 19 राज्यों में भी सरकार में है। उन्होंने कहा की वर्ष 1989 में भाजपा के केवल 16 विधायक थे तब भी भाजपा अपने कार्यकताओं को लेकर सजग थी। आज प्रदेश में भाजपा के 87 जिला कार्यालय एवं 5 क्षेत्रीय कार्यालय है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसा दल है जिसने 45 वर्ष के अंदर ऐसी उपलब्धि प्राप्त की है जिसके तहत उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा नल कनेक्शन देने वाला राज्य है। प्रदेश में 507479 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है और 2.36 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण परिवारों को नल से शुद्ध पानी मिल रहा है। सरकार ने लोगों को घर, बिजली और पानी देने की महत्वआकांक्षी योजनाओं को धरातल पर लाकर विकास कार्य को अमलीजामा पहनाने का कार्य किया है। इस दौरान राष्ट्रीय परिषद सदस्य संतोष गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लवलेश सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, उत्सव अभियान के संयोजक संतू गुप्ता व जिला सह संयोजक उत्तम सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष मनोज पुरवार, जाग्रति वर्मा, सक्सेना, जिला मंत्री राजर्षी शुक्ला, दिलीप तिवारी, मुन्नी गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष दक्षिणी राजेश गुप्ता, उत्तरी राजेश गुप्ता, बड़ोखर श्यामबाबू पाल आदि मौजूद रहे।

नकदी और जेवर लेकर फरार

शीशगढ़, बरेली। शादी के ढाई माह बाद ही ईंट भट्ठा मजदूर की नवविवाहित पत्नी अपने तीन दोस्तों के साथ घर में रखी नकदी व जेवर लेकर फरार हो गईं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को वताया कि वह ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। उसकी शादी 14जनवरी को सुधा पुत्री सुक्कन निवासी ग्राम धामनी रिवाय बुलंदशहर के साथ हुई थी। तीन अप्रैल को वह पत्नी को घर पर छोड़कर भट्ठे पर मजदूरी करने गया था। शाम को मजदूरी करके जब वह घर पहुंचा तो पत्नी घर पर नहीं थी। वह अक्सर फोन पर लव कुश, पुष्पेंद्र व अनिल से फोन पर बात करती थी। पूछने पर उन्हें दोस्त बताती थी। घर से पत्नी सोने चांदी के जेवरों के साथ 70 हजार रुपए भी साथ ले गईं है।

सैम्पल के नाम पर छोटे व्यापारियों का किया जा रहा उत्पीड़न : हरीश कपूर

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। बुन्देलखण्ड विकास सेना की एक आवश्यक बैठक स्थानीय कंपनी बाग में सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में ललितपुर जिले में खाद्य सुरक्षा

- व्यापारियों में भय का माहौल बना रहा है खाद्य एवं औषधि विभाग
- खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

विभाग की कार्यप्रणाली और व्यापारियों पर सैम्पलिंग के नाम पर किए जा रहे शोषण पर गहरी चिंता और रोष व्यक्त किया गया।

बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि औषधि और खाद्य प्रशासन के अधिकारी सैम्पलिंग के नाम पर छोटे व्यापारियों को छापा का भय दिखाकर धमकाते हैं और अवैध वसूली करके उनका उत्पीड़न करते हैं, जिस कारण छोटे व्यापारियों में डर का माहौल बना हुआ है।

बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि जहां एक ओर योगी जी की सरकार रामराज्य की बात करती है तो वहीं दूसरी ओर खाद्य सुरक्षा विभाग के बेलगाम अधिकारी छापे का डर दिखाकर व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं।

छोटे छोटे व्यापारी जैसे तैसे इस कठिन दौर में अपना भरण-पोषण कर पा रहे हैं तो खाद्य सुरक्षा विभाग के उत्पीड़न के कारण उनके धंधे बन्द होने की कगार पर आ गये हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर लगाम लगायें।

मांगे नहीं माने जाने की दशा में बु. वि. सेना उग्र आन्दोलन छेड़ने को बाध्य हो जायेगी।

बैठक में बु.वि सेना के वरिष्ठ सदस्य राजमल बरया, कदीर खान, राजकुमार कुशवाहा, फूलचंद रजक, अमरसिंह बुन्देला, मुन्ना त्यागी, विनोद साहू, रामप्रकाश झा, कमल विश्वकर्मा, जगदीश झा, प्रदीप साहू, लल्लू विश्वकर्मा, संजू राजा, अनिल अहिरवार, भैय्यन कुशवाहा, प्रदीप साहू, विक्की सोनी, पुष्पेन्द्र शर्मा, कामता प्रसाद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

यूनुस को खरी-खरी

संभवतः मोहम्मद यूनुस भारत को ब्लैकमेल करना चाहते थे। इसीलिए उन्होंने पाकिस्तान के साथ गलबहियां करके और चीन को भारत के पड़ोस में खुला निमंत्रण देकर दबाव की कूटनीति खेली थी। लेकिन बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में बांग्लादेश के अनुरोध पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैंकॉक में मोहम्मद यूनुस की जो द्विपक्षीय बैठक हुई उसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सख्त तेवर के कारण यूनुस ढीले पड़ गये। दरअसल मोहम्मद यूनुस की संवैधानिक वैधता नहीं है। वे न प्रधानमंत्री हैं, न राष्ट्रपति हैं और न ही निर्वाचित हैं। बांग्लादेश पर उनको मुख्य सलाहकार के रूप में सीआईए और आईएसआई ने एक तरह से थोपा है। ऐसे थोपे गये व्यक्ति या विदेशी मोहरों के साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री का मिलना इस बात का संकेत था कि इसमें कुछ बड़ा हो सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले यूनुस से दूरी बना रख थी। यूनुस संयुक्त राष्ट्र महासभा के अधिवेशन के दौरान भी मोदी से मिलना चाहते थे लेकिन तब उनको समय नहीं दिया गया था। बांग्लादेश ने इस बार बिम्सटेक शिखर सम्मेलन से पहले ही यह एलान कर दिया था कि भारत के साथ बांग्लादेश



कूटनीतिक संवाद करना चाहता है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी से समय मांगा गया है। भारत ने एकदम आखिरी समय पर बांग्लादेश को मुलाकात का समय दिया। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस जब प्रधानमंत्री मोदी से मिलने पहुंचे तो मोदी ने औपचारिक अभिवादन ही किया। यूनुस के साथ गर्मजोशी नहीं दिखायी। उनके साथ मिलने पहुंचे बांग्लादेश के शिष्टमंडल के किसी अन्य सदस्य से हाथ मिलाने की औपचारिकता भी नहीं निभायी। मोदी के सख्त रुख के कारण यूनुस बहुत नर्वस और आत्मविश्वास रहित दिख रहे थे। हालांकि उन्होंने जबरदस्ती अपने चेहरे पर मुस्कान लाने की कोशिश की, लेकिन तनाव साफ नजर आ रहा था। बांग्लादेश के निर्माण से लेकर विकास तक में, भारत की अहम भागीदारी है। आज बांग्लादेश से आये करोड़ों लोग भारत में रहते हैं और यहीं से उनकी रोजी चलती है। बांग्लादेश के लिए भारत ने खून बहाया है, हमारी शहादत से बांग्लादेश बना। हमारी मदद से विकास किया, सड़कें बनीं और बिजली, पानी से लेकर दवा, भोजन तक का इंतजाम भारत की मदद से किया। लेकिन आज जिस तरह मोहम्मद यूनुस बिना किसी वैधता के, बिना किसी पद और चुनाव जीते भारत को आंखें दिखा रहे हैं, चीन को भारत के पड़ोस में बुलाकर, आईएसआई को भारत के संवेदनशील क्षेत्रों के नजदीक लाकर, ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रहे थे, वह मोदी जैसे बड़े और ताकतवर नेता के लिए नाकाबिल ए बर्दाश्त है। आखिर मोहम्मद यूनुस की क्या हैसियत है? बांग्लादेश आज जिस स्थिति में है उसमें भारत का योगदान बहुत अधिक है। यूनुस ने तो नुकसान ही पहुंचाया है। ऐसे में जब यूनुस मोदी से मिले, तो मोदी ने उनके सामने हिन्दुओं और अन्य अल्प संख्यकों की सुरक्षा, जल्द से जल्द चुनाव कराने और भारत के खिलाफ अनावश्यक बयानबाजी बंद करने को कहा। मोहम्मद यूनुस के लिए इतना काफी था। क्योंकि चुनाव कराने का मतलब है कि बांग्लादेश में निर्वाचित सरकार आये तब उसके साथ भारत के संबंधों की दिशा और दशा निर्धारित की जाये। यूनुस की ऐसी हैसियत ही नहीं है कि बांग्लादेश से रिश्तों के संदर्भ में कोई ठोस बातचीत हो। आखिर उनको मुख्य सलाहकार सिर्फ चुनाव कराने के लिए ही बनाया गया है। यूनुस चुनाव नहीं कराना चाहते। उनकी कोशिश चुनाव टालकर सलाहकार बने रहने और अवैध रूप से सत्ता चलाने की है। बस यही तथ्य है जो मोहम्मद यूनुस के साथ महत्वपूर्ण कूटनीतिक संवाद करने से भारत को रोकता है। बहरहाल मोदी ने यूनुस को सख्त लहजे में भारत की चिंताओं से अवगत कराकर उनकी हैसियत बता दी है।

विचार

शिक्षा का उद्देश्य है मन को संयम में लाना, सजाना नहीं, उसको अपनी शक्तियों का योग करना सिखाना। दूसरे के विचारों को इकट्ठा करना नहीं।

-ड्रायन एडवर्ड.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

-स्वामी रामतीर्थ.

व्रत का महात्म्य वहीं तक कल्याणकारी है जहां तक ध्यान और अध्ययन में वह बाधक न हो।

-मुनि गणेश वर्णी.

पानी और उसका बुलबुला एक ही चीज है। उसी प्रकार जीवात्मा और परमात्मा एक ही चीज है। अंतर सिर्फ यह है कि एक परिमित है, दूसरा अनंत, एक परतंत्र है दूसरा स्वतंत्र।

-गुरुनानक.

अतिथि समाज का एक प्रतिनिधि होता है। अतिथि के रूप में समाज हमसे सेवा मांग रहा है, हमारी यह भावना होनी चाहिए।

-विनोबा भावे.

देश के लिए बड़ी चुनौती है ट्रंप की टैरिफ नीति



मनोज बाजपेयी



विमर्श

देश में रोजगार सृजन, गुड्स एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में विदेशी निवेश आकर्षिक करने के लिए भारत सरकार ने 'मेक इन इंडिया' और पीएलआई जैसे कार्यक्रम की शुरूआत की थी। यह भारत के लिए जरूरी भी था क्योंकि देश की विशाल युवा आबादी को नियोजित करने के लिए भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित करना जरूरी है। इस दिशा में ठोस पहल के लिए सरकार ने मेक इन इंडिया कार्यक्रम लांच किया था। इसका उद्देश्य यह था कि जैसे चीन, ताइवान, वियतनाम आदि में बड़े पैमाने पर विनिर्माण हो रहा है और उनको यूरोप और अमरीका के बाजारों में निर्यात किया जा रहा है, ठीक उसी तरह भारत को भी विनिर्माण का हब बनाया जाये। विनिर्माण सेक्टर में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं और हमारे पास युवा शक्ति के रूप में जो बड़ी डेमोग्राफी है, उसको कारखानों में नियोजित कर देश की जीडीपी को भी बढ़ाया जाये और युवाओं के लिए रोजगार के मौके भी बढ़ाये जायें। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी बार-बार भारत की युवाशक्ति के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे 'डेमोग्रॉफिक डिवेडेंट' कहते रहे हैं।

हमारी इस डेमोग्रॉफी का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा जब हमारे देश के युवा काम धंधे में लगे होंगे। इस तरह मेक इन इंडिया एक महात्वकांक्षी प्रोगाम है, लेकिन अमरीकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने जिस तरह से 'मेक अमरीका ग्रेट अगेन' मिशन के तहत दुनिया भर के उत्पादों पर टैरिफ लगा दिया है, उससे मेक इन इंडिया को भी झटका लग सकता है। दरअसल ट्रंप दुनिया भर में फैले अमरीकी उद्यमों को अमरीका में वापस खींचना चाहते हैं और इसी योजना के तहत उन्होंने टैरिफ वार शुरू किया है। उनकी कोशिश है कि विदेशी वस्तुओं को महंगी करके कंपनियों को अमरीका में कल-कारखाने लगाने के लिए बाध्य किया जाये। इससे अमरीका में रोजगार बढ़ेगा, निवेश बढ़ेगा और अमरीका की जीडीपी बढ़ेगी। ट्रंप की यह योजना 'मेक इन इंडिया' मिशन को बड़ा झटका दे सकती है। आज भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक बड़ा खिलाड़ी बनकर उभर रहा है और उसका गुड्स निर्यात 437 अरब डॉलर है। अगर इसे रुपये में देखें तो यह 37 लाख करोड़ से अधिक बनता है, जो उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य की संपूर्ण अर्थव्यवस्था से भी बहुत बड़ा आंकड़ा है। इन 437 अरब डॉलर के गुड्स निर्यात में लगभग बीस फीसद अर्थात 85 अरब डॉलर से अधिक अकेले अमरीका को होता है। अमरीका को मुख्य रूप से मेडिसिन, इंजीनियरिंग गुड्स, डायमंड, जेम्स-ज्वैलरी, गारमेंट, वाहनों के गलपुर्जे, शोधित पेट्रोलियम, इलेक्ट्रॉनिक गुड्स आदि का निर्यात होता है। ट्रंप ने रेसिप्रोकल टैरिफ योजना के तहत भारतीय उत्पादों पर 27 फीसद का टैरिफ लगा दिया है। इससे देश के निर्यात अमरीकी बाजारों में महंगे हो जायेंगे और इस स्थिति में प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जायेंगे। अमरीकी टैरिफ वार से भारतीय उद्यमों को बचाने के लिए सरकार को टैक्स प्रोत्साहन, ब्याज में छूट, निर्यात होने वाले उत्पादों के लिए पीएलआई और कैपिटल इंशेंटिव जैसी इस्कीमों के जरिए बढ़े हुए टैरिफ के नकारात्मक प्रभावो को कम करना चाहिए।

इस संदर्भ में विशेषज्ञों का कहना है कि अगर भारत को अपनी महत्त्वाकांक्षी मेक इन इंडिया पहल को बरकरार रखना है और अमेरिकी शुल्कों के संभावित नकारात्मक व्यापार असर को कम करना है तो उसे उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का विस्तार करना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने 9 अप्रैल से भारत से होने वाले आयात पर 27 फीसद का जवाबी शुल्क लगा दिया है। हालांकि उन्होंने फार्मास्यूटिकल्स उत्पादों, सेमीकंडक्टर, लकड़ी के सामान, तांबा और सोना, ऊर्जा संसाधन और कुछ चुनिंदा खनिजों जैसी पर छूट दी है। इसके अलावा, इस्पात, एल्यूमीनियम, वाहन और वाहन पुर्जे पहले से ही धारा 232 के शुल्कों के दायरे में हैं। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि ट्रंप प्रशासन के इन शुल्कों के कारण भारत को सुधारों पर तेजी से आगे बढ़ने और मेक इन इंडिया व पीएलआई योजना जैसी योजनाओं का विस्तार करना जरूरी हो गया है।

भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के तौर पर स्थापित करने के लिए साल 2020 में पीएलआई योजना शुरू की गई थी। 1.97 लाख करोड़ रुपये की इस योजना में मोबाइल फोन, ड्रोन, व्हाइट गुड्स, दूरसंचार, कपड़े, वाहन, विशेष इस्पात, फार्मास्यूटिक दवाओं सहित 14 क्षेत्र शामिल हैं। सरकार को अब इस योजना को आगे बढ़ाना होगा और घरेलू उद्योगों को भी सुरक्षा देनी होगी। कपड़ा, बहुमूल्य नग और कुछ हद तक फार्मा उद्योग, जिसमें छोटे और मझोले उद्यम शामिल हैं, ऐसे क्षेत्र हैं जिन पर अमेरिकी शुल्कों का असर बहुत अधिक हो सकता है। इन क्षेत्रों को पीएलआई के दायरे में लाकर इनका संरक्षण करना जरूरी हो गया है। पीएलआई योजना कुछ क्षेत्रों को लगे झटके को कम कर सकती है। उदाहरण के लिए, भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात, जिसमें भारत में एप्पल के आईफोन के विनिर्माण के कारण भारी उछाल आई है, इस पर नकारात्मक असर पड़ने की आशंका है। विशेषज्ञों का कहना है कि स्मार्टफोन के लिए पीएलआई योजना के कारण यह क्षेत्र बेहतर स्थिति में हो सकता है।

दरअसल इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात सीधे तौर पर अमेरिकी शुल्कों से प्रभावित होगा मगर चीन और वियतनाम जैसे अपने एशियाई प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले भारत इनके असर को बेहतर तरीके से झेलने में सक्षम है। इसके अलावा, भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा पर अपने प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले कम असर होगा क्योंकि वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखला में उसका हिस्सा छोटा है। फिलहाल भारत आईफोन उत्पादन में 10 से 15 फीसदी का योगदान दे रहा है। दूसरी ओर, चीन के लिए जवाबी शुल्क 54 फीसदी है और वियतनाम पर 46 फीसदी। चूंकि रेसिप्रोकल टैरिफ उन देशों पर भी लगाया गया है जो अमरीका सबसे ज्यादा गुड्स निर्यात करते हैं, इस कारण भारत को इन चुनौतियों से निपटने में जरूरी आसानी हो सकती है। कपड़ा जैसे कुछ क्षेत्रों में वियतनाम, बांग्लादेश और चीन जैसे प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले भारत बेहतर स्थिति में है। इन पड़ोसी देशों को ऊंचे शुल्कों का सामना करना पड़ रहा है। भारत के कपड़ा उद्योग की संभावित बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मेक इन इंडिया को और बढ़ावा देने के लिए सरकार के अधिक समर्थन की जरूरत है।

जवाबी शुल्क से भारत को नुकसान भी है, तो मौके भी बन सकते हैं। अमेरिकी बाजारों में विशेषकर बजट सेगमेंट के कारों, ईवी आदि में बड़ी हिस्सेदारी हासिल करने का सुनहरा मौका भी है। पिछले साल अमेरिका को चीन का वाहन और पुर्जा निर्यात 17.99 अरब डॉलर था जबकि भारत का सिर्फ 2.1 अरब डॉलर। इन क्षेत्र में अधिक हिस्सेदारी पाने के लिए जरूरी है कि सरकार पीएलआई योजना में अधिक से अधिक वाहनों के कल-पुर्जों को शामिल करना चाहिए और नई कंपनियों को अवसर देना चाहिए। ट्रंप की नीतियों से वर्तमान विश्व व्यवस्था में व्यापक बदलाव आयेगा और नयी विश्व व्यवस्था में अधिक हिस्सेदारी के लिए गंभीर पहल की जरूरत है।

(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)

> डेमोग्रॉफी का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा जब हमारे देश के युवा काम धंधे में लगे होंगे। इस तरह मेक इन इंडिया एक महात्वाकांक्षी प्रोगाम है, लेकिन अमरीकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने जिस तरह से 'मेक अमरीका ग्रेट अगेन' मिशन के तहत दुनिया भर के उत्पादों पर टैरिफ लगा दिया है, उससे मेक इन इंडिया को भी झटका लग सकता है।

सोशल मीडिया



संसद में वक़्फ़ बिल पर सत्ता व विपक्ष को सुनने के बाद निष्कर्ष निकलता है कि सरकार संदेह दूर करने व बिल को समझने के लिए कुछ समय और जनता को देती, तो यह बेहतर होता। मायावती.



हम इस वक़्फ़ संशोधन कानून के खिलाफ कोर्ट में लड़ाई लड़ेंगे। बीजेपी मुसलमान, मुसलमान कर रही है लेकिन उसके पास एक भी मुस्लिम एमपी नहीं हैं। असदुद्दीन ओवैसी.



राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर अपने पुरी स्थित आवास पर पार्टी का ध्वज लगाकर विकसित भारत बनाने संकल्प आज लिया। संबित पात्रा

24 मकान और 4 दुकान बस इतना ही है लैंढोर



पर्यटन

मुझे सामान्य व्यक्तियों से अधिक गर्मी लगती है। पसीना भी ज्यादा आता है ताकि मेरा जिस्म कूल रहे। इसलिए जैसे ही गर्मियां दस्तक देने लगती हैं, मैं यूरोप की तरफ निकलने का इरादा करता हूं और अगर किसी वजह से स्वीडेन या स्विट्जरलैंड जाने की योजना सफल न हो तो उत्तर भारत के हिल स्टेशनों का रुख करता हूं। इस बार मैं लैंढौर आया हुआ हूं, वहीं से यह लेख लिख रहा हूं।

मैंने दिल्ली से फ्लाइट पकड़ी और देहरादून के जॉलीग्रांट हवाई अड्डे पर उतरा। वहां से टैक्सी के जरिये पहले लगभग 60 किमी का सफर तय करके मसूरी पहुंचा। मसूरी से लैंढौर मात्र 7 किमी के फासले पर है। हालांकि भारत के सभी प्रमुख शहरों से देहरादून के लिए सीधी फ्लाइट मिल जाती है, लेकिन अगर आप रेल या सड़क मार्ग से आना चाहें तो भी देहरादून के लिए दिल्ली से सीधी रेल व बस सेवाएं उपलब्ध हैं। मुंबई आदि महानगरों से भी देहरादून के लिए सीधी रेल मिल जाती हैं। अगर आप मेरी तरह प्राकृतिक सौन्दर्य और शांति की तलाश में रहते हैं तो आप लैंढौर अवश्य आयें। यह एक ऐसा हिल स्टेशन है, जहां भीड़ मुश्किल से ही होती है। अंग्रेजी राज का बसाया हुआ ये हिल स्टेशन आधुनिक दुनिया से अछूता है, पर्यटक भी कम ही आते हैं, लेकिन इसकी सुंदरता के आप कायल हो जायेंगे। इसकी खूबसूरती ने तो मुझे इतना मंत्रमुग्ध कर दिया है कि मेरी इच्छा स्थायी तौर पर यहीं बसने की हो रही है, लेकिन व्यावसायिक मजबूरियां यह फैसला करने से मुझे रोक रही हैं।

लैंढौर मसूरी के पास स्थित एक ऐसा छोटा सा पहाड़ी क्षेत्र है जो गर्मी से मुकम्मल राहत देता है। इसकी सड़कों पर न शोरगुल है और न ही दुकानों की भीड़, लेकिन यह प्राकृतिक सुंदरता, ठंडी जलवायु और शांत वातावरण से लबरेज है। चूंकि लैंढौर मसूरी से मात्र 7 किमी के फासले पर है इसलिए इसे मसूरी का ही एक हिस्सा माना जाता है। लेकिन लैंढौर पहाड़ों की रानी का तिआरा है। मसूरी जैसे व्यस्त शहर के इतने करीब स्थित होने के बावजूद लैंढौर शांत, अनदेखे और अछूते आकर्षण से भरा हुआ है। यह सवाल किया जा सकता है कि मसूरी के इतने करीब होने के बावजूद लैंढौर इतना अलग क्यों है? दरअसल, लैंढौर हमेशा से ही छावनी क्षेत्र का हिस्सा रहा है। नतीजतन पिछले 100 वर्षों से लैंढौर में कोई पेड़ों की कटाई या वनों की कटाई नहीं हुई है। कानून यह है कि लैंढौर में किसी भी प्रकार का नया निर्माण गैर कानूनी है। इन नियमों के कारण आधुनिकीकरण और पर्यटन ने लैंढौर को स्पर्श नहीं किया है। लैंढौर में समय जैसे रुका हुआ है। लेकिन यही अच्छी बात है क्योंकि इसी वजह से लैंढौर अपनी सुंदरता व स्वच्छ वातावरण को बचाये रखने में सफल हो सका है। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि देश की आजादी के समय लैंढौर में 24 मकान थे और आज भी लैंढौर में 24 ही मकान हैं। किसी ने कितना सही कहा, चौबीस मकान और दुकानें चार, बस इतना ही है लैंढौर। दक्षिण पश्चिम वेल्स के कार्मार्थेशायर में एक गांव है लैंडडोरोर। इसी गांव के नाम पर लैंढौर का नाम रखा गया है। ब्रिटिश राज के दौरान यह आम बात थी कि अपने घरों को (या उन नगरों को भी जिन्हें ब्रिटिश ने स्थापित किया था) नास्टैल्जिया से भरे हुए इंग्लिश, स्कॉटिश, वेल्श या आयरिश नाम दिए जायें, जोकि व्यक्ति की देशजता को अभिव्यक्त करते हों। लैंढौर मसूरी से औसतन 984 फीट ऊपर है। लैंढौर का अधिकतर हिस्सा तिब्बत को फेस करता है। यहां तापमान अमूमन मसूरी से 2-3 डिग्री सेंटीग्रेड कम रहता है। मानसून में लैंढौर में लगभग हर दिन बारिश होती है। इसके अतरिक्त मानसून से पहले और बाद की बारिश का अर्थ है कि लैंढौर में बरसात मई से सितम्बर तक रहती है, जो किसी साल इससे कम भी हो जाती है। बरसात से पहले अप्रैल-मई में गर्मी रहती है। दिसम्बर से फरवरी तक कड़ाके की सर्दी रहती है। जाड़ों में 3 से 15 बार बर्फबारी होती है। लैंढौर में बर्फ मसूरी से ज्यादा पड़ती है और उससे देर में पिघलती है। लैंढौर के पूरब में छोटा सा गांव धनौल्टी है और सुखंर्दा देवी मंदिर भी। फिर कनातल है जो अब टेहरी बांध में डूब गया है और चम्बा है (जोकि हिमाचल प्रदेश के चम्बा से अलग है)। लैंढौर के पश्चिम में कैंपटी फाल्स हैं, जो पर्यटकों को आकर्षित करता है और सैन्य कस्बा चकराता है। विख्यात लेखक रस्किन बांड लैंढौर में ही रहते हैं और उनके पड़ौसी निर्देशक विशाल भारद्वाज हैं।

समीर चौधरी.

सुख-दुख का कारण

वासना, अत्यधिक लिप्सा और भोग की प्रवृत्ति हमारे व्यक्तित्व और चरित्र का ह्रास करती हैं। जिनके मन पर पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

अंतर्दृष्टि

वाकई सड़कें चौड़ी हो गयीं

व्यंग्यलोक



पूरन सरमा

सुबह-सुबह मुझे बुलाया था मुख्यमंत्री ने, बोले-देखो हम सड़कें चौड़ी कर रहे हैं। आवागमन सुविधा जनक होता जा रहा है। मैंने कहा-सड़के ही क्यों पुल बन रहे हैं और नये-नये फ्लाई ओवर। शहर को आपने चमाचम कर दिया है। बिजली अबाधित है। थोड़ा सा गांवों पर भी ध्यान दें तो अगले चुनाव में नौका आसानी से किनारे जा लगेगी। मेरी बात पर थोड़ा झुंझाये, फिर सहज होकर बोले-गांवों की और चुनावों की चिंता तुम छोड़ो। मैंने तुम्हें इसलिए बुलाया था कि तुमने देख लिया कि राजधानी में विकास किस गति से गतिमान है। मैं बोला-विकास की मत पूछिये। इसके नाम पर तो आपने गंगा बहा दी है। अतिक्रमण की समस्या लगभग समाप्त हो गई है। थोड़ा सा हाउसिंग सोसाइटीज पर ध्यान दे लेते तो और उत्तम रहता। वे फिर बोले-हाउसिंग सोसाइटीज को मारो गोली। विकास की बही गंगा पर एक राइट अप लिख मारो। मैंने कहा- लिखने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन छपवाना जरा जटिल है। वे बोले-उसकी चिंता छोड़ो, सब मैनेज करा दूंगा। तुम अपना राइट अप तैयार करो। मैंने कहा-सर, यह अकाल का क्या लफड़ा है? आये दिन चला आता है। वे बोले-जरा धीरे बोलो, अकाल को कन्टीन्यू करने दो। यह बहुत जरूरी है। काफी लोग जूझ रहे हैं। काफी लोग काम कर रहे हैं। इस तरह काफी लोग खा रहे हैं। काफी लोग जीविका जुटा रहे हैं। अकाल बहुत जरूरी है हमारे लिए। बारिस शुरू हो गयी है, लेकिन इससे बात बनी नहीं है। राइट अप में अकालों को तो सब साइड ही कर देना। इसे आवश्यकता हुई तो बाद में देखेंगे। तुम तो हमने जो सड़कें चौड़ी की हैं, उस पर गौर करो। कुल मिलाकर विकास की गंगा बह निकली है, उसे केन्द्र बिन्दु बनाना है। मैं बोला-सड़कों पर तो लिखना ही पड़ेगा। वाकई सड़कें बहुत चौड़ी हो गई हैं। मकान-दुकान तोड़कर भी इन्हें चौड़ा किया गया है। लेकिन सर इधर सड़क बनकर तैयार होती है और उधर दूसरे ही दिन इन्हें खोद दिया जाता है। कभी सीवर लाइन के लिए और कभी टेलीफोन के लिए? इसे भी छोड़ो, इसे मैं देख लूंगा, राइट अप में इसका भी जिक्र नहीं करना है। मैंने कहा न सड़कें पेरिस का मुकाबला कर रही हैं। इस पर ध्यान देना है तुम्हें। वे बोले तो मैंने कहा-मैं मानता हूँ। सड़कों के मामले में हम पेरिस से आगे जा रहे हैं। परन्तु महंगाई सुरसा की तरह फैलती जा रही है। इस बार उन्होंने दोनों हाथों से अपना सिर पकड़ लिया। बालों को खींचा, आसमान को देखा और फिर मुझे घूरकर बोले-तुम क्यों नहीं बात का मर्म समझ रहे। महंगाई से मेरा लेना-देना क्या है? सुनो भूख से कोई मर जाये लेकिन महंगाई से मरते मैंने किसी को नहीं देखा। इधर कलर टीवी हमने सस्ता किया है। इसलिए महंगाई की बात बेमानी है।

आपकी बात

आतंकवाद का करें सफाया

पंजाब और जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर से आतंकी सिर उठाने का प्रयास कर रहे हैं। पंजाब में जो लोग अस्सी और नब्बे के दशक की तरह खलिस्तान मूवमेंट को जिंदा करना चाहते हैं, उनको एक बात अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि इस दुस्साहस में खालिस्तान का सपना तो सच नहीं होगा.... हां वे आतंकवादी जरूर न्यूट्राइज हो जायेंगे, जो भारत को तोड़ने की कोशिश करेंगे। पंजाब में खालिस्तान को पुनर्जीवित करने का यह कोई पहला प्रयास नहीं है। नब्बे के दशक में खालिस्तान आंदोलन और इससे जुड़े आतंकवादियों को पूरी तरह कुचलने के बाद से ही समय-समय पर कुछ अराजक तत्व युवाओं को बहला-फुसला कर उनको यूज करते हैं और छिटपुट घटनाओं के जरिए पंजाब में खालिस्तान की मौजूदगी का आभास कराने की कोशिश करते हैं, लेकिन ऐसे देश विरोधी तत्वों को ध्यान रखना होगा कि भारत पहले ही बहुत कुछ खो चुका है। अब देश को यह कतई बर्दास्त नहीं होगा कि कोई राष्ट्र विरोधी तत्व आग लगाने की कोशिश करे। सियासी नफा-नुकसान की गणित में कई बार पार्टियां आतंकवादियों के साथ और राष्ट्र विरोधी तत्वों के साथ नरमी बरतती हैं या फिर उनकी हरकतों को नजरअंदाज करती हैं। यह मनःस्थिति देश के लिए घातक है। सियासत अपनी जगह और राष्ट्र की एकता और अखंडता अपनी जगह। पार्टियां आयेंगी और जायेंगी। सरकार बनती-बिगड़ती रहेगी। सियासी हार-जीत होती रहेगी। कोई भी पार्टी और कोई भी नेता देश से बड़ा नहीं है। इसलिए भारत सरकार को एक कठोर संकल्प के साथ राष्ट्रीय एकता के लिए सख्त एजेंडा तय करना चाहिए कि अगर कोई सख्त राष्ट्र विरोधी हरकत में संलिप्त पाया जाता है, तो उसको न सिर्फ एक बार सुधरने का मौका मिलेगा। दोबारा अपनी हरकत दोहराता है, तो उम्र कैद या सजा-ए-मौत जैसी कठोर दंडात्मक व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। वारिस दे पंजाब का तथाकथित सरगना अमृतपाल सिंह को दरअसल भिंडरावाले की तरह संरक्षण मिला। इस कारण इसकी कारस्तानी इतनी आगे बढ़ती गयी कि यह नशामुक्ति के नाम पर युवाओं को बरगलाकर प्राइवेट आर्मी बनाने, देश के गृहमंत्री को धमकी देने और पुलिस स्टेशन पर भीड़ के साथ धावा बोलने का दुस्साहस कर सका। आज अमृतपाल अगर हीरो बना है, निर्दलीय चुनाव जीत सकता है, तो यह इस बात का प्रमाण है कि वह किस हद तक लोगों को बरगलाने में सफल हो चुका है।

प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.

विकास के लिए जरूरी है ऊर्जा

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है।

राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.

संक्षेप

सभी धर्मो का सम्मान करने वाला ही सच्चा नागरिकः पवन पाण्डेय

अयोध्या। मां भगवती के उपासक अयोध्या विधानसभा से पूर्व मंत्री रहे तेज नारायण पांडेय उर्फ पवन पांडेय ने मां सरयू के पावन तट पर विराजमान सिद्ध पीठ करतालिया आश्रम में आश्रम के पीठाधीश्वर बाल योगी महंत रामदास महाराज के सानिध्य में संतो को फलाहार करा करके आशीर्वाद प्राप्त किया। बाल योगी महंत रामदास महाराज ने बताया कि तेज नारायण पांडेय पवन अपने धर्म के प्रति हमेशा जागरूक रहे हैं, जो व्यक्ति सभी धर्म का सम्मान करेगा वही सच्चा नागरिक और सच्चा नेता होगा।

भगवान श्री राम का जन्म चैत्र मास की नवरात्रि में ही नवमी तिथि को त्रेता युग में हुआ था आज भी हम लोग भगवान का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मानते हैं उसकी पूर्व संध्या पर पवन पांडे ने संतों को फलाहार कर करके आशीर्वाद प्राप्त किया निश्चित ही प्रभु श्री राम लला उनको उनके कार्य क्षेत्र में उन्नति प्रदान करेंगे और आने वाले समय में वह पुनः एक बार अपने पद पर प्रतिष्ठित होंगे। इस अवसर पर उनके साथ दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

भव्य रूप से मनाया गया रामजन्मोत्सव



गोसाईंगंज अयोध्या। गोसाईंगंज कस्बे के संस्थापक बाबा हिंक्षाराम भारती,महादेवा घाट,ठकुराइन मंदिर सहित सभी मंदिरों में भव्य रूप से रामजन्मोत्सव मनाया गया। बाबा हिंक्षाराम भारती मंदिर पर राम कुमार सेठ, नन्द कुमार, राजेश, सुभाष, सुरेश, हेमन्त कुमार आदि लोगो ने मानस पाठ किया। ठीक 12 बजते ही घण्ट, घड़ियाल, शंख,ढोल,मजीरे बजने लगे और भये प्रगट कृपाला,दीनदयाला,ल कौशल्या हितकारी, हर्षित महतारी मुनिमन धारी,अद्भुत रूप बिचारी से सभी मंदिर गुंजायमान हो उठे। पुरुषो ने बधाई गीत तो महिलाओं ने सोहर गाया।जिससे पूरा वातावरण राममय हो उठा।स्तुति,आरती,बधाई,सोहर के बाद प्रसाद वितरण के साथ लोग एक दूसरे को बधाई दिया।वंही सरयू तट पर स्थित श्रृंगी ऋषि आश्रम पर भी बाबा जगदीश दास व पुजारी महेंद्र गोस्वामी की अगुवाई में रामजन्मोत्सव धूमधाम से मना।श्रृंगी ऋषि आश्रम पर भोर से ही श्रद्धालुओं का आगमन होने लगा और सन्निकट सरयू नदी में डुबकी लगाने के बाद श्रृंगी ऋषि व शांता माता के समाधि स्थल सहित अन्य मंदिरों में पूजन अर्चन किया।

नवरात्र पर्व पर एडीएम ने कन्याओं का किया पूजन

सोहावल-अयोध्या। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा प्रारंभ की गई एक अभिनव पहल के अंतर्गत चैत्र नवरात्रों में जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में कन्या पूजन एवं भोज का आह्वान किया गया है।

जिससे कि समाज में कन्याओं के प्रति सकारात्मक माहौल बनाया जा सके। इसी कड़ी में बाल विकास परियोजना सोहावल के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र निमैचा में चैत्र नवरात्र के पवित्र अवसर पर 41 कन्याओं के कन्या पूजन किया। इस दौरान अपर एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध कुमार सिंह एवं एसडीएम सोहावल राजीव रतन सिंह किया गया। कन्या पूजन के दौरान सभी कन्याओं को रोली एवं टीका लगाकर माता की चुनरी पहनाई गई।



दोनों अधिकारियों ने बच्चों को खीर, पूड़ी,फल एवं उपहार वितरित किया गया।

इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों को बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण का विशेष ध्यान रखने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में 41 बालिकाओं तथा 10 बालकों को भोजन एवं उपहार वितरित किए गए। कार्यक्रम में सीडीपीओ डा.अनीता सोनकर, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सौरभ तिवारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री उर्मिला, निर्मला, अर्चना, गीता, आंगनबाड़ी सहायिका शिव कुमारी,सीमा, पुष्पा आदि मौजूद रहीं।

चुपके से आधार बना रहे युवकों को पुलिस ने दबोचा



गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कस्बे के रामगंज मुहल्ले में चोरी छुपे आधार बनाकर लोगो से मनमाना वसूली कर रहे दो युवकों को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस दोनो युवकों को थाने ले गयी जंहा उनसे पूंछताछ शुरू कर दिया। पुलिस ने जब दोनो से आधार बनाने का परमीशन लेटर मांगा तो वे कोई भी कागजात नहीं दिखा सके। रविवार दोपहर करीब डेढ़ बजे डॉयल- 112 पर कुछ लोगों ने सूचना दिया कि रामगंज स्थित नेशनल कंप्यूटर पर चुपके से आधार बनाया जा रहा है और लोगों से 5 सौ से एक हजार रुपए तक की वसूली भी की जा रही है। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर पूंछताछ शुरू किया तो अवैध वसूली की पुष्टि हुई। मामला एसडीएम सदर विकासधर दूबे के संज्ञान में लाया गया। एसएचओ विजयंत मिश्रा के मुताबिक आरोपी दो युवक आधार आपरेटर और कंप्यूटर संचालक इंद्रभान वर्मा को थाने ले जाकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने पार्टी ध्वज फहराकर मनाया स्थापना दिवस



बाराबंकी। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यालय को झालरो व भगवा वस्त्र से सजाकर धूमधाम से मनाया गया। जिलाध्यक्ष अरविन्द मौर्य ने पार्टी कार्यालय पर पार्टी ध्वज फहराते हुये कार्यकर्ताओ को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष श्री मौर्य ने कहा कि भाजपा राष्ट्रसेवा, जन कल्याण और राष्ट्रवाद की विचारधारा को समर्पित विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। जनसंघ से लेकर भाजपा तक की यात्रा में दृढ़ संकल्पित भाव से पार्टी को विशाल वटवृक्ष बनाने वाले सभी महान विभूतियों को याद करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने आगे कहा कि सोमवार को प्रत्येक बूथ पर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर अजीत प्रताप सिंह, रामकुमारी मौर्य, गुरुशरण लोधी, संदीप गुप्ता, रचना श्रीवास्तव, विजय आनंद बाजपेई, रामेश्वरी त्रिवेदी, रोहित सिंह, राकेश पटेल, जुगुल किशोर मौर्य, अमरजीत श्रीवास्तव, विष्णु प्रभाकर वर्मा, शशि गुप्ता मौजूद रहे।

ट्रेलर ने एसयूवी को मारी टक्कर, इंजीनियर की मौत, चार घायल

अयोध्यां। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग हाईवे पर शनिवार की आधी रात अरूवावां गांव के सामने ट्रेलर ने एसयूवी को टक्कर मार दी। हादसे में एक इंजीनियर की मौत हो गई जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए। एसयूवी सवार यात्री बिहार से अयोध्या दर्शन पूजन को आ रहे थे।

बिहार राज्य के थाना बोकारो बक्सर निवासी राम अवतार नीरज (50) सिंचाई विभाग में इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। शनिवार दोपहर वह एसयूवी से परिवार समेत अयोध्या दर्शन को आ रहे थे। रात करीब 12 बजे अयोध्या-प्रयागराज मार्ग पर अरुवावां गांव के पास सामने से आ रहे एक ट्रेलर ने एसयूवी में टक्कर मार दी। घटना में एसयूवी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में इंजीनियर राम अवतार नीरज की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनके परिवार की अर्चना कुमारी (45), यशराज (17), वाहन चालक राजा व अभिषेक प्रसाद निवासी आशियाना फेस दो पुष्पांजलि अपार्टमेंट जिला पटना बिहार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि दुर्घटना के बाद चालक ट्रेलर सहित भाग हो गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने सपरिवार रामलला का किया दर्शन



अयोध्या। फैजाबाद लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने रामनवमी के मौके पर परिवार के साथ प्रभु श्रीराम के दर्शन किये इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि आज मैंने अपने परिवार के साथ भगवान राम की पूजा अर्चना की। हमने देश के नागरिकों के लिए सुख और समृद्धि की कामना की। मैं देश की जनता को प्रणाम करता हूं। अवधेश प्रसाद ने कहा कि राम हमारे रोम-रोम में हैं और हमने हमेशा प्रभु राम के दर्शन किये हैं। हम भाग्यशाली है कि हमारा जन्म अयोध्या जिले में हुआ है। साथ ही, सपा सांसद ने कहा कि अखिलेश यादव भी जल्द ही दर्शन करने आएंगे। उन्होंने कहा कि मंदिर का निर्माण सुप्रीम कोर्ट के आदेश से हो रहा है। कोई भी सरकार होती वो मंदिर का निर्माण करवाती। मैं सभी देशवासियों को बधाई देता हूं बड़े अच्छे सौहार्द से मंदिर का निर्माण शुरू हुआ है।

मर्यादा पुरुषोत्तम के जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा



जैदपुर, बाराबंकी। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र का जन्मोत्सव पर नगर पंचायत के मोहल्ला संगत स्थित श्री राम जानकी मंदिर में श्री राम सेवा समिति संगत मंदिर जैदपुर के तत्वाधान मे धूमधाम से मनाया गया।

प्रातः 7:30 बजे पूजा आरती के पश्चात मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र के चित्र पर पुष्प वर्षा, ध्वजा, आतिशबाजी, भांगड़ा, ब्रास बैंड, घंटा घड़ियाल तथा अन्य वाद्य यंत्रों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा संगत मंदिर प्रांगण से शुरू होकर अपने निर्धारित मार्गो पीर पाजू चैहट्टा, बड़ी बाजार, छोटा इमामबाड़ा, छोटी बाजार, जैन महल से होती हुई अपने गंतव्य स्थल श्री राम जानकी बालाजी महाराज संगत मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा का भक्तो द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ सिह, थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, कस्बा इंचार्ज विनय सिंह, वार्ड छोटी बाजार सभासद मो0 कासिम, शैलैस कुमार सिंह, जायसवाल, शिवम चैरसिया, मास्टर सरवन, शैलेंद्र जायसवाल, सूर्या गुप्ता मौजूद रहे।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का शिलान्यास

जिला संवाददाता(vol)



रूदौली-अयोध्या। विधायक रूदौली रामचन्द्र यादव ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का शिलान्यास किया। मां कामाख्या धाम नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 के रामपुर गुदारा में 4 करोड़ 17 लाख 89 हजार की लागत से कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के एकेडमी एवं बालिका छात्रावास का निर्माण कराया जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी रामाकांत राम ने विधायक का बुके देकर स्वागत किया।

विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार शिक्षा के स्तर को उत्कृष्ट बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा, रोजगार और चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दे रही है। इस कॉलेज की स्थापना से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह छात्रावास उन बच्चियों को समर्पित है, जिनमें पढ़ने की ललक तो है पर साधन आदि के अभाव में शिक्षा से दूर रहती हैं। बेटियों पर आगे चलकर दो परिवारों की जिम्मेदारी होती है अतः उनमें शिक्षा होना आवश्यक है।मां कामाख्या नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ल ने कहा कि सभी वार्डों में सड़कों का निर्माण, जल निकासी के लिए नालियों का निर्माण और हर घर नल योजना का कार्य प्रगति पर है। स्वच्छता के दृष्टिगत कूड़ा घर बनवाया गया है कूड़ा गाड़ी चलवाई जा रही है।हर व्यक्ति तक विकास पहुंचाना और अंतिम व्यक्ति तक विकास करना ही प्रमुख लक्ष्य है।कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ल व संचालन तेज तिवारी ने किया। इस मौके पर सहायक अभियंता अमित कांत पाण्डे, जेई राजेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, अखिलेश तिवारी, खंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत राम, प्राथमिक शिक्षक संघ मंत्री संजय सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदित्य तिवारी, तेज तिवारी, भगवान बक्स पांडे, शमशेर बहादुर विश्वकर्मा, सभासद गीता यादव, राकेश तिवारी, एडवोकेट परमेश्वर, राकेश यादव सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

गाजे-बाजे के साथ निकली साईं पालकी यात्रा



मसौली, बाराबंकी। ग्राम अमदहा स्थित श्री शिरडी सांई बाबा मंदिर मे चल रहे साई महोत्सव पर भव्य पालकी यात्रा गांजे-बाजे के साथ निकाली गई। यात्रा साई दाता कुटी से चलकर देर शाम सांई धाम बाबा के दरबार पहुचीं। साँई भक्तो ने जगह-जगह पालकी यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा से पूर्व सांई दाता कुटी पर सांई भक्तों ने पूजा अर्चना की। इसके उपरान्त डीजे की धुन पर ओम सांई राम, शिरडी वाले बाबा ने बुलाया है, कंधा लगाकर बोलो जय साईं नाथ की, साईं नाथ तेरे हजारों हाथ, एक फकीरा आया शिरडी गांव में जा बैठा वह नीम की ठंडी छांव में इत्यादि भजनों के साथ भक्त गाते व थिरकते नजर आये। इस दौरान भक्तो द्वारा अबीर गुलाल के साथ फूलों की होली भी खेली। पीलीभीत के झांकी कलाकारों द्वारा शिव तांडव इत्यादि की मनोरम झांकियों प्रस्तुत की गई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर में मसौली थाना प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, उप निरीक्षक राजकरण सिंह, आकाश मौर्य, राकेश चैरसिया, शैलेंद्र सिंह आदि पुलिसकर्मी तैनात रहे। इस अवसर पर लल्लन वर्मा, श्यामाचरण गुप्ता, सजंय मौर्या, मौर्या, बलजीत सिंह, प्रवेश मौर्या, बिपिन, सत्यम गुप्ता, आशू, कपिल आदि मौजूद रहे।

- पीलीभीत कलाकारों ने शिव तांडव समेत मनोरम झाकिया की प्रस्तुत
- साईं नाथ तेरे हजारों हाथ.....

10 बीघा गेहूं की फसल जली

मिल्कीपुर-अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र के तिदौली पूरे जगन्नाथपुर गांव में एक बड़ी दुर्घटना हुई। 440 वोल्ट की बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट से गिरी चिंगारी ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया।किसान विद्याधर पाण्डेय के गन्ने के खेत से शुरू हुई आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। गन्ने की पत्तियों के साथ गन्ने का कल्ला पूरी तरह जल गया, आग ने पड़ोसी किसान प्रेम चंद तिवारी के सात बीघा गेहूं के खेत को भी अपनी चपेट में ले लिया। तिवारी पिछले कुछ दिनों से फसल काटने के लिए मजदूरों की तलाश कर रहे थे।आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कोई भी उसके पास नहीं जा पा रहा था। इसी दौरान शिवलाल और मिहीलाल की लगभग चार बीघा गेहूं की फसल भी जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम चालक दिनेश कुमार मिश्रा, फायर कर्मी विकास यादव, सत्यपाल, विकास चैधरी और संदीप भट्ट मौके पर पहुंची। तब तक ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पा लिया था। सावधानी बरतते हुए फायर कर्मियों ने जले क्षेत्र में पानी का छिड़काव किया ताकि चिंगारी से दोबारा आग न लग सके। अगर ग्रामीण समय से आग बुझाने में ना जुट गए होते तो आसपास खड़ी गेहूं की करीब 50 बीघे फसल जलकर राख हो जाती।, ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत विभाग के कर्मचारी लापरवाही करते हैं। अगर समय से विद्युत द्वारों को टाइट करके रखा जाए तो इस तरीके के हादसे से ना हो विभाग पैसा खर्च करता है लेकिन वह कागजों तक ही सिमट कर रह जाता है। खबर लिखे जाने तक क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर नहीं पहुंचे थे। तहसीलदार सुमित कुमार सिंह ने बताया कि अभी तत्काल लेखपाल भेज कर हुए नुकसान की आकलन रिपोर्ट मंगाई जाएगी और पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा भी जल्द दिला दिया जाएगा।

- ग्रामीणों ने आग बुझाई, फायर ब्रिगेड ने सुरक्षा के लिए छिड़का पानी



माँ हट्ठी महारानी मन्दिर पर भण्डारे का हुआ आयोजन



अयोध्या,। नगर के प्रख्यात शक्तिपीठ माँ हट्ठी महारानी के मन्दिर पर नवरात्र के पावन पर्व की समाप्ति एवं प्रभु श्रीराम के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार को माँ हट्ठी महारानी मन्दिर सेवा समिति द्वारा माता के दरबार में अपरान्ह 12 बजे समिति के अध्यक्ष रवि कपूर व प्रबन्धक अशोक सहदेव द्वारा माता के पूजन अर्चन के पश्चात समिति के मंत्री नीरज अग्रवाल के संयोजन में माँ भगवती के विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्वालुओं के बीच सवा चैदह कुन्तल सामग्री से निर्मित पूड़ी-सब्जी के प्रसाद का वितरण किया गया। मन्दिर सेवा समिति के प्रवक्ता केशव बिगुलर के अनुसार पूरे नवरात्र में माँ के दरबार में श्रद्वालुओं के कतारबद्ध दर्शन की व्यवस्था समिति द्वारा कराई गई थी। वहीं दूसरी ओर समिति के पदाधिकारियों ने शुक्रवार की सम्पूर्ण रात्रि माता के दरबार में सवा सात कुन्तल हवन सामग्री से पूणार्हुति हवन किया।

पूणार्हुति यज्ञ का कार्यक्रम सम्पूर्ण रात चलता रहा और माँ के दरबार ह्यह्यओइम ऐं हीं क्ली चामुण्डायै विच्चैह्लह्ल जैसे पावन मंत्रों से गुंजायमान रहा। मन्दिर सेवा समिति के प्रवक्ता के अनुसार रविवार को अपरान्ह माता के दरबार में सम्पूर्ण नवरात्र के कार्यक्रम परमपरागत ढंग से सकुशल सम्पन्न होने के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए विशाल भण्डारे का आयोजन कन्या पूजन के बाद प्रारम्भ हुआ। कन्या पूजन का कार्यक्रम नगर निगम के उप सभापति राजेश कुमार गौड़ द्वारा किया गया वहीं भण्डारे में प्रसाद वितरण का कार्यक्रम राकेश सहदेव के नेतृत्व में राजा साहू, पवन चैहान, गगन चोपड़ा, पवन अग्रवाल, जय प्रकाश गुप्ता, सुजीत कुमार तथा सुनील मौर्य द्वारा किया गया। देर शाम तक चले इस भण्डारे में लोग श्रद्धालुगण जय माता दी के जयकारे लगाते रहे और प्रसाद ग्रहण करते रहे।

चैंपियन खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धा में कर पायेंगे प्रदर्शनः डॉ बृजेंद्र सिंह

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले 32वें वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां तेज कर दी गईं हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने अटल बिहारी वाजपेयी क्रीड़ा परिसर का निरीक्षण कर खेलूकद की तैयारियों का जायजा लिया। इससे पहले उन्होंने स्पोर्ट्स कमेटी की टीम के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

कुलपति ने कहा कि इस प्रतियोगिता में जिन खिलाड़ियों का अच्छा प्रदर्शन रहेगा उनका चयन मई माह में होने आयोजित वाले 22वें अखिल भारतीय अंतर कृषि विवि अंतर्राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। इसमें देशभर से दर्जनभर से अधिक राज्यों की टीमें प्रतिभाग करेंगी। कुलपति ने गर्मी के मद्देनजर टीम को निर्देश दिया है कि जरूरत पड़ने पर दिन एवं शाम के समय भी प्रतियोगिताएं आयोजित कराएं।

उन्होंने टीम में खिलाड़ियों के चयन की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने खेलकूद के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों एवं मेडिकल सुविधाओं पर भी अधिकारियों के साथ चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान कुलपति ने बास्केबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, खो-खो एवं वॉलीबॉल, मैदान पहुंचे। उन्होंने विभिन्न टीम के कोचों के साथ बातचीत की। प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी डा. संजय पाठक ने बताया कि यह प्रतियोगिताएं 8 से 10 अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी। तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में बास्केबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स, टेबल-टेनिस बैडमिंटन, खो-खो, वॉलीबॉल, चेस, फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

- कुलपति ने किया अटल बिहारी क्रीड़ा परिसर का निरीक्षण
- 8 से 10 अप्रैल तक होंगी अंतर्राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिताएं: देशभर से कृषि विवि पहुंचेगी टीम

स्थापना दिवस पर भाजपा कार्यालय पर ध्वजारोहण

जिला संवाददाता(vol)



अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यालय सहादतगंज पर जनप्रतिनिधियों तथा पदाधिकारियों की मौजूदगी में पार्टी का ध्वज फहराया गया। सिविल लाइन कार्यालय पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने अपने कैम्प कार्यालय रिकाबगंज व सहादतगंज पार्टी कार्यालय, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय विद्या कुण्ड स्थित आवास पर तथा अन्य पदाधिकारियों ने अपने आवास पर पार्टी का ध्वज लगाया। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस की बधाई दी। जिले व महानगर के सभी मण्डलों व बूथों पर भाजपा का स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया।

इस दौरान पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव को आत्मसात करते हुए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज में अपनी उपस्थिति दर्ज कराता है।

परिवारवाद का भाजपा में कोई स्थान नहीं है। पार्टी राष्ट्रवाद के सिद्धान्त पर चलती है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अनुशासित व अपने विचारों के प्रति समर्पित होता है। परिस्थितियां कैसी भी रहीं हो भाजपा ने कभी अपने विचारों से समझौता नहीं किया। महज वोट के लिए जातिवाद व तुष्टिकरण की राजनीति नहीं की। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के मेहनत की बदौलत भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पदचिन्हों पर चलते हुए हम अंतिम व्यक्ति के उत्थान के प्रति संकल्पित है। महानगर कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि कार्यकताओं का सबसे ज्यादा सम्मान भाजपा में है। पार्टी की नीतियों से समाज का हर वर्ग खुद को जोड़कर देखता है।

जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए सबका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य की ओर हम तेजी से बढ़ रहे है। इसमें सबका प्रयास समाहित है।

इस अवसर पर ओम प्रकाश सिंह, कमला शंकर पाण्डेय, अमल गुप्ता, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, सहकारी बैंक के सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, शक्ति सिंह, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, राघवेन्द्र पाण्डेय, शैलेन्द्र कोरी, डा. राकेश मणि त्रिपाठी, परमानंद मिश्र, इन्द्रभान सिंह, सुनील तिवारी शास्त्री, अवधेश वर्मा, काशीराम रावत, वरुण चैधरी, सुनील शास्त्री, देवेश तिवारी, मनोज जायसवाल, अनीता सिंह, प्रतिमा शुक्ला, नीलिमा सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

तहसील प्रशासन ने कराया भंडारा

सोहावल-अयोध्या। चैत्र राम नवमी का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। रविवार को सुबह मां भगवती को प्रसन्न करने के लिए लोगों ने विधिवत हवन पूजन किया।

इसके बाद कई जगहों पर भंडारे का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में सोहावल तहसील प्रशासन की तरफ से तहसील परिसर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर भंडारे का आयोजन। भंडारे का शुभारंभ तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह, नायब तहसीलदार रेशू जैन प्रसाद वितरण कर शुरू किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व एसडीएम अशोक कुमार सैनी, नायब तहसीलदार मसौधा शेखर शुक्ला, नायब नाजिर अंजनी कुमार, भाजपा जिला मंत्री सरोज जायसवाल, लेखपाल संघ अध्यक्ष सोहावल सुशील कुमार, उपाध्यक्ष विशाल सिंह, रंजीत कुमार चैहान, भाकियू नेता फरीद अहमद, बाबा राम सुरेश सिंह सहित बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

संक्षेप

दो बाइक सवार घायल

दोस्तपुर, सुलतानपुर । दोस्तपुर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा तब हुआ जब दोस्तपुर कस्बे के निवासी अतुल मिश्रा और फिरोजपुर कला के जुल्फिकार अपने निजी कार्य हेतु रिहायकपुर जा रहे थे। दुल्लापुर से जैसे ही मोड़ पर मुड़े, तभी पीछे से एक अज्ञात बाइक ने जोरदार टक्कर मारी, जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दोनों बाइक सवार दूर जा गिरे। इस दुर्घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और तुरंत 108 पर कॉल कर एम्बुलेंस को बुलाया गया। घायल बाइक सवारों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर ले जाया गया, जहां इमरजेंसी में तैनात अधीक्षक डॉ. अजीत यादव ने प्राथमिक उपचार किया।

बीजेपी स्थापना दिवस पर गोष्ठी आयोजित

कूरेभार, सुलतानपुर । कूरेभार के इरुल में बीजेपी का स्थापना दिवस मनाया गया। पार्टी की नीतियों व विचारों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर विकास खंड कूरेभार में बीजेपी मंडल प्रभारी राज मणि मौर्य की अगुवाई में जगह जगह कार्यक्रम आयोजित कर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में जयसिंहपुर विधान सभा के इरुल न्याय पंचायत पर बीजेपी के क्षेत्र के वरिष्ठ नेता शशीकांत पाण्डेय ने पार्टी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान पार्टी की नीतियों व विचारों को जन जन तक पहुचाने को लेकर गोष्ठी को संबोधित करते हुए श्री पाण्डेय ने सभी को पार्टी की स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि पार्टी अपना 46वां स्थापना दिवस मना रही है।6 अप्रैल 1980 को हुई पार्टी की स्थापना के बाद से भाजपा ने भारतीय राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है। इस दिन को लेकर पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं में खासा उत्साह है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य तभी सफल होगा जब हम लोग पार्टी की नीतियों व विचारों को जन जन तक पहुचाने को कामयाब होंगे। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रा. विद्यालय में बच्चों को बांटा गया अंक पत्र

दूबेपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। दूबेपुर ब्लॉक के पलहीपुर ग्राम सभा स्थित प्राथमिक विद्यालय पलहीपुर प्रथम में छात्रों को अंक पत्र वितरण एवं संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा के अंक पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी भी आयोजित की गई, जिसमें बच्चों की शैक्षणिक प्रगति और समग्र विकास पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शिक्षिका शिखा यादव ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना की और अभिभावकों से उनके निरंतर सहयोग की अपेक्षा जताई। अन्य शिक्षकों में दिलीप कुमार, कामना, रेनू यादव, शबाना बनो और यशमती भी उपस्थित रहीं। संगोष्ठी में अभिभावकों ने भी अपने विचार साझा किए और विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था की प्रशंसा की। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था, जिसे सभी ने सराहा। अधिक अंक पाने वाले छात्रों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। अंत में बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार भी दिए गए। कार्यक्रम ने शिक्षा की गुणवत्ता और सहभागिता को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

मामा के बेटे पर कुल्हाड़ी से किया हमला, मौत



कूरेभार, सुलतानपुर । स्थानीय थाना क्षेत्र के धर्मदासपुर गांव में रविवार सुबह रिश्तों का कत्ल हुआ है। यहां एक सनकी युवक ने अपने मामा के बेटे पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। ग्रामीणों ने हत्यारोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया सूचना मिलते ही बल्दीराय सीओ सौरभ सामंत, प्रभारी निरीक्षक धनपतगंज, राम आशीष उपाध्याय थानाध्यक्ष कूरेभार व विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

जानकारी के मुताबिक कूरेभार के धर्मदासपुर में बुआ के बेटे रजनू ने अपने मामा के बेटे गुलफान की कुल्हाड़ी से सर पर वार कर हत्या कर दी। घटना सुबह के समय बाग में हुई, जहां गुलफान बैठा हुआ था। ग्रामीणो के अनुसार, आरोपी रजनू पुत्र जयसू कुल्हाड़ी हाथ में लेकर निकला था इस बीच मृतक गुलफान पुत्र स्वर्गीय भोकन उम्र 32 वर्ष ने उसे टोका था। जिस पर रजनू आपा खो दिया और गुलफान के चेहरे पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। और मौके से भागने लगा। घटना के बाद ग्रामीणों ने आरोपी रजनू को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी रजनू का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है और वह एक साल पहले ही जेल से छूटकर आया था। उसने देवरिया में पुलिस टीम पर हमला बोला था। मृतक गुलफान अपने पीछे पत्नी रूबी और एक साल के बच्चे को छोड़ गया है। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। धर्मदासपुर गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। थानाध्यक्ष शारदेंदु दुबे ने बताया कि मृतक के भाई मन्नन की तहरीर पर रजनु के खिलाफ मुकदमा दर्जकर विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

युवती से यौन शोषण का आरोपी गिरफ्तार

गोसाईंगंज, सुल्तानपुर (वीओएल)। गोसाईंगंज थाना अंतर्गत यौन शोषण के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने रविवार को पकड़ लिया। आरोपी की पहचान बब्लू (28) पुत्र दयाराम निवासी बाबरपुर अशोक नगर, थाना अजीतमल, जनपद औरैया के रूप में हुई है। उसे उघड़पुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। घटना बीते सप्ताह की थी। थाना क्षेत्र के ही रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्परता से मुकदमा दर्ज करते हुए जांच टीम गठित कर लड़की को सुरक्षित बरामद कर लिया था। जांच के दौरान पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर कई बार उसका शारीरिक शोषण किया। पीड़िता के बयान को आधार बनाकर पुलिस ने धाराओं में संशोधन करते हुए मामले में धारा को बढ़ा दिया। गोसाईंगंज थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

स्थापना दिवस पर हुआ सुन्दर काण्ड हनुमान चालीसा पाठ व हवन- पूजन

गौरीगंज, अमेठी। भाजपा के 45 वें स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय पर पार्टीजनों ने सुंदर काण्ड, हनुमान चालीसा का पाठ किया। पंडित रवि पांडेय व उनकी टीम की मौजूदगी में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने पूजा अर्चना कर सुंदरकांड, हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ स्थापना दिवस के अवसर पर सुंदर कांड, हनुमान चालीसा पाठ, आरती एवं हवन-पूजन हुआ। जिलाध्यक्ष ने कहा हम सब पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने पीएम मोदी के विकसित, आत्मनिर्भर व खुशहाल भारत के सपने को साकार करने का संकल्प लिया। यह भी कहा कि कार्यकर्ता भाजपा को मजबूत करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे।भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने बताया कि 6 अप्रैल को पार्टी जिला कार्यालय पर सुन्दर काण्ड, हनुमान चालीसा पाठ के उपरांत भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर पांडेय, निवर्तमान जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा, पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मिश्रा मटियारी, कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना पूर्व ब्लाक प्रमुख, पूर्व प्रमुख उमेश सिंह, प्रतिनिधि नगर पालिका अध्यक्ष दीपक सिंह, चन्द्रमौलि सिंह के साथ दोपहर 12 बजे भाजपा कार्यालय पर झंडारोहण किया। सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने- अपने घरों पर झंडारोहण कर सेल्फी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। सुन्दर काण्ड, हनुमान चालीसा पाठ, आरती व हवन- पूजन कार्यक्रम में एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, जिपं अध्यक्ष अग्रहरि, विषुव मिश्रा जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा, जिला उपाध्यक्ष गिरीश शुक्ला जिला महामंत्री राकेश त्रिपाठी राघवेन्द्र प्रताप सिंह जिला मंत्री उमा रमन सिंह पूर्व जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह जिला उपाध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह सुरेश तिवारी हिंदी सिंह अभिषेक चंद्र कौशिक जिला पंचायत सदस्य हरिशंकर दुबे अजय अग्रवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव शुक्ला पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा राकेश सिंह अमिया प्रभात शुक्ला जिला मंत्री उपमा सरोज जिला उपाध्यक्ष आशा बाजपेई जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा निमिषा त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष भाजपा बेतवा प्रज्ञा त्रिपाठी गीता सिंह जिला महामंत्री महिला मोर्चा संतोष द्विवेदी पूर्व मंडल अध्यक्ष सौरभ पांडे जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा सूर्य नारायण तिवारी, अतुल विक्रम सिंह शिवम मिश्रा करण सिंह अभिषेक सिंह, अजय सिंह मंडल अध्यक्ष मनोज पासी मंडल अध्यक्ष राम गोपाल कौशल मंडल अध्यक्ष राम कौशल अरुण मिश्रा आदि मौजूद रहे।

राज्यमंत्री ने एंबुलेंस किया जनता को समर्पित



गौरीगंज, अमेठी। सरकार द्वारा मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाए उपलब्ध कराने के क्रम मे विभाग द्वारा दी गई दर्जनो एंबुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर राज्यमंत्री ने जनता को समर्पित किया प्रदेश के स्वास्थ्य शिक्षा चिकित्सा संसदीय कार्य मातृ एवं शिशु कल्याण राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने विभाग द्वारा स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने व मरीजो को सुलभ साधन उपलब्ध कराने हेतु दी गई दर्जनो एंबुलेंसों को हरी झंडी दिखा कर जनता के लिए समर्पित किया ।

हिस्ट्रीशीटर ने पुलिस पर की फायरिंग, गिरफ्तार

गोसाईंगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। गोसाईंगंज थाना क्षेत्र में रविवार एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी ने चेकिंग के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके से अवैध असलहा भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार सघन अभियान के तहत थाना गोसाईंगंज प्रभारी निरीक्षक अखिलेश सिंह टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान एक मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने डिवाइन गंगा लॉ डिग्री कॉलेज के पास दो संदिग्धों की घेराबंदी की। पुलिस को देख दोनों भागने लगे। इसी दौरान एक आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। गोली हेड कांस्टेबल अखिलेश सिंह के कान और कंधे को छूते हुए निकल गई, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए फायरिंग करने वाले आरोपी को मौके पर ही धर दबोचा। गिरफ्तार की पहचान महमूदपुर गांव निवासी मान सिंह उर्फ मानू के रूप में हुई है, जो पहले से ही कई मामलों में वांछित चल रहा था। उसका एक साथी बाइक लेकर फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। पकड़े गए आरोपी के पास से अवैध असलहा और कारतूस बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि आरोपी पर मामला दर्जकर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

भाजपा मां भारती, सनातन संस्कृति व देश की सेवा में पूर्णतः समर्पित है

दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। दोस्तपुर मंडल में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर एक भव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके योगदान को याद किया गया।

- स्थापना दिवस पर भाजपा ने दोस्तपुर मंडल में धूमधाम से मनाया कार्यक्रम

कार्यक्रम के दौरान भाजपा का ध्वजारोहण भी किया गया, जिससे पार्टी के सिद्धांतों और मूल्यों के प्रति निष्ठा को पुनः सुदृढ़ किया गया। समारोह में उपस्थित नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और इसे विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में सम्मानित किया। नेताओं ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो माँ भारती, सनातन संस्कृति और देश की सेवा में पूर्णतः समर्पित है। उन्होंने पार्टी की कार्यशैली की तुलना माँ गंगा की निर्मलता और अविरलता से की, जो सदा प्रवाहित रहती है और सभी को शुद्ध करती है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष श्रीमती विजय लक्ष्मी शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री आशुतोष सिंह, राहुल नगर मंडल अध्यक्ष श्री प्रदीप मालवीय, विवेक सिंह और अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन कादीपुर-सुल्तानपुर के विधायक राजेश गौतम ने किया, जो अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भी हैं। यह विशेष अवसर न केवल भारतीय जनता पार्टी के गौरवमयी इतिहास को स्मरण करने का था, बल्कि इसके भविष्य के संकल्पों को सुदृढ़ करने का भी एक महत्वपूर्ण पड़ाव रहा। पार्टी के प्रति जनता का उत्साह और विश्वास कार्यक्रम में झलकता रहा।

राम-जानकी मंदिर में रामचरित मानस पाठ समाप्त



महराजगंज, रायबरेली। रामनवमी के उपलक्ष्य में शनिवार को स्थानीय प्रशासन द्वारा कस्बा स्थित राम-जानकी मंदिर में शुरू कराए गए रामचरित मानस पाठ का रविवार को समापन हुआ जिसके पश्चात हवन पूजन और कन्या भोज का आयोजन किया गया एसडीएम सचिन यादव और तहसीलदार मंजुला मिश्रा नायब तहसीलदार उमेशचंद्र त्रिपाठी ने विधि विधान से कन्याओं का पूजन किया।

शनिवार को प्रारंभ हुए अखंड श्री रामचरित मानस पाठ का रविवार की दोपहर समापन हुआ एसडीएम सचिन यादव तहसीलदार मंजुला मिश्रा नायब तहसीलदार उमेशचंद्र त्रिपाठी ने मानस जी की आरती और तत्पश्चात विधि विधान से हवन पूजन किया श्री राम जानकी तथा लक्ष्मण जी पूजा एवं भोग अर्पण कर लोक शांति की कामना की अधिकारियों ने इसके बाद कन्याओं की पूजा कर उन्हें भोजन कराया और उन्हें दक्षिण देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया उपास्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागीदार बनें। इस मौके पर अंजनी बाजपेई जगदीप स्वर्णकार आयुष स्वर्णकार अनुराग स्वर्णकार शिव स्वर्णकार अशोक आशीष, सुधा अवस्थी सहित बड़ी तादाद में श्रद्धालु मौजूद रहे।

रामनवमी पर निकली शोभा यात्रा

महराजगंज, रायबरेली। रामनवमी के शुभ अवसर पर आज कस्बा सहित क्षेत्र के अनेक गांवों से रामनवमी के अवसर पर शोभा यात्रा निकाली गई तो वहीं नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सज धज कर झांकियां भी निकाली गई। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महराजगंज कस्बे के रंधावा रोड पर स्थित सुविख्यात भगवान श्री राम के मंदिर परिसर से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो कस्बे के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः अपने गंतव्य स्थान पर पहुंची जहां शोभा यात्रा में रथ पर सवार राम लक्ष्मण व सीता के किरदार को निभा रहे बच्चों को देखने के लिए विशाल भीड़ उमड़ी इस मौके पर समाजसेवी विमल रस्तोगी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल, मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, भाजपा नेता सरोज गौतम, सुधा अवस्थी, शिव कैलाश सोनी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे तो वहीं क्षेत्र के अटरेहटा गांव के ठाकुरद्वारा मंदिर से एक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें पूरे गरीब, पूरे रानी, पूरे सुखई व महराजगंज से होते हुए पूरे सुखई गांव स्थित झांडेश्वर मंदिर परिसर में शोभा यात्रा का समापन हुआ जिसमें विगत वर्षों की भांति भारी मात्रा में ग्रामीण सहित कस्बे वासी मौजूद रहे और जगह-जगह पर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया चैत्र रामनवमी जन्मोत्सव के प्रबंधक रामगोपाल सविता और श्याम किशोर ने बताया कि इस वर्ष में 75 वीं वर्षगांठ मनायीजाएगी।

प्रवक्ता प्रियंका बनीं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या



सलोन, रायबरेली। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सलोन में नागरिक शास्त्र की प्रवक्ता प्रियंका सिंह ने प्रधानाचार्य पद पर प्रभार ग्रहण किया। जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने विद्यालयों के बेहतर संचालन के लिए कुछ फेरबदल किए। जिसके तहत प्रियंका सिंह को प्रधानाचार्या का प्रभार मिला। प्रियंका मूलतः प्रतापगढ़ जिले की निवासी है। इनके पति डॉ प्रदीप सिंह, सलोन के ही सर्वोदय विद्यापीठ पीजी कॉलेज में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। शनिवार को कार्यभार ग्रहण के समय डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रो शांति भूषण सिंह ने बालिका विद्यालय पहुंचकर नई प्रधानाचार्या को बधाई दिया, साथ ही शैक्षिक माहौल को बेहतर बनाने का सुझाव दिया। साथ महाविद्यालय परिवार से डॉ प्रियंका सिंह, डॉ श्रीकांत उपाध्याय, डॉ वागीश मिश्र और बड़े बाबू अजय यादव भी बधाई देने पहुंचे। प्रियंका सिंह ने बालिका विद्यालय के शैक्षिक माहौल को बेहतर बनाए और विद्यार्थियों के बहुमुखी व्यक्तित्व विकास के लिए अपने संकल्प को दोहराया।

राम नवमी के उपलक्ष्य में निकली शोभा यात्रा



मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। चैत्र मास की रामनवमी पर मोतिगरपुर क्षेत्र रामभक्ति में डूब गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल राम दरबार शोभायात्रा का आयोजन हुआ। रविवार को आलापुर से निकली शोभायात्रा पांडेय बाबा धाम राम दरबार आरती के बाद रवाना हुई। शोभायात्रा बाजारों मे पहुचते ही लोगो पुष्प बर्षा कर जय श्रीराम का उद्घोष किया। शोभायात्रा की शुरूआत आलापुर गांव से हुई, भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण की भव्य झांकी सजाई गई। रथ पर सजे राम दरबार की शोभा देखते ही बनती थी। इस झांकी के साथ सैकड़ों श्रद्धालु डीजे, भक्ति गीतों, नृत्य और बाइक जुलूस के साथ शामिल हुए। शोभायात्रा ने पांडेयबाबा बाजार, मोतिगरपुर, दियरा चैराहा होते हुए पुनः आलापुर में आकर विश्राम लिया। शोभायात्रा का भव्य स्वागत हुआ। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा की, तो कहीं महिलाएं आरती की थाल सजाए श्रद्धालुओं का अभिनंदन करती दिखीं। पूरा वातावरण ह्यजय श्रीरामह्ण के नारों और भक्ति संगीत से गूंज उठा। शोभायात्रा का यह दृश्य ऐसा था जैसे समूचा क्षेत्र राममय हो गया ।मोतिगरपुर बाजार मे ब्लॉक प्रमुख चंद्र प्रताप सिंह ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। एसडीएम जयसिंहपुर शिव प्रसाद व प्रभारी निरीक्षक प्रवीण यादव पुलिस बल के साथ शोभायात्रा कार्यक्रम को शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराया। शोभायात्रा मे भाजपा नेता केडी सिंह, विनोद सिंह, कौशल सिंह, देवेंद्र सिंह, अंकित मिश्र, महादेव शर्मा, जगदीश मौर्य, जयनाथ केवट, प्रधान राजनरायन यादव रन्नू, धनई निषाद, लवकुश सैनी, शम्भू प्रसाद, पिंटू सिंह आदि मौजूद रहे।

धूमधाम से मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस



रायबरेली। भाजपा का 46वां स्थापना दिवस कार्यक्रम जिला कार्यालय अटल भवन त्रिपुला में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी ने किया। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर पार्टी के झंडे को फहराया। साथ ही पार्टी के प्रति समर्पित एवं सभी सम्मानित कार्यकताओं को संबोधित किया।

इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया, जिसके प्रथम अध्यक्ष श्री अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए। पार्टी की स्थापना के साथ ही भाजपा ने अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की तथा भारतीय राजनीति को नए आयाम दिए। उन्होंने कहा कि यह एक जन-आधारित पार्टी हैं। मैं अपनी पार्टी के लोगों से अनुरोध करता हूं कि जब आप किसी भी बूथ पर जाएं और आपको जनसंघ का कोई सदस्य या भाजपा का कोई कार्यकर्ता मिले, तो कृपया उसके घर जाएं, और उन्होंने यह भी कहा कि हमें अपने नए और पुराने सभी कार्यकताओं से संवाद जारी रखना है, उनसे मिलना है, उन्हें समझाना है। उन सभी के संघर्ष से आज पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। मंच पर उपस्थित क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव, सुरेन्द्र सिंह दाढ़ी, क्षेत्रीय महामंत्री महिला मोर्चा संगीता पासवान, पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील शर्मा, महिला मोर्चा सुधा अवस्थी, कार्यक्रम में जन्मेजय सिंह, देवेन्द्र सिंह, विवेक शुक्ला, अभिषेक वर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह, आशुतोष पाण्डेय, शरद सिंह, डॉ धनञ्जय सिंह, वीरेन्द्र सिंह, भगवत किशोर सिंह, अनुज मौर्या, हरिश्चंद्र सिंह, दल बहादुर सिंह, मीडिया प्रभारी विनय शुक्ल ,सहित सभी भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यकर्ताओं ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

लालगंज, रायबरेली। भाजपा के कार्यकताओं ने पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर जहां घरों में झंडा लगाया वही अटल चैक गांधी चैराहे पर केक काटकर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। पार्टी कार्यकताओं ने लोगों के मध्य प्रसन्नता जाहिर करते हुए मिष्ठान वितरण भी किया। इस मौके पर भाजपा सभासद कैलाश बाजपेई और कौशलेंद्र कंचन ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के द्वारा स्थापित की गई जनसंघ पार्टी आज वटवृक्ष की तरह पूरे देश में एक बड़े समूह के कार्यकताओं की विशाल सदस्य संख्या वाली पार्टी बन गई है। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष शिवम गुप्ता और राजन अवस्थी ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के बताए हुए रास्ते पर पार्टी काम कर रही है। भाजपा नेता सुरेंद्र गुप्ता ने कहा कि सबका साथ सबका विकास के लक्ष्य के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हिंदुस्तान के अधिकांश राज्यों में भाजपा की सरकारे हैं।

मंदिरों में दुर्गा सप्तशती का पाठ आयोजित

अमेठी। शासन के निदेर्शों के क्रम में जनपद के समस्त तहसीलों व विकास खण्डों में स्थित प्रसिद्ध मंदिरों में चैत्र नवरात्रि/श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर दुर्गा सप्तशती/देवी गायन/ देवी जागरण/रामायण का पाठ किये जाने हेतु निर्देशित किया गया गया था जिसके अनुपालन में आज जनपद की तहसील तिलोई अंतर्गत अहोरवा भवानी मंदिर सिंहपुर व हनुमान गढ़ी मंदिर तिलोई, तहसील अमेठी अंतर्गत मां कालिकन धाम संग्रामपुर, तहसील गौरीगंज अंतर्गत माता मवाई धाम मंदिर एवं तहसील मुसाफिरखाना अंतर्गत मां हिंगलाज धाम मंदिर व सिद्ध धाम हनुमान गढ़ी मंदिर कस्थूनी पूरब मुसाफिरखाना में दुर्गा सप्तशती का पाठ/देवी गायन/देवी जागरण/ रामायण पाठ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। चैत्र नवरात्रि/ श्रीरामनवमी के अवसर पर आज मंदिरों में अधिक से अधिक संख्या में बालिकाओं /महिलाओं एवं अन्य श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की।

पं. राधेश्याम त्रिपाठी छात्रवृत्ति परीक्षा में शामिल हुए 1822 परीक्षार्थी

सुलतानपुर (वीओएल)। पंडित राधेश्याम त्रिपाठी छात्रवृत्ति परीक्षा 2025 रविवार को सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा की निगरानी कर रहे डॉक्टर रत्नेश तिवारी ने बताया कि कादीपुर तहसील के चारों ब्लॉक में बनाए गए चार परीक्षा केन्द्रों पर रजिस्ट्रेशन कराए 1822 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। श्री तिवारी ने बताया कि कादीपुर के सन्त तुलसी दास पीजी कालेज बरूआरीपुर में 1114 परीक्षार्थियों की संख्या थी जिसमें 854 परीक्षार्थी शामिल रहे। वहीं करौदीकला में कुल परीक्षार्थियों संख्या 469 थी जिसमें 338 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। अखंडनगर में टोटल संख्या 458 थी, जिसमें 333 परीक्षार्थी तथा में कुल संख्या 389 थी, जिसमें 297 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। सत्यपथ फाउंडेशन के संरक्षक विवेक तिवारी ने परीक्षा में सम्मिलित सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए परीक्षा को सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में शिक्षक बन्धुओं तथा सत्यपथ फाउंडेशन के कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया।

- सत्यपथ फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित पं. राधेश्याम त्रिपाठी छात्रवृत्ति परीक्षा में शामिल हुए परीक्षार्थी

बोले परीक्षार्थी... परीक्षा में शामिल हुए परीक्षार्थियों ने पँ. राधेश्याम त्रिपाठी छात्रवृत्ति परीक्षा मेंं शामिल होने पर खुशी जाहिर करते हुए पूजा तिवारी, अनन्या, रेखा सिँह, पँकज गौतम, इन्द्रमणि यादव आदि ने कहा कि इस परीक्षा में हम लोगों को बहुत कुछ नया सीखने को मिला। वही सौरभ ने बताया कि परीक्षा में न तो कहीं तनाव दिखा और न ही कही आपाधापी रही, हम सबने खुशनुमा माहौल में परीक्षा दी। परीक्षार्थियों ने सत्यपथ फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया।

या देवी सर्वभूतेषु मातृ रूपेण संस्थिता

रायबरेली। या देवी सर्वभूतेषु मातृ रूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः। माँ भगवती जगत जननी जगदंबा के भक्तगणों द्वारा दैहिक दैविक भौतिक संताप को शमन करने के लिए 9 दिन के नवरात्रि व्रत के उपरांत माँ भगवती के मंदिरों में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा । माता के भक्त पूजा अर्चना करके अपने घरों में गौरी पूजन तथा यज्ञादि क्रियाओं को करके मनुष्य के कल्याण के साथ प्राणी मात्र के कल्याण की कामना की ।जन जन में माँ जगदम्बा के प्रति अपने भाव को श्रद्धा विश्वास के साथ पूजन अर्चन किए । शहर के रेलवे स्टेशन मार्ग पर स्थित मनसा देवी मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी रही लोग माता की पूजा करके अपनी मनोकामना पूर्ण करने के उद्देश्य से दर्शन लाभ प्राप्त किया। वहीं परसदेपुर क्षेत्र में स्थित माता मेडुरिन धाम में भी लोगों ने भगवती का पूजन अर्चन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। बताया जाता है कि नवरात्र के व्रत ने प्रथम दिवस से लेकर 9 दिनों तक उपवास रहकर भक्तजन माता की उपासना करते हैं तथा पुण्य लाभ अर्जित करते हैं । वहीं जनपद में लगभग सभी क्षेत्रों में नवरात्रि का पर्व व रामनवमी का पर्व विशेष रूप से मनाया गया जिसमें भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की शोभायात्रा निकाली ।भगवान श्रीराम की लोगों ने पूजन अर्चन किए तथा प्रसाद वितरित किए।

- माँ भगवती के मंदिरों में भक्तों का उमड़ा जनसैलाब

भगवान श्री शंकरेश्वर शिव मंदिर में हुआ कन्या भोज



लालगंज, रायबरेली। लालगंज नगर गोविंदपुर वलौली स्थित भगवान श्री शंकरेश्वर शिव मंदिर में नवरात्रि के अवसर पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धर्म जागरण विभाग के जिला सहसंयोजक और मंदिर के अध्यक्ष सुशील शुक्ला व उनकी धर्मपत्नी मीना शुक्ला द्वारा कन्या भोज का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि मंदिर में मां दुर्गा की स्थापना है। संपूर्ण नवरात्रि देर शाम आरती, पूजन, प्रसाद वितरण का कार्य होता है। प्रत्येक नवरात्रि में कन्या भोज का आयोजन होता है। उसी परंपरा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पंडित अमरेंद्र और ओमप्रकाश शुक्ला के द्वारा हवन पूजन कराया गया। तत्पश्चात आरती हुई और कन्या भोज का आयोजन हुआ। वही मौके पर मौजूद सभी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के अवसर पर शिवांशी शुक्ला, नीलेश शुक्ला, विजय बाजपेई, शिवम बाजपेई, चंदन बाजपेई ,गौरव बाजपेई आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

युवा प्रेरणास्त्रोत डॉ. चिन्मय पंड्या के जन्मदिन पर युवाओं ने किया रक्तदान

सुलतानपुर (वीओएल)। राम नवमी के पावन पर्व एवं गायत्री परिवार के प्रमुख युवाओ के प्रेरणास्त्रोत डॉ. चिन्मय पंड्या जी के जन्मदिन के अवसर पर सयुक्त सेवा समिति की अगुवाई में 124 युवाओ ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में गायत्री परिवार, गोमती मित्र मंडल, अम्बे दल, युवा कसौधन समाज एवं सुलतानपुर नर्सिंग इंस्टिट्यूट के युवाओं ने बढचढकर भागीदारी की। कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग प्रचारक प्रकाश जी ने देव पूजन करके किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि डॉ. चिन्मय पंड्या जी के जन्मदिन को मनाने का गायत्री परिवार के युवाओ का यह बेहतरीन तरीका है। मुख्य अतिथि रूप में पहुचे ब्रजेश मिश्रा पुलिस अधीक्षक ट्रेनिंग सेंटर ने कहा कि रक्तदान महायज्ञ है यह बेहतरीन तरीका है किसी की जान बचाने का, कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि रूप में पधारे एलएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रक्तदान करना चाहिए, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ सर्जन डॉ. एके सिंह, पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, सीएमएस डॉ. आर के मिश्रा, ब्लड बैंक प्रभारी सजंय, गोमती मित्र मंडल अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन आदि ने युवाओ का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक एवं गोमती ब्लड बैंक ने प्रतिभाग किया जहां पर 110 पुरुष एवं 14 महिलाओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर राकेश सिंह, श्रवण मिश्रा, गुड्डू सिंह, डॉ सचिन द्विवेदी, प्रभु मिश्रा, कुशल, पंकज अग्रवाल, आशीष, सन्दीप सिंह बिट्टू, गौरव सिंह, रितेश अग्रवाल, कवि पांडेय, शिवम शुक्ला, बृजेश यादव, अंजनी जायसवाल, सर्वेश मिश्रा, शुभम, विनय चैरसिया अध्यक्ष अम्बे दल, घनश्याम मिश्रा, हनुमान सिंह आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

टूंडला। मां वैष्णो देवी धाम उसायनी माता के दर्शन करने जा रहे 18 वर्षीय युवक की अज्ञात वाहन के टक्कर मारने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना थाना टूंडला क्षेत्र के एनएच2 हाईवे टोल टैक्स के पास की है, रविवार दोपहर को 18 वर्षीय युवक तेजवीर सिंह उर्फ बदलू पुत्र राजवीर सिंह निवासी गढ़ी मोती थाना पचोखरा दोपहर को महानवमी पर्व पर उसायनी मां वैष्णो देवी मंदिर में माता के दर्शन करने के लिए जा रहा था, वह एनएच2 हाईवे टोल टैक्स के पास ही पहुंचा था कि उसे किसी अज्ञात वाहन ने रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के जिला अस्पताल भेजा है। अज्ञात वाहन चालक भाग जाने में सफल रहा। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

जिपं अध्यक्ष ने केएम विवि व आवास पर फहराया भाजपा ध्वज

मथुरा। भाजपा के 45वीं वर्षगांठ को लेकर पूरे मथुरा सहित प्रदेशभर में भाजपाईयों ने भाजपा ध्वज फहराने के साथ श्रीराम प्रभु का जन्मोत्सव मनाया। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने अपने आनंदधाम आवास पर भाजपा का ध्वजा फहराकर 46वां स्थापना दिवस मनाया। उन्होंने बताया लक्ष्य अंत्योदय, प्रण अंत्योदय, पथ अंत्योदय राष्ट्र कल्याण एवं जनसेवा के समर्पित विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आवास पर भाजपा का ध्वज फहराया है, इस पावन अवसर पर हम सभी संकल्प लें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत और समृद्ध भारत के स्वप्न को साकार करने हेतु हम अपनी पूरी निष्ठा और शक्ति के साथ भाजपाई कार्य करेंगे। उन्होंने स्वाधीनता के बाद 1951में जब पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, बलराज मधोक और दीनदयाल उपाध्यायने जनसंघ बनाया था तब विरोधी उनकी हंसी उड़ाते थे कि यह क्या राजनीति करेंगे और जब 1980 में भाजपा की स्थापना हुई तो उनके ताने बढ़ते गए, उस दौर में अटलजी ने कहा था कि अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा, आज भाजपा सारी चुनौतियों को ध्वस्त करके भारतीय राजनीति की धुरी बन चुकी है, केन्द्र सहित डेढ़ दर्जन राज्यों में भाजपा सरकार है।

हेमामालिनी ने द्वारिकाधीश मंदिर के किए दर्शन



मथुरा। आज रामजन्मोत्सव को लेकर प्रसिद्ध द्वारिकाधीश मंदिर में जन्मोत्सव पर भगवान द्वारिकाधीश ने धनुषबाण के साथ दर्शन दिए। पंचामृत का अभिषेक कार्यक्रम हुआ और मंदिर परिसर जय श्रीराम के उद्घोष के साथ गूंज उठा। मंदिर में सुबह से रामजन्मोत्सव की धूम रही। यहां की सांसद हेमामालिनी आज द्वारिकाधीश मंदिर पहुंची और प्रभु को नमन किया। मंदिर परिषर में आज भारी भीड़ देखी गई। रामजन्मोत्सव के कारण द्वारिकाधीश प्रभु आज धनुषबाण लेकर भक्तों को दर्शन देते रहे। चारों ओर रामजन्मोत्सव और जयश्रीराम के उद्घोष गूंजते रहे।

आगजनी के पीड़ित किसानों से मिले कांग्रेस जिलाध्यक्ष

मथुरा। तहसील छाता के गांव फालैन और पैगांव के बीच लगभग सैकड़ो किसानों की 200 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस मामले का लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकेश धनगर किसानों के बीच में पहुंचे। उन्होने छाता उपजिलाधिकारी श्वेता शर्मा से वार्ता कर पीड़ित किसानों की आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की। कहा कि पीड़ित किसानों को अति शीघ्र राजस्व टीम से सर्वे कराकर उनको उचित मुआवजा दिया जाए। एक किसान जो फसल बचाने के लिए बुरी तरह से आग से झुलस गया है उसका भी उचित इलाज एवं उचित मुआवजा दिया जाए। अति शीघ्र किसानों को उचित मुआवजा नहीं दिया गया तो मथुरा जिला कांग्रेस कमेटी किसानों के साथ जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर डीएम का घेराव करेंगे। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष महानगर विक्रम बाल्मीकि, मास्टर खलील, मौजूद रहे।

बांकेबिहारी मंदिर के लाखों रुपये चुराने वाला बैंककर्मी गिरफ्तार



9 लाख 50 हजार रुपये बरामद

मथुरा। बांकेबिहारी मंदिर के अंदर रखी गुल्लक से लाखों रुपये चुराने का का मामला सामने आया है। यहां मंदिर के गुल्लक की धनराशि में सेंध लगाते बैंककर्मी के रंगे हाथों पकड़े जाने से हड़कंप मच गया। सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए बैंक कर्मी के पास से 9 लाख 83 हजार 900 रुपए की नगदी बरामद हुई है। मंदिर के प्रबंधक द्वारा इस मामले में बैंक कर्मी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने आरोपी बैंक कर्मी अभिनव सक्सेना को गिरफ्तार कर लिया है।

गौरतलब हो कि प्रसिद्ध ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में नियमानुसार, प्रतिमाह भेंट गुल्लक न्यायालय द्वारा नियुक्त अधिकारी की निगरानी में बैंक के कर्मचारियों द्वारा मंदिर कर्मियों के सहयोग से खोली जाती है। मंदिर की 16 भेंट गुल्लक खुलने का यह क्रम पिछले तीन दिन से जारी था।

शनिवार की शाम करीब चार बजे से कंट्रोल रूम में मौजूद कर्मियों को शक हुआ कि एक बैंककर्मी अपने कपड़ों में कुछ छिपा रहा है। इस पर तत्काल प्रबंधन को अवगत कराया गया। प्रबंधक मुनीश शर्मा द्वारा सीसीटीवी फुटेज चेक किए जाने के बाद धनराशि की गिनती कर रहे बैंककर्मी की तलाशी ली गई। उसके पास से 01 लाख 28 हजार छः सौ रुपये बरामद हुए। इससे मंदिर प्रबंधन में हड़कंप मच गया। नोटों की बरामदगी के बाद पुलिस ने बैंक कर्मी अनुभव सक्सेना से सख्ती से पूछताछ शुरू कर दी। इसके बाद पकड़े गए बैंककर्मी ने अन्य दिनों भी चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसके घर से 08 लाख 55 हजार तीन सौ रुपए बरामद कर लिए हैं। प्रबंधक मुनीश शर्मा के अनुसार आरोपी बैंककर्मी अभिनव सक्सेना निवासी रामपुर केनरा बैंक में फील्ड आफीसर के पद पर कार्यरत है। आरोपी के पास से 200-500 गड्डियां प्राप्त हुई है।

आरोपी अभिनव सक्सेना की पत्नी सीए है। सीओ सदर ने बताया करीब 4 बजे सायं कन्ट्रोल रूम से निगरानी कर रहे लोगों द्वारा शक जाहिर किया कि केनरा बैंक का कर्मी अभिनव नोटों को गिनते समय चुराकर अपने शरीर में छिपा रहा है, तब आयुक्तगण राजीव माहेश्वरी एडवोकेट, दिनेश प्रताप सिंह एडवोकेट, उमेश सारस्वत, गोविन्द गौतम एवं अन्य मन्दिर कर्मी एवं वृंदावन कोतवाली प्रभारी प्रशांत कपिल, अपराध निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार, बिहारीजी निरीक्षक छोटे लाल के समक्ष अभिनव की तलाशी करायी गयी तो अभियुक्त की कमर के नीचे पेन्ट / अण्डर वियर के अन्दर छुपाये हुए 500-500 के 218 नोट एवं 200- 200 के 98 नोट कुल 1 लाख 28 हजार छः सौ रुपये बरामद हुये तथा अभियुक्त की निशानदेही पर पूर्व में चुराये गये 08 लाख 55 हजार तीन सौ रुपए अभियुक्त के घर से किये बरामद। कुल बरामदगी 9 लाख 83 हजार 900 रु. हुई।

भाजपा का स्थापना दिवस : मथुरा में शान से लहराया पार्टी का झंडा

मथुरा। भाजपा अपना 46वां स्थापना दिवस मना रही है। 6 अप्रैल 1980 को हुई पार्टी की स्थापना के बाद से भाजपा ने भारतीय राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है। इस दिन को लेकर पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, और देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उसी श्रृंखला में पुष्पांजलि स्थित भाजपा जिला कार्यालय में स्थापना



दिवस के अवसर पर दोपहर जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव पूर्व ऊर्जा मंत्री वर्तमान विधायक श्रीकांत शर्मा महापौर विनोद अग्रवाल विधायक मेघश्याम ठाकुर पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर ने पार्टी का ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात भाजपा के स्थापना दिवस पर जिला अध्यक्ष निर्भय पांडेय महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मूर्तियों पर माल्यार्पण किया। जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे ने भाजपा के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल 1980 को जनसंघ का भारतीय जनता पार्टी में विलय हुआ। पार्टी के प्रथम अध्यक्ष पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी बने। पांडेय ने कहा कि भाजपा, जनसंघ के संस्थापक स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अखंड भारत के विचार और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर चल रही है। महानगर के होली गेट मंडल ने स्थापना दिवस पर जुबली पार्क स्थित भाजपा कार्यालय पर मंडल के पूर्व अध्यक्ष लोकेश तायल के साथ सभी कार्यकताओं ने झंडारोहण किया। वहीं उन्होंने बताया महानगर अध्यक्ष राजू यादव के साथ सभी कार्यकर्ताओं में हवन किया।

भाजपा कैंप कार्यालय पर मनाया गया पार्टी का स्थापना दिवस



टूंडला। पूरे भारत वर्ष में मनाए जा रहे विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस उत्सव के क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में भाजपा जिला कैंप कार्यालय पर पार्टी स्थापना दिवस उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने बताया कि आज से ही पार्टी का नया सत्र प्रारंभ हो रहा है। पार्टी के बूथ स्तर से लेकर केंद्र स्तर तक के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने-अपने आवास पर भारतीय जनता पार्टी का झंडा लगाकर उत्सव मना रहे हैं। इसी श्रृंखला में एटा रोड रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कैंप कार्यालय पर स्थापना दिवस उत्सव मनाया गया है। इस दौरान उन्होंने टूंडला नगर के सभी कार्यकताओं के साथ अपने आवास पर भाजपा का झंडा फहराया। स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के बूथ से लेकर जिला स्तर तक के सभी पदाधिकारी व कार्यकताओं ने अपने-अपने आवास पर भाजपा का झंडा फहराया व सेल्फी लेकर सरल ऐप व सोशल मीडिया पर अपलोड की। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष हनुमंत बघेल टूंडला नगर पालिका अध्यक्ष भंवर सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आकाश शर्मा मंडल प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह, नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सचिन जैन जिला कोषाध्यक्ष महिपाल निषाद, शशांक प्रताप सिंह, मुकेश धामा, प्रदीप जैन टाइगर, महेंद्र कुमार झा, राजन सिंह निषाद आदि लोग उपस्थित रहे।

85 वारंटी गिरफ्तार

फिरोजाबाद। एसएसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन में एस आर एनबीडब्ल्यू वांछित वारंटी अभियुक्तों के विरूद्ध जनपद पुलिस ने बीती रात्रि अभियान चलाकर 85 अभियुक्तों जिसमें 75 एनबीडब्ल्यू 1 एसआर वांछित वारंटी व 9 अन्य वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की है। थानावार की गई गिरफ्तारी मे थाना उत्तर 3, दक्षिण 1थाना रामगढ़ 2, रसूलपुर 3 टूंडला 3, पचोखरा 2 रजावली 2, नारखी 5, नगला सिघी 2, सिरसागंज 16, नसीरपुर 2, थाना शिकोहाबाद 18, मक्खनपुर 2, खैरगढ़ 1, जसराना 5, फरिहा 1, थाना एका 6 थाना लाइनपार 5, थाना मटसेना 3, बसई मोहम्मदपुर 3, इस प्रकार जनपदीय पुलिस ने बीती रात्रि मात्र 5 घण्टे में 75 एनबीडब्लू वारंटियों तथा 1 एसआर केस में वांछित व 9 अन्य वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 85 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

मोहम्मदाबाद में दो दिनी रसिया दंगल आज से

टूंडला। प्राचीन पंचायती शिवालय मंदिर मोहम्मदाबाद पर दो दिवसीय रसिया दंगल का आयोजन आज सोमवार से शुरू होगा। आयोजक अमित कुमार चौ.उदय प्रताप सिंह वर्मा ने बताया कि रात नौ बजे से रसिया दंगल शुरू होगा जो देर रात चलेगा। जिसमें नाथ गोपाल अखाड़ा मुरसान और अखिलेश आकाश वी.के.मधुआ राया शिरकत कर रहे हैं, उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर रसिया दंगल का आनंद उठाने की अपील की है।

क्षत्रिय स्वर्णकार सेवा समिति का भंडारा आयोजित

टूंडला। क्षत्रिय स्वर्णकार सेवा समिति द्वारा विगत वर्षों की भाती चैत्र नवरात्रि में राम नवमी पर मस्जिद रोड स्थित पथवारी माता मंदिर पर संस्थापक अध्यक्ष मोतीबाबू के सानिध्य में 38वे भंडारे का आयोजन किया गया भंडारा आयोजन पर मोतीबाबू ने कहा कि भण्डारे करने से यज्ञ करने के बराबर फल प्राप्त होता हैं गरीब मजबूर बेसहारा लोगों को भोजन कराना पुनीत कार्य है इसके माध्यम से गरीबो की मदद तो होती ही साथ मातारानी का आशीर्वाद भी मिलता हैं इस अवसर पर समिति के सचिव सिद्धार्थ सिंह, संयोजक डॉ बी.एस.गोतम, सुनील अमर टैगोर, सन्नी प्रकाश, शिवम शर्मा, रवि कुमार, हिमांशु, मनीश जैन, गुरुमुख दास, रामगोपाल वर्मा, शिव कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर श्रीराम-जन्म की धूम, श्रीकेशवदेव ने दिए श्रीराम रूप में दर्शन

मथुरा। चैत्र शुक्ल रामनवमी तद्नुसार दिनांक 06 अप्रैल 2025 रविवार को श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर श्रीराम जन्म महोत्सव भाव, उल्लास एवं श्रद्धापूर्वक मनाया गया। श्रीकृष्ण जन्मस्थान के भागवत भवन मंदिर में स्थित श्रीराम जी मंदिर में नवसम्वत्सर वर्ष प्रतिपदा से प्रारम्भ हुये श्रीरामचरित मानस के नौ दिवसीय नवान्हपरायण पाठ के समापन पर रविवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं ने स्वर से स्वर मिलाते हुये मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीरामजी के जन्म पर सुन्दर बधाई गायन किया।

मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के प्राकट्य पर्व का शुभारम्भ आज प्रातः से ही भागवत-भवन मंदिर में गणपति स्थापन, नवग्रह-पूजन, गर्भ-स्तुति आदि वैदिक पूजन के साथ हुआ। इसके उपरान्त मध्यान्ह 12:00 बजे भागवत भवन में श्रीराम जी का दिव्य पंचामृताभिषेक, संस्थान की प्रबंध समिति के सदस्य श्री गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी द्वारा किया गया। पुष्पार्चन के उपरान्त घण्टे, घड़ियाल व शंख ध्वनि के साथ भगवान श्रीराम जी की प्राकट्य आरती हुयी। भगवान श्रीरामजी के जन्माभिषेक के मध्य शास्त्रीय मंत्रों की गूंज, झांझ, मजीरे, मृदंग एवं बधाई गायन की मधुर ध्वनि में झूमते-नाचते श्रद्धालु संपूर्ण वातावरण को भावमय कर रहे थे। उपस्थित श्रद्धालुओं को वृहद मात्रा में बधाई रूप में पंचामृत एवं प्रसाद वितरण किया गया।

इस पुण्य अवसर पर श्रीरामजी मंदिर को भव्य फूलबंगला, विशेष श्रृंगार, पोशाक एवं पुष्प सज्जा से सुसज्जित किया गया। भव्य सज्जा के मध्य विराजमान प्रभु श्रीराम-लक्ष्मण एवं माता जानकी के श्रीविग्रह श्रद्धालुओं को दिव्य दर्शन का आभास करा रहे थे। श्रीरामनवमी के विशेष अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर में स्थित भगवान श्री केशवदेवजी महाराज के मनोहारी श्रीविग्रह के प्रातः से ही मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभू श्रीराम रूप में दर्शन करके भक्तजन आनन्दित हो उठे।

भगवा रंग में रंगी कृष्ण नगरी, हर तरफ शोभायात्रा में गूंज रहे श्रीराम के जयकारे





मथुरा। श्रीराम जन्म महोत्सव समिति द्वारा प्राचीन राम मंदिर घीया मंडी से शोभायात्रा निकाली गई है। शोभायात्रा का शुभारंभ नाभा पीठाधीश्वर सुतीक्षण दास देवाचार्य श्रीघमण्डदेवाचार्य पीठाधीश्वर वेणुगोपाल शरण महाराज, महा मंडलेश्वर डॉ. आदित्यानंद महाराज, महामण्डलेश्वर नवल गिरि जी महाराज, महामंडलेश्वर भैयादास महाराज, महंत सुंदरदास महाराज, महामंडलेश्वर कृष्णानंद महाराज, महंत राधाकान्त गोस्वामी, महाराज रसिक संत महंत मोहिनी बिहारी शरण महाराज मेला संयोजक कन्हैया लाल अग्रवाल राजेन्द्र बंसल हेमंत चतुर्वेदी मनु ऋषि त्रिवेदी ने भगवान श्रीरामजी के दीप प्रज्वलित कर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। शोभा यात्रा में विभिन्न सामाजिक और व्यापारिक संगठनों के साथ श्रीराम जन्म महोत्सव समिति विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की ओर से झांकियां निकाली गई शोभा यात्रा में राम उत्सव मनाया गया।

शहर से लेकर गांव-गांव तक पूरा शहर भगवामय होने के कारण राममय हो गया है। सुबह से ही यह सिलसिला चलता है। पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यातायात दुरुस्त रहा। शोभा यात्रा में इसमें विभिन्न देवी देवताओं के रूप में सजे कलाकार आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। जयश्री राम के नारों से पूरा वातावरण राममय हो गया है। सिर में केसरिया पगड़ी तथा हाथ में भगवा ध्वज लेकर चल रहे राम भक्तों से नगर एक बार राम मय हो गया।

समिति के प्रवक्ता श्याम शर्मा ने बताया यह शोभायात्रा शाम पांच बजे रवाना हुई। सबसे आगे दामोदर श्री गणेश मां चामुंडा महादेव हनुमान भव्य राम डोला की झांकी के साथ डांडिया पार्टी में डीजे से प्रसारित हो रहे नारे एवं गीत राम भक्तों का जोश दुगुना कर रहे थे। घनश्याम कृपा कर दो मथुरा भी सजाएंगे सुनकर अगल-बगल के लोग भी थिरकते देखें गए। वहीं मेला संयोजक कन्हैया लाल अग्रवाल ने बताया शोभा यात्रा से पूर्व प्रातः भगवान श्री राम जी का अभिषेक किया गया।

मुठभेड़ के बाद तीन बदमाश गिरफ्तार

राया सहित अन्य क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं को देते थे अंजाम

मथुरा। डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय द्वारा चलाया जा रहा ह्ललंगड़ा अभियानह्ल लगातार जारी है। इसी अभियान के अंतर्गत राया पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में बदमाशों से मुठभेड़ हुई, जिसमें तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश को गोली लगने से वह घायल हो गया, जबकि उसके दो अन्य साथियों को पुलिस ने मौके से धर दबोचा। हालांकि, एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा। गिरफ्तार बदमाशों ने क्षेत्र में हुई कई चोरी की घटनाओं को कबूल किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से अवैध हथियार, कारतूस, चोरी किए गए आभूषण तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।

एसपी देहात त्रिगुण विषेन ने बताया कि बीतीरात मुखबिर से सूचना मिली कि कई चोरी की घटनाओं में शामिल अपराधी नईम, वसीम, अतर सिंह व नौशाद कारव की तरफ से कच्चे रास्ते पर होते हुए राया कट की तरफ आ रहे हैं। इस सूचना पर थाना राया पुलिस प्रभारी अजय कौशल, उपनिरीक्षक निशांत पायल, सचिन कुमार, थाना

● अवैध हथियार, कारतूस, चोरी के आभूषण, दो मोटर साइकिलें बरामद

सदरबाजार उपनिरीक्षक नितिन शर्मा, उपनिरीक्षक थाना सदर बाजार अमित स्वाट टीम हरिजेन्द्र सिंह, अखिल कुमार द्वारा चेकिंग की गई तो दौराने चेकिंग दो मोटरसाइकिल आती दिखाई दी जिनको रोकने का प्रयास किया गया तो ये लोग फायर करते हुए भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा जवाबी फायरिंग की गई। एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, घायल नईम पुत्र रफीक निवासी अनार का नगला थाना कोतवाली अलीगढ़ को इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनका साथी नौशाद पुत्र साबू निवासी सारशोल थाना बन्नादेवी जनपद अलीगढ़ भागने में सफल रहा। जबकि इकसे साथी वसीम पुत्र ?शीन निवासी अलहादाद पुर थाना रोरावर अलीगढ़ और अतर सिंह पुत्र डोरीलाल निवासी शाहपुर कुतुब थाना रोरावर अलीगढ पुलिस ने गिरफ्तार किये हैं। पुलिस ने इनके पास से एक तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, दो चाकू, चोरी किए गए सोने व चांदी के लाखों के आभूषण तथा घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल बरामद की गई है, जिस पर प्रेस भी लिखा हुआ है। आरोपितों पर कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया जाएगा।

सूहेलदेव भासपा ने मनायी निषादराज की जयंती

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। सूहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकताओं पदाधिकारीयों ने लक्ष्मी नगर लिंक रोड स्थित जिला कार्यालय पर निषाद राज जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी ने निषाद राज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि राजवीर सिंह ने कहा निषादराज, रामायण के मुताबिक, ऋंगवेरपुर के राजा थे, वे निषाद समाज के थे और मछुआरों और नाविकों के राजा थे।

मान्यता है कि निषादराज ने ही वनवास के दौरान राम, सीता, और लक्ष्मण को गंगा पार करवाया था, राज्य ऋंगवेरपुर प्रयागराज, उत्तर प्रदेश कर्म मछुआरों और नाविकों के राजा। रामायण में संबंध राम, सीता, और लक्ष्मण को गंगा पार करवाया था वनवास के बाद राम ने अपनी पहली रात निषादराज के घर बिताई थी वे आदिवासी समाज के थे। निषाद राजजी को भुलाया नहीं जा सकता वह हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे उत्तर प्रदेश व केंद्र सरकार की मांग की निषाद राज जी की जयंती पर केंद्रीय व राज्यकीय अवकाश घोषित किया जाए। मथुरा महानगर के होली गेट चैराहे पर निषादराज जी की प्रतिमा लगाई जाए इस मौके पर प्रमुख रूप से तेज सिंह बल्ली चैधरी राष्ट्रीय सचिव विनोद निषाद विधानसभा अध्यक्ष दिगम्बर निषाद विधानसभा अध्यक्ष माट गिर्राज निषाद ब्लॉक अध्यक्ष मांट और आई टी सेल जिलाध्यक्ष मोइनुद्दीन मथुरा मोइनुद्दीन खान और अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष असलम कुरैशी शोएब खान भोलू कुरैशी आकाश फरमान शालीब इमरान वसीम फुरकान आजाद चंदू कुरैशी आसिफ राशिद उर्फ चिंची फैसल कुरैशी महानगर अध्यक्ष मुजाहिद कुरैशी और फेजान कुरैशी यवामंच जिलाध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चन्द भजोरी निषाद जगदीश निषाद भूरे लाल, निषाद फैसल चिराऊदीन कुरैशी और सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उटसानी वाली माता के मेले में उमड़े श्रदालु



टूंडला। लाइन पार क्षेत्र के गांव अनवारा स्थित उटसानी वाली माता के मेले में रविवार को महानवमी पर भक्तों की भारी भीड़ रही। हजारों श्रद्धालु सुबह से ही मंदिर में माता के दर्शनों के लिए पहुंचे। दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं ने माता के जयकारे लगाए। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। यहां बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा रविवार को नेजा, घंटा चढ़ाने का सिलसिला जारी रहा। भक्तों ने माता के दर्शन कर धर्म लाभ उठाया। मेला आयोजक रघुवीर सिंह ने अतिथियों का साफा बांधकर स्वागत किया समाजसेवी महेंद्र सिंह मझवार ने मेले का शुभारम्भ करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में लगने वाले इस तरह के मेले पुरानी संस्कृति को याद दिलाते हैं। जिसमें गांव के अलावा आस पास के लोगों से मिलाप होने से भाईचारे की भावना को भी बढावा मिलता है। गांव के मंदिर पर प्रति वर्ष मेला लगाया जाता है। जिसमें आस पास के गांवों के महिला बच्चे एवं पुरुष बडी संख्या में आते हैं। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भक्तों की ओर से शीतल पेयजल की व्यवस्था रही। इस मौके दिनेश कुमार विजय सिंह, राजेंद्र सिंह श्री कृष्ण, मुकेश कुमार रविकुमार, हेमंत कुमार, प्रताप, संजय आदि ने मेला की व्यवस्थाओं को देखा।

मजदूरी के रुपये वापस मांगने पर की गयी थी रविकांत की हत्या

फिरोजाबाद। थाना मटसेना पुलिस व एसओजी सर्विलांस की संयुक्त टीम ने खेतों में मिले शव हत्या की घटना का अनावरण कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। 13-10-2024 को समय करीब 8.35 बजे सुबह रामबाबू पुत्र महाराज सिंह निवासी ग्राम आनन्दीपुर करकौली थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद के खेत में एक अज्ञात पुरुष जिसकी उम्र करीब 28 वर्ष का शव लावारिस हालत में पड़ा मिला था जिसकी शिनाख्त हेतु जनपद व गैर जनपदों में पम्पलेट व पोस्टर चस्पा कराये गये थे। बटेश्वर के पास जैन मन्दिर पर लगे अज्ञात शव के पम्पलेट को देखकर मृतक के भाई अर्जुन सिंह पुत्र सुखराम निवासी नैपई थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद व उसके परिजनों ने शव की शिनाख्त उसके भाई रविकान्त पुत्र सुखराम निवासी नैपई थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद के रूप में की है जिसमें अभियुक्तगण प्रेमबाबू उर्फ भूरा पुत्र श्याम बाबू शर्मा, धीरेन्द्र उर्फ मिन्नू पुत्र रवि शर्मा निवासी बवाइन थाना खैरगढ़ रब्बी उर्फ रबजीत पुत्र इन्द्रपाल निवासी रसीदपुर कनैटा थाना मटसैना फिरोजाबाद के नाम प्रकाश में आये, अभियुक्तों द्वारा रविकांत को घर से काम पर ले जाने के बहाने बुलाकर शराब पिलाकर मारपीट करने के उपरान्त आनन्दीपुर करकौली के जंगल में जाकर गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। घटना के सम्बन्ध में अभियुक्तगण धीरेन्द्र उर्फ मिन्नू पुत्र रवि शर्मा निवासी बवाइन थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद, रब्बी उर्फ रबजीत पुत्र इन्द्रपाल निवासी रसीदपुर कनैटा थाना मटसैना फिरोजाबाद को विजयपुरा तिराहे से गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियुक्तगण की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त रस्सी एक सरिया आलाकत्ल व एक बुलेट बाइक बरामद की गई। एएसपी रवि शंकर प्रसाद ने बताया प्रेमबाबू उर्फ भूरा हलवाई कैटरिंग की ठेकेदारी का काम करता था जिसके साथ मृतक रविकांत भी काम करता था, रविकांत मजदूरी के पैसे भूरा के पास ही रखता था, जिससे करीब 1लाख रुपया मृतक का भूरा के पास जमा हो गया तो मृतक ने भूरा से अपने रुपए मांगना शुरू कर दिये, जिस पर भूरा ने अपने साथियों धीरेंद्र उर्फ मिन्नू, रब्बी उर्फ रबजीत के साथ मिलकर रविकांत की हत्या की योजना बनाई योजना अनुसार तीनों ने मृतक को शराब पिलाई और गोली मारकर हत्या कर शव ग्राम आनन्दीपुर करकौली में खेतों में फेंक कर चले गये।

पर्यटन मंत्री ने जन शिकायतों को सुना और पूर्व शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की

फिरोजाबाद। उप्र सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के मंत्री जयवीर सिंह ने निर्धारित जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार रविवार को प्रातः 10 बजे से अपने निवास सिरसागंज पर जन शिकायतों को जनता दर्शन लगाकर जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जनता की समस्याओं को सुना। इसके पश्चात उन्होंने विगत दिवसों में जनसुनवाई कार्यक्रमों में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकारियों को दिए गए निर्देशों के क्रियान्वयन व अनुपालन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा भी की। जनसुनवाई के दौरान मंत्री जी ने जनपदभर व गैर जनपदो से आए फरियादियों की शिकायतों को एक-एक कर सुना और मौके पर ही शिकायतों का निस्तारण कराया, शेष शिकायतों को उपस्थित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए।

पर्यटन मंत्री द्वारा अभी तक किए गए जनसुनवाई कार्यक्रमों में प्राप्त शिकायतों में संबंधित अधिकारियों को शिकायत निस्तारण के लिए दिए गए निर्देशों के क्रियान्वयन की अलग-अलग विभागों द्वारा अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गई। मंत्री ने सभी अधिकारियों से स्पष्ट रूप से कहा कि न्याय मिलने में देरी अन्याय की श्रेणी में आती है, इसलिए समयबद्धता के साथ निस्तारण किया जाए और उसकी अनुपालन आख्या अवश्य भिजवाए। उन्होने फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए कुछ प्रकरणों में सम्बन्धित अधिकारियों से सीधे फोन पर वार्ता कर शिकायतों को निस्तारित कराया। इस दौरान रजनीश पुत्र मुकेश कुमार निवासी नगला शाला राजा का ताल अलीनगर केंजरा ने अपनी शिकायत में बताया कि उसके पिता मुकेश कुमार की मृत्यु बीमारी के कारण हो गई है, उनके स्थान पर वह



सेवाएं देना चाहता है, जिस पर मंत्री जी ने जिला युवा कल्याण एवं प्राविधा अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार विष्णु पुत्र शिव शरण शर्मा निवासी फतेहपुर करखा ने अपनी शिकायत में भूमि से अवैध कब्जा हटवाने के संबंध में बताया, उसने बताया कि विपक्षी उसे बार-बार परेशान कर रहे हैं, जिस पर पर्यटन मंत्री ने गंभीरता दिखाते हुए उप जिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्र अधिकारी तथा लेखपाल की संयुक्त टीम मौके पर जाकर आवश्यक कार्रवाई कर पीड़ित को न्याय दिलाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह संपूर्ण समाधान दिवसों व थाना समाधान दिवसों के अवसर पर सरकार की योजनाओं को जनता तक सीधा लाभ दिलाने के लिए सभी संबंधित विभाग अपने अलग-अलग पटल स्थापित कर पात्र लोगों के आवेदन कराएं।

उन्होने सम्बन्धित अधिकारियो को यह भी निर्देश दिए कि गुणवत्तापूर्ण शिकायत निस्तारण की कार्यवाही के उपरांत शिकायतकर्ता को अवगत भी कराया जाए, की उनकी शिकायत निस्तारित हो गयी है। उन्होने कहा कि उ0प्र0 सरकार जनता की समस्याओं के प्रति गम्भीर है, इसलिए अधिकारी जनता की समस्याओं को स्थानीय स्तर पर त्वरित गति से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान अधिकतर शिकायतें भूमि, बिजली, पानी राशन कार्ड, विद्युत विभाग के बिल, आवास योजना, आधार कार्ड, अतिक्रमण, पुलिस सम्बन्धित आदि की शिकायतें प्राप्त हुई। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी द्वारा नामित नोडल अधिकारी, उपजिलाधिकारी सिरसागंज, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

बंगाल के जीएसटी संग्रह में वृद्धि राष्ट्रीय औसत से अधिक : ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि राज्य अपने संसाधन जुटाने के प्रयासों में लगातार प्रगति कर रहा है और उसने वित्त वर्ष 2024-25 में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में 11.43 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है, जो राष्ट्रीय औसत से दो प्रतिशत अधिक है। बनर्जी ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में पश्चिम बंगाल का जीएसटी संग्रह पिछले वर्ष की तुलना में 4,808 करोड़ रुपये अधिक रहा। बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पश्चिम बंगाल अपने संसाधन जुटाने के प्रयासों में लगातार प्रगति कर रहा है, जो वित्त वर्ष 2024-25 के अंत में संकलित वित्तीय परिणामों से स्पष्ट है। 2024-25 में हमने पिछले वर्ष की तुलना में 4,808 करोड़ रुपये अधिक जीएसटी जुटाया है, जो 11.43 प्रतिशत की वृद्धि है। यह राष्ट्रीय स्तर (9.44 प्रतिशत वृद्धि) से दो प्रतिशत अधिक है और हमारी बढ़ती आंतरिक वित्तीय ताकत को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजीकरण और स्टाम्प शुल्क के मामले में संपत्ति बैनामा की संख्या में साठ हजार की वृद्धि हुई है, जो हमारे बाजार की गतिशीलता को दर्शाता है।

देश में 39.2 लाख बैंक खाते महिलाओं के पास

नयी दिल्ली। देश में 39.2 प्रतिशत बैंक खाते महिलाओं के पास हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में यह अनुपात 42.2 प्रतिशत है। एक सरकारी रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने रविवार को भारत में महिला और पुरुष 2024: चयनित संकेतक और आंकड़े शीर्षक से अपने प्रकाशन का 26वां संस्करण जारी किया। यह प्रकाशन भारत में लैंगिक परिदृश्य का एक व्यापक अवलोकन प्रस्तुत करता है, जिसमें जनसंख्या, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक भागीदारी और निर्णय लेने जैसे प्रमुख क्षेत्रों में चयनित संकेतक और आंकड़े प्रस्तुत किए गए हैं। ये आंकड़े विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/संगठनों से प्राप्त किए गए हैं। मंत्रालय के बयान के मुताबिक, रिपोर्ट में बताया गया है कि महिलाओं के पास सभी बैंक खातों का 39.2 प्रतिशत हिस्सा है जबकि कुल जमा में उनका योगदान 39.7 प्रतिशत है। ग्रामीण क्षेत्रों में उनकी भागीदारी सबसे अधिक है, जहां कुल बैंक खातों में उनका हिस्सा 42.2 प्रतिशत है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले कुछ वर्षों में डीमैट खातों में वृद्धि होना शेयर बाजार में लोगों की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है। 31 मार्च, 2021 से 30 नवंबर, 2024 तक डीमैट खातों की कुल संख्या चार गुना से अधिक होकर 3.32 करोड़ से बढ़कर 14.30 करोड़ हो गई है। पुरुष डीमैट खाताधारकों की संख्या लगातार महिला खाताधारकों से अधिक रही है, लेकिन महिलाओं की भागीदारी में भी वृद्धि देखी गई है। पुरुष खातों की संख्या 2021 के 2.65 करोड़ से बढ़कर 2024 में 11.53 करोड़ हो गई, जबकि इसी अवधि के दौरान महिला खातों की संख्या 66.7 लाख से बढ़कर 2.77 करोड़ हो गई।

रिजर्व बैंक मौद्रिक समीक्षा बैठक में रेपो दर में कर सकता है 0.25 प्रतिशत की एक और कटौती

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस सप्ताह अपनी मौद्रिक समीक्षा बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में एक बार फिर से 0.25 प्रतिशत तक की कटौती कर सकता है। मुद्रास्फीति में कमी से केंद्रीय बैंक के पास ब्याज दर में कटौती की गुंजाइश है। अमेरिका की तरफ से जवाबी सीमा शुल्क लगाने की घोषणा के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियां पैदा हो गई हैं। ऐसे में घरेलू मोर्चे पर भी आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहन देने की जरूरत महसूस की जा रही है। फरवरी में गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने रेपो दर को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया था। यह मई, 2020 के बाद रेपो दर में पहली कटौती और ढाई साल के बाद पहला संशोधन था। एमपीसी की 54वीं बैठक सात अप्रैल से शुरू होगी। बैठक के नतीजों की घोषणा नौ अप्रैल को की जाएगी। आरबीआई गवर्नर के अलावा एमपीसी में केंद्रीय बैंक के दो वरिष्ठ अधिकारी और सरकार द्वारा नियुक्त तीन लोग होते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने फरवरी, 2023 से रेपो दर (अल्पकालिक उधार दर) को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा था। पिछली बार आरबीआई ने कोविड के समय (मई, 2020) रेपो दर में कमी की थी और उसके बाद इसे धीरे-धीरे बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया गया था।

कंपनियों की पूंजी 2.94 लाख करोड़ घटी



नयी दिल्ली। कम कारोबारी सत्रों वाले बीते सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 2,94,170.16 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रही।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,050.23 अंक या 2.64 प्रतिशत नीचे आया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 614.8 अंक या 2.61 प्रतिशत का नुकसान रहा। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। भारती एयरटेल एकमात्र कंपनी रही, जिसकी बाजार हैसियत बढ़ी है। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 1,10,351.67 करोड़ रुपये घटकर 11,93,769.89 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 95,132.58 करोड़ रुपये घटकर 16,30,244.96 करोड़ रुपये पर और इन्फोसिस का 49,050.04 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 6,03,178.45 करोड़ रुपये पर आ गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 14,127.07 करोड़ रुपये घटकर 5,40,588.05 करोड़ रुपये रही। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 9,503.66 करोड़ रुपये घटकर 9,43,264.95 करोड़ रुपये पर आ गया। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 8,800.05 करोड़ रुपये घटकर 13,90,408.68 करोड़ रुपये पर और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का मूल्यांकन 3,500.89 करोड़ रुपये घटकर 5,27,354.01 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 3,391.35 करोड़ रुपये घटकर 6,85,232.33 करोड़ रुपये रहा। आईटीसी की बाजार हैसियत 312.85 करोड़ रुपये घटकर 5,12,515.78 करोड़ रुपये पर आ गई। इस रुख के उलट भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 7,013.59 करोड़ रुपये बढ़कर 9,94,019.51 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

एफपीआई ने चार कारोबारी सत्रों में शेयरों से 10,355 करोड़ रुपये निकाले



नयी दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दुनिया के कई देशों पर जवाबी शुल्क लगाए जाने का असर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों पर भी पड़ा है। एफपीआई ने पिछले चार कारोबारी सत्रों में भारतीय शेयर बाजार से 10,355 करोड़ रुपये निकाले हैं।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, 21 मार्च से 28 मार्च तक छह कारोबारी सत्रों में एफपीआई ने भारतीय बाजार में 30,927 करोड़ रुपये डाले थे। इस प्रवाह की वजह से मार्च महीने में उनकी कुल निकासी घटकर 3,973 करोड़ रुपये रही है। इससे पहले फरवरी में, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयरों से 34,574 करोड़ रुपये निकाले थे, जबकि जनवरी में उनकी निकासी 78,027 करोड़ रुपये रही थी। बीडीओ इंडिया के भागीदार और लीडर, एफएस कर, कर और नियामकीय सेवाएं मनोज पुरोहित ने कहा कि आने वाले दिनों में बाजार भागीदारों की निगाह अमेरिकी शुल्क के दीर्घावधि के प्रभाव और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की इस सप्ताह होने वाली मौद्रिक समीक्षा बैठक पर रहेगी। बाजार उम्मीद कर रहा है कि केंद्रीय बैंक रेपो दर में कटौती करेगा। उन्होंने कहा कि ये घटनाक्रम आगामी दिनों में निवेश रणनीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने पिछले चार कारोबारी सत्रों (एक अप्रैल से चार अप्रैल तक) तक भारतीय शेयरों से शुद्ध रूप से 10,355 करोड़ रुपये निकाले हैं। इसके साथ ही, 2025 में अबतक एफपीआई की कुल निकासी 1.27 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। अमेरिकी शुल्क उम्मीद से कहीं अधिक हैं। अब उनके व्यापक आर्थिक प्रभाव को लेकर चिंता है। उन्होंने कहा कि भारत और अन्य देशों पर जवाबी शुल्क से अमेरिका में महंगाई बढ़ेगी। इन घटनाक्रमों के प्रभाव से अमेरिकी बाजारों में भी भारी बिकवाली देखने को मिली है। सिर्फ दो कारोबारी सत्रों में एसएंडपी 500 और नैस्डैक में 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। पूर्ण व्यापार युद्ध के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं, जिससे वैश्विक व्यापार और आर्थिक वृद्धि पर असर पड़ेगा।

विदेशी बाजारों में दाम टूटने से सरसों के भाव बढ़े



नयी दिल्ली। विदेशों में खाद्य तेलों के दाम धराशायी होने तथा शुल्क युद्ध की बढ़ती आशंकाओं के बीच कारोबारी धारणा बिगड़ने के कारण बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहनों के दाम टूट गए और सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम पर्याप्त हानि के साथ बंद हुए।

बाजार सूत्रों ने कहा कि इससे पिछले सप्ताह जिस कच्चे पामतेल (सीपीओ) का दाम 1,200-1,205 डॉलर प्रति टन था, वह समीक्षाधीन सप्ताह में घटकर 1,160-1,165 डॉलर प्रति टन रह गया। बाजार धारणा बिगड़ने का यह मुख्य कारण रहा। हालांकि, यह दाम जो पहले सोयाबीन से लगभग 100 डॉलर अधिक था वह अब घटने के बाद सोयाबीन से लगभग 60 डॉलर अधिक ही है। हालांकि, जितना पाम, पामोलीन तेल का दाम टूटा है, उतनी गिरावट सोयाबीन में नहीं आई। सूत्रों ने कहा कि बेशक थोक दाम में भारी कमी आयी हो लेकिन खुदरा बाजार में कोई उपभोक्ता सरसों, मूंगफली जैसे खाद्य तेल खरीदे, तो यह दाम आसमान पर है। आम उपभोक्ताओं के राहत के लिए इस बिडंबना का सुलझाना जरूरी है। सूत्रों ने कहा कि रमजान खत्म होने के बाद मलेशिया में पाम-पामोलीन का उत्पादन बढ़ने का समय आ गया है और अप्रैल से दिसंबर माह तक यह बढ़ेगा। लेकिन मलेशिया में बाजार का सारा खेल अब सट्टेबाजों पर निर्भर करेगा कि वे कौन सा रास्ता चुनते हैं। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्था नेफेड की सोयाबीन बिक्री रुकने के बाद सोयाबीन के अनुकूल कुछ माहौल बना था लेकिन इसके डी-आयल्ड केक (डीओसी) की कमजोर मांग ने सारे माहौल पर पानी फेर दिया और सोयाबीन का सारा जोश ठंडा हो गया। सप्ताहांत में सोयाबीन तेल-तिलहन के भाव भी पर्याप्त गिरावट के साथ बंद हुए।


अमेरिकी शुल्क से भारत में महंगाई बढ़ने का जोखिम नहीं: अर्थशास्त्री



नयी दिल्ली। अमेरिकी के भारत समेत विभिन्न देशों पर जवाबी शुल्क लगाने के बीच अर्थशास्त्रियों ने कहा है कि इससे देश में महंगाई बढ़ने और रोजगार जाने की आशंका कम है। यह उन देशों को ज्यादा प्रभावित कर सकता है जो मुख्य रूप से सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) के दर्जे के तहत अमेरिका के साथ व्यापार करते रहे हैं।

उनका यह भी कहना है कि भारत के पास अधिक प्रतिस्पर्धी मूल्य पर वैश्विक बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने का अवसर है। इसका कारण बांग्लादेश, श्रीलंका और वियतनाम जैसे देशों के मुकाबले भारत पर लगाये गये शुल्क का कम होना है। अमेरिकी शुल्क के अर्थव्यवस्था पर प्रभाव के बारे में प्रतिष्ठित शोध संस्थान आरआईएस (विकासशील देशों की अनुसंधान एवं सूचना प्रणाली) के महानिदेशक प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने पीटीआई-भाषा से कहा, वैश्विक और भारतीय दोनों अर्थव्यवस्थाओं पर इसके पूर्ण प्रभाव का आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी, क्योंकि ये व्यापार उपाय अभी विकसित हो रहे हैं। भारत इस नई व्यापार वास्तविकता के साथ सक्रिय रूप से तालमेल बैठा रहा है। यह उन देशों को ज्यादा प्रभावित कर सकता है जो मुख्य रूप से सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) के दर्जे के तहत अमेरिका के साथ व्यापार करते रहे हैं। हालांकि अमेरिका के शुल्क लगाये जाने से भारतीय घरेलू बाजार में महंगाई बढ़ने और रोजगार जाने का जोखिम कम है। भारत का अमेरिका को कुल निर्यात 75.9 अरब डॉलर का है। इसमें से फार्मास्युटिकल (आठ अरब डॉलर), कपड़ा (9.3 अरब डॉलर) और इलेक्ट्रॉनिक्स (10 अरब डॉलर) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में स्थिर मांग बनी रहेगी। महत्वपूर्ण बात यह है कि अमेरिका को निर्यात करने वाले क्षेत्रों में औषधि क्षेत्र महत्वपूर्ण है और इसे छूट की श्रेणी में रखा गया है। इसके अलावा, भारत पर 26 प्रतिशत शुल्क लगाया गया है, जिससे बांग्लादेश (37 प्रतिशत जवाबी शुल्क), श्रीलंका (44 प्रतिशत) और वियतनाम (46 प्रतिशत) जैसे प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले तुलनात्मक रूप से शुल्क लाभ प्राप्त है। इसलिए भारत के पास अधिक प्रतिस्पर्धी मूल्य पर अपनी बाजार उपस्थिति का विस्तार करने का अवसर है।

ट्रंप शुल्क के प्रभाव से तय होगी शेयर बाजार की दिशा



नयी दिल्ली। इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों में कई तरह के घटनाक्रमों के बीच काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों कहना है कि एक तरफ निवेशक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए शुल्क के वैश्विक व्यापार और महंगाई पर व्यापक असर का आकलन कर रहे हैं, वहीं सप्ताह के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति की बैठक भी है।

इसके अलावा अमेरिका से मुद्रास्फीति के आंकड़े भी आने हैं। ये सभी घटनाक्रम बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विशेषज्ञों के अनुसार, निवेशकों को आशंका है कि एक पूर्ण व्यापार युद्ध वैश्विक व्यापार और आर्थिक वृद्धि को प्रभावित करेगा। महावीर जयंती के अवसर पर बृहस्पतिवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। मास्टर ट्रस्ट ग्रुप के निदेशक पुनीत सिंघानिया ने कहा कि यह सप्ताह वैश्विक और भारतीय बाजारों के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दुनिया के विभिन्न देशों पर शुल्क लगाया है, जिससे व्यापक व्यापार युद्ध और वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंकाएं बढ़ गई हैं। सिंघानिया ने कहा, अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़े और फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का ब्योरा भी सप्ताह के दौरान जारी किया जाएगा। कमजोर वैश्विक रुख और व्यापार युद्ध की आशंका की वजह से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार में बड़ी गिरावट आई थी। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर इस सप्ताह आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा बैठक के नतीजे आएंगे। इसके अलावा भारत के औद्योगिक और विनिर्माण उत्पादन के आंकड़े भी आने हैं। अमेरिकी शेयर बाजार में शुक्रवार को लगभग छह प्रतिशत की गिरावट आई थी, जो 2020 के बाद से वहां के बाजार के लिए सबसे खराब सप्ताह रहा। सिंघानिया ने बताया कि मार्च के लिए चीन का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) का आंकड़ा बृहस्पतिवार को और ब्रिटेन का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का आंकड़ा शुक्रवार को जारी होगा। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,050.23 अंक या 2.64 प्रतिशत नीचे आया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 614.8 अंक या 2.61 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

जवाबी शुल्क हैरान करने वाला, भारत पर पड़ सकता है कुछ प्रतिकूल असर : बसु

नयी दिल्ली। विश्व बैंक के पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री कौशिक बसु ने ट्रंप प्रशासन की तरफ से करीब 60 देशों पर जवाबी सीमा शुल्क लगाए जाने को हैरान करने वाला कदम बताते हुए कहा है कि इससे भारत पर कुछ प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, लेकिन इसका बड़ा असर खुद अमेरिका में महसूस किया जाएगा। बसु ने रविवार को कहा कि वास्तव में यह ट्रंप प्रशासन के दावे के उलट जवाबी शुल्क नहीं है। यह भारत के साथ अमेरिका के व्यापार घाटे पर आधारित है। उन्होंने कहा कि भारत पर 26 प्रतिशत का नया अमेरिकी शुल्क हैरान करने वाला है। हालांकि, इसका भारत पर कुछ प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, लेकिन इसका बड़ा नकारात्मक प्रभाव अमेरिका पर पड़ेगा। कॉर्नेल विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत बसु ने कहा कि अमेरिका जैसे देश के लिए, जिसकी मुद्रा पर दुनिया भर में भरोसा किया जाता है और जिसका इस्तेमाल किया जाता है, व्यापार घाटा होना स्वाभाविक है।

उन्होंने कहा कि इसलिए, यह नई शुल्क नीति अमेरिकी डॉलर में विश्वास को खत्म करने के प्रयास की तरह दिखती है। इसके साथ ही बसु ने सुझाव दिया कि भारत को अमेरिकी आयात पर शुल्क बढ़ाकर या घटाकर इसका जवाब नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत को वही करना चाहिए जो यूरोप, कनाडा और चीन कर रहे हैं, यानी आपस में व्यापार बढ़ाने की कोशिश करना। पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा, यह नए व्यापार समझौतों का समय है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जवाबी शुल्क का भारत की मुद्रास्फीति पर बहुत अधिक प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वास्तव में, इसका तत्काल प्रभाव कीमतों में गिरावट हो सकता है क्योंकि अमेरिका को निर्यात करने में कठिनाई से अल्पावधि में कुछ अतिरिक्त सामान बचा रह सकता है। उन्होंने कहा कि यदि भारत, अमेरिका पर शुल्क बढ़ाकर जवाब देता है, जैसा कि चीन ने अभी किया है, तो इससे आयातित वस्तुओं की कीमत बढ़ सकती है और यह पूरी अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है जो महंगाई बढ़ाने का काम करेगा। इस संकट को भारत के लिए अवसर में बदल पाने की संभावना पर बसु ने कहा कि यह वास्तव में भारत के लिए एक अवसर हो सकता है।

पेज एक का शेष

रामनवमी पर

श्री रामलला के माथे तक सूर्य भगवान का आशीर्वाद पहुंचाने की व्यवस्था के लिए कल अंतिम प्रयास किया गया। यह कार्य एक बार पहले भी हो चुका है, इसलिए इस बार कोई समस्या नहीं हुई। ऊपरी मंजिलों पर लगातार निर्माण कार्य होने के कारण कुछ समस्याएं थीं। इस बार धनिया के प्रसाद के साथ-साथ फलों के लड्डू का प्रसाद भी वितरित किया गया।

राष्ट्र प्रथम

सभी को स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। गोरखनाथ मंदिर परिसर में पार्टी का झंडा फहराने के अवसर पर सांसद रविकिशन, भाजपा की प्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष और विधान पार्षद डॉ. धर्मेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा की स्थापना छह अप्रैल 1980 को हुई थी।

बिजली विभाग

कराई जा रही है। ताकि उनके खिलाफ कानूनी कार्वाई की जा सके। पुलिस के अनुसार, ईद पर अंबाला रोड स्थित ईदगाह पर नमाज अदा करने के बाद कुछ युवकों ने विदेशी झंडे लेकर नारेबाजी की, हालांकि पुलिस ने उन्हें तुरंत हटा दिया। पुलिस ने बताया था कि सीसीटीवी फुटेज के जरिए वीडियो में दिख रहे लोगों की पहचान कर जांच के बाद कार्वाई शुरू की गयी है।

राम राज्य

दशक में तमिलनाडु के विकास के लिए, 2014 से पहले की तुलना में तीन गुणा ज्यादा पैसा केंद्र से दिया गया है।

तमिलनाडु में अवसंरचना विकास को केंद्र सरकार की प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने कहा कि बीते एक दशक में तमिलनाडु का रेलवे बजट सात गुणा से ज्यादा बढ़ाया गया है। 2014 से पहले, रेल परियोजनाओं के लिए हर साल सिर्फ 900 करोड़ रुपये ही मिलते थे और आपको पता है उस समय विपक्षी गठबंधन इंडिया के मुख्य कर्ताधर्ता कौन थे? इस वर्ष, तमिलनाडु का रेल बजट, 6000 करोड़ रुपये से ज्यादा है। भारत सरकार, यहां के 77 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण कर रही है। इसमें रामेश्वरम का स्टेशन भी शामिल है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 10 सालों में हमने रेल, सड़क, हवाईअड्डे, बंदरगाह, बिजली, पानी, गैस पाइपलाइन, ऐसी अवसंरचनाओं का बजट करीब छह गुणा बढ़ाया है। आज देश में बहुत तेजी से बड़ी परियोजनाओं पर काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि आप उत्तर में देखेंगे, तो जम्मू कश्मीर में दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुलों में से एक, चिनाब सेतु बना है। पश्चिम में मुंबई में देश का सबसे लंबा समुद्री पुल, अटल सेतु बना है। पूर्व में असम में बोगीबील पुल है और दक्षिण में दुनिया के गिने-चुने वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज में से एक, पंबन पुल का निर्माण पूरा हुआ है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्रों के बीच संपर्क बेहतर होने से विकास की रफ्तार भी बढ़ जाती है। जब भारत का हर क्षेत्र आपस में जुड़ा होता है, तो विकसित राष्ट्र बनाने का रास्ता मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि आज जब भारत का हर राज्य आपस में जुड़ रहा है, तो पूरे देश की क्षमता सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि इसका फायदा भी तमिलनाडु समेत देश के हर क्षेत्र को हो रहा है।

पंबन पुल के उद्घाटन के अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनके (कलाम के) जीवन ने हमें दिखाया कि विज्ञान और अध्यात्म एक दूसरे के पूरक हैं। इसी तरह, रामेश्वरम तक जाने वाला नया पंबन पुल तकनीक और परंपरा को एक साथ लाता है। पंबन पुल से इस आध्यात्मिक स्थल तक पहुंचने में सुविधा होगी, जहां पूरे साल देश भर से श्रद्धालु आते हैं। सरकार के अनुसार, रामेश्वरम को मुख्य भूमि से जोड़ने वाला यह पुल भारतीय इंजीनियरिंग का एक उल्लेखनीय कारनामा है और इसे 700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है। लगभग 2.08 किलोमीटर लंबे इस पुल में 99 स्पैन और 72.5 मीटर लंबा वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है, जिसे 17 मीटर तक उठाया जा सकता है। इससे बड़े जहाजों का सुगम आवागमन और साथ ही निर्बाध ट्रेन संचालन सुनिश्चित होगा। पुल में स्टेनलेस स्टील और उच्च श्रेणी के पेंट का इस्तेमाल किया गया है। इसमें पूरी तरह से वेल्डिंग किए हुए जोड़ हैं, जिससे पुल के रखरखाव की आवश्यकताएं कम होंगी और मजबूती बढ़ेगी।

भारत ने

भी शामिल है। पिछले सप्ताह म्यांमा में 7.7 तीव्रता का भूकंप आने से 3,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई। भारत ने भूकंप से हुई तबाही के बाद ऑपरेशन ब्रह्मा नाम से राहत अभियान शुरू किया था। इस बीच, भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि 405 टन चावल सहित 442 टन राहत सामग्री लेकर आईएनएस घड़ियाल शनिवार सुबह यांगून पहुंच गया। उन्होंने कहा कि भारतीय राजदूत अभय ठाकुर ने राहत सामग्री यांगून क्षेत्र के मुख्यमंत्री यू सोई थीन को सौंपी।

हरित चारधाम

में होटलों को खाद्य तेल को तीन बार से अधिक इस्तेमाल करने के बजाय इसे बायोफ्यूल बनाने के लिए उपलब्ध कराने के लिए कहा जा रहा है। डॉ आर राजेश कुमार ने बताया कि होटल कारोबारियों को पानी की बोतल, रैपर जैसे सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को भी हतोत्साहित करते हुए, पर्यावरण संरक्षण में सहयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उपायुक्त मुख्यालय गणेश कंडवाल ने बताया कि विभागीय निदेर्शों के क्रम में अब तक ऋषिकेश, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग में होटल कारोबारियों के साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न किया जा चुका है। यात्रा शुरू होने से पहले उत्तरकाशी, चंबा और हरिद्वार सहित कुछ और स्थानों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न किया जाएगा। साथ ही मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय खाद्य उत्पादों को भी उपलब्ध कराने को कहा जा रहा है।

ट्रंप और

करने के प्रयासों, इजराइल-तुर्किये संबंधों, ईरान से खतरे जैसे मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे।

यूपी में अप्रैल

उम्मीद है। मौसम विभाग ने कहा कि अप्रैल के पहले सप्ताह में ही दिन के तापमान में वृद्धि के साथ आसन्न गर्मी का स्पष्ट पूर्वानुमान मिल गया है। मौसम विभाग के अनुसार, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, फतेहपुर, अमेठी, गाजीपुर, सुल्तानपुर और हमीरपुर में दिन का तापमान पिछले सप्ताह से 40 डिग्री के पार जा रहा है। शनिवार को प्रयागराज में अधिकतम तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसमी औसत से 4.2 डिग्री अधिक है। पूर्वानुमान में कहा गया है कि दिन का अधिकतम तापमान अक्सर 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक लगातार 40 डिग्री के आसपास रहेगा और कुछ क्षेत्रों में 45 डिग्री से भी अधिक होने की आशंका है। रात का तापमान 35 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद है। सिंह ने कहा कि अप्रैल, मई और जून के महीनों में उत्तर प्रदेश में बारिश की संभावना सामान्य से कम है। इसके अलावा, पूरे राज्य में सामान्य से अधिक गर्मी यानि उष्ण लहर चलने की प्रबल आशंका है। पूर्वानुमान में कहा गया है कि अप्रैल 2025 के दौरान, उत्तर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में लू चलने की संभावना है। चिकित्सा पेशेवरों ने जोर देकर कहा कि उष्ण लहर(हीटवेव) से अकेले उच्च तापमान की तुलना में अधिक स्वास्थ्य जोखिम पैदा करती है। लखनऊके चिकित्सक डॉ. शांतनु मिश्रा ने बताया कि उच्च तापमान असुविधा का कारण बनता है, जिसे छाया में रहने और पर्याप्त पानी पीने से नियंत्रित किया जा सकता है। हालांकि, लू के संपर्क में आने से शरीर का प्राकृतिक तापमान विनियमन बाधित होता है, जिससे गंभीर निर्जलीकरण और संभावित स्वास्थ्य जटिलताएं होती हैं। मौसम विभाग के खतरनाक पूर्वानुमान के जवाब में, राज्य सरकार ने जिला प्रशासन को शमन उपायों को लागू करने का निर्देश दिया है। उत्तर प्रदेश के राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने कहा कि जिला प्रशासन को संभावित प्रतिकूल गर्मी के बारे में सचेत कर दिया गया है और इसके प्रभाव को कम करने के लिए उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलों के अस्पतालों को भी गर्मी से संबंधित बीमारियों में वृद्धि के लिए एहतियातन सतर्क रहने के लिए कहा गया है। पशुपालन विभाग भी पशुधन की सुरक्षा के लिए सक्रिय कदम उठा रहा है। उप्र सरकार के पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा, राज्य भर में पशु आश्रय स्थलों को पशुओं के लिए छायादार क्षेत्र और पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सा विभागों को ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की सहायता के लिए हाई अलर्ट पर रखा गया है, जिनके पशुओं को अत्यधिक गर्मी के चलते प्रतिकूल स्थिति का सामना करना पड़ सकता है।

आठ वर्षीय बच्ची

आठ वर्षीय गुनगुन कश्यप ने फीता काटकर चौकी का उद्घाटन किया। पिछले वर्ष 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा के बाद पुलिस ने संभल में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस चौकियों के निर्माण की योजना बनाई थी। योजना के तहत 28 दिसंबर को संभल थाना क्षेत्र स्थित शाही जामा मस्जिद के पास सत्यव्रत पुलिस चौकी का शिलान्यास किया गया था और रामनवमी के दिन चौकी का उद्घाटन किया गया। इस पुलिस चौकी का निर्माण करीब 100 दिन में पूरा हुआ है। उक्त चौकी पर भगवान कृष्ण द्वारा कुरुक्षेत्र के युद्धस्थल पर अर्जुन को दिए गए उपदेश यदा, यदा ही धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत का संदेश भी अंकित है। इसके साथ ही दो मंजिला पुलिस चौकी में सैटेलाइट टावर, जिला नियंत्रण कक्ष और सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं। संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने बताया कि प्राचीन काल से लेकर आज तक संभल का नाम सतयुग में सत्यव्रत, त्रेता युग में महेंद्र गिरि और द्वापर युग में पिंगल था। उन्होंने बताया कि यह संयोग ही है कि नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी और भगवान श्रीराम के जन्मदिन पर पुलिस चौकी का उद्घाटन हुआ है। अधिकारी ने बताया कि मिश्रित आबादी वाला यह क्षेत्र संवेदनशील है इसलिए इस चौकी की स्थापना की गई है। संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि इस स्थान के अतीत के सांप्रदायिक इतिहास को ध्यान में रखते हुए पूर्व में हुई घटनाओं को रोकने के लिए यह एक कारगर कदम है। उन्होंने बताया कि यह चौकी बहुत महत्वपूर्ण है, जहां प्रथम तल पर जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है और यह चौकी यहां रहने वाले पीएसी के जवानों के लिए बैरक का भी काम करेगी। विश्नोई ने बताया कि इस चौकी के जरिए पुलिस संभल थाने के अंतर्गत कोट पूर्वी, कोट गर्वी, कोट पश्चिम समेत आसपास के इलाकों में काम करेगी और यह संभल की सुरक्षा में मील का पत्थर साबित होगी। पिछले वर्ष 24 नवंबर को कोट गर्वी इलाके में शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान भड़की हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी और पुलिसकर्मियों समेत कई अन्य लोग घायल हुए थे। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने आरोप लगाया था कि यहां शाही जामा मस्जिद के पास पुलिस चौकी वक्फ की जमीन पर बनाई जा रही है हालांकि जिलाधिकारी ने इस आरोप से इनकार किया था।



संक्षेप

तेलंगाना,दादरा एवं नगर हवेली ने राष्ट्रीय हॉकी में दर्ज की जीत

झांसी। तेलंगाना, दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव ने रविवार को यहां 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपनी पहली जीत दर्ज की। तेलंगाना ने दिन के पहले मुकाबले में उत्तराखंड पर 4-0 से जीत दर्ज की। दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव ने इसके बाद असम को 2-1 से हराया।

एफएसडीएल ने एमडीएसपी की आईएसएल भागीदारी समाप्त

कोलकाता। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के आयोजक फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग के टूर्नामेंट की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में विफल रहने के कारण को क्लब निष्कासित करने की धमकी दी है। एफएसडीएल ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग (एमडीएसपी) को चेतावनी दी थी क्योंकि उसके दो निवेशकों ने लंबित शेयर हस्तांतरण मुद्दों पर हटने की बात कही थी लेकिन कोलकाता क्लब को जल्द से जल्द संकट सुलझने की उम्मीद है। मोहम्मडन स्पोर्टिंग पहले आईएसएल सत्र में अंतिम स्थान पर रही थी। एफएसडीएल ने क्लब को चार अप्रैल को लिखे एक पत्र में निवेशकों के रुख और खिलाड़ियों, तकनीकी कर्मचारियों और विक्रेताओं को भुगतान सहित बकाया राशि का स्पष्ट विवरण प्रदान करने में क्लब की विफलता पर गंभीर चिंता जताई। एफएसडीएल ने क्लब को एक प्रतिस्थापन निवेशक को तैयार रखने और बकाया राशि का पूरा विवरण प्रस्तुत करने के लिए एक विस्तृत योजना के साथ 11 अप्रैल तक जवाब देने के लिए कहा है। चेतावनी दी गई कि अनुपालन नहीं करने पर भागीदारी समझौते की शर्तों के अनुसार क्लब की आईएसएल में हिस्सेदारी समाप्त हो सकती है। मोहम्मडन स्पोर्टिंग के महासचिव इशितयाक अहमद राजू ने हालांकि उम्मीद जताई कि मामला जल्द ही सुलझ जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों निवेशकों के बीच अंतिम समझौता अंतिम चरण में है।

आज के दौर के फुटबॉल में कहा फिट बैठता : ओवेन

मुंबई। इंग्लैंड और रीयाल मैड्रिड के पूर्व फॉरवर्ड माइकल ओवेन का मानना है कि फुटबॉल का खेल तेजी से विकसित हो रहा है और टीमें इन दिनों दो स्ट्राइकरों का उपयोग करने से बचती हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि वह आधुनिक दौर के खेल में कैसे फिट होंगे। ओवेन कई अन्य अंतरराष्ट्रीय सुपरस्टार जैसे लुइस फिगो, कार्ल्स पुयोल, रिवाल्डो, जावी के साथ मुंबई में हैं। इनके सब के अलावा कुछ और पूर्व दिग्गज रीयाल मैड्रिड और एफसी बार्सीलोना के खिलाड़ियों के बीच लीजेंड्स फेसऑफ मैच में भाग लेंगे। ओवेन ने रविवार को यहां मैच से पहले कहा यह खेल निश्चित रूप से बदल गया है। जब मैं बड़ा हो रहा था और जब मैं पेशेवर फुटबॉल खेलता था तब लगभग हर टीम के पास दो स्ट्राइकर होते थे। अब शायद ही कोई ऐसा करता हो। उन्होंने कहा अब ज्यादातर टीमों में दो स्ट्राइकर नहीं होते है। उनकी भूमिका बदल गयी है। मुझे नहीं पता कि मेरे जैसा खिलाड़ी आज के दौर में टीम में किस भूमिका में होता। पुर्तगाल और रियाल मैड्रिड के दिग्गज फिगो ने कहा कि क्रिस्टियानो रोनाल्डो 2026 विश्व कप में देश के लिए खेलेंगे या नहीं यह जानने के लिए अभी इंतजार करना होगा। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि क्रिस्टियानो की सोच क्या है, वह कब तक खेलना जारी रखना चाहता है। वह पुर्तगाल के लिए कब तक खेलेगा।

डोपिंग मामले में मेरे फिजियो की गलती : सिनर

वर्ल्ड नंबर 1 इटालियन टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर पर डोपिंग के चलते वर्ल्ड एंटी डोपिंग एसोसिएशन (वाडा) ने हाल ही में बैन लगाया था। पिछले साल उनके 2 डोपिंग टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद उनपर इस साल 9 फरवरी से 4 मई तक का बैन लगाया गया था। दरअसल, मार्च 2024 में हुए इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के दौरान उनके शरीर में एक क्लोस्टेबोल नामक प्रतिबंधित पदार्थ पाया गया। यह पदार्थ उनके शरीर में एक स्प्रे के माध्यम से गया था।

हैदराबाद ने गुजरात को दिया 153 रन का लक्ष्य

आईपीएल : नीतीश रेड्डी ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाये, मोहम्मद सिराज को 4 विकेट

एजेंसी

हैदराबाद । सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2025 के 20वें मैच में गुजरात टाइटंस को 153 रन का टारगेट दिया है। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। हैदराबाद ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 152 रन बनाए। हैदराबाद की ओर से नीतीश कुमार रेड्?डी (31 रन) और हेनरिक क्लासन (27 रन) ने फिफ्टी पार्टनरशिप की। अनिकेत वर्मा और अभिषेक शर्मा ने एक समान 18-18 रन बनाए। मोहम्मद सिराज ने 4 विकेट झटके। उन्होंने सिमरजीत सिंह, अनिकेत वर्मा, ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा को पवेलियन भेजा। प्रसिद्ध कृष्णा और साई किशोर को 2-2 विकेट मिले।

हैदराबाद ने गुजरात को 153 रन का टारगेट दिया है। टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 152 रन बनाए। आखिरी ओवर डाल रहे ईशांत शर्मा ने 17 रन दिए। उनके ओवर में पैट कमिंस ने एक चौका और एक छक्का लगाया। उन पर शमी ने भी एक चौका लगाया। 17वें ओवर की आखिरी बॉल पर हैदराबाद ने छठा विकेट गंवाया। यहां कमिंडु मेंडिस एक रन बनाकर आउट हुए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने साई सुदर्शन के हाथों कैच कराया। 16वें ओवर की पहली बॉल पर हैदराबाद का 5वां बैटर



आउट हुए। यहां साई किशोर ने नीतीश रेड्डी को राशिद खान के हाथों कैच कराया। उन्होंने अपने पिछले ओवर में हेनरिक क्लासन को भी आउट किया। 14वें ओवर में हैदराबाद ने चौथा विकेट गंवाया। इस ओवर की 5वीं बॉल पर साई सुदर्शन ने हेनरिक क्लासन को बोल्ड कर दिया। क्लासन ने 27 रन बनाए। 8वें ओवर में हैदराबाद ने तीसरा विकेट गंवाया। दूसरी बॉल पर ईशान किशन 17 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने ईशांत शर्मा के हाथों कैच कराया। इसी ओवर में हैदराबाद ने 50 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही हैदराबाद की शुरूआत खराब रही है। टीम ने 6 ओवर के फेज में 45 रन बनाने में ओपनर्स के विकेट गंवा दिए। हेड 8 और अभिषेक 18 रन बनाकर आउट हुए। दोनों विकेट सिराज ने जीते हैं। पारी के छठे ओवर में ग्लेन फिलिप्स को चोट लगी।

एक थ्रो फेंकते समय उनकी मसल्स में खिंचाव आया। फिजियो उन्हें मैदान से बाहर ले गए। 5वें ओवर में हैदराबाद ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां अभिषेक शर्मा 18 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मोहम्मद सिराज ने राहुल तेवतिया के हाथों कैच कराया। यह सिराज का दूसरा विकेट है। उन्होंने हेड को भी आउट किया। पारी का चौथा ओवर डाल रहे ईशांत शर्मा ने 13 रन खर्च कर दिए। उनके इस ओवर में 3 चौके आए। इनमें दो ईशान किशन और एक अभिषेक शर्मा ने लगाया। हेड के आउट होने के बाद आए अभिषेक शर्मा ने दूसरा ओवर डाल रहे ईशांत शर्मा के ओवर में लगातार दो चौके लगा। ईशांत के इस ओवर से 11 रन आए।

हैदराबाद ने पहले ही ओवर में विकेट गंवा दिया है। यहां मोहम्मद सिराज ने ट्रैविस हेड को साई सुदर्शन के हाथों कैच कराया। हेड 2 चौकों के सहारे 8 रन ही बना सके। गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। टीम में अरशद खान की जगह वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया है। वहीं, हैदराबाद ने हर्षल पटेल की जगह जयदेव उनादकट को मौका दिया है। राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच बैटिंग फ्रेंडली है। यहां हाई स्कोरिंग मैच देखने को मिलते हैं। हाईएस्ट टीम स्कोर 286/6 है, जो हैदराबाद ने इसी साल राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बनाया था। राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में अभी तक 79 आईपीएल मैच खेले गए, जिनमें से 35 मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम और 44 मैच चेज करने वाली टीमों ने जीते। हैदराबाद में 6 अप्रैल को काफी गर्मी थी। बारिश की बिल्कुल भी संभावना नहीं है।

श्रीलंका के आक्रामक खेल ने टी20 क्रिकेट के आगमन का पूर्वाभास करा दिया था : मोदी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीलंका की विश्व कप विजेता टीम की सराहना करते हुए कहा कि देश की आक्रामक और अभिनव शैली ने टी20 क्रिकेट के आगमन का पूर्वाभास करा दिया था। एक अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को टीम के साथ बातचीत के दौरान कहा कि भारत की 1983 विश्व कप जीत और श्रीलंका की 1996 की जीत ने वैश्विक क्रिकेट परिदृश्य में परिवर्तनकारी भूमिका निभाई।

श्रीलंका की 1996 विश्व कप विजेता टीम में सनथ जयसूर्या, चामिंडा वास, अरविंदा डिसिल्वा, मार्वन अटापट्टू, रविंद्र पुष्पकुमारा, उपुल चंदना, कुमार धर्मसेना और रोमेश कालूवितरणा जैसे खिलाड़ी शामिल थे। एक अधिकारी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने माना कि 1996 के विश्व कप में श्रीलंकाई क्रिकेट की आक्रामक और अभिनव शैली ने एक तरह से टी20 क्रिकेट को जन्म दिया। इस द्वीपीय देश की अपनी यात्रा के दौरान मोदी ने 1996 में बम विस्फोट के बावजूद भारत की श्रीलंका यात्रा को याद किया तथा इसे खेल भावना और स्थायी मित्रता का एक मजबूत प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने 2019 के आतंकी हमलों के तुरंत बाद श्रीलंका का दौरा किया था। अधिकारी ने कहा, श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री मोदी से श्रीलंका के उत्तरी हिस्से खासकर जाफना में एक उच्च स्तर वाले क्रिकेट मैदान के विकास का समर्थन करने का अनुरोध किया। क्रिकेटरों ने श्रीलंका के आर्थिक संकट के दौरान भारत की उदार सहायता के लिए भी मोदी को धन्यवाद दिया।

कर्नल राजपाल सिंह दिल्ली जूडो परिषद के अध्यक्ष चुने गए

नयी दिल्ली। स्वतंत्र क्लब के कर्नल राजपाल सिंह को दिल्ली जूडो परिषद का अध्यक्ष और भारतीय जूडो अकादमी के नवीन चौहान को महासचिव चुना गया है। दिल्ली जूडो परिषद के चुनाव शनिवार को राजधानी में हुए। खेल संस्था ने एक बयान में कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

रजत विजेता अल्ट्रा रनर एथलीट मनोहर निषाद का हुआ सम्मान



लखनऊ। लखनऊ के अल्ट्रा रनर एथलीट मनोहर निषाद ने हाल ही में बेंगलुरु में हुई 24 आवर्स एंड हंड्रेड किलोमीटर नेशनल चैंपियनशिप में 12 आवर्स श्रेणी में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि के उपलक्ष्य में एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस, मॉडर्न अकादमी, गोमतीनगर, विनय खंड-2 में आयोजित सम्मान समारोह में मनोहर निषाद को विशेष रुप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेंटर के निदेशक व लखनऊ ओलंपिक एसोसिएशन के संयुक्त सचिव डॉक्टर आनंद किशोर पाण्डेय ने मनोहर निषाद का अभिनंदन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि वह आगे भी ऐसे शानदार प्रदर्शन का सिलसिला जारी रखते हुए नाम रोशन करें। मनोहर निषाद, जो कि एक फिटनेस कोच के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, ने 1 अप्रैल 2025 को बेंगलुरु में बेंगलुरु में आयोजित इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में 12 घंटे की दौड़ मे हिस्सा लिया और नॉनस्टाप 125 किमी. की दूरी तय करते हुए अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। अपनी इस उपलबधि पर उन्होंने कहा कि अब मेरा लक्ष्य 24 आवर्स नॉन स्टाप रनिंग में 225 किमी. की दूरी तय करना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी पत्नी ज्योति और बेटी नित्या को देते हुए कहा कि उनकी पत्नी ने न केवल उन्हें संपूर्ण सहयोग दिया, बल्कि कोच के रूप में उनका मार्गदर्शन भी किया। साथ ही, उन्होंने इस चैंपियनशिप में प्रतिभाग के अवसर के लिए जेएसवी फाउंडेशन का भी आभार व्यक्त किया।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुकाबले से पहले मुंबई इंडियन्स के जुड़े बुमराह

मुंबई। मुंबई इंडियन्स को रविवार को मजबूती मिली जब उसके शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले से पहले टीम से जुड़ गए। अभी हालांकि यह पता नहीं चला है कि भारत के इस शीर्ष तेज गेंदबाज को टूर्नामेंट में गेंदबाजी करने के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की फिटनेस मंजूरी मिली है या नहीं।

मुंबई इंडियन्स ने रविवार को सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा करते हुए कहा, कभी शावक रहा अब शेर, शेर फिर से जंगल का राजा बनने के लिए वापस आ गया है। बुमराह जनवरी की शुरुआत से ही क्रिकेट के मैदान से दूर हैं जब उन्हें सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट के दौरान पीठ से संबंधित समस्या हुई थी। अंततः उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला और उसके बाद चैंपियन्स ट्रॉफी से भी बाहर होना पड़ा।

भारत को विश्व मुक्केबाजी कप में छह पदक



एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजों ने ब्राजील के फोज डू इगुआकू में आयोजित विश्व मुक्केबाजी कप में अपने अभियान का अंत छह पदक के साथ किया जिसमें हितेश का स्वर्ण पदक भी शामिल है।

भारत विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित किसी शीर्ष स्तरीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पहली बार हिस्सा ले रहा था। हितेश विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए हैं। उनके प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के ओडेल कामारा चोटिल हो गए थे और शनिवार को 70 किग्रा वर्ग के फाइनल के लिए रिंग में नहीं उतर सके।

भारतीय मुक्केबाज अभिनाश जामवाल ने भी 65 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बनाई लेकिन स्थानीय दावेदार यूरी रेइस को कड़ी टक्कर देने के बावजूद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

भारत के जादुमणि सिंह मंदेंगबाम (50 किग्रा), मनीष राठौड़ (55 किग्रा), सचिन (60 किग्रा) और विशाल (90 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। हितेश ने अच्छे प्रदर्शन का श्रेय टूर्नामेंट से पहले ब्राजील में आयोजित 10 दिवसीय तैयारी शिविर को दिया जिससे उन्हें और टीम को बहुत मदद मिली। हितेश ने कहा शिविर ने मुझे कुछ रणनीतिक बारीकियां सीखने में मदद की जिससे मुझे प्रतियोगिता में बहुत मदद मिली। इस टूर्नामेंट ने हमें उच्चतम स्तर का अनुभव प्रदान किया और मुझे खुशी है कि मैं स्वर्ण पदक जीत सका।

भारत ने विश्व मुक्केबाजी कप में 10 सदस्यीय दल उतारा था जो पेरिस ओलंपिक के बाद टीम का पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट था। इस मजबूत प्रदर्शन से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा क्योंकि वे 2028 लॉस एंजिलिस खेलों से पहले ओलंपिक चक्र की तैयारी भी शुरू करेंगे।

क्रॉफोर्ड ने क्लार्क को हराकर एसएम कृष्णा मेमोरियल ओपन का खिताब जीता

बेंगलुरू। ग्रेट ब्रिटेन के ओलिवर क्रॉफोर्ड ने रविवार को यहां एसएम कृष्णा मेमोरियल ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता जब फाइनल में उनके हमवतन जे क्लार्क टखने में चोट के कारण मुकाबले के बीच से हट गए। दूसरे वरीय क्रॉफोर्ड ने शानदार शुरुआत करते हुए शुरुआती 25 मिनट में ही 4-0 की बढ़त बना ली।

शेनझेन और लुआन में लगातार दो खिताब जीतने के बाद यहां आए इंग्लैंड के क्रॉफोर्ड ने अपने पहले ही सर्विस गेम में ब्रेक प्वाइंट बचाया। शीर्ष वरीय क्लार्क ने अगले गेम में डबल फॉल्ट करके क्रॉफोर्ड को अपनी सर्विस तोड़ने का मौका दे दिया।

पच्चीस साल के क्रॉफोर्ड ने इसके बाद अपनी सर्विस बचाई और फिर दोबारा क्लार्क की सर्विस तोड़कर 4-0 की बढ़त बना ली। चार हफ्तों में चौथा फाइनल खेल रहे क्लार्क ने इसके बाद टाइम आउट लेकर अपने दाएं टखने का उपचार कराया। ब्रेक से क्लार्क को मदद मिली और उन्होंने अगले ही गेम में क्रॉफोर्ड की सर्विस तोड़ दी। छब्बीस साल के क्लार्क को हालांकि दोबारा दर्द महसूस होने लगा और उन्होंने आठवें गेम में मुकाबले से हटने का फैसला किया।

आरसीबी व मुंबई आज होंगे आमने-सामने



एजेंसी

मुंबई। लगातार हार से आहत मुंबई इंडियंस को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान पटरी पर लाना है तो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में उसके बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पांच बार के चैंपियन मुंबई को अभी तक चार मैच में से तीन में पराजय का सामना करना पड़ा है।

उसके बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं तथा अभी तक उसकी तरफ से सूर्यकुमार यादव और रयान रिकेलटन ही अर्धशतक लगा पाए हैं। यह आईपीएल में प्रति बल्लेबाज अर्धशतक लगाने के मामले में सबसे कम है। मुंबई के बल्लेबाजी में संघर्ष के केंद्र में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा हैं जो अभी तक कुछ खास योगदान नहीं दे पाए हैं। रोहित घुटने में चोट के कारण लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। उनके अलावा मध्यक्रम से बल्लेबाज तिलक वर्मा अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए हैं। यह देखना होगा कि रोहित आरसीबी के खिलाफ मैच के लिए फिट हो पाते हैं या नहीं लेकिन मुंबई को जल्द से जल्द अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा। मुंबई की बल्लेबाजी अभी तक सूर्यकुमार पर निर्भर रही है जिन्होंने चार मैच में 177 रन बनाए हैं। सूर्यकुमार ने लखनऊ के खिलाफ अर्धशतक जमा कर अपनी टीम की उम्मीद जगा दी थी लेकिन तिलक वर्मा तेजी से रन नहीं बना पाए जिससे मुंबई को हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ कप्तान हार्दिक पंड्या के पांच विकेट के बावजूद मुंबई के गेंदबाज रन प्रवाह नहीं रोक पाए थे और इसके बाद उसके बल्लेबाज लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहे।

मुंबई इंडियंस के लिए यह अच्छी खबर है कि उसे प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आरसीबी के खिलाफ मैच से पहले टीम से जुड़ गए हैं लेकिन यह देखना बाकी है कि वह गेंदबाजी करने के लिए पूरी तरह से फिट हैं या नहीं। मुंबई ने अभी तक अपनी एकमात्र जीत कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ वानखेड़े में हासिल की थी और उसके खिलाड़ी इस मैच से प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे।

जहां तक आरसीबी का सवाल है तो उसकी टीम मुंबई की बल्लेबाजी की कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। टीम को अपने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो केकेआर के खिलाफ 59 रन बनाने के बाद अपेक्षित योगदान नहीं दे पाए हैं। आरसीबी के पास बड़ा स्कोर बनाने के लिए कुशल बल्लेबाज हैं। फिल साल्ट और देवदत्त पडिक्कल जैसे बल्लेबाज उसे आक्रामकता प्रदान करते हैं जबकि कप्तान रजत पाटीदार भी बड़े शॉट खेलने में माहिर हैं। ऑस्ट्रेलिया के टिम डेविड ने आखिरी ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी की है जो टीम के लिए अच्छा संकेत है। आरसीबी के पास जोश हेज़लवुड और भुवनेश्वर कुमार के रूप में मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण है लेकिन उसके स्पिनर अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

पीएसजी ने 13वीं बार फ्रांसीसी लीग का खिताब जीता

एजेंसी



पेरिस। पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए शनिवार को यहां एंजर्स को 10 से हराकर छह मैच शेष रहते हुए ही फ्रांसीसी फुटबॉल लीग (लीग 1) का खिताब अपने नाम पर सुरक्षित किया। पीएसजी का यह लीग। में 13वां खिताब है और इस तरह से उसने अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। उसकी यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उसने चैंपियन बनने की राह तक एक भी मैच नहीं गंवाया। ट्रॉफी अपने नाम पर सुरक्षित करने के लिए उसको एंजर्स के खिलाफ केवल ड्रॉ की जरूरत थी लेकिन युवा स्ट्राइकर डेसिरे डौए के गोल की मदद से उसने जीत के साथ जश्न मनाया। मैच समाप्त होने के बाद पीएसजी के खिलाड़ियों ने कोच लुई एनरिक को कंधों पर उठा दिया। पीएसजी की यह 28 मैच में 23वीं जीत है और उसने दूसरे स्थान पर काबिज मोनाको पर 24 अंक की बड़ी बढ़त हासिल कर ली है। पीएसजी के 74 और मोनाको के 50 अंक हैं। मोनाको को एक अन्य मैच में ब्रेस्ट ने 21 से हराया। पीएसजी ने अपने अभियान में अभी तक 80 गोल किए हैं जबकि उसने केवल 26 गोल खाए हैं।

विनीसियस के पेनल्टी चूक जाने से रियाल मैड्रिड की हार का पूरा फायदा नहीं उठा सका बार्सिलोना

बार्सिलोना। विनीसियस जूनियर पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए जिससे बार्सिलोना स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में रियाल मैड्रिड की अपने घरेलू मैदान पर वालेंसिया के हाथों 2-। से मिली हार का पूरा फायदा नहीं उठा पाया। रियाल मैड्रिड के लिए राहत की बात यह रही कि दिल तोड़ने वाली इस हार के कुछ घंटे बाद बार्सिलोना को रियाल बेटिस ने उसके घरेलू मैदान पर।-। से बराबरी पर रोक दिया। बार्सिलोना के पास ला लिगा की तालिका में अपनी बढ़त मजबूत करने का सुनहरा मौका था लेकिन रियाल बेटिस के गोलकीपर जियोर्गी ममार्दशविली ने विनीसियस को शुरू में मिली पेनल्टी पर गोल नहीं करने दिया। इसके बाद 17वें मिनट में मोक्टार डायखाबी ने रियाल बेटिस को आगे कर दिया। विनीसियस ने 50वें मिनट में बराबरी का गोल किया। इस मैच के ड्रॉ छूटने से बार्सिलोना के 30 मैच में 67 अंक हो गए हैं और उसने दूसरे स्थान पर काबिज रियाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त हासिल कर ली है। रियाल मैड्रिड के 30 मैच में 63 अंक हैं। प्रतियोगिता में अभी आठ दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं।

सेमीफाइनल के दूसरे चरण में जमशेदपुर एफसी के खिलाफ वापसी के इरादे से उतरेगा मोहन बागान

कोलकाता। मेजबान मोहन बागान सुपर जाइंट सोमवार को यहां इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने सेमीफाइनल मुकाबले के दूसरे चरण में जमशेदपुर एफसी के खिलाफ वापसी करने के इरादे से उतरेगा। मोहन बागान सुपर जाइंट की टीम पहले चरण का मुकाबला।-2 से हार गई थी और विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगान में उसे बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद होगी। लीग शील्ड जीतने वाले मोहन बागान का मनोबल इस बात से भी बढ़ेगा कि उसके घरेलू मैदान में पिछले छह मैच में उसके खिलाफ एक भी गोल नहीं हुआ है। टीम की नजरें अब दूसरे चरण में बेहतर प्रदर्शन करके लगातार तीसरे साल खिताबी मुकाबले में जगह बनाने पर टिकी हैं। मोहन बागान सुपर जाइंट के कोच जोस मोलिना ने कहा कि उनका फाइनल में जगह बनाना है। मोलिना ने कहा इस समय मेरे दिमाग में सिर्फ मैच का दिन है। हमें अच्छा प्रदर्शन करना है और जीतना है - यही हमारा लक्ष्य है। हमने इस मैच के लिए अपनी तैयारियां पहले जैसी ही रखी हैं। जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच खालिद जमील घरेलू मैदान पर मोहन बागान सुपर जाइंट की ताकत से वाकिफ हैं। उन्होंने कहा मोहन बागान सुपर जाइंट के बारे में कोई संदेह नहीं है जो हमेशा बहुत अच्छा खेलता है, विशेषकर घरेलू मैदान पर। दोनों टीमों ने एक-दूसरे के खिलाफ 11 मैच खेले हैं जिसमें मोहन बागान ने पांच बार जीत दर्ज की है जबकि चार मैच में उसे हार का सामन करना पड़ा।

खाद्यान्न उत्पादन में इफको की भूमिका महत्वपूर्ण

इफको के बीज अनुसंधान केंद्र की आधारशिला भी रखी : अमित शाह

एजेंसी

गांधीनगर। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि उर्वरक सहकारी संस्था इफको ने भारत को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शाह ने इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) के रासायनिक उर्वरकों के बजाय नैनो और जैव उर्वरकों का रुख करने की भी सराहना की। सहकारिता मंत्री ने इफको की कलोल इकाई के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की मदद, शोध एवं विकास, विपणन और हर घर तक पहुंचने के मामले में इफको ने ऐसी दक्षता दिखाई है कि कोई भी कॉरपोरेट कंपनी उससे सीख ले सकती है।

उन्होंने इस अवसर पर इफको के बीज अनुसंधान केंद्र की आधारशिला भी रखी। शाह ने कहा कि इफको के 50 वर्ष कृषि, अनाज उत्पादन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसानों की समृद्धि के लिए समर्पित रहे हैं। अगले 50 वर्षों में इफको कृषि को आधुनिक और उत्पादक बनाने, कृषि भूमि को संरक्षित करने और देश के पर्यावरण को बचाने के लिए काम करेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज यदि भारत खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर है, तो इसमें इफको का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि



इफको ने समय के साथ थोक उर्वरक इस्तेमाल की जगह लक्षित और नियंत्रित उपयोग पर ध्यान केंद्रित किया है ताकि मिट्टी को बिना नुकसान के पोषक तत्व मिल सकें। शाह ने बताया कि इफको ने वर्तमान में 90 लाख टन की उत्पादन क्षमता, 40,000 करोड़ रुपये का कारोबार और 3,200 करोड़ रुपये का लाभ हासिल किया है। उन्होंने कहा कि 50 साल पहले उच्च लागत और कम दक्षता पर काम करने वाली इफको ने आज कम लागत और उच्च दक्षता प्राप्त की है। उन्होंने यह भी कहा कि इफको एक कॉरपोरेट इकाई की तरह काम करती है, जबकि इसका स्वामित्व देश भर के हजारों किसान समूहों के पास है। शाह ने इफको के प्रबंध निदेशक यू एस अवस्थी की दूरदर्शिता की सराहना करते हुए कहा कि नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के उत्पादन में इफको भारत में अग्रणी रही है और इसने भारतीय सहकारी क्षेत्र की ख्याति विश्व स्तर पर फैलाई है।

उन्होंने कहा कि इफको द्वारा स्थापित किए जाने वाले बीज अनुसंधान केंद्र से भूमि की उत्पादकता बढ़ाने, कृषि उत्पादन को पौष्टिक बनाने और कम पानी एवं कम यूरिया के उपयोग वाले बीजों को विकसित करने में मदद मिलेगी। शाह ने जमीनी स्तर पर सहकारी समितियों को मजबूत करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को कंप्यूटरीकृत करने और उन्हें डेयरी जैसे विभिन्न क्षेत्रों से जोड़ने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सहकारिता का एक अलग मंत्रालय बनाए जाने के बाद इस क्षेत्र में 62 अभूतपूर्व कदम उठाए गए हैं। शाह ने गुजरात में स्थापित त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय का भी उल्लेख किया, जो भारत का पहला राष्ट्रीय सहकारी विश्वविद्यालय है।

राष्ट्रपति पुर्तगाल व स्लोवाकिया की राजकीय यात्रा पर रवाना

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को पुर्तगाल और स्लोवाकिया की राजकीय यात्रा पर रवाना हुईं। करीब तीन दशकों में भारत के राष्ट्रपति की दोनों देशों की यह पहली यात्रा है। मुर्मू का दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण आर्थिक परिवर्तन हो रहे हैं, जिसमें हाल ही में अमेरिका द्वारा लगाए गए व्यापार शुल्कों ने अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य को नया स्वरूप दिया है तथा यूरोप के साथ भारत की भागीदारी बढ़ रही है। फरवरी में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और अन्य प्रतिनिधियों ने भारत का दौरा किया था। भारत ने इस साल भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की उम्मीद जताई है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पुर्तगाल और स्लोवाक गणराज्य की राजकीय यात्रा पर रवाना हुईं। 25 वर्षों से अधिक समय में भारत के राष्ट्रपति की दोनों देश की यह पहली राजकीय यात्रा है। इन यात्राओं से यूरोपीय संघ के दो महत्वपूर्ण भागीदारों के साथ भारत के बहुआयामी जुड़ाव का और विस्तार होगा। मुर्मू की पुर्तगाल की दो दिवसीय महत्वपूर्ण यात्रा, दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है। राष्ट्रपति की पुर्तगाल की यात्रा 27 वर्ष बाद हो रही है। राष्ट्रपति मुर्मू की पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी



सूसा, प्रधानमंत्री लुइस मोंटेनेग्रो और एसेंबली स्पीकर डॉ. जोस पेड्रो एगुइर-ब्रैंको सहित शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठकें होंगी। लिस्बन के मेयर कार्लोस मैनुअल फेलिक्स मोएदास राष्ट्रपति मुर्मू के लिए एक विशेष कार्यक्रम की मेजबानी करेंगे। वह राष्ट्रपति सूसा द्वारा आयोजित भोज में भी शामिल होंगी। विदेश मंत्रालय में सचिव तन्मय लाल ने राष्ट्रपति की यात्रा के बारे में शुक्रवार को जानकारी देते हुए कहा, भारत और पुर्तगाल के बीच व्यापार 1.5 अरब अमेरिकी डॉलर का है और पिछले पांच वर्षों में 50 प्रतिशत की वृद्धि के साथ लगातार बढ़ रहा है।

संक्षेप

खैबर पख्तूनख्वा में हुआ अफगान नागरिकों का सर्वेक्षण

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा की प्रांतीय सरकार ने अफगानों को वापस उनके देश भेजने की सरकार की नीति के अनुसार अफगान नागरिकों की पहचान और उनका पता लगा लगाने की प्रक्रिया शुरू की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। खैबर पख्तूख्वा प्रांत की राजधानी पेशावर में 1978 से हजारों अफगानी रह रहे हैं। उसी वर्ष रूस ने पड़ोसी अफगानिस्तान पर आक्रमण किया था, जिसके कारण बड़ी संख्या में शरणार्थी पाकिस्तान में आ गए थे। खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने अफगानों के ठिकानों का पता लगाने और उनके बारे में आंकड़े एकत्र करने के लिए पुलिस को तैनात किया है। जिला प्रशासन ने यहां अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) धारक 160,000 लोगों की पहचान की है, जिन्हें वापस भेजा जाना है। पुलिस का कहना है कि पेशावर में रह रहे अफगानों और अन्य विदेशी नागरिकों के बारे में जानकारियां जुटाने का काम चल रहा है, जिसके फलस्वरूप विशिष्ट क्षेत्रों में उनकी सही संख्या निर्धारित करने में मदद मिलेगी। पेशावर में इस काम के लिए 90 से अधिक टीम गठित की गई हैं, जिनमें पुलिस, जिला प्रशासन और अन्य विभागों के अधिकारी शामिल थे। इनमें से 200 से अधिक पुलिस अधिकारी हैं।

राहुल गांधी बिहार के बेगूसराय में कांग्रेस के मार्च में होंगे शामिल

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वह बिहार के बेगूसराय जायेंगे और युवाओं के साथ मिलकर उनकी समस्याएं उजागर करेंगे तथा इस साल राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को सत्ता से हटाएंगे।

रविवार को एक्स पर एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा, बिहार के युवा साथियों, मैं सात अप्रैल को पलायन रोको, नौकरी दो मार्च में आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए बेगूसराय आ रहा हूं। कांग्रेस नेता ने कहा कि इसका उद्देश्य पूरी दुनिया को बिहार के युवाओं की भावना, उनके संघर्ष और उनकी पीड़ा से अवगत कराना है।

राहुल ने कहा आप भी सफेद टी-शर्ट पहनकर आएं, सवाल पूछें और अपने अधिकारों के लिए सरकार पर दबाव बनाने और उसे (सत्ता से) हटाने के लिए आवाज उठाएं। उन्होंने सफेद टी-शर्ट मुहिम में शामिल होने के लिए लिंक भी साझा किया। उन्होंने कहा आइये, हम सब मिलकर बिहार को अवसरों का राज्य बनाएं। बिहार में इस साल सितंबर-अक्टूबर में चुनाव होने हैं।

किसान नेता डल्लेवाल ने अनशन किया समाप्त

एजेंसी

चंडीगढ़। पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने रविवार को अपना आमरण अनशन समाप्त कर दिया। डल्लेवाल ने फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी सहित आंदोलनकारी किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर पिछले साल 26 नवंबर को अनशन शुरू किया था। यह घोषणा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा उनसे आमरण अनशन समाप्त करने की अपील के एक दिन बाद की गई। डल्लेवाल ने पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले के सरहिंद में आयोजित



किसान महापंचायत में घोषणा की कि वह अपना अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि फसलों के लिए एमएसपी पर कानूनी गारंटी और अन्य मांगों के लिए उनकी लड़ाई जारी है। डल्लेवाल ने स्ट्रेचर पर बैठकर वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा, आप सभी ने मुझसे आमरण अनशन समाप्त करने को कहा है। मेरे लिए संगत ही रब का रूप है। मेरी इच्छा के अनुरूप आंदोलन को जारी रखने के लिए मैं आप सभी का आभारी हूं। मैं आपकी भावनाओं का सम्मान करता हूं।

अमेरिकी शुल्क को लेकर केंद्र सरकार पर सचिन पायलट ने साधा निशाना

एजेंसी



नयी दिल्ली। अमेरिका की तरफ से नए शुल्क लगाए जाने को लेकर सरकार पर तीखा हमला करते हुए कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपनी पिछली अमेरिका यात्रा के दौरान सिर्फ फोटो खिंचवाने और उपहारों का आदान-प्रदान करने के बजाय रचनात्मक समाधान निकालना चाहिए था। पायलट ने कहा कि ऐसे समय में जब विश्व अमेरिका द्वारा लगाए गए जवाबी शुल्क पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहा है, भारत सरकार केवल समय व्यतीत कर रही है और सब कुछ भाज पर छोड़ रही है।

पूर्व कॉरपोरेट कार्य मंत्री ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा कि अमेरिका ने जो कदम उठाया, भारत सरकार ने उसे स्वीकार लिया और उसने कोई प्रतिक्रिया भी नहीं दी। पायलट ने कहा मैं समझता हूं कि जब प्रधानमंत्री वाशिंगटन में थे (फरवरी में) और उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति से मुलाकात की थी, तो सिर्फ फोटो खिंचवाने और उपहारों का आदान-प्रदान करने के बजाय, कुछ और रचनात्मक बात निकलकर सामने आनी चाहिए थी। उन्होंने कहा यदि हमारे संबंध उतने ही मजबूत होते, जितना दोनों नेता दावा कर रहे हैं, तो हमें इन भारी शुल्कों का सामना नहीं करना पड़ता। स्पष्ट रूप से हमारे निर्यात पर गंभीर असर पड़ेगा। विनिर्माण क्षेत्र गिरावट की ओर है, एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) को झटका लगेगा, छंटनी और नौकरी छूटने के कारण अर्थव्यवस्था को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ेगा, लेकिन दुर्भाज्ञवश हमने इस स्थिति से निपटने के लिए कोई समुचित कदम नहीं उठाए या कोई संकेत भी नहीं है कि कैसे इस संकट से निकलेंगे।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार नींद में है और ऐसा लगता है कि वह भारतीय हितों की बलि देने के लिए अमेरिकी दबाव में है। पायलट ने कहा कि कई यूरोपीय देशों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है और वास्तव में, चीन विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में अमेरिका के खिलाफ कानूनी कदम उठाएगा। पायलट ने कहा कि यूरोपीय देशों ने भी इसी प्रकार के शुल्क लगाने की बात कही है, जबकि कनाडा और मेक्सिको ने भी ज्यादा जवाबी शुल्क लगाने का संकेत दिया है, लेकिन हमने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

परिसीमन प्रक्रिया पर आशंकाओं को दूर करें पीएम : स्टालिन

एजेंसी

उधगमंडलम (तमिलनाडु)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया को लेकर राज्य के लोगों की आशंकाओं को दूर करना चाहिए।

स्टालिन ने यहां एक आधिकारिक कार्यक्रम में कहा कि मोदी को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि संसद में एक प्रस्ताव पारित किया जाए ताकि तमिलनाडु के अधिकारों पर अंकुश न लगे। यहां लोकप्रिय पर्यटन स्थल के लिए कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने और नयी योजनाओं की घोषणा करने के बाद स्टालिन ने कहा कि



उन्होंने प्रस्तावित परिसीमन से जुड़ी चिंताओं पर ज्ञापन सौंपने के लिए प्रधानमंत्री से मिलने का समय मांगा है। स्टालिन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, हमने परिसीमन पर ज्ञापन प्रस्तुत करने के लिए समय मांगा है। चूंकि मैं इस सरकारी समारोह में भाग ले रहा हूं, इसलिए मैंने उन्हें उनकी सभा में भाग लेने में असमर्थता से अवगत करा दिया है। मैंने इस कार्य (मोदी की सभा में शामिल होने) के लिए अपने मंत्रियों टी थेन्नारसु और राजा कन्नप्पन को भेजा है। इस सभा के माध्यम से मैं प्रधानमंत्री से परिसीमन की आशंकाओं को दूर करने का अनुरोध करता हूं।

स्टालिन रविवार को मोदी के तमिलनाडु के रामेश्वरम दौरे का जिक्र कर रहे थे, जहां प्रधानमंत्री ने नये पंबन पुल का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा, आपको (मोदी को) यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि इस संबंध में संसद में एक प्रस्ताव पारित हो। इससे (परिसीमन से) न केवल संसदीय सीट में कमी आएगी, बल्कि इसके बारे में पूछना हमारा अधिकार भी है। साथ ही यह हमारे भविष्य के लिए चिंता का विषय भी है।

वक्फ अधिनियम निरस्त न हुआ तो करेंगे राष्ट्रव्यापी आंदोलन : एआईएमपीएलबी

नयी दिल्ली। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने कहा है कि वह सभी धार्मिक, समुदायिक और सामाजिक संगठनों के साथ समन्वय करके वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन का नेतृत्व करेगा और यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक कि कानून पूरी तरह से निरस्त नहीं कर दिया जाता। संसद में वक्फ विधेयक का समर्थन करने वाले जनता दल (यूनाइटेड), तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) जैसे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटकों की आलोचना करते हुए, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा कि भाजपा के सांप्रदायिक एजेंडे को कुछ दलों द्वारा दिए गए समर्थन ने उनके तथाकथित धर्मनिरपेक्ष चेहरों की असलियत उजागर कर दी है।

एक बयान में, एआईएमपीएलबी ने जोर देकर कहा कि वह सभी धार्मिक, सामुदायिक और सामाजिक संगठनों के साथ एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन का नेतृत्व करेगा और यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक कि संशोधन पूरी तरह से निरस्त नहीं कर दिए जाते।

इंटरटेनमेंट...

रश्मिका ने ओमान में सेलिब्रेट किया 29वां बर्थडे

मुंबई। रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा काफी समय से रिलेशनशिप की अफवाहों को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना 29वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर ओमान में बर्थडे सेलिब्रेट करते हुए कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इसके बाद यूजर्स ने एक्ट्रेस से कमेंट सेक्शन में उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड विजय को लेकर कई सवाल किए।

रश्मिका मंदाना ने अपने इंस्टाग्राम पर ओमान की कुछ तस्वीरें शेयर कीं। पोस्ट के कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा कि उनका बर्थडे फैंस के प्यार और उनकी विशेज से और भी ज्यादा खास हो गया। साथ ही रश्मिका ने अपने फॉलोअर्स का शुक्रिया अदा किया और उन्हें बेस्टटेस्ट कहा। रश्मिका के पोस्ट शेयर करने के बाद फैंस ने कमेंट करके उनसे विजय देवरकोंडा को लेकर सवाल किए। एक यूजर ने विजय को टैग करते हुए लिखा, ह्यक्या आप विजय




देवरकोंडा के साथ हैं? कुछ लोगों ने एक्ट्रेस से सवाल पूछा कि क्या उनकी फोटोज विजय ने क्लिक की थीं। रश्मिका और विजय को अक्सर साथ देखा जाता है। दोनों को कई बार डेट पर जाते देखा गया है। जिसके चलते दोनों के रिलेशनशिप में होने की अफवाह है। हालांकि, दोनों ने अब तक अपने रिलेशनशिप को ऑफिशियली एक्सेप्ट नहीं किया है। रश्मिका मंदाना हाल ही में फिल्म सिकंदर में सलमान खान के साथ नजर आ रही हैं। फिल्म 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म रिलीज होने के कुछ घंटे बाद रश्मिका को मुंबई के एक रेस्टोरेंट में रूमर्ड बॉयफ्रेंड विजय देवरकोंडा के साथ देखा गया था। ऐसा कहा जा रहा था कि दोनों लंच डेट पर गए थे।

रश्मिका मंदाना ने हाल ही में अपनी मच अवेटेड रोमांटिक ड्रामा 'गर्लफ्रेंड' के बारे में अपडेट शेयर किया था। एक्ट्रेस ने कहा था कि टीम और मेकर्स फिल्म के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक आस्क मी एनीथिंग का स्टोरी सेशन किया था। इसमें एक फैन ने एक्ट्रेस से 'गर्लफ्रेंड' अपडेट के बारे में पूछा। इस पर रश्मिका ने जवाब देते हुए कहा, ह्यआपके लिए बेस्ट फिल्म बना रहा हैं, यहां तक कि मैं खुद अपडेट का इंतजार कर रही हूं।

फिल्म सिकंदर ने सात दिन में कमाये महज 3.75 करोड़

मुंबई। सलमान खान की 30 मार्च को रिलीज हुई फिल्म सिकंदर से बॉलीवुड और उनके चाहने वालों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन अब फिल्म उम्मीदों पर खरी उतरती नजर नहीं आ रही है। फिल्म 100 करोड़ क्लब में शामिल होने से कुछ ही करोड़ दूर है, हालांकि फिल्म के 7वें दिन का कलेक्शन देखकर ये आकड़ा छू पाना फिल्म के लिए मुश्किल लग रहा है। हालांकि मेकर्स का दावा है कि फिल्म ने वर्ल्डवाइड 178 करोड़ कमाई कर ली है। हाल ही में आई बॉक्स ऑफिस ट्रैकर वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म सिकंदर ने रिलीज के 7वें दिन यानी शनिवार को महज 3.75 करोड़ रुपए का ही कलेक्शन किया है। इसी के साथ फिल्म का भारत में कुल कलेक्शन 97.50 करोड़ हो चुका है। रविवार का कलेक्शन फिल्म के लिए



आखिरी उम्मीद है। अगर आज फिल्म 2.50 करोड़ तक नहीं कमा पाती है, तो जाहिर तौर पर वीक डेज में फिल्म पर 100 करोड़ का आंकड़ा टच नहीं कर सकेगी। हाल ही में फिल्म की प्रोडक्शन कंपनी साजिद नाडियाडवाला एंड ग्रैंडसन के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर की गई है।

तलाक के बाद धनश्री की रियलिटी शोज में एंट्री!

मुंबई। सोशल मीडिया स्टार और डांसर धनश्री वर्मा इन दिनों रियलिटी शोज की दुनिया में एंट्री को लेकर चर्चा में हैं। उन्हें प्रोडक्शन हाउसेज से लगातार ऑफर्स मिल रहे हैं। कुछ फॉर्मेट्स पर बातचीत भी चल रही है, लेकिन अब तक उन्होंने किसी शो के लिए हामी नहीं भरी है। सूत्रों के मुताबिक, धनश्री को एक-दो बड़े रियलिटी शोज के लिए अप्रोच किया गया है। 'खतरों के खिलाड़ी' जैसे फिजिकल टास्क बेस्ड शो को लेकर वह पॉजिटिव हैं। लेकिन 'बिग बॉस' को लेकर वह अब भी कन्फ्यूजन में हैं। शो की टीम चाहती है कि अगर वह 'बिग बॉस' में आती हैं, तो अपनी



पर्सनल लाइफ, खासकर युजवेंद्र चहल से शादी और तलाक को लेकर खुलकर बात करें। धनश्री की पर्सनल लाइफ पहले से ही चर्चा में रही है। उन्होंने साल 2020 में टीम इंडिया के स्पिनर युजवेंद्र चहल से शादी की थी।

'लापता लेडीज' पर कंटेंट चोरी का आरोप

मुंबई। किरण राव के निर्देशन में बनी फिल्म लापता लेडीज पर कई सवाल उठाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर लोगों का कहना है कि फिल्म लापता लेडीज की स्टोरी फैब्रिस ब्रैक की अरबी शॉर्ट फिल्म बुर्का सिटी से कई हद तक मिलती-जुलती है। इस सवाल पर अब लापता लेडीज के राइटर बिप्लब गोस्वामी और बुर्का सिटी के डायरेक्टर फैब्रिस ब्रैक ने बात की है।

शॉर्ट फिल्म बुर्का सिटी के डायरेक्टर फैब्रिस ब्रैक ने अपनी शॉर्ट फिल्म और किरण राव की लापता लेडीज के बीच सिमिलैरिटी पर कऋढ से बात की। उन्होंने बताया कि सिमिलैरिटी के बारे में पता चलने तक उन्होंने लापता लेडीज

अरबी शॉर्ट फिल्म से मिलती है कहानी; बुर्का सिटी के डायरेक्टर फैब्रिस ब्रैक का रिएक्शन सामने आया

नहीं देखी थी। डायरेक्टर से दोनों फिल्मों की सिमिलैरिटी के बारे में सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि जब फिल्म को पहली बार देखा तो समझ आया कि फिल्म की पिच उनकी शॉर्ट फिल्म से कितनी मिलती-जुलती है। उन्होंने कहा कि फिल्म के किरदार और कहानी बिल्कुल मिलती-



जुलती है। लापता लेडीज में जो कैरक्टर दिखाए गए वो भी काफी सिमिलर हैं। डायरेक्टर ने कहा, फिल्म के लास्ट में जहां ऑडियंस को यह पता चलता है कि महिला ने जानबूझकर अपने पति से भागने का फैसला किया, वो भी बिल्कुल सेम है। फैब्रिस ने बताया कि बुर्का सिटी शॉर्ट फिल्म 2017 में लिखी गई थी और 2018 में शूट की गई थी। इस फिल्म को 2020 में कोलकाता और ऑरोविले में दो फेस्टिवल में भी दिखाया गया था।



Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com